हरियाणा विधान सभा
की
कार्यवाही

27 दिसम्बर, 2022

खण्ड–4, अंक–2

अधिकृत विवरण

विषय सूची

मंगलवार, 27 दिसम्बर, 2022

पृष्ठ संख्या

तारांकित प्रश्न एवं उत्तर

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, रामगढ़ तथा
राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, सैक्टर–15, पंचकुला
के अध्यापकण एवं विद्यार्थियों का अभिनंदन

तारांकित प्रश्न एवं उत्तर (पुनरारम्भ)

आज के लिए सूचीबद्ध तारांकित प्रश्नों की संख्या को
नेवा पोर्टल पर क्रमित करने के संबंध में मामला उठाना

तारांकित प्रश्न एवं उत्तर (पुनरारम्भ)

नियम 45 (1) के अधीन सदन की मेज पर रखे गए तारांकित प्रश्नों के लिखित उत्तर

अतारांकित प्रश्न एवं उत्तर

शून्यकाल में भाग लेने के लिए सदस्यों के नामों के संबंध में सूचना

शून्यकाल में सदस्यों द्वारा उठाई गई मांगों के संबंध में मामला उठाना

ध्यानाकर्षण प्रस्तावों/स्थगन प्रस्ताव/गैर सरकारी संकल्पों/अल्पकालिक चर्चाओं की सूचना

शून्यकाल में विभिन्न मामले/मांगे उठाना

पूर्व सांसद और पूर्व सदस्य हरियाणा विधान सभा तथा राज्य सभा के सदस्य का अभिनंदन

शून्यकाल में विभिन्न मामले/मांगे उठाना (पुनरारम्भ)

कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री द्वारा दोपहर भोज के लिए आमंत्रण

बैठक का स्थगन

दयाल सिंह पब्लिक स्कूल, पानीपत के अध्यापकगण तथा विद्यार्थियों का अभिनंदन

ध्यानाकर्षण प्रस्ताव–

(i) राज्य में हरियाणा कौशल रोजगार निगम के द्वारा भर्ती संबंधी

वक्तव्य–

कौशल विकास और औद्योगिक प्रशिक्षण मंत्री द्वारा उपरोक्त ध्यानाकर्षण प्रस्ताव संबंधी

वॉक आउट

नगर निगम, पंचकुला के महापौर एवं पार्षदों/नव निर्वाचित अध्यक्ष,
उपाध्यक्ष एवं सदस्य, खण्ड विकास समिति रायपुर रानी तथा
नव निर्वाचित सरपंच एवं सदस्य पंचायत समिति, पटौदी का अभिनंदन

ध्यानाकर्षण प्रस्ताव–

(ii) नई प्रॉपर्टी आई.डी. बनाने संबंधी

वक्तव्य–

शहरी स्थानीय निकाय एवं आवासीय मंत्री द्वारा उपरोक्त ध्यानाकर्षण प्रस्ताव संबंधी

भारत जोड़ो यात्रा और इंडियन नैशनल कांग्रेस पार्टी के पूर्व नेताओं के विरूद्ध शहरी स्थानीय निकाय एवं आवासीय मंत्री द्वारा की गई कुछ टिप्पणियों के संबंध में मामला उठाना

ध्यानाकर्षण प्रस्ताव (पुनरारम्भ)

व्यक्तिगत स्पष्टीकरण

वर्ष 2022–23 के लिए अनुपूरक अनुमान (द्वितीय किस्त) प्रस्तुत करना

प्राक्कलन समिति की रिपोर्ट प्रस्तुत करना

वर्ष 2022–23 के लिए अनुपूरक अनुमान (द्वितीय किस्त) की मांगों पर चर्चा तथा मतदान

विधायी कार्य–

(i) विचार तथा पारित किये जाने वाले विधेयक

1. दि हरियाणा श्री माता भीमेश्वरी देवी मन्दिर (आश्रम), बेरी श्राइन बिल, 2022

हरियाणा विधान सभा के पूर्व सदस्य का अभिनन्दन

विधायी कार्य (पुनरारम्भ)

2. दि हरियाणा पंचायती राज (अमैंडमैंट) बिल, 2022
3. दि हरियाणा रूरल डिवैल्पमैंट (अमैंडमैंट) बिल, 2022

बैठक का समय बढ़ाना

विधायी कार्य (पुनरारम्भ)

4. दि हरियाणा एंटरप्राइजिज प्रमोशन (अमैंडमैंट) बिल, 2022
5. दि हरियाणा लेजिस्लेटिव एसेम्बली (सैलरी, अलाउंसिज एण्ड पेंशन ऑफ मैंबर्स) सैकेंड अमैंडमैंट बिल, 2022
6. दि फरीदाबाद मैट्रोपोलिटन डिवैल्पमैंट अथॉरिटी (अमैंडमैंट) बिल, 2022
7. दि गुरूग्राम मैट्रोपोलिटन डिवैल्पमैंट अथॉरिटी (अमैंडमैंट) बिल, 2022

हरियाणा विधान सभा

मंगलवार, 27 दिसम्बर, 2022

विधान सभा की बैठक, हरियाणा विधान सभा हाल, विधान भवन, सैक्टर–1, चण्डीगढ़ में प्रातः 11.00 बजे हुई। अध्यक्ष (श्री ज्ञान चंद गुप्ता) ने अध्यक्षता की।

तारांकित प्रश्न एवं उत्तर

श्री अध्यक्षः माननीय सदस्यगण, अब प्रश्न काल शुरू होता है।

The Number of Collection Centres

***21. Shri Parmod Kumar Vij**: Will the Urban Local Bodies Minister be pleased to state-

(a) the location wise number of collection centres set up by the Government for door to door lifting of garbage in Panipat city; and

(b) the detailed proposal of the Government for the proper disposal of garbage in Panipat City?

शहरी स्थानीय निकाय एवं आवासीय मंत्री (डॉ कमल गुप्ता): सर,

(क) कचरे के डोर टू डोर कलैक्शन व उठान के लिए नगर निगम, पानीपत द्वारा जिमखाना कल्ब के नजदीक सैक्टर–25 (पार्ट–2) स्थित हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण की भूमि पर एक संग्रह केंद्र स्थापित किया गया है।

(ख) शहर से एकत्र किए गए कचरे को प्रसंस्करण और अंतिम निस्तारण के लिए प्रतिदिन गांव ताजपुर (मुरथल), सोनीपत स्थित कचरे से ऊर्जा संयंत्र में ले जाया जाता है।

श्री प्रमोद कुमार विजः अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से कहना चाहूंगा कि जिस कम्पनी के साथ कांट्रैक्ट किया गया है उसको शहर में 45 प्राइमरी कलैक्शन सैन्टर्स खोलने थे जहां पर शहर से डोर–टू–डोर कलैक्शन के बाद कूड़ा इकट्ठा किया जायेगा। उसके बाद वहां से सैग्रिगेशन प्वायंट पर जायेगा लेकिन 4 साल हो गये हैं और पानीपत नगर निगम कोई भी प्राइमरी सैन्टर नहीं खुलवा पाया है। डोर–टू–डोर कलैक्शन करने वाले लोग उस कूड़े को किसी खम्भे की आड़ में या किसी बिल्डिंग की आड़ में डाल देते हैं जिससे सारा दिन कूड़ा उड़ता रहता है और गलियों में बदबू आती रहती है। मेरा आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से आग्रह है कि नगर निगम को इसके लिए आदेश दिये जायें तथा जो प्राइमरी कलैक्शन सैन्टर्स खोले जाने हैं, वे खोले जायें। दूसरी बात यह है कि जो सैकेंड्री प्वायंट है जो सैक्टर–25 जिमखाना क्लब के बराबर में खोला गया है, वह बहुत पॉश एरिया है और महंगा एरिया है। उस सैकेंड्री प्वायंट के कारण वहां पर बहुत बदबू फैली रहती है। मेरा आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से निवेदन है कि सैकेंड्री प्वायंट शहर से दूर

बनाया जाये ताकि लोगों को बदबू का सामना न करना पड़े। शहर में प्राइमरी कलैक्शन सैन्टर्स भी खोले जायें और सैकेंड्री प्वायंट को शहर से दूर बनाया जाये।

डॉ. कमल गुप्ता: अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय सदस्य को कहना चाहूंगा कि इनकी बात जायज है। प्राइमरी कलैक्शन सैन्टर्स खोलने की मंशा इसलिए नहीं है क्योंकि जैसा माननीय सदस्य स्वयं मान रहे हैं कि सैग्रिगेशन सैन्टर के पास बदबू रहती है और अगर हम शहर में प्राइमरी कलैक्शन सैन्टर्स खोल देंगे तो पूरे शहर में बदबू फैल जायेगी। जहां तक जिमखाना क्लब के पास सैकेंड्री प्वायंट को बदलने की बात है तो मैं माननीय सदस्य से अनुरोध करना चाहूंगा कि वे कोई दूसरी जगह सलैक्ट करके बता दें, हम वहां पर सैकेंड्री कलैक्शन प्वायंट बनाने बारे विचार कर लेंगे।

श्री प्रमोद कुमार विज: अध्यक्ष महोदय, मेरा आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से आग्रह है कि जिस प्रकार से बड़े शहरों में प्राइमरी कलैक्शन सैन्टर्स एक बंद कमरे में बनाये जाते हैं और ऑटो तथा रिक्शा सीधे उस कमरे में चले जाते हैं और वहीं से कूड़े की लोडिंग और अनलोडिंग होती है तथा उसके बाद कूड़ा सैकेंड्री प्वायंट पर जाता है। ऐसी व्यवस्था हो सकती है जैसे मैट्रो सिटीज में होती है। जहां तक सैकेंड्री प्वायंट की बात है तो मंत्री जी निगम को कहें तथा इसके लिए कोई दूसरी जगह तलाश की जाये।

....

तारांकित प्रश्न संख्या–22

(यह प्रश्न पूछा नहीं गया क्योंकि इस समय माननीय सदस्य श्री राकेश दौलताबाद सदन में उपस्थित नहीं थे।)

***23**. **Shri Aseem Goel**: Will the Health Minister be pleased to state whether there is any proposal under consideration of the Government to provide financial help to the patients suffering from Duchenne Muscular Dystrophy disease in the State on the pattern of Thalassemia patients; if so, the details thereof?

Health Minister (Shri Anil Vij): Yes Sir, financial support up to Rs. 50 lakhs is being provided to patients suffering from rare diseases, including

Duchenne Muscular Dystrophy, for treatment at centres of excellence under National Policy for Rare Diseases, 2021.

श्री असीम गोयल : अध्यक्ष महोदय, जो मैंने दुचेन्ने मस्कुलर डायस्ट्रॉफी बीमारी के बारे में प्रश्न लगाया है। इसमें बच्चा 5 साल तक नॉर्मल रहता है और उसके बाद उसको सीढ़ी चढ़ने में भी तकलीफ होती है और 10 से 13 साल तक की उम्र में वह व्हीलचेयर पर आ जाता है, उसके बाद वैंटीलेटर के ऊपर चला जाता है और अन्ततः 18 से 20 साल की उम्र में उसकी मृत्यु हो जाती है। एक मां–बाप के लिए इससे बड़ा दुःख नहीं हो सकता कि वे अपने बच्चे को चाहकर भी इस बीमारी से निजात नहीं दिला सकते हैं क्योंकि इस बीमारी का अभी तक स्थाई इलाज नहीं आया है। मां–बाप अपने बच्चे कों तिल–तिल, पल–पल मौत के मूंह में जाते हुए देखते हैं। यह मां–बाप के लिए बहुत बड़ी बेबसी रहती है। आज पूरे हरियाणा में अभी तक लगभग 400 से 500 परिवार इस बीमारी में आईडैंटिफाई हुए हैं। अध्यक्ष महोदय, इस बीमारी के टैस्ट और दवाइयां बहुत महंगी हैं और यह एक प्रोग्रेसिव बीमारी है। हिमाचल प्रदेश में इस बीमारी को नेशनल हैल्थ मिशन के अन्दर लिया गया है जिसमें वे इस प्रकार के बच्चों को 1700 रुपये प्रति महीना दिव्यांग के नाते और 3000 हजार रुपये प्रति महीना पैंशन भी दे रहे हैं। ऐसे बच्चों को शिक्षा के अन्दर भी विशेष छूट दी जा रही है। बिहार में ऐसे बच्चों को 6 लाख रुपये एक मुस्त दिये जाते हैं। राजस्थान में ऐसे बच्चों को 10000 रुपये प्रति महीना पैंशन दी जा रही है। आन्ध्र प्रदेश में ऐसे बच्चों को 5000 रुपये प्रति महीना पैंशन दी जा रही है। मध्यप्रदेश में भी ऐसे बच्चों के लिए 5000 रुपये प्रति महीना पैंशन दी जा रही है। ऐसे बच्चों को पढ़ाई और दवाइयों के लिए पूरा सहयोग दिया जाता है। यू.पी. में ऐसे बच्चों की दवाइयां फ्री हैं और फिजियोथैपी, हाईड्रोथैपी के विशेष कैम्प लगाकर ऐसे बच्चों की पैंशन का प्रावधान भी किया है। अध्यक्ष महोदय, दूसरे राज्यों में तो इनके लिए रिहबिलिटेशन सैंटर भी खोले गये हैं और योगा, पंचकर्मा, षटकर्मा, वस्तीकर्मा, सिरोधारा आदि के ट्रीटमैंट करवाकर फ्री दवाईयां दी जाती हैं। मेरा मंत्री जी से निवेदन है कि हरियाणा को भी इस बारे में कोई ठोस पॉलिसी लानी चाहिए। दूसरा जितने भी सार्वजनिक स्थल जैसे बैंक्स, मोल या सरकारी कार्यालय हैं उनमें पीड़ित व्यक्ति की पहुंच सुनिश्चित करनी चाहिए। जब वह पीड़ित व्यक्ति अटैंडेंट के बिना व्हीलचेयर पर होता है और जबकि उसको 24 घंटे अटैंडेंट चाहिए होता है क्योंकि अकेला तो वह वाशरूम भी नहीं जा सकता है। वह पीड़ित बच्चा खुद अकेला स्कूल की बस भी नहीं पकड़ सकता, बस में चढ़ नहीं सकता, सीट पर बैठ नहीं सकता है और सीट से उठ नहीं सकता है। इन बच्चों को क्लास रूम तक ले जाने

के लिए कोई स्पैशल प्रोविजन होना चाहिए। इसके साथ ही स्कूल्ज में ऐसे खेलों का आयोजन भी किया जाना चाहिए जिनमें शारीरिक तौर से कमजोर बच्चा भी भाग ले सके और अपना बचपन जी सके। कोई ऐसा सैंटर भी बनाया जाए जहां पर इस बीमारी से ग्रस्त पढ़े–लिखे बच्चों को ट्रेनिंग दी जाए। मेरा निवेदन है कि यू.डी.आई.डी. कार्ड और टैस्ट सर्जरी से संबंधित कार्य एक ही छत के नीचे हों ताकि इन लोगों को कोई दिक्कत न आए। इस बीमारी की पूरी डिटेल मैं दे देता हूं जिसकी मैंने एक फाईल बनाई हुई है। मैं मंत्री जी से व हरियाणा सरकार से निवेदन करूंगा कि सी.वी.एस. टैस्ट की सुविधा भी हर होस्पिटल्ज में हो जिससे यह पता चले कि जो मां बच्चे को जन्म देने वाली है। उसको कोई बीमारी तो नहीं है ताकि उसका विशेष इलाज उसी समय हो सके। माननीय प्रधानमंत्री जी ने भी 'मन की बात' में इस बीमारी का विशेष रूप से उल्लेख किया है। अध्यक्ष महोदय, मैं तो आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से व हरियाणा सरकार से निवेदन करूंगा कि इसके ऊपर सहानुभूतिपूर्वक विचार किया जाए ताकि मरीजों और मां–बाप को इसमें मदद मिल सके। धन्यवाद।

श्री अनिल विज : अध्यक्ष महोदय, माननीय सदस्य ने बहुत विस्तार से इस बीमारी के बारे में बताया है। यह रेयरैस्ट बीमारी है, जैनेटिक बीमारी है जोकि मां–बाप से बच्चों में आती है और यह बीमारी पुरूषों में ही आती है अर्थात मेल बच्चों में ही आती है। यह बहुत महंगी बीमारी है इसलिए इसका ईलाज कराने के लिए केन्द्र सरकार की योजना के तहत ऐसे बच्चे अपना 50 लाख रुपये तक का ईलाज करवा सकते हैं। इसके लिए केन्द्र सरकार ने देश में जो 10 सैंटर ऑफ एक्सीलैंस चिन्हित किये हैं उनमें हमारा पी.जी.आई., चण्डीगढ़ भी शामिल है। वहां पर जिनका ईलाज होता है वे ही इस 50 लाख रुपये वाली सुविधा को अवेल कर सकते हैं। इनकी और भी बहुत कठिनाईयां हैं क्योंकि इस बीमारी का अभी तक डैफिनेटली ट्रीटमैंट नहीं आया है। हमारा विभाग भी सभी अधिकारियों को बुलाकर इसके ऊपर कई बार मीटिंग कर चुका है कि ऐसे पैसेंट्स की और क्या–क्या सहायता की जा सकती है।

श्री असीम गोयलः अध्यक्ष महोदय, मेरा निवेदन यह है कि जो प्रति माह पैंशन देने वाली बात का मैने निवेदन किया है, इसको तो सरकार प्रति माह इन बच्चों को दे ही सकती है। अभी तक तो ऐसे 400 से 500 बच्चे ही आईडेंटिफाई हुए हैं। वास्तव में ऐसे रोगियों का पता ही नहीं चलता है। जब बच्चा ठीक से खड़ा नहीं हो पा रहा होता है या ठीक से बैठ नहीं पा रहा होता है तो ऐसी स्थिति में ही डाक्टर के पास

जाया जाता है और इस तरह की अवस्था में कईं साल वैसे ही निकल जाते हैं। अतः मैं सदन के माध्यम से फिर से निवेदन करना चाहूंगा कि हरियाणा सरकार की तरफ से ऐसे रोगियों को कुछ न कुछ वित्तीय सहयोग जरूर दिया जाना चाहिए।

गृह मंत्री (श्री अनिल विज): अध्यक्ष महोदय, विधायक साथी ने बहुत जायज बात उठाई है। सरकार की तरफ से ऐसी अन्य बीमारियों की भी पैंशन देने का काम किया जाता है और जहां तक इस बीमारी की बात है, ऐसे रोगियों के लिए भी हम 2500 रूपये प्रति महीने देने का काम करेंगे।

....

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, रामगढ़ तथा राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, सैक्टर–15, पंचकुला के अध्यापकगण एवं विद्यार्थियों का अभिनन्दन

श्री अध्यक्षः माननीय सदस्यगण, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, रामगढ़ एवं राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, सैक्टर–15, पंचकुला के अध्यापकगण एवं विद्यार्थी सदन की कार्यवाही देखने के लिए दर्शक दीर्घा में उपस्थित हैं। मैं अपनी तरफ से तथा सदन की तरफ से इनका अभिनन्दन करता हूँ।

....

तारांकित प्रश्न एवं उत्तर (पुनरारम्भ)

To Repair/Reconstruction the Roads

***24. Shri Balbir Singh**: Will the Deputy Chief Minister be pleased to state-

(a) whether it is a fact that the following roads of Israna Assembly Constituency are in very bad condition-

(i) Gawalra to Naraina;

(ii) Gawalra to Namunda;

(iii) Refinery crossing to Singpura upto village Bohli;

(iv) Village Mandi to Puthar upto Buana Lakhu;

(v) Puthar to Bandh;

(vi) Shahpur to Pardhana upto Seenk;

(vii) Chhichhrana to Urlana Kalan;

(viii) Chhichhrana to Dumiana to Urlana Kalan upto Dariyapur;

(ix) Matloda to Thiranaup to Khandra;

(x) Thirana to Assan Khurd road;

(xi) Sithana to Bal Jattan; and

(b) if so, the time by which the abovesaid roads are likely to be repaired/reconstructed?

Deputy Chief Minister (Shri Dushyant Chautala) : Sir,

(a) The road wise reply is submitted as under-

(b) No time frame can be given at this juncture.

Sr. No.	Name of road	Ownership	Condition of road	Last date of treatment	Reply
i)	**Gawalra to Naraina**	PWD (B&R)	Un-satisfactory	04/2015	This road exists in the priority list of MLA Samalkha. The estimate of amounting to Rs. 157.62 lacs has been prepared on HEW portal which is under examination. No time frame can be given at this juncture
ii)	**Gawalra to Namunda**	PWD (B&R)	Un-satisfactory	10/2013	This road exists in the priority list of MLA Israna. The estimate amounting to Rs. 70.79 lacs has been prepared on HEW portal which is under examination. No time frame can be given at this juncture
iii)	**Refinery crossin to Singpura upto village Bohli**	PWD (B&R)	Un-satisfactory	04/2016	The tender has been called and will be received on 10.01.2023. The work is likely to start during 03/2023.
iv)	**Village Mandi to Puthar upto Buana Lakhu**	PWD (B&R)	Satisfactory	10/2021	The periodical repair of the road was carried out under PMGSY in the month of 10/2021 and the road is in satisfactory Condition. Since, road is in good condition issue of time frame does not arise.
v)	**Puthar to Bandh**	HSAMB	Satisfactory	03/2022	The special repair of this road has been completed on dated 15.03.2022 and the road is in satisfactory condition. Since, road is in good condition issue of time frame does not arise
vi)	**Shahpur to Pardhana upto Seenk**	PWD (B&R)	Un-satisfactory	10/2013	The road has been proposed under NABARD RIDF-XXVIII scheme for amounting to Rs. 612.06 lacs. Approval is still awaited from NABARD.

vii)	**Chhichhrana to Urlana Kalan**	PWD (B&R)	Satisfactory	10/2021	The road has been upgraded under PMGSY-III during 10/2021 by way of wdg. / Stg. The defect liability period of this road upto 10/2026. The road is in satisfactory condition. Since, road is in good condition issue of time frame does not arise.
viii)	**Chhichrana to Dumiyana to Urlana Kalan upto Dariyapur**	PWD (B&R)	Un-satisfactory	09/2014	The work does not exist in the priority list submitted by MLA Israna. However, the road is being maintained by carrying out patch work. No time frame can be given at this juncture.
ix)	**Matloda to Thirana upto Khandra**	PWD (B&R)	Satisfactory	09/2018	The Special Repair of the road was carried out during 09/2018. The defect liability period of this road has been cleared on 12.09.2022. The condition of the road is satisfactory. Since, road is in good condition issue of time frame does not arise.
x)	**Thirana to Assan Khurd road**	HSAMB	Satisfactory	02/2020	The special repair of this road has been completed on dated 08.02.2020 and the road is in satisfactory condition. Since, road is in good condition issue of time frame does not arise.
xi)	**Sithana to Bal Jattan**	HSAMB	Satisfactory	08/2022	The special repair of this road has been completed on dated 10.08.2022 and the road is in satisfactory condition. Since, road is in good condition issue of time frame does not arise.

श्री बलबीर सिंहः अध्यक्ष महोदय, मैंने मेरे हल्के इसराना के अंदर कुछ सड़कें जोकि बहुत बुरी अवस्था में है, के संदर्भ में प्रश्न लगाया है। ये सड़कें हैं गवालड़ा से नारायना, गवालड़ा से नामुंडा, रिफाईनरी क्रोसिंग से सिंगपुरा चौक से गांव बोहली तक, गांव मांडी से पुठर से गांव बुआना लाखु तक, पुठर से बांध, शाहपुर से परढाणा से गांव सींक तक, छिछड़ाना से डुमियाना वाया उरलाना से उरलाना से कलां–दरियापुर तक, मतलोडा से थिराना से गांव खण्डरा तक, थिराना से आसन खुर्द रोड तथा सिठाना से बाल जट्टान तक, ये वे सड़कें हैं जिनके बारे में मैंने सदन में अपना प्रश्न लगाया है। अध्यक्ष महोदय, इसके साथ मेरा निवेदन यह भी है कि मेरे हल्के की दो मुख्य सड़कें और भी हैं जोकि इसराना ब्लॉक में तहसील और बी.डी.ओ. आफिस के सामने हैं। ठीक इसी प्रकार एक सड़क मतलोडा से औसर गांव की सड़क है तथा दूसरी मतलोडा से कवि गांव तक की सड़क है। ये सड़कें बहुत खराब हालत में हैं। बार–बार निवेदन करने के बावजूद भी इन सड़कों का आज तक कोई समाधान नहीं हो पाया है। अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय उप–मुख्यमंत्री जी से निवेदन करता हूँ कि इन सड़कों की ऐसी दयनीय हालत हो चुकी है कि इन पर ट्रैफिक का चलना भी नामुमकिन हो चुका है। यही नहीं यहां पर लोगों का आना–जाना तक भी एक तरह से बंद ही हो चुका है लेकिन सरकार की तरफ से

इन सड़कों की तरफ कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। अध्यक्ष महोदय, जो मैंने इसराना ब्लॉक में तहसील और बी.डी.ओ. आफिस के सामने की सड़क के बारे में बताया है। आस पास के गांव वालों ने मीडिया को बुलाकर, प्रशासन व सरकार को इन टूटी ही सड़कों का पूरा वास्तविक हाल दिखाने का भी काम किया है लेकिन सरकार की तरफ से इस दिशा में कुछ नहीं किया गया है। अतः स्पीकर सर, आज मैं इस महान सदन में आपके माध्यम से माननीय उप–मुख्यमंत्री जी से निवेदन करना चाहूंगा कि मेरे हल्के इसराना की इन सड़कों को जल्द से जल्द बनाने का काम किया जाये।

श्री दुष्यंत चौटालाः अध्यक्ष महोदय, माननीय सदस्य ने 11 सड़कों का जिक्र किया है। इसमें से 8 पी.डब्ल्यू.डी. और 3 मार्केटिंग बोर्ड की सड़कें हैं। इनमें से 5 सड़कें आज भी डिफेक्ट लायबिलिटी पीरियड के अंदर हैं और उन पर आलरेडी काम चल रहा है। जहां पैच वर्क की जरूरत की बात है, माननीय सदस्य के यहां दो ऐसी सड़कें हैं जिन पर रेगुलर पैच वर्क का काम किया जा रहा है। एक सड़क माननीय विधायक की आलरेडी टैंडर्ड है और साथ ही इनके यहां की दो सड़कों को 25 करोड़ की सड़कों की योजना में कवर किया हुआ है। एक सड़क नाबार्ड की है उसके लिए जो हमारी ग्रांट की जरूरत है, उसको आलरेडी एप्रूव्ड कर दिया गया है और इसके लिए जैसे ही केन्द्र से पैसा आयेगा तो उसके तुरंत बाद इस सड़क को भी टेक अप करने का काम किया जायेगा। अध्यक्ष महोदय, मैं एक बात माननीय साथी के ध्यान में लाना चाहूंगा कि हमने संभी कंसंर्ड एस.ईज. और एक्सियंज को ऐसी सड़कें जिन पर कारपेटिंग का काम होना है, के बारे में अलग से हिदायत दे रखी हैं कि वे कंसंर्ड विधायकों से इस बारे में रिवाइव करने का काम करें। यदि माननीय सदस्य के हल्के में कोई ऐसी सड़क है जिस पर केवल कारपेटिंग का काम किया जाना है तो वे कंसंर्ड एस.ई और एक्सियन से इस बारे में संपर्क करें। इसका कारण यह है कि कारपेटिंग का काम जल्दी होता है और वाइडनिंग और स्ट्रैंथनिंग के काम में ज्यादा समय लगता है और साथ ही ज्यादा ग्रांट भी यूटिलाइज होती है। अध्यक्ष महोदय, मैं सभी विधायकों से सदन के माध्यम से कहना चाहूंगा ठीक है कि पी.डब्ल्यू.डी. की सड़कों के लिए 25 करोड़ की सड़कों की योजना है लेकिन हमारे विधायक साथियों को ऐसी सड़कों को प्रायरिटी पर लेने का काम करना चाहिए जिन पर कारपेटिंग की जरूरत है। यदि ऐसा किया जायेगा तो जो रोड इंफ्रास्ट्रक्चर है, वह ज्यादा बेहतर हो सकेगा।

श्री बलबीर सिंहः अध्यक्ष महोदय, जब भी हम सड़कों के बारे में संबंधित विभाग के एस.ई/एक्सियन/एस.डी.ओ. से बात करते हैं तो हर बार उनसे यही जवाब मिलता है कि आपकी सड़कों के टैंडर लगने वाले हैं अर्थात् आपकी सड़कों के काम चालू होने वाले हैं, परंतु हम काफी दिनों से संबंधित ऑफिस के चक्कर काट रहे हैं। अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय उप मुख्यमंत्री महोदय से पुनः निवेदन करता हूँ कि जिन सड़कों के टैंडर की बात हो रही है, दोबारा प्रशासन से पूछा जाये कि कौन–कौन सी सड़कों के काम शुरू हो चुके हैं। आज के दिन मेरा मानना है कि किसी भी सड़क का काम चालू नहीं है। सरकार इन सड़कों को कब तक बना देगी? यदि सरकार इन सड़कों को नहीं बनाती है तो इसका कारण भी सदन को बताया जाये?

श्री दुष्यंत चौटालाः अध्यक्ष महोदय, माननीय सदस्य ने जो बात सदन के पटल पर रखी है, वह एक सड़क सिंगपुरा से बोहली की है, उसका ऑलरेडी टैंडर फ्लोट हो चुका है, दिनांक 10.01.2023 को इसका टैंडर खुलेगा और मार्च महीने में काम शुरू हो जायेगा। अध्यक्ष महोदय, इस प्रकार से तीन सड़कें मार्केटिंग बोर्ड की हैं, दो सड़कें डिफेक्ट लायबिलिटी पीरियड के अंदर है और एक सड़क नाबार्ड के अंडर है, जैसे ही इसकी ग्रांट आयेगी, हम इसको टेकअप करेंगे। अध्यक्ष महोदय, टैंडर कब तक लगेंगे, के जवाब में मेरा यह कहना है कि पहले टैंडर लगाने का प्रोसैस डिपार्टमैंट वाईज होता था, अब 28 के 28 इंजीनियरिंग डिपार्टमैंट का एक हरियाणा इंजीनियरिंग वर्क्स पोर्टल बन चुका है। मैं इस बात को मानता हूँ कि इसके प्रोसैस में डिले हुआ है। मगर एक चीज स्पष्ट हो गई है कि कहीं कोई लो क्वालिटी का काम करेगा तो सरकार के 28 के 28 महकमों के अंदर संबंधित ठेकेदार को दण्डित किया जायेगा। इस चीज को देखते हुए थोड़ा डिले जरूर हुआ है। अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय सदस्य को यह भी कहना चाहता हूँ कि जो उन्होंने 25 करोड़ रुपये की दो सड़कों के बारे में रिकमैंडेशन दी है, मैं चाहूंगा कि बची हुई सड़कों के नाम भी उसमें डलवा दें। प्राथमिकता के आधार पर उनको जनवरी और फरवरी महीने में टेकअप कर लेंगे।

श्री बलबीर सिंहः अध्यक्ष महोदय, जिस सिंगपुरा गांव की सड़क का जिक्र माननीय उप मुख्यमंत्री महोदय ने किया है, वहां से लगभग 25–30 गांवों का आना–जाना लगा रहता है। पिछले सत्र में भी मैंने यही प्रश्न सिंगपुरा रिफाईनरी फाटक से बोहली का लगाया था। सड़क बिल्कुल टूटी होने के कारण वहां से कोई भी व्हीकल्ज नहीं

गुजरता है। अध्यक्ष महोदय, मेरा निवेदन यह है कि मेरी इन सड़कों का काम जल्दी से जल्दी करवाने का काम करें, इसकी कोई तय सीमा भी माननीय उप मुख्यमंत्री जरूर सदन को बताने की कृपा करें।

श्री दुष्यंत चौटालाः अध्यक्ष महोदय, मैं माननीय सदस्य को पहले भी बता चुका हूँ कि जनवरी महीने के अंदर टैंडर खुल जायेगा और मार्च महीने में सिंगपुरा से बोहली तक सड़क का काम शुरू हो जायेगा। अध्यक्ष महोदय, एक प्रोसैस के तहत ही काम होता है और प्रोसैस में जो समय लगता है वह तो लगना ही होता है, हम किसी प्रोसैस को तो बाईपास नहीं कर सकते।

श्री अध्यक्षः उप मुख्यमंत्री जी, मेरा भी इस संदर्भ में यह कहना है कि डिफेक्ट लायबिलिटी पीरियड की जो सड़कों से संबंधित है, के बारे में आपने माननीय सदस्य को बताया है, वहां जिस ठेकेदार ने काम किया है, उसके द्वारा उन सड़कों तो काम हो सकता है, उसके लिये अलग से टैंडर करने की जरूरत नहीं है। इस प्रकार की सड़कें काफी हल्कों में हैं। मेरे विधान सभा क्षेत्र में भी डिफेक्ट लायबिलिटी पीरियड की सड़कें हैं, इसलिए मुझे इस बात का पता है। जिन ठेकेदारों ने उन सड़कों का टैंडर लिया था और वे सड़कें किसी भी कारण से खराब हो चुकी हैं तो उन सड़कों पर जल्द से जल्द काम शुरू होना चाहिये।

श्री दुष्यंत चौटालाः अध्यक्ष महोदय, आपके पास यदि डी.एल.पी. से संबंधित कोई शिकायत है तो जरूर उसकी इंक्वॉयरी भी करवायेंगे और स्पेशल रोड सेफ्टी ऑडिट भी करवाने का काम करेंगे। मैं सदन के पटल पर कह रहा हूँ कि आपके पास ऐसी कोई शिकायत है तो लिखित में जरूर दें।

श्री अध्यक्षः ठीक है, मैं आपको लिखित में शिकायत दे दूंगा। (शोर एवं व्यवधान)

....

आज के लिए सूचीबद्ध तारांकित प्रश्नों की संख्या को नेवा पोर्टल पर क्रमित करने के संबंध में मामला उठाना

श्रीमती किरण चौधरी : स्पीकर साहब, ड्रॉ में क्वैश्चंस के जो नंबर निकले हैं उनके बारे में मेरा कहना है कि मेरे प्रश्न का नंबर पहले नंबर पर लिस्टेड था लेकिन आज मेरा प्रश्न 10वें नंबर पर लगा हुआ है । यह बात हमारी समझ में नहीं आई कि यह कैसे हुआ है ?

श्री भारत भूषण बतरा : अध्यक्ष महोदय, इसी तरह का वाक्या मेरे साथ घटित हुआ है । मेरा प्रश्न भी आज 17वें नंबर पर लगाया गया है ।

श्री अध्यक्ष : बतरा जी, मैं इसे चैक करवाऊंगा ।

श्रीमती किरण चौधरी : स्पीकर साहब, आप इसे चैक करवाइये ताकि हमको इस बारे में पता चले ।

श्री अध्यक्ष : किरण जी, मैं इसे अभी चैक करवाता हूं ।

श्रीमती किरण चौधरी : स्पीकर साहब, इसके अलावा मेरा यह भी कहना है कि आप इस समय को एक ब्रेक मान लीजिए और इसे चैक करवाइये ।

श्री अध्यक्ष : किरण जी, मैं इसे अभी चैक करवाता हूं । अभी आदरणीय सदस्या श्रीमती किरण चौधरी जी ने अपने प्रश्न के नम्बर के बारे में जो बताया है। मेरे पास आज के प्रश्नकाल के लिए लगे हुए प्रश्नों की नम्बरों सहित लिस्ट है। मैं संबंधित लिस्ट को पढकर सुना देता हूं।

श्री भारत भूषण बतराः अध्यक्ष महोदय, मैं बताना चाहूंगा कि विधान सभा की साईट पर जो आज के दिन के लिए लगे हुए प्रश्नों की लिस्ट अपलोड की गयी है और जो लिस्ट माननीय सदस्यों के पास भेजी गयी है, ये दोनों लिस्ट्स अलग– अलग हैं।

श्रीमती किरण चौधरीः अध्यक्ष महोदय, मेरे पास संबंधित लिस्ट की फोटो कॉपी भी है। अगर आप चाहें तो मैं आपको संबंधित लिस्ट दिखा सकती हूं।

श्री अध्यक्षः किरण जी, मेरे पास सैक्रेटरी साहब के हस्ताक्षर वाली प्रश्नों की लिस्ट है और मैं इसको पढकर सुना देता हूं। अगर विधान सभा की साईट पर संबंधित लिस्ट अपलोड करते समय कोई गलती हुई है तो उसको ठीक करवा देंगे।

श्रीमती किरण चौधरीः अध्यक्ष महोदय, मेरा क्वैश्चन बहुत ही महत्वपूर्ण है और उसको बिल्कुल लॉस्ट में डाल दिया गया है। मैं आज सदन की कार्यवाही शुरू होने से पहले ही सदन में बैठी हुई हूं क्योंकि मेरा क्वैश्चन पहले नम्बर पर ही लगा हुआ था।

श्री अध्यक्षः किरण जी, अगर संबंधित प्रश्नों की लिस्ट साईट पर अपलोड करते समय कोई गलती हुई है तो उसको चैक करवा लेंगे। इस नेवा सिस्टम में शुरू में थोड़ी सी दिक्कत आ गयी थी। विधान सभा की साईट पर संबंधित प्रश्नों की लिस्ट डाली हुई है और अगर कहीं पर गलती हुई है तो उसको ठीक करवा देंगे।

श्रीमती किरण चौधरीः अध्यक्ष महोदय, माननीय सदस्यों के बड़ी मुश्किल से प्रश्नकाल के लिए प्रश्न लगते हैं।

श्री अध्यक्षः किरण जी, मैं आज के प्रश्नकाल के लिए लगे हुए सभी प्रश्नों की लिस्ट पढकर सुना देता हूं।

श्री भारत भूषण बतराः अध्यक्ष महोदय, (शोर एवं व्यवधान)

श्रीमती किरण चौधरी: अध्यक्ष महोदय, (शोर एवं व्यवधान)

श्री अध्यक्ष: किरण जी, विधान सभा की साईट पर संबंधित प्रश्नों की लिस्ट अपलोड करते समय टैक्नीकल मिस्टेक हुई है और इसको आगे से ठीक करवा देंगे।

....

तारांकित प्रश्न एंव उत्तर (पुनराराम्भ)

To Drain Out the Dirty Water

***25. Shri Lila Ram**: Will the Development and Panchayats Minister be pleased to state-

(a) whether there is any proposal under consideration of the Government for the drainage of dirty water in village Nauch, Deora, Padla, Sajuma and Dhons of Kaithal Assembly Constituency; and

(b) if so, the time by which abovesaid proposal is likely to be materialized togetherwith the details thereof?

विकास एवं पंचायत मंत्री (श्री देवेन्द्र सिंह बबली): (क) वर्णित पाँच गांवों में से दो गावों सजूमा तथा पाडला में गन्दे पानी की निकासी हेतु कार्य स्वीकृत हैं। शेष तीन गाँवों में कार्य स्वीकृत नहीं हैं। केवल नालियों के कार्य इस विभाग द्वारा स्वीकृत किए जाते हैं। तालाबों के जीर्णोद्धार एवं उपचारित जल के उपयोग हेतु पाईपलाईन बिछाने के कार्य हरियाणा तालाब एवं अपशिष्ट जल प्रबन्धन प्राधिकरण/सिंचाई विभाग द्वारा स्वीकृत किया जाता है। गांव पाडला का एक तालाब, गांव नौच का एक तालाब तथा गांव घौंस के दो तालाबों के जीर्णोद्धार का कार्य सिचाई विभाग को प्राकलन बनाने तथा उसके बाद हरियाणा तालाब एवं अपशिष्ट जल प्रबन्धन प्राधिकरण के द्वारा जारी जमा राशि से कार्य करवाने हेतु स्थानान्तरित किया गया है। गांव दयौरा के दो तालाबों का कार्य हरियाणा तालाब एवं अपशिष्ट जल प्रबन्धन प्राधिकरण की कार्य योजना के चरण–IV में लिया हुआ है।

(ख) उपरोक्त वर्णित गांवों सजुमा तथा पाडला में कार्य पूर्ण होने की सम्भावित तिथि 31.05.2023 है।

श्री लीला राम : अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी का धन्यवाद भी करता हूं और उनके संज्ञान में एक बात लाना भी चाहता हूं कि ये बहुत बड़े–बड़े गांव हैं । इन गांवों की आबादी 10 हजार से भी ज्यादा है । गांव सजूमा ऋषि सुखदेव जी की तपोस्थली है । वह एक बड़ा गांव है और उस गांव का सारा पानी

उसी तालाब में जाता है । माननीय मंत्री जी ने उस तालाब के कार्य को स्वीकृत करते हुए करोड़ों रुपये की ग्रान्ट भी दी है लेकिन उस तालाब का काम बहुत ही धीमी गति से चल रहा है । अतः मेरा आपसे अनुरोध है कि आप उसके काम की गति को बढ़वाने का काम अवश्य करें । इसी तरह पाड़ला एक गांव है जिसकी आबादी 10 हजार से भी ज्यादा है । उस गांव के बीच में एक तालाब है । मैं माननीय मंत्री जी के संज्ञान में लाना चाहता हूं कि वह तालाब गांव के बिल्कुल बीच में है । माननीय मंत्री जी ने जिस तालाब की सफाई करवाई है और सड़क के गड्ढे भरवाने का काम किया है वह अन्य तालाब है । मैं जिस तालाब की बात कर रहा हूं वह बहुत बड़ा तालाब है और पोंड अथॉरिटी की आई.डी. में वह तालाब आज भी नहीं है । उस गांव में 12वीं तक एक स्कूल है और पिछले दिनों वह स्कूल भी गन्दे पानी से भर गया था । अध्यक्ष महोदय, मेरा आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से अनुरोध है कि उस तालाब को भी पोंड अथॉरिटी के तहत लेकर खुदवाने का काम करें ताकि उस गांव को गन्दे पानी से निजात मिल सके । इसके अलावा उस तालाब से गन्दे पानी की निकासी का प्रावधान करने का काम भी अवश्य करें । मैं बताना चाहता हूं कि दयौरा गांव भी एक बहुत बड़ा गांव है, धोंस गांव भी एक बहुत बड़ा गांव है । धोंस गांव भी 10 हजार से ज्यादा की आबादी का गांव है । पिछले दिनों गड़ोदा गांव का मुद्दा अखबारों में काफी छाया रहा था । वहां पर भी गन्दे पानी की निकासी का एक बड़ा मामला है । इसके अलावा गांव मुंदड़ी, गांव कठवाड़ में भी यही स्थिति है । गांव बाबा लदाना बाबा राजपुरी जी की तपोस्थली है । बाबा राजपुरी जी का पूरे हिन्दुस्तान में नाम है । उनके देश में 360 से भी ज्यादा डेरे हैं । जब बाबा लदाना गांव का भी ऐसा हाल होगा तो यह ठीक नहीं है । वहां पर गन्दे पानी की निकासी का कोई भी साधन नहीं है । अतः मेरा माननीय मंत्री जी से निवेदन है कि इन गांवों से गन्दे पानी की निकासी का जल्द–से–जल्द प्रावधान किया जाए ।

श्री देवेन्द्र सिंह बबलीः अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय सदस्य को बताना चाहूंगा कि पाड़ला गांव के मंदिर वाला जोहड़ का काम चल रहा है और उसको गति देने का काम करेंगे। चक पाड़ला तालाब का काम अभी शुरू नहीं हुआ है।

श्री लीला रामः अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी को बताना चाहूंगा कि मैंने जिस तालाब का जिक्र किया है, वह तालाब गांव के बीच में है। यह सरकार या पोंड अथॉरिटी की आई.डी. में नहीं है, इसलिए इसको भी पोंड अथॉरिटी

की आई.डी. में शामिल कर लिया जाए। यह बहुत बड़ा तालाब है। यह पता नहीं कि किस वजह से संबंधित तालाब छूटा हुआ है ?

श्री देवेन्द्र सिंह बबली: अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय सदस्य को बताना चाहूंगा कि हम संबंधित पोंड को भी पोंड अथॉरिटी की लिस्ट में डलवाने का काम करेंगे। इसके अतिरिक्त सजुमा गांव के 3 तालाब क्रमशः तीर्थ तालाब, भारयो तालाब और दरोंगा तालाब के कार्य प्रोग्रैस में हैं। इनके साथ दरूंगा तालाब पशुओं के साफ पानी का तालाब है और अर्बन दिवाला तालाब भी पशुओं के साफ पानी का तालाब है। माननीय सदस्य सजुमा और पाड़ला गांवों में से एक तालाब को पोंड अथॉरिटी की लिस्ट में डलवाने की बात कर रहे हैं तो हम इसके लिए पोंड अथॉरिटी से कहकर एक तालाब को पोंड अथॉरिटी की लिस्ट में डलवा देंगे। इनके अतिरिक्त 3 गांवों के पोंड्स के अस्टिमेट्स बनवाने शुरू किये हुए हैं जिनके काम को तीसरे फेज में डाला हुआ है। इनको भी आने वाले समय में फौरी तौर पर सुधारने का काम करेंगे।

श्री लीला राम: अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से इसके लिए माननीय मंत्री जी का धन्यवाद करता हूं। मेरा आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से अनुरोध है कि इनके अलावा बाबा लदाना, कठवाड़, मुंदड़ी, खनौदा, धौंस, नौच और दयौरा गांवों के तालाबों को भी प्रॉयोरिटी पर लेने का काम करें।

श्री देवेन्द्र सिंह बबली: अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय सदस्य को बताना चाहूंगा कि माननीय सदस्य ने जो क्वैश्चन लगाया था, उसमें बाबा लदाना गांव शामिल नहीं है। हम बाबा लदाना गांव का भी सर्वे करवाने का काम करेंगे।

श्री अध्यक्ष: लीला राम जी, माननीय मंत्री जी ने आपके प्रश्न का रिप्लाई दे दिया है। प्लीज, अब आप बैठ जाएं।

श्री लीला राम: अध्यक्ष महोदय, मेरा आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से अनुरोध है कि इन सभी गांवों को नोट कर लें।

श्री देवेन्द्र सिंह बबली: अध्यक्ष महोदय, मैंने माननीय सदस्य की बात को नोट कर लिया है।

....

Verification Work of Family ID

***26. Shri Shishpal Singh Keharwala**: Will the Deputy Chief Minister be pleased to state-

(a) the total number of families whose income is less than 1,80,000/- as per the data of family IDs in State togetherwith the total number of people out of the above said persons/families to whom the BPL card have been issued by the Government alongwith the number of families which have been excluded from the BPL list which were earlier included in the said BPL list; and

(b) whether the verification work of family IDs have been completed by the Government in State, if not, the time limit framed by the Government for the same?

Deputy Chief Minister (Shri Dushyant Chautala): (a) As on 20th December, 2022, as per the data in Parivar Pehchan Number database, 30,38,942 families (1,21,57,298 members) have been verified to have income less than 1,80,000/-. All the above mentioned families have been included for issuance of BPL(Priority Household) ration cards. 9,60,235 families have been excluded from the current list of BPL(PH), AAY & Other Priority Household (OPH). The current and previous data for these is as under-

	AAY	BPL(PH)	OPH	Total
Status prior to integration with PPN data	2,47,227	8,90,069	15,57,299	26,94,595
Status as on date after integration with PPN data	3,02,000	27,36,942	0*	30,38,942

Note:* OPH category has been abolished and all families having less than total verified annual income of Rs. 1.80 lac have been included in BPL(PH).

(b) The work of verification of data in Parivar Pehchan Number (PPN) database is an ongoing activity. The first round of verification work is likely to be completed by 28th February 2023.

श्री शीशपाल सिंहः अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से बताना चाहूंगा कि सरकार ने पी.पी.पी. स्कीम के तहत डाटा बेस तैयार करके बहुत सी गवर्नमैंट स्कीम्ज को जोड़ा है। मैंने जो सवाल किया है उसमें यह आंकड़ा दिया गया है कि इसमें टोटल 30,38,942 परिवार हैं और उनमें से पी.पी.पी. स्कीम के डाटा के तहत 1,21,57,298 से ज्यादा सदस्य 1,80,000 रुपये सालाना से कम आय वाले हैं। अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से अवगत करवाना चाहूंगा कि मेरे सवाल के जवाब में यह रिप्लाई दिया गया है कि उन सभी परिवारों को बी.पी.एल. की श्रेणी में रखा गया है। अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय उप– मुख्यमंत्री जी को बताना चाहूंगा कि मेरे हल्के में काफी ऐसे लोग हैं जिनकी आय पी.पी.पी. स्कीम के डाटा के तहत 1,80,000 रुपये से सालाना कम दिखायी गयी है, परन्तु अभी तक उनके बी.पी.एल. कार्ड नहीं बने हैं। दूसरी बात यह है कि मेरे सवाल में यह बात थी कि जो पहले बी.पी.एल. कार्ड बने हुए थे उनमें से कितने बी.पी.एल. कार्ड काटे गये हैं ? विभाग द्वारा दिये गये रिप्लाई में 9,60,235 परिवारों के बी.पी.एल. कार्ड काटे बताये गये हैं। पहले टोटल 26 लाख 94 हजार 595 बी.पी.एल. कार्ड धारकों की संख्या थी यानी एक तिहाई गरीब लोगों के बी.पी.एल. राशन कार्ड काटे जा चुके हैं और ऐसे 14–15 लाख गरीब परिवार हैं जिनके नये बी.पी.एल. राशन कार्ड बनाये गये हैं। जिन परिवारों के बी.पी.एल. राशन कार्ड काटे गये हैं। मैं आपके माध्यम से माननीय उप–मुख्यमंत्री जी को बताना चाहूंगा कि जब शुरू में पी.पी.पी. कार्ड बनाये गये थे तो जिस परिवार ने पी.पी.पी. कार्ड बनवाये थे तब उनको इसके महत्व का पता नहीं था और जो सैंटर द्वारा पी.पी.पी. कार्ड बनाये गये थे उसको भी इसके महत्व का पता नहीं था। उन्होंने जैसे–तैसे परिवारों के डाटा को भरकर भेज दिया, जिसके कारण पी.पी.पी. कार्ड में बहुत सी त्रुटियां रह गई। मैं यह बात भी मानता हूं कि पी.पी.पी. कार्ड में त्रुटियां ठीक करने का समय भी दिया गया लेकिन इसके बावजूद भी आज त्रुटियां ठीक नहीं हो पा रही हैं इसलिए मेरा इसमें यही कहना है कि उनको ठीक करवाने का काम किया जाये। मेरे पास ऐसे बहुत से परिवारों की सूची हैं जो आज भी गरीबी में अपना जीवन जीने को मजबूर हैं। मैं उदाहरण के रूप में बताना चाहूंगा कि एक व्यक्ति चाय का खोखा चलता है और उसको गवर्नमैंट इम्पलॉई दिखा रखा है लेकिन उसमें उसकी आय जीरो दिखाई गई है। वह कास्ट से एस.सी. है और उसको एस.टी. कास्ट का दिखा रखा है। इस प्रकार से पी.पी.पी. कार्ड में तमाम त्रुटियां हैं इसलिए मेरा निवेदन है कि इस बात पर सरकार संज्ञान जरूर ले।

श्री दुष्यंत चौटाला : अध्यक्ष महोदय, माननीय सदस्य ने बड़ा अच्छा सवाल पूछा है। हमारी सरकार का हरियाणा प्रदेश में परिवार पहचान पत्र को लाने का एक सपना था कि जिन परिवारों की आय 1 लाख 80 हजार रुपये सालाना है, उसको बी.पी.एल. की श्रेणी में डाला जाये। आज पहले से भी ज्यादा यानी 3 लाख ऐसे गरीब परिवार हैं, जिनको हमारी सरकार ने बी.पी.एल. की श्रेणी में डाला है। अध्यक्ष महोदय, पी.पी.पी. कार्ड में बनाने में कई प्रकार के क्राईटेरिया हैं। इसमें जो वैरीफिकेशन का प्रोसैस होता है, वह केवल मात्र सरकार के अधिकारियों द्वारा वैरीफाई किया जाता है। इसमें ऐसी बात नहीं है कि कोई एक व्यक्ति अपने आप इस प्रक्रिया के तहत डाटा अपलोड कर रहा है। हम इसमें पिछले तीन सालों से उस परिवार की इन्कम टैक्स की एवरेज भी देखते हैं। अगर उसका प्राईवेट सैक्टर में ई.एस.आई. कटता है या वह सरकारी नौकरी करता है तो उसका पूरा डाटा एच.आर.एम.एस. के अंदर होता है। इसके साथ ही साथ व्यक्ति के परिवार के पास 5 एकड़ एग्रीकल्चर लैंड है। मैं माननीय सदस्य की जानकारी के लिए यह भी बताना चाहूंगा कि गांव के अंदर 2000 वर्ग गज से बड़ा मकान है या शहर के अंदर 1000 वर्ग गज से बड़ा मकान है तो हमारी सरकार द्वारा इस प्रकार के डाटा को भी देखा जाता है। इसके अलावा उसके परिवार में और भी कोई रोजगार प्राप्त कर रहा है या नहीं, ऐसी तमाम प्रकार की वैरीफिकेशंज के प्रोसैस के बाद परिवार की बी.पी.एल. श्रेणी में एडीशन होनी है या नहीं, इस प्रकार के डाटा को भी सरकार देखने का काम करती है। माननीय सदस्य ने खुद इस बात को बताया है कि 9 लाख 25 हजार पुराने बी.पी.एल. श्रेणी में बैठे लोगों को ऑमिट किया है और 12 लाख से ऊपर नये परिवारों को बी.पी.एल. श्रेणी में ऐड किया है। सरकार ने अभी 91 परसैंट वैरीफिकेशन प्रोसैस का कार्य पूरा किया है और 9 परसैंट वैरीफिकेशन प्रोसैस का कार्य पैंडिंग पड़ा हुआ है और जब 9 परसैंट वैरीफिकेशन प्रोसैस का कार्य पूरा होगा तभी हमारे सामने पूरे आंकड़े नजर आयेंगे। जैसा कि माननीय सदस्य ने बताया कि 15 लाख के आसपास परिवारों को हम बी.पी.एल. की श्रेणी में देख पायेंगे। अध्यक्ष महोदय, मैं आपको आपकी कांस्टीच्यूंएसी का एक उदाहरण देना चाहूंगा। जिनका नाम कृष्ण सैनी जी है। वे पहले बी.पी.एल. श्रेणी में थे और इनकी वैरीफिकेशन वर्ष 2011 के जनगणना के आधार पर की गई थी लेकिन आज वे सैक्टर–19 के ग्राउंड फ्लोर पर रहते हैं। वे खुद बिजनैसमैन हैं। उनकी वाईफ नीरू और उनकी बेटी स्वीटी प्राईवेट जॉब करती हैं। आज एक नहीं बल्कि अनेक ऐसे केसिज हैं, जिनके परिवार की इन्कम 10 लाख रुपये पर एनम से ज्यादा

है और वे पहले बी.पी.एल. श्रेणी के लाभार्थी थे। अब परिवार पहचान पत्र आ जाने के कारण से डाटा की रैगुलर वैरीफिकेशन होती रहेगी। इसके अलावा आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के अलग–अलग क्राईटेरिया हैं, हम इनको भी देखेंगे। मैं मानता हूं कि हरियाणा प्रदेश में जो गरीब व्यक्ति है जैसा कि पहले माननीय सदस्य ने कहा कि एक गरीब आदमी चाय की दुकान चलाता है और उसको गवर्नमैंट इम्पलॉईज दिखा रखा है। हमारे पास इस तरह के बहुत से केसिज हैं। मैं आपके साथ एक बात और शेयर करना चाहूंगा कि हमारे पास गुरबचन कालरा का एक केस आया था। वे और उनकी वाईफ आज के दिन करनाल में एक दुकान चलाते हैं और उससे उनकी अच्छी खासी कमाई भी हो रही है। वही सुधीर पाल जी और उनका बेटा सोनीपत के अंदर प्राईवेट जॉब करते हैं जिससे उनकी 10 लाख रुपये से ज्यादा इन्कम है और वे बी. पी.एल. की श्रेणी में आते थे। हमारे पास जिन परिवारों की सालाना आय 5 लाख, 10 लाख रुपये है तो हमारे पास इस प्रकार के लाखों केसिज आये हैं। इन लोगों ने पहले किसी और का अधिकार ले रखा था जिनको आज बी.पी.एल. श्रेणी में होना चाहिए था। माननीय सदस्य ने एक बात और कही कि कब तक बी.पी.एल. कार्ड बन जायेंगे तो मैं इनकी जानकारी के लिए बताना चाहूंगा कि सरकार ने वैरीफिकेशन प्रोसैस का कार्य दिनांक 25 दिसम्बर, 2022 को लागू किया था। जिन–जिन परिवारों के परिवार पहचान पत्र की वैरीफिकेशन प्रोसैस का कार्य पूरा हो गया है, उनको दिनांक 1 जनवरी, 2023 में पूरी बी.पी.एल. श्रेणी की योजनाओं का लाभ हरियाणा प्रदेश में मिलने लगा जायेगा।

श्री शीशपाल सिंहः अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से बताना चाहूंगा कि सरकार ने पी.पी.पी. स्कीम के तहत डाटा बेस तैयार करके बहुत सी गवर्नमैंट स्कीम्ज को जोड़ा है। मैंने जो सवाल किया है उसमें यह आंकड़ा दिया गया है कि इसमें टोटल 30,38,942 परिवार हैं और उनमें से पी.पी.पी. स्कीम के डाटा के तहत 1,21,57,298 से ज्यादा सदस्य 1,80,000 रुपये सालाना से कम आय वाले हैं। अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से अवगत करवाना चाहूंगा कि मेरे सवाल के जवाब में यह रिप्लाई दिया गया है कि उन सभी परिवारों को बी.पी.एल. की श्रेणी में रखा गया है। अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय उप– मुख्यमंत्री जी को बताना चाहूंगा कि मेरे हल्के में काफी ऐसे लोग हैं जिनकी आय पी.पी.पी. स्कीम के डाटा के तहत 1,80,000 रुपये से सालाना कम दिखायी गयी है, परन्तु अभी तक उनके बी.पी.एल. कार्ड नहीं बने हैं। दूसरी बात यह है कि मेरे सवाल में यह बात थी कि जो पहले बी.पी.एल.

कार्ड बने हुए थे उनमें से कितने बी.पी.एल. कार्ड काटे गये हैं ? विभाग द्वारा दिये गये रिप्लाई में 9,60,235 परिवारों के बी.पी.एल. कार्ड काटे बताये गये हैं।

श्री शीशपाल सिंह : अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय उप मुख्यमंत्री जी को बी.पी.एल. कार्ड के संबंध में ही एक उदाहरण देना चाहता हूं।

श्री अध्यक्षः उप मुख्यमंत्री जी ने बता दिया कि जो कुछ गलतियां हैं उनको ठीक कर रहे हैं और इनको दुरुस्त करवाने के लिए समय भी दिया जा रहा है।

श्री शीशपाल सिंहः अध्यक्ष महोदय, मैं तो सिर्फ इतना बताना चाहता हूं कि जिनकी आई.डी. में क्लेरिकल एरर हैं उन्हें ठीक करवाने के लिए समय दिया गया, लेकिन उस समय में वे गलतियां ठीक नहीं हो पा रही हैं। अध्यक्ष महोदय, आपके माध्यम से माननीय उप मुख्यमंत्री जी से मेरा प्रश्न है कि जिन गरीब परिवारों को इस बारे में नहीं पता कि इन गलतियों को ठीक करवाने के लिए हमें कहां जाना है, हम उनके लिए क्या कर सकते हैं ? वे कंप्यूटर सैंटर पर जाते हैं तो उनको कह दिया जाता है कि अब कुछ नहीं हो सकता। जबकि सरकार ने इसके लिए समय दिया है, परन्तु हो कुछ नहीं रहा है। इसके लिए मैं आपके माध्यम से उप–मुख्यमंत्री जी से कहना चाहूंगा कि इसके लिए कोई ऐसा प्रावधान किया जाये जिससे इन गरीब परिवारों को धक्के न खाने पड़े और उनको अपना हक मिल सके।

श्री दुष्यंत चौटालाः अध्यक्ष महोदय, माननीय सदस्य ने जो बात रखी, वह बड़ी अच्छी है कि व्यक्ति ऐसी गलितयों को ठीक करवाने के लिए कहां जाए ? आज के दिन पिछले डेढ़ साल से पी.पी.पी. की योजना प्रदेश में लागू हुई है। इसमें लगभग 43,28,000 हमारे पास इस तरह की ऑमिशंज की एप्लीकेशंज आई हैं जिनके परिवार पहचान–पत्र में कोई डिस्क्रिपेंसी थी जिसमें किसी में आय ज्यादा एड हो गई या कम एड हो गई। आय क फ्लुक्चुएशन के अंडर लगभग 39,41,000 एप्लीकेशंज को हमने रि–वैरिफाई किया है तथा 3.2 लाख एप्लीकेशंज पैंडिंग हैं। ए.डी.सी. डिस्ट्रिक्ट में परिवार पहचान पत्र का नोडल हेड है। किसी भी नागरिक को अगर अपने परिवार पहचान–पत्र के अन्दर कोई ऑमिशंज करवानी हैं, किसी एरर को रैक्टिफाई करवाना है तो वह ए.डी.सी को एफिडेविट देकर रैक्टिफाई करवा सकता है। यह संख्या 3 लाख 2 हजार है। मैं मानता हूं कि जब हम धीरे–धीरे 42 लाख से 3 लाख 2 हजार पर आ गए। इसके लिए थोड़ा समय जरूर लगा है, लेकिन आने वाले समय में आय की फ्लुक्चुएशन को रैगुलर बेसिस पर भी रि–वैरिफाई किया जाएगा।

———————————

श्री अध्यक्षः श्री अमित सिहाग, जी का प्रश्न संख्या 34 भी प्रश्न संख्या 26 की तरह ही समान विषय का है। माननीय सदस्य अगर आप इस संबंध में प्रश्न पूछना चाहते हैं तो मंत्री जी से प्रश्न पूछ सकते हैं।

————————

Criteria to Issue or Cancel BPL cards

***34. Shri Amit Sihag**: Will the Deputy Chief Minister be pleased to state-

(a) the criteria of the Government to issue or cancel BPL cards in State;

(b) the process being undertaken by the Government to decide the list of BPL beneficiaries in State; and

(c) the number of BPL cards issued/cancelled by the Government in State since 1st January, 2022 till to date?

Deputy Chief Minister (Shri Dushyant Chautala): (a) the criteria to issue or cancel BPL (Priority Household) cards in the State has been decided by the Rural Development Department and Urban Local Bodies, Haryana vide notifications dated 03.08.2022 and 31.08.2022 respectively. The criteria of total verified annual income of upto Rs.1.80 lakh is considered for issuance of BPL (Priority Household) card, as per the notifications.

(b) the process for inclusion/exclusion of BPL(Priority Household) beneficiaries in the State is being undertaken by Citizen Resource Information Department (CRID), Haryana on the basis of total verified annual income as per Parivar Pehchan Patra data base.

(c) 12,46,507 BPL (Priority Household) cards have been issued and 9,62,742 BPL (Priority Household) cards have been cancelled after 1st March, 2022 on the basis of data provided by CRID.

श्री अमित सिहागः अध्यक्ष महोदय, इस संबंध में अधिकतम बातें तो हो चुकी हैं, लेकिन मैं भी अपनी एक बात कहना चाहूंगा। मेरे ख्याल से एक तो इसके अन्दर जैसे अभी माननीय उप–मुख्यमंत्री जी कह रहे थे कि इसमें कई मापदण्ड हैं। मेरी जानकारी के अनुसार अभी 10–12 दिन पहले इसमें कुछ फेरबदल किया गया है जिसमें केवल 1.80 लाख वार्षिक आय तक वाले परिवारों को बी.पी.एल. कार्ड बनवाने में प्राथमिकता दी जा रही है। अभी पिछलों दिनों डेटा ठीक करवाने के लिए कैम्प्स भी लगवाए गए

थे, लेकिन इन कैम्प्स में आय को ठीक करवाने का कोई अधिकार नहीं था। इसलिए इसको ज्यादा सरल तथा सुनिश्चित किया जाए, क्योंकि सबसे बड़ी समस्या यही आ रही है। पहले लोगों के जब परिवार पहचान–पत्र बनाए गए और सर्वे भी किया गया। चाहे वे सर्वे अलग–अलग तरीक से हुए हों या जो आपने डिक्लेरेशन किया दोनों के अन्दर कहीं न कहीं बहुत लोगों ने उस हिसाब से फॉर्म भरे, क्योंकि उस समय उनको जानकारी नहीं थी। वे लोग अब कैम्प्स में भी गए, लेकिन कैम्प्स में इस तरह से आय को बदलने का कोई अधिकार नहीं था। इस कारण से अभी तक उनको जानकारी नहीं है, इसलिए कई लोग जानकारी के लिए लिए फोन करते हैं कि यह कैसे ठीक होगा ? हम लोगों को कहते हैं कि आप ए.डी.सी. के माध्यम से इसको ठीक करा सकते हैं, मगर यह बहुत बड़ी कठिनाई का कारण बन रहा है। इसमें कोई व्यक्ति वंचित न रह जाए, यह सबसे बड़ी आवश्यकता है। अध्यक्ष महोदय, मेरा दूसरा सवाल यह है कि इसके लिए और भी पैमाने हैं, इसलिए इस चीज को सुनिचित करने की आवश्यकता है। किसी व्यक्ति के पास गांव में एक प्लॉट या दो कमरे का मकान हो, परन्तु क्या पता वह मकान पुश्तैनी चलता आ रहा हो और आज की तारीख में पता नहीं उसकी क्या माली हालत है। वह बेरोजगार हो या उसके परिवार में कोई ऐसा हादसा हुआ हो जिससे उसके पास जीवन यापन करने का कोई साधन नहीं हो। इसलिए इस चीज को भी सुनिश्ति किया जाना बहुत जरूरी है, क्योंकि केवल दो कमरे होने से यह नहीं दिखाया जा सकता कि आज की तारीख में भी उसकी माली हालत ठीक है। माननीय उप–मुख्यमंत्री जी, से अनुरोध है कि इसे भी सुनिश्चित करने का काम किया जाए।

श्री दुष्यंत चौटालाः अध्यक्ष महोदय, माननीय सदस्य ने एक बात रखी है कि कई जगह वैरिफिकेशन में दिक्कतें आती हैं, मैं चाहूंगा कि अगर उनका भी कोई सुझाव हो तो वे जरूर दें। परिवार पहचान–पत्र पर भी हम उसको सरल बनाएंगे कि गलती को किस प्रकार से जल्दी से ठीक किया जा सके। माननीय सदस्य ने, परिवार की आय फ्लुक्चूएट की बात कही है, लेकिन परिवार पहचान पत्र पहले के एस.ई.सी.सी. डाटा की तरह नहीं है कि पहले व्यक्ति अमीर था और आज गरीब हो गया। ये एक pro-active प्रोसैस है जिसके अन्दर अगर किसी परिवार की आय फ्लुक्चूएट करती है तो उसको तुरंत रि–वैरिफाई करवा सकते हैं जिससे उसकी श्रेणी बदलती रहेगी। माननीय सदस्य ने कहा है कि किसी व्यक्ति के पास गांव में दो मकान हैं तो ये हमारी सरकार की गाइडलाइन नहीं है। ये गवर्नमैंट ऑफ इंडिया की गाइडलाइन है

जिसको गवर्नमैंट ऑफ हरियाणा ने फूड सेफ्टी एक्ट के अन्दर अपनाया है। जिसके अन्दर five acres of agricultural land; residential flat of 1000 square ft.; residential plot of 100 square yards in municipality; residential plot of 200 square yards in rural area, immovable assets of one crore or more. जैसी गाईलाईन्ज हैं जिनके अंदर हम इकोनॉमिक वीकर सैक्शंज को गवर्नमैंट ऑफ इंडिया की डायरैक्शंज के अनुसार फोलो करते हैं। मैं तो चाहूंगा कि किसी भी सदस्य के कोई भी सुझाव जिसके अंदर वैरीफिकेशन प्रोसैस और सरल हो तथा जल्दी इसके अंदर कार्यवाही हो और पात्र नागरिकों को ई.डब्ल्यू.एस. स्कीमों के लाभ मिलें, हरियाणा सरकार उसको जरूर अपनाने का काम करेगी।

श्री अमित सिहाग : स्पीकर सर, इसके अंदर एक बात हुई है जो माननीय उप मुख्यमंत्री जी सरलता की बात कह रहे हैं कि कैसे बैटर हो। मैं वही कहूंगा कि जो आपके कैम्प लगाये जायें इन कैम्प्स में कम से कम जो इंकम का क्राईटेरिया है उसको कैसे ठीक किया जाये उसका भी वहीं पर एक पैमाना बताया जाये। एटलिस्ट वह व्यक्ति वहीं पर सिस्टम में डलवा तो सके। उसको तो यही पता नहीं कि इसको कहां पर जाकर सिस्टम में डालना है। यही सबसे बड़ी बात है। अभी जो कैम्प लगे थे उनमें यह नहीं हुआ। अभी मैं अपने खुद के गांव का एक उदाहरण देना चाहूंगा। चौटाला गांव में एक धरना लगा हुआ था। मैं वहां गया उन्होंने मुझे 250–300 लोगों की एक सूची दी। वहां पर लोग बैठे हुए थे। उनको देखकर यह लग रहा था कि उनमें से अधिकतम लोग बड़े जरूरतमंद लग रहे थे। मैंने उनकी चण्डीगढ़ से इंक्वॉयरी भी करवाई। उस डाटा के अंदर भी त्रुटियां थी, टैक्नीकल एरर था। उनमें से बहुत सारे लोगों के बारे में यह जानकारी दिखा दी गई कि उनके अर्बन एरियाज के अंदर 100 गज से ज्यादा के प्लॉट हैं, इस कारण से उनका नाम वहां से काट दिया गया। वो बेचारे गरीब लोग थे वे कभी चौटाला गांव से बाहर नहीं गए होंगे लेकिन उनका अर्बन एरिया में प्लॉट दिखाया हुआ था। बाद में यह पता चला कि वह एक टैक्नीकल मिस्टेक थी। मैं यह कह रहा हूं कि इस तरह की बहुत सारी त्रुटियां आज की तारीख में भी हैं तो केवल और केवल जो लोग लाभार्थी नहीं थे उनको निकालने का काम किया वह बहुत सही बात है। जो लोग लाभार्थी होने चाहिएं उनको इसका लाभ मिलना चाहिए। मेरा यह भी कहना है कि जहां तक इंकम के पैमाने का सम्बन्ध है कोविड से पहले बहुत सारे लोगों की सालाना इंकम शायद 1.80 लाख से थोड़ा सा ऊपर थी लेकिन कोविड के बाद वे

आज की तारीख में बहुत बड़ी बेरोजगारी की मार झेल रहे हैं। उनका विशेष ध्यान रखते हुए उनके लिए जो इनकम का पैमाना है उसको सरलतम बनाने के लिए कुछ न कुछ प्रयास जरूर किये जायें। हम जो भी सहयोग दे सकेंगे, उसकी हम भरपूर कोशिश करेंगे।

श्री दुष्यंत चौटाला : अध्यक्ष जी, माननीय सदस्य ने खुद ही एक बात कही कि निकाल दिये और नये नहीं बनाये गये। उन्हीं की पार्टी के एक माननीय सदस्य श्री शीश पाल जी ने कहा कि 12 लाख से 15 लाख नये लोग बैनिफिसरी बने हैं।

श्री अमित सिहाग : अध्यक्ष महोदय, मैं यह नहीं कह रहा हूं कि नये नहीं बनाये हैं बल्कि मैंने यह कहा है कि कोई ऐसा व्यक्ति न छूट जाये जिसको होना चाहिए। कोविड के बाद जो नये लोग इसमें जुड़े हैं, वह बहुत बड़ी बात है।

श्री दुष्यंत चौटाला : अध्यक्ष जी, मैं तो माननीय सदस्य को इतना ही बोल सकता हूं कि अगर इनका साथ रहेगा तो जरूर हरियाणा का कोई भी नागरिक जो ई.डब्ल्यू. एस. श्रेणी में होना चाहिए उसको हमारी सरकार नहीं छोड़ेगी। माननीय सदस्य भी जब अपनी कांस्टीचुएंशी में जायेंगे अगर इंकम 1.80 लाख रूपए सालाना से नीचे वैरीफाईड है तो इनका लोग आभार प्रकट करेंगे कि उनका पीला राशन कार्ड बन चुका है।

————————

To Open Blood Banks

***27. Shri Pardeep Chaudhry**: Will the Health Minister be pleased to state whether there is any proposal under consideration of the Government to open Blood Bank in the CHCs of Kalka and Raipur Rani in the Kalka Assembly Constituency; if so, the time by which above said Blood Banks are likely to be opened?

Health Minister (Shri Anil Vij): No, Sir.

श्री प्रदीप चौधरी : माननीय अध्यक्ष महोदय, मेरा सवाल था कि क्या स्वास्थ्य केन्द्र, रायपुर रानी और कालका में कोई ब्लड बैंक स्थापित करने की सरकार की योजना है? इसका मंत्री महोदय ने "नहीं" में जवाब दिया। हमारे रायपुर रानी एरिया से 50 किलोमीटर दूर तक अभी भी कोई ब्लड नहीं है। चाहे कोविड का समय था, चाहे डेंगू की बात हो, प्लाजमा की बात हो और ब्लड की कमी की बात हो तो कई जगह परिवहन के साधन उपलब्ध नहीं हैं। बसों की दिक्कतें व दूसरी परेशानियां होने के कारण दूर–दराज क्षेत्र से लोगों को धक्के खाकर प्राइवेट अस्पतालों में जाना पड़ता

है। वहां पर पिछले दिनों बड़ी लूट मार हुई जहां पर बिमारियां फैली। माननीय अध्यक्ष महोदय, इस सब को ध्यान में रखते हुए मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री महोदय से यह कहना चाहूंगा कि रायपुर रानी और कालका में अगर वे ब्लड बैंक स्थापित नहीं करना चाहते तो कम से कम मिनी ब्लड बैंक वहां पर जरूर स्थापित किया जाये।

श्री अध्यक्ष : किरण जी, मैं सदन में शून्य काल में बोलने वाले 15 माननीय सदस्यों के नाम बता देता हूं । ये इस प्रकार हैं :– माननीय सदस्य सर्व श्री बिशन लाल सैनी, लक्ष्मण नापा, जोगी राम सिहाग, जगबीर सिंह मलिक, शिशपाल सिंह, श्री बलबीर सिंह, नरेन्द्र गुप्ता, लक्ष्मण सिंह यादव, बलराज कुण्डू, दीपक मंगला, श्री ईश्वर सिंह, माननीय सदस्या श्रीमती सीमा त्रिखा, सुरेन्द्र पंवार, अमरजीत ढाण्डा और प्रवीण डागर । इन 15 माननीय सदस्यों को शून्य काल में बोलने के लिए 4–4 मिनट्स का समय दिया जाएगा ।

डॉ. रघुवीर सिंह कादियान : स्पीकर सर, मेरा प्वॉयंट ऑफ ऑर्डर है । मैं आपको एक सुझाव देना चाहता हूं और यह सुझाव मैंने कल भी देने की कोशिश की थी । (विघ्न)

श्री सोमबीर : अध्यक्ष महोदय, मैंने भी अपने नाम की पर्ची ड्रॉ बोक्स में डाली थी लेकिन अभी आपने शून्य काल में बोलने वाले जिन 15 माननीय सदस्यों के नाम बतायें हैं उनमें मेरा नाम नहीं है ।

श्री अध्यक्ष : सोमबीर जी, अगर आपने अपने नाम की पर्ची ड्रॉ बोक्स में डाली है तो वह उसमें जरूर होगी । आपने 2 पर्चियां डाली हुई हैं । आपने 2 पर्चियां क्यों डाली हुई हैं, यह अलग बात है । (विघ्न)

श्री भारत भूषण बतरा : अध्यक्ष महोदय, शून्य काल में बोलने के लिए जिनका नंबर आज आ गया है क्या उनको कल बोलने के लिए दोबारा पर्ची डालनी पड़ेगी ?

श्री अध्यक्ष : बतरा जी, ऐसा नहीं है । जो माननीय सदस्य आज और कल शून्य काल में बोल लेंगे वे कल शून्य काल में नहीं बोल पाएंगे ।

————————

शून्यकाल में सदस्यों द्वारा उठाई गई मांगों के संबंध में मामला उठाना

डॉ. रघुवीर सिंह कादियान : स्पीकर सर, मैं आपको एक सुझाव देना चाहता हूं और इसका कारण भी बता देता हूं । आपने अभी हुड्डा साहब की पोर्टल से संबंधित बात के बारे में कहा था कि it is a sign of progress. आपने बहुत–से फैसले ऐसे लिये हैं जोकि praiseworthy हैं । आपने जो जीरो आवर शुरू किया है इसमें माननीय सदस्य अपने हल्के की मांगें और समस्याएं सदन में रखते हैं । मेरा सुझाव है कि उनका एक tabulation होना चाहिए । इस टैबूलेशन को कोई हाउस का ऑफिशियल बनाए या कोई संबंधित डिपार्टमैंट का ऑफिशियल बनाए।

श्री भूपेन्द्र सिंह हुड्डाः अध्यक्ष महोदय, इसके लिए पोर्टल बनवा लें।

श्री अध्यक्षः हुड्डा साहब, पहले तो आप पोर्टल बनाने से मना कर रहे थे और अब पोर्टल बनवाने की बात कह रहे हैं।

डॉ0 रघुवीर सिंह कादियानः अध्यक्ष महोदय, इसके बारे में आपने सुझाव भी दिया था। आपने यह भी कहा था कि इसके लिए टाईम नहीं होता है। माननीय सदस्यों के द्वारा सैशन के दौरान जो डिमांड्स रखी जाती हैं उनके संबंध में सरकार की तरफ से रिप्लाई अगले सैशन में आ जाए। इसके अलावा भी कोई रिप्लाई रह जाता है तो उसके लिए एक हाऊस की कमेटी बना दें। आपने विधान सभा में बहुत सी कमेटीज बनायी हुई हैं। इनमें प्रिविलेज कमेटी भी बनायी हुई है। एक हाऊस की कमेटी इस बात के लिए भी बनायी जाए कि सैशन के दौरान माननीय सदस्यों के द्वारा जीरो ऑवर में हल्का वाईज डिमांड रखी जाती हैं तो उनका रिव्यू किया जाए कि उनमें से कौन– सी डिमांड पॉशिबल है और कौन– सी डिमांड पॉशिबल नहीं है ? इस बात का जवाब संबंधित माननीय कमेटी दे। वह माननीय कमेटी अपनी मीटिंग में संबंधित डिपार्टमैंट्स के ऑफिसर्ज को बुलाकर पूछे कि माननीय सदस्यों ने जो डिमांड्स उठायी हैं, उन पर डिपार्टमैंट का क्या कहना है ? तभी इन बातों के मायने निकलेंगे अन्यथा माननीय सदस्यगण सदन में अपनी बात रखकर चले जाते हैं और उन बातों को एक कान से सुनकर दूसरे कान से निकाल देते हैं।

श्री अध्यक्षः कादियान जी, इन बातों पर विचार करेंगे।

Dr. Raghuvir Singh Kadian: Speaker Sir, you have the point to take this decision.

श्री अध्यक्षः कादियान जी, पिछले सैशन के दौरान हमने विधान सभा सचिवालय के माध्यम से प्रत्येक माननीय सदस्य के 3 प्रश्न पूछने के बारे में निर्णय लिया था। मुझे लगता है कि अगर सैशन में किसी माननीय सदस्य के प्रश्न का रिप्लाई नहीं आता है तो वह विधान सभा सचिवालय के द्वारा अपना प्रश्न पूछ सकता है। इसमें माननीय सदस्यों के प्रश्नों का रिप्लाई जरूर आएगा।

डॉ0 रघुवीर सिंह कादियानः अध्यक्ष महोदय, एक घंटे में केवल 15 माननीय सदस्यों को ही अपनी बात रखने का मौका मिलता है। सैशन के 3– 4 दिनों में 60 माननीय सदस्यों की मांगे आएंगी तो आपको उनका प्रोसैस करना ही पड़ेगा। यह मेरा सुझाव है और आप इस पर विचार कर लें।

श्री अध्यक्षः कादियान जी, ठीक है। प्लीज, अब आप बैठ जाएं।

डॉ0 रघुवीर सिंह कादियानः अध्यक्ष महोदय, आप बड़े फराक दिल आदमी हैं।

श्री अध्यक्षः कादियान जी, अगर यह संभव होगा तो इस काम को जरूर करेंगे।

श्रीमती किरण चौधरीः अध्यक्ष महोदय, आप सदन की बैठक का समय बढा दें ताकि सभी माननीय सदस्य अपनी बात रख सकें।

श्री अध्यक्षः किरण जी, कल की सीटिंग के दौरान सैशन को 4:00 बजे ही समाप्त करना पड़ा और उसमें फिर भी 2 घंटे की सीटिंग का समय बचा हुआ था। अगर कोई बिजनैस ही नहीं होगा तो टाईम बढ़ाने का क्या फायदा होगा ? सदन को नियमों के मुताबिक ही चलाना पड़ता है।

श्री आफताब अहमदः अध्यक्ष महोदय, आप मेरे द्वारा दिये गये कॉलिंग अटैंशन मोशन को स्वीकार कर लें। चूंकि मैंने सिर्फ एक ही कॉलिंग अटैंशन मोशन लगाया है।

श्री अध्यक्षः आफताब जी, आपने शॉर्ट ड्यूरेशन डिस्कसन के लिए भी नोटिस दिया था। एक दिन में केवल 2 कॉलिंग अटैंशन मोशंज ही लग सकते हैं। आपकी पार्टी के माननीय सदस्यों द्वारा 53 कॉलिंग अटैंशन मोशंज दिये गये हैं। इस प्रकार से तो 1–2 महीने तक सैशन चलाना पड़ेगा।

Dr. Raghuvir Singh Kadian: Speaker Sir, you are the custodian of the House. अध्यक्ष महोदय, मैंने जो सुझाव दिया है, उसमें यह बात आ सकती है कि विपक्ष के माननीय सदस्यों के साथ डिस्क्रिमिनेशन न हो।

श्री अध्यक्षः कादियान जी, किसी भी माननीय सदस्य के साथ डिस्क्रिमिनेशन नहीं होगा।

डॉ0 रघुवीर सिंह कादियानः अध्यक्ष महोदय, मेरे द्वारा रखे गये सुझाव से माननीय सदस्यगण डिस्क्रिमिनेशन से बच सकते हैं। चूंकि माननीय सदस्यों ने सैशन के दौरान अपनी जो– जो डिमांड्स रखी हैं, उनको अमलीजामा पहनाया जाए। माननीय मुख्यमंत्री जी कहते हैं कि माननीय सदस्यगण बजट बनाने से पहले अपने– अपने सुझाव दे दें। सैशन के दौरान हर माननीय सदस्य अपना सुझाव/मांग रखता है, इसलिए उन सुझावों/मांगों के हिसाब से बजट तैयार कर लें।

श्री अध्यक्षः कादियान जी, आदरणीय मुख्यमंत्री जी ने कहा था कि अब से बजट बनाने में 2 महीने का समय बचा हुआ है और उससे पहले कोई भी माननीय सदस्य अपनी डिमांड्स लिखकर देना चाहता है तो वह दे सकता है।

डॉ0 रघुवीर सिंह कादियानः अध्यक्ष महोदय, माननीय सदस्यगण हर सैशन में अपने– अपने हल्के की डिमांड्स रखते हैं। इस प्रकार ये एक तरह से सुझाव ही हैं, इसलिए इनको बजट में इन्कॉरपोरेट कर लें।

श्री अध्यक्षः कादियान जी, दूसरे माननीय सदस्यों को भी अपनी बात रखनी है। अगर आप ऐसे ही बोलते रहेंगे तो बाकी माननीय सदस्यों का जीरो ऑवर में बोलने का टाईम कम हो जाएगा।

____

ध्यानाकर्षण प्रस्तावों/स्थगन प्रस्ताव/गैर सरकारी संकल्पों/अल्पकालिक चर्चाओं की सूचना

श्री आफताब अहमदः अध्यक्ष महोदय, आप पहले हमारे द्वारा दिये गये कॉलिंग अटैंशन मोशंज के फेट के बारे में बता दें और फिर उसके बाद जीरो ऑवर शुरू करवा लें।

श्री अध्यक्षः माननीय सदस्यगण, हमारे पास कुल 55 कॉलिंग अटैंशन मोशंज आये हैं और उनमें से 11 स्वीकृत हुए हैं और 43 अस्वीकृत हुए हैं। इनके अलावा 1 कॉलिंग अटैंशन मोशन सरकार के पास टिप्पणी के लिए भेजा हुआ है। 1 एडजर्नमैंट मोशन आया है जिसको अस्वीकृत कर दिया गया है। 2 नॉन ऑफिशियल रेजोल्यूशन आये हैं जिनमें से 1 नॉन ऑफिशियल रेजोल्यूशन को अस्वीकृत कर दिया गया है और 1 नॉन ऑफिशियल रेजोल्यूशन को लम्बित रखा गया है। 2 शॉर्ट ड्यूरेशन डिस्कसन के नोटिस आये हैं जिनमें से एक पर कल डिस्कस हो चुका है और दूसरे शॉर्ट ड्यूरेशन डिस्कसन को ध्यानाकर्षण प्रस्ताव में कन्वर्ट कर दिया गया है जोकि आज

चर्चा करने के लिए लगा हुआ है। प्राईवेट मैम्बर बिल कोई नहीं आया है। इनके अलावा सरकार की तरफ से 15 विधेयक आये हैं।

श्री वरुण चौधरीः अध्यक्ष महोदय, मैंने किसानों के खिलाफ दर्ज केसिज के संबंध में काम रोको प्रस्ताव दिया था।

श्री अध्यक्षः वरुण जी, आपके द्वारा दिया गया काम रोको प्रस्ताव रिजैक्ट हो गया है।

श्री वरुण चौधरीः अध्यक्ष महोदय, किसानों के खिलाफ दर्ज किये गये केसिज वापिस होने चाहिएं।

श्री अध्यक्ष : वरुण जी, प्लीज आप बैठ जायें। माननीय सदस्या श्रीमती किरण चौधरी अपनी बात रखेंगी।

श्रीमती किरण चौधरी : अध्यक्ष महोदय, हम इतने महत्वपूर्ण विषयों पर कॉलिंग अटैंशन मोशंज और दूसरे मोशंज भेजने के लिए बहुत मेहनत करते है। आप कम से कम यह बता दो कि आपने कौन–कौन मोशंज असैप्ट किये हैं और कौन–कौन से मोशंज रिजैक्ट किये ताकि हमें पता चल सके और सरकार किस बात पर हमारे द्वारा दिये ध्यानाकर्षण प्रस्ताव रिजैक्ट करके भेज देती है।

श्री अध्यक्ष : किरण जी, मैं आपकी जानकारी के लिए बताना चाहूंगा कि जिस माननीय सदस्य ने कॉलिंग अटैंशन मोशन भेजे हैं, उसका क्या स्टेटस है, क्या हमने उसको असैप्ट या रिजैक्ट किया है उसका लैटर सभी संबंधित माननीय सदस्यों को भेज दिया गया है। हमने सभी को जानकारी दे दी है।

श्रीमती किरण चौधरी : अध्यक्ष महोदय, सदन के अंदर यह बात रिकॉर्ड पर आती है।

श्री अध्यक्ष : किरण जी, मेरे पास इसका रिकॉर्ड है। जब मैंने 55 नोटिसिज की बात कही है और इसमें आपके द्वारा जो नोटिसिज भेजे गये हैं, मैंने उनको भी इन्कलूड करके ही आपको जानकारी दी है।

श्रीमती किरण चौधरी : अध्यक्ष महोदय, क्या आपने इसमें सभी मैम्बर्ज का नाम सहित लिखें हैं।

श्री अध्यक्ष : किरण जी, हमने इनके साथ सभी मैम्बर्ज का नाम सहित लिखा हुआ है।

श्री शमशेर सिंह गोगी : अध्यक्ष महोदय, मैं किसान आंदोलन के मुद्दे पर बोलना चाहूंगा क्योंकि किसान आंदोलन के समय को डेढ़ साल से भी ऊपर हो गया है।

शून्यकाल में विभिन्न मामले/मांगे उठाना

श्री अध्यक्ष : गोगी जी, प्लीज आप बैठ जायें। अब श्री बिशन लाल सैनी जी जीरो ऑवर में बोलेंगे।

श्री बिशन लाल सैनी (रादौर) : अध्यक्ष महोदय, आपने मुझे जीरो ऑवर पर बोलने का समय दिया, मैं इसके लिए आपका बहुत–बहुत धन्यवाद करता हूं। आज सदन में पोर्टल से संबंधित विषय पर काफी चर्चा हुई। मैं अपनी बात कहने से पहले एक छोटी सी बात पोर्टल से संबंधित कहना चाहूंगा कि माननीय मुख्यमंत्री जी ने हमें चिट्‌ठी लिखी थी कि सरकार ने 2 पोर्टल खोले हैं। इसमें उन्होंने कहा था कि इस पोर्टल में ''बतायें अपने मन की बात'' का सब्जैक्ट दिया था। इसमें एक पोर्टल ग्राम दर्शन के नाम से और दूसरा दर्शन पोर्टल के नाम से था। हमने इस पोर्टल के माध्यम से अपने मन की बात 253 बार बताई थी लेकिन हमारे मन की बातें किसी ने एक नहीं सुनी। मेरे पास इसका रिकॉर्ड भी है, चाहे तो आप देख सकते हैं। हमने जितनी भी डिमांड लिखकर भेजी थी उसकी प्रोग्रैस रिपोर्ट जीरो है। एक नये पैसे का काम इस मन की बात में नहीं हो पाया। इस समय सदन में माननीय मुख्यमंत्री, उप–मुख्यमंत्री और पंचायत मंत्री भी उपस्थित नहीं है। अब आप ही बतायें कि हम अपनी बात किसको कहें? मेरा आपके माध्यम से माननीय मुख्यमंत्री, उप–मुख्यमंत्री और पंचायत मंत्री जी से अनुरोध है कि जहां कहीं भी मेरी बात सुन रहे हैं तो मेरी यह बात सुन लें कि जब सरकार ने अपने मन की बात बतायें का पोर्टल खोला था और हमने भी अपने मन की बात बता दी थी लेकिन उसके बावजूद भी कोई कार्य नहीं हो पाया। अब मैं दूसरी बात यह कहना चाहूंगा कि माननीय मुख्यमंत्री जी ने हरियाणा में एक ''पोंड अथॉरिटी हरियाणा'' के नाम से डिपार्टमैंट बनाया था। हमने उसमें भी अपनी बहुत सी बातें जोहड़ों और तालाबों को लेकर लिखी थी कि जोहड़ और तालाब गंदे पानी से भरे पड़े थे। इसमें यह भी कहा गया था कि इन पर जल्दी से जल्दी काम शुरू किया जायेगा लेकिन इसकी भी प्रोग्रैस 2 परसैंट से ऊपर नहीं पहुंच पाई है। मेरे कहने का मतलब यही है कि किसी भी योजना के तहत किसी भी तालाब या जोहड़ की खुदाई का काम नहीं हो पाया और न ही इनकी किसी तरह से सफाई हो पाई। इसमें इन्होंने यह भी कहा था कि अच्छी–अच्छी मशीनें लगाकर जोहड़ों और तालाबों के पानी को साफ करेंगे और उस पानी को खेतों में सिचांई के लिए भेजने का भी काम करेंगे। आज तक ऐसा कुछ भी कार्य नहीं हो पाया। अध्यक्ष महोदय, मेरा इसमें यह कहना है कि सरकार ने ''पोंड अथॉरिटी हरियाणा'' डिपार्टमैंट बनाया है, इस पर

भी जल्दी से जल्दी काम शुरू करवाया जाये। अब यहां पर माईनिंग मिनिस्टर साहब बैठे हैं। मंत्री जी थोड़ा सा मेरी बात पर भी गौर जरूर करें। मैं माननीय मंत्री जी को आपके माध्यम से बताना और पूछना चाहूंगा कि जो यमुना नदी के अंदर लगातार माईनिंग हो रही है। क्या सरकार ने ऐसा कोई अधिकार ठेकेदारों को दे रखा है कि नदी के जल के प्रवाह को ही चेंज कर दिया जाये? मेरे कहने का अभिप्राय यही है कि जिसकी वजह से पानी दूसरी ओर चला जाता है तो संबंधित ठेकेदार द्वारा वहां से खुदाई कर दी जाती है। क्या सरकार ने ऐसा कोई कानून नहीं बना रखा है? क्या सरकार ने कोई मापदंड नहीं बना रखे हैं? इस प्रकार का काम रादौर के अंदर लगातार किया जा रहा है यह बहुत ही दुख की बात है। जब माइनिंग वालों को ठेका दिया जाता है, उस समय उसकी कोई न कोई बाउन्ड्री जरूर निश्चित की जाती होगी कि इस बाउन्ड्री से बाहर माइनिंग नहीं की जाएगी। लेकिन उस बाउन्ड्री से बाहर माइनिंग की जाती है। किसानों को डरा–धमका करके ठेका लिखवा लिया जाता है और वहां माइनिंग की जाती है। जिसका नुकसान दूसरे किसानों को होता है। जब बाढ़ आती है उससे पहले सरकार करोड़ों रुपया खर्च करके वहां ठोकरें बनाती हैं और पैचवर्क लगाया जाता है उनको नष्ट कर दिया जाता है। मैं पूछना चाहता हूं कि उनके खिलाफ क्या कार्यवाही चल रही है ?

श्री लक्ष्मण नापा (रतिया, एस.सी.): माननीय अध्यक्ष महोदय, सबसे पहले तो मैं माननीय मुख्यमंत्री जी का धन्यवाद करूंगा कि आज एस.सी. आयोग का गठन हुआ है। इस आयोग में मेरे से पूर्व के रतिया से विधायक श्री रविन्द्र बलियाना जी को चेयरमैन बनाया गया है इसके अलावा आयोग में वाईस चेयरमैन तथा मेम्बर भी बनाए गए हैं इसके लिए मैं सभी मेम्बरों को बधाई देना चाहता हूं। सत्ता पक्ष तथा विपक्ष के सभी सदस्य इस बात की चिंता करते रहते थे कि एस.सी. आयोग का गठन हो। जिससे ए.सी. समाज के लोगों के उत्थान के लिए चल रही योजनाओं की मॉनिटरिंग हो सके। इसके लिए मैं आज सबसे पहले माननीय मुख्यमंत्री जी को बधाई देना चाहूंगा। अध्यक्ष महोदय, मेरा एक बहुत ही अहम विषय पराली से संबंधित है। मेरे विधान सभा क्षेत्र रतिया में जीरी की फसल ज्यादा होती है। पराली प्रबंधन का जो मामला है इसके लिए केन्द्र की सरकार जो माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी नेतृत्व में चल रही है उसने एग्रीकल्चर इंफ्रास्ट्रक्चर का गठन किया। इसके लिए 1 लाख करोड़ रुपये के बजट का प्रावधान किया गया है। जिसमें 3900 करोड़ रुपये हरियाणा सरकार के हिस्से में भी है। इसके लिए कोई भी एफ.पी.ओ. एग्रीकल्चरिस्ट अथवा

एंटरप्रेन्योर अप्लाई कर सकता है। अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से हरियाणा सरकार से ये अपील करना चाहूंगा कि इसमें केन्द्र सरकार ने 2 करोड़ रुपये का प्रावधान किया है, जिसमें सिर्फ 3 प्रतिशत ब्याज की ही माफी है। मैं सरकार से यह चाहूंगा कि इसमें 50 प्रतिशत सब्सिडी दी जाए जिससे लोग इसकी ओर बढ़ें ताकि पॉल्यूशन कम हो सके। अध्यक्ष महोदय, हम किसानों की आय बढ़ाने की बात करते हैं, अगर किसान पराली न जलाकर उसे बेचेंगे तो इससे किसानों की आय बढ़ सकेगी। अगर कोई भी एंटरप्रेन्योर कारखाना लगाये तो उससे बिजली का बिल कृषि ट्यूबवैल कनैक्शन के स्तर का ही लिया जाए। अध्यक्ष महोदय, ऐसे प्रोजैक्ट्स के लिए हरियाणा सरकार और भी बहुत–सी रियायतें दे सकती हैं। अध्यक्ष महोदय, मेरा अगला विषय घूमंतु जाति के लोगों के आवास से है। इस विषय को सरकार द्वारा पिछले समय ही लिया गया था जिसका ड्रॉफ्ट बन चुका है, इसलिए मैं हरियाणा सरकार से यही मांग करना चाहूंगा कि घूमंतु जातियों के लोगों के आवास के लिए बहुत जल्द योजना लाई जाए। जिससे माननीय मुख्यमंत्री जी का हर सर पर छत का सपना पूरा हो सके और हरियाणा के हर निवासी को छत मिले। अध्यक्ष महोदय, जो मुक्त घूमंतु जाति का बोर्ड बना हुआ है उसे कारपोरेशन बनाया जाए जिससे केन्द्र सरकार की बहुत–सी स्कीमें और फंड हैं वे मिल सकें। ऐसे कारपोरेशन कर्नाटक, महाराष्ट्र तथा मध्य प्रदेश राज्यों में बने हुए हैं। मध्य प्रदेश राज्य में तो घूमंतु जाति के लिए अलग से एक विभाग भी बना हुआ है। अध्यक्ष महोदय, मेरे रतिया विधान सभा क्षेत्र में घग्गर नदी बहती है जिसके ऊपर सरकार और एन.जी.टी. बड़ा अच्छा काम कर रही है, जो काफी है, लेकिन मैं सरकार से एक मांग रखूंगा कि इस पर कोई प्रोजैक्ट बने ताकि जो प्रदूषित पानी है उसको साफ किया जा सके। उपाध्यक्ष महोदय, आपने मुझे बोलने का समय दिया इसके लिए आपका बहुत–बहुत धन्यवाद।

श्री जोगी राम सिहाग (बरवाला) : अध्यक्ष महोदय, आपने मुझे जीरो ऑवर में बोलने के लिए समय दिया सबसे पहले मैं इसके लिए आपका धन्यवाद करता हूं। मैं सदन का ध्यान एक बहुत ही महत्वपूर्ण और जरूरी मुद्दे की ओर दिलाना चाहता हूं। अभी–अभी पंचायतों के चुनाव हुये हैं। डेढ़ साल पहले जो पंचायतें थी उनको जो पॉवर्ज थी डेढ़ साल के अंदर वो पॉवर्ज घटा दी गई। सरपंच को 20 लाख रूपये तक के काम अपने स्तर पर करवाने की पॉवर थी। इसको 2 लाख रूपये यह कहकर कर दिया गया कि अब सरपंच नहीं है और पंचायत भी नहीं है अधिकारी पंचायत फण्ड में कोई गड़बड़ी न करें इसलिए इस सीमा को घटाकर 2 लाख रूपये किया

गया था। मेरा सरकार से अनुरोध है कि जो पंचायतें हैं उनकी पॉवर्ज घटाने के बजाए बढ़ाने का कार्य किया जाये। प्रजातंन्त्र के अंदर थ्री टियर सिस्टम है। सबसे छोटी पंचायत होती है जिसका मुखिया सरपंच होता है, उसके बाद विधान सभा जिसका मुखिया मुख्यमंत्री होता है और तीसरी देश की पार्लियामैंट है। सिर्फ पंचायतों को छोड़कर किसी की भी कोई पॉवर नहीं घटाई गई। इसके विपरीत समय–समय पर बढ़ाई जाती हैं। एम.पी. को एम.पी. लैड कभी 5 लाख रूपये मिलती थी उसको बढ़ाकर 5 करोड़ रूपये कर दिया गया। ऐसा क्या कारण है कि सरपंचों की पॉवर्ज को घटाया जा रहा है। मैं यह मांग करता हूं कि सरपंचों को जो पहले 20 लाख रूपये तक के काम करवाने की पॉवर थी उसको बहाल करने का कार्य किया जाये। रही बात इसके ऊपर यह तर्क देने की कि 2 लाख रूपये से ऊपर के कार्य ई–टैंडरिंग से करवाये जायेंगे अर्थात् 1.99 लाख रूपये से ऊपर के कामों को ई–टैंडरिंग से करवाया जायेगा। अध्यक्ष जी, मैं आपके माध्यम से बताना चाहता हूं कि छोटे टैण्डर्ज को ई–टैंडरिंग से कोई ठेकेदार लेने नहीं आयेगा। अगर लेगा भी तो उसको माईनस में भरेगा। आप तीन लाख का टैण्डर कर दीजिए उसके ऊपर 18 परसैंट जी.एस.टी. लगेगा और यह 18X3 करने पर 54 हजार हो जायेगा। इस प्रकार से 54 हजार रूपये ये चले जायेंगे। कुछ वह माईनस में करेगा। उसके बाद वह रकम भी उसमें से चली जायेगी। अधिकारी वही हैं। उन्होंने ही बिल को पास करना है। अगर बिल को सरपंच पास करवायेगा तो भी वे ही अधिकारी बिल को पास करेंगे। ऐसा होने से किस प्रकार से भ्रष्टाचार रूकेगा और कौन भ्रष्टाचार को रोकेगा। मैं यह पूछना चाहता हूं कि क्या सरपंच भ्रष्टाचार करता है। मैं यह कहना चाहता हूं कि सरपंच एक चुना हुआ प्रतिनिधि होता है। जिस प्रकार से जनता के प्रति हमारी जवाबदेही है उसी प्रकार से सरपंच की भी जवाबदेही है। हम तो किसी गांव में जल्दी से जल्दी 4 से 5 दिन में एक बार जा सकते हैं लेकिन सरपंच को तो प्रतिदिन अपने गांव में ही रहना है इसलिए उसको हररोज जनता को जवाब देना पड़ेगा। इसके लिए मैं यहां पर एक उदाहरण देना चाहता हूं कि बहुत से काम ऐसे हैं जिनको एस्टीमेट में कवर नहीं किया जाता। जैसे खेत–खलिहान के अंदर कोई रास्ता बनाया जाता है। उसके एस्टीमेट्स में लैवलिंग का पैसा नहीं दिया जाता। जो रास्ता बन गया उसके साईड में जो मिट्टी लगानी है उसका पैसा नहीं दिया जाता। ठेकेदार उस रास्ते को बनाकर चला जायेगा। (विघ्न) ठेकेदार को उस रास्ते से कोई भी लेना

देना नहीं है। ऐसी स्थिति में सरपंच या तो सम्बंधित किसान से लैवलिंग करवा लेगा या सम्बंधित किसान सरपंच को ही लैवलिंग करवाने के लिए बोलेगा।

श्री अध्यक्ष : जोगी राम जी, आपका समय समाप्त हो गया है इसलिए अब आप कृपया बैठ जायें। अब श्री जगबीर सिंह मलिक जी अपनी बात रखेंगे। (शोर एवं व्यवधान)

श्री जगबीर सिंह मलिक(गोहाना): अध्यक्ष महोदय, जो सरपंचों को 20 लाख रुपये तक के कार्य करवाने की पॉवर देने की बात है तो मैं उसका स्मर्थन करता हूं और यह भी कहना चाहता हूं कि 2 साल तक गांवों में जो ग्रांट नहीं दी गई वह भी दी जाये। अध्यक्ष महोदय, आज कर्मचारी सड़कों पर हड़ताल कर रहे हैं। वैटरनरी डिप्लोमा धारक एसोसिएशन 15 जून, 2020 से आंदोलनरत है। विभाग में इनके डी.जी. की जगह पर आई.ए.एस. की नियुक्ति की जाये। उनकी 5 मांगें मान ली गई थी लेकिन विभाग ने उनको नोटिफाई नहीं किया इसलिए उनकी नोटिफिकेशन जारी की जाये। इसी तरह से पी.टी.आई. पिछले 31 महीने से संघर्षरत हैं और माननीय मुख्यमंत्री जी ने उनके चूल्हे न बुझने का वायदा किया था इसलिए उनकी नौकरी बचा कर उनके चूल्हे जलाने का काम किया जाये। इसी तरह से हरियाणा यूनिवर्सिटीज कांट्रैक्चुअल टीचर्स को खाली पदों पर समायोजित करने का काम किया जाये ताकि उनका भविष्य सुरक्षित हो सके। इसी तरह से पी.डब्ल्यू.डी. मैकेनिकल वर्कर्स यूनियन भी संघर्षरत है उनका भी समाधान किया जाये। इसके अतिरिक्त ग्रुप सी में स्पोर्ट्स पर्सन के लिए 24.11.2022 की नोटिफिकेशन के तहत ग्रुप–सी में जो 4 डिपार्टमैंट्स दिये हैं उसको विद्ड्रा करके जैसे पहले सिस्टम था वही लागू किया जाये। इस बारे में माननीय मुख्यमंत्री जी और खेल मंत्री जी की तरफ से ट्विट करके कहा गया था कि इसका सिस्टम पहले वाला ही रखा जायेगा लेकिन अभी तक ऐसा कुछ भी नहीं किया गया है। अगर स्पोर्ट्स पर्सन को 4 विभागों तक सीमित कर दिया गया तो इनको कहीं पर भी नौकरी नहीं मिलेगी। अध्यक्ष महोदय, अब मैं अपने निर्वाचन क्षेत्र की दो चार डिमांड रखना चाहता हूं जो आज तक पूरी नहीं हुई हैं। मुख्यमंत्री जी ने पंचकुला वर्कशॉप में भी कहा था विधायक अपनी डिमांड दे सकते हैं। मेरी सबसे बड़ी डिमांड गोहाना शहर के पश्चिमी बाईपास की है। इस बारे में माननीय मुख्यमंत्री जी के द्वारा घोषणा की हुई है जिसकी कॉपी मेरे पास है। इस बारे में मैंने विधान सभा में भी प्रश्न पूछा था और मंत्री जी की तरफ से इस बारे में कहा गया था कि इसको बनाया जायेगा। उसके बाद अखबार में पत्र दे दिया गया कि यह बाईपास नहीं बनेगा। मैं आपके माध्यम से सरकार को बताना चाहता हूं कि गोहाना में ट्रैफिक अधिक होने के

कारण इस बाईपास के बिना गोहाना को पार करने में बहुत अधिक समय लगता है इसलिए गोहाना का यह पश्चिमी बाईपास बहुत जरूरी है। अध्यक्ष महोदय, विधान सभा का सत्र न चलने की स्थिति में माननीय सदस्यों द्वारा तीन क्वैरीज पूछने का आपने जो सिस्टम लागू किया है उस बारे में मेरा कहना है कि या तो इसको ठीक ढंग से लागू किया जाये या इसको बंद कर दिया जाये। मैंने क्वैरी नं. 42 के तहत यह पूछा था कि जो गोहाना में सैक्टर 7 और सैक्टर–13 डिवैल्प होने हैं उसमें कितनी जमीन पर नाजायज कब्जे हैं? विभाग की तरफ से दिया गया जवाब मेरे पास उपलब्ध है। इसमें लिखा हुआ है कि – At present there is an unauthorised illegal cultivation by some unknown farmers approximately on 55 acres of acquired land. अध्यक्ष महोदय, यह बड़े दुर्भाग्य की बात है कि एक गांव की लगभग 250 एकड़ जमीन में नाजायज कब्जे हैं। मेरे पास एक गांव की 6 फसलों की गिरदावरी रिपोर्ट है। इन दोनों सैक्टर्स के लिए लगभग 693 एकड़ जमीन एक्वायर की गई है और उसमे से लगभग अधिकतर जमीन पर नाजायज कब्जे हैं।

श्री अध्यक्षः मलिक साहब, अगर आपको कोई गलत जानकारी दी गई है तो आप मुझे लिख कर दीजिए उसके बाद विभाग के अधिकारियों को बुलाया जायेगा।

श्री जगबीर सिंह मलिकः सर, मैं यह सारी जानकारी सदन के पटल पर रख दूंगा। मेरे पास विभाग का जवाब भी है और गिरदावरी की कॉपी भी है। विभाग ने अपने जवाब में कहा है कि 55 एकड़ जमीन पर नाजायज कब्जा है जबकि 250 एकड़ जमीरन पर तो रिकॉर्ड के हिसाब से नाजायज कब्जे हैं जिनकी गिरदावरी मेरे पास है। इस प्रकार के जवाब देने से कोई फायदा होने वाला नहीं है।

श्री अध्यक्षः मलिक साहब, मैं आपको एश्योर करता हूं कि this is the question of dignity of the House. अगर कोई अधिकारी हाउस के किसी निर्णय की उल्लंघना करता है तो उसको यहां विधान सभा में बुला कर उससे जवाब तलब किया जायेगा।(इस समय मेजें थपथपाई गई।)

श्री जगबीर सिंह मलिकः अध्यक्ष महोदय, इसी प्रकार से मेरा दूसरा सवाल यह था कि वर्ष 2019 से अब तक कितने राशन कार्ड निरस्त हुए जिसका जवाब उप–मुख्यमंत्री जी की तरफ से दिया गया है कि एक भी राशन कार्ड निरस्त नहीं हुआ है। मेरे पास 200 फर्जी राशन कार्ड की लिस्ट है और मैं 30 निरस्त किए गए राशन कार्ड इस समय यहां पर लेकर आया हूं जो फर्जी हैं जबकि जवाब यह दिया गया था कि कोई

राशन कार्ड निरस्त नहीं हुआ है। इसके अतिरिक्त अभी हाल ही में 3400 फर्जी राशन कार्ड अकेले राई ब्लॉक में निकले हैं और उनके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं हो रही है, किसी से कोई पूछताछ नहीं की जा रही है। इस प्रकार के जवाब विधान सभा में दिये जा रहे हैं इसलिए मेरा कहना यह है कि अगर सही तरह से जवाब नहीं दिये जाते हैं तो इस सिस्टम को बंद कर दिया जाये।

श्री अध्यक्षः मलिक साहब, आपका समय समाप्त हो गया है इसलिए अब आप बैठ जाइये। अब श्री शीश पाल सिंह जी अपनी बात रखेंगे।

श्री जगबीर सिंह मलिकः अध्यक्ष महोदय, मैं तो आपके द्वारा बनाये गये सिस्टम के बारे में बात कर रहा हूं। अपनी क्वैरीज के जवाबों के बारे में जानकारी दे रहा हूं। मैं कोई अपनी बात नहीं कह रहा हूं, मैं तो हाउस की प्रैस्टीज की बात कर रहा हूं।

श्री अध्यक्ष : मलिक साहब, मैंने कहा है कि अगर आपके पास कोई गलत उत्तर आता है या उत्तर पूरा नहीं आता है तो आप मुझे लिखकर दीजिए। मैं उसके ऊपर एक्शन लूंगा।

श्री जगबीर सिंह मलिक : अध्यक्ष महोदय, मैं ये सारे सवाल आपके सामने पेश कर रहा हूं। मैं तो इनके बारे में पूरे हाऊस को बता रहा हूं।

श्री अध्यक्ष : मलिक साहब, आप मुझे लिखकर दीजिए। मैं इसके ऊपर एक्शन लूंगा।

श्री जगबीर सिंह मलिक : अध्यक्ष महोदय, यह गांव खानपुर व लाठ की क्यूरी नम्बर–36 है जिसमें कोई पानी नहीं आ रहा है। मेरे पास उसके फोटो हैं।

श्री अध्यक्ष : मलिक साहब, आप मुझे लिखकर भिजवा दीजिए। मैं उसके ऊपर एक्शन लूंगा।

श्री जगबीर सिंह मलिक : अध्यक्ष महोदय, ठीक है।

————————

पूर्व सांसद और पूर्व सदस्य हरियाणा विधान सभा तथा राज्य सभा के सदस्य का अभिनंदन

श्री अध्यक्ष : माननीय सदस्यगण, आज सदन में श्री विनोद शर्मा, पूर्व संसद सदस्य एवं पूर्व केन्द्रीय मंत्री तथा पूर्व विधायक हरियाणा विधान सभा, अध्यक्ष दीर्घा में सदन की कार्यवाही देखने के लिए उपस्थित हैं। मैं अपनी तथा सदन की तरफ से उनका अभिनन्दन करता हूं।

माननीय सदस्यगण, श्री कार्तिकेय शर्मा, सदस्य राज्य सभा, अध्यक्ष दीर्घा में सदन की कार्यवाही देखने के लिए उपस्थित हैं। मैं अपनी तथा सदन की तरफ से उनका अभिनन्दन करता हूं।

____

शून्यकाल में विभिन्न मामले/मांगे उठाना (पुनरारम्भ)

श्री शीशपाल सिंह केहरवाला (कालांवाली) (एस.सी.) : अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से प्रदेश के व कुछ अपने हल्के के मुद्दे सदन के सामने रखना चाहूंगा। एक तरफ तो सरकार कहती है कि हरियाणा में हमने पंजाबी भाषा को दूसरी भाषा का दर्जा दिया है। अगर हम प्रैक्टिकल देखें तो सरकार पंजाबी भाषा को खत्म करने का काम कर रही है। अभी पीछे टीचर्स की 4 हजार पोस्टें निकाली गई थी जिसमें पंजाबी टीचर्स के लिए एक भी आवेदन नहीं लिया गया है। उनको कैप्ट दिखा दिया गया है। मेरा सिरसा जिला व वह पूरी बैल्ट पंजाब के साथ लगती है। वहां पर पंजाबी विषय के अध्यापकों की बहुत ज्यादा कमी है। मेरा निवेदन है कि इस मुद्दे पर सरकार दोबारा से जांच कराए और पंजाबी भाषा के अध्यापकों की भर्ती भी निकाले। इसी के साथ पीछे मुख्यमंत्री जी ने घोषणा की थी कि हम वर्ष 1983 में लगे पी.टी.आई. अध्यापकों को भी एडजैस्ट करेंगे लेकिन अभी तक वे पी.टी.आई. अध्यापक भी एडजैस्ट नहीं हो पाए हैं। तीसरा जो सरपंचों की शक्तियों की बात चल रही थी उस संबंध में राजीव गांधी जी ने एक कानून बनाया था कि लोकतंत्र में सबसे नीचे का पायदान सरपंच है उसको जितनी ज्यादा शक्तियां देंगे उतना ही देश मजबूत होगा लेकिन आज सरकार उससे उल्ट काम कर रही है। आज सरपंचों की शक्तियां कम कर दी गई हैं जिसमें सरपंच अपने लैवल पर गांव में केवल दो लाख रुपये तक का काम करवा सकता है। अध्यक्ष महोदय, आज दो लाख रुपये में कुछ भी काम नहीं हो पाता। उससे एक कमरा भी नहीं बन पाता, एक दीवार नहीं बन सकती तो फिर

वह दो लाख रुपये का प्रयोग कहां करेगा। अतः हम आपसे अनुरोध करते हैं कि इस दो लाख रुपये की राशि को बढ़ाकर कम से कम 20 लाख रुपये किया जाए। इसके साथ–साथ मैं आपके माध्यम से मंत्री जी को कहना चाहूंगा कि स्कूलों में अध्यापकों की बहुत ज्यादा कमी है। चाहे वह कालांवाली क्षेत्र है, चाहे सिरसा क्षेत्र है वह शिक्षा के अन्दर पिछड़ा हुआ क्षेत्र है क्योंकि वहां पर हर स्कूल्ज के अन्दर अध्यापकों की कमी है। अतः हम सरकार से निवेदन करते हैं कि वहां पर शिक्षकों की भर्ती की जाए। अगर वहां तुरंत भर्ती नहीं की जाती है तो हम चाहते हैं कि वहां उन गांवों का जो शिक्षित बच्चा है अर्थात जिसने बी.एड. व जे.बी.टी. का कोर्स कर रखा है उनको उन स्कूल्ज में पढ़ाने के लिए लगाया जाए। इसके साथ–साथ अगर मैं कालांवाली में तहसील की बात करूं तो वहां पर तहसीलदार नहीं है। मैं सरकार से चाहूंगा कि वहां पर स्थाई तहसीलदार की नियुक्ति की जाए क्योंकि वह पद काफी समय से रिक्त पड़ा हुआ है। इसके साथ–साथ मैं आपको अवगत कराना चाहूंगा कि किसान आन्दोलन में सिरसा किसान आन्दोलन का केन्द्र रहा है। वहां अनेक किसानों पर केस बनाए गये थे। उस संबंध में माननीय मुख्यमंत्री जी ने भी कहा था कि वे सभी केस वापिस ले लिये जाएंगे। अतः अब उन सभी केसों को वापिस लेकर निरस्त कर दिया जाना चाहिए। इसके साथ–साथ मैं एक और गम्भीर विषय पर ध्यान दिलाना चाहूंगा कि किसानों को जो खेतों के लिए बिजली दी जा रही है वह रात को दी जा रही है। आज के दिन बहुत ज्यादा ठंड का समय है। मेरे हल्के में रात को खेत में ठंड के कारण एक किसान की मौत हुई है। हम चाहते हैं कि अब जो सर्दी का मौसम है इसमें खेतों की बिजली दिन में दी जाए। इसके साथ–साथ हमारी हुडा कॉलोनी की सड़कों की बदहाली बहुत ज्यादा है उस पर भी ध्यान दिया जाए। बहुत–बहुत धन्यवाद।

श्री बलबीर सिंह (इसराना) (एस.सी.): माननीय अध्यक्ष महोदय, हम सभी विधायकों को कुछ सभाओं व संघों ने अपने–अपने ज्ञापन देने का काम किया है। अब मैं इनके बारे में सदन में बात करना चाहूंगा। अभी किसानों ने धरने दिए थे और उनकी मांग थी कि कईं वर्षों से गन्ने का भाव नहीं बढ़ाया जा रहा है अतः जल्द से जल्द गन्ने का भाव बढ़ाने का काम किया जाये। एक यह भी बात थी कि गन्ना किसानों के जो बांड थे उन पर जो उनको सस्ते रेट पर चीनी मिलती थी, सरकार ने उसको बंद करने का काम किया है। मेरा सदन के माध्यम से अनुरोध है कि इसको दोबारा से चालू किया जाये। एक ज्ञापन आया था हरियाणा अतिथि अध्यापक संघ नम्बर–22 की तरफ

से। इसमें कहा गया था कि जो अतिथि अध्यापक हैं, समायोजन के लिए प्रत्येक गैस्ट टीचर से डिस्ट्रिक्ट लैवल पर ऑन लाइन चॉइस भरवाई गई थी ताकि गैस्ट टीचरों का समायोजन उनके गृह जिले में ही हो सके परन्तु गृह जिले के अलावा उनका अन्य 200–300–400 किलोमीटर की दूरी पर तबादला कर दिया गया है। सरकार ने जो चॉइस भरवाई थी, मेरा निवेदन है कि सरकार को उस हिसाब से इनके साथ न्याय करने का काम करना चाहिए। दूसरा ज्ञापन आया था सामाजिक चिकित्सक महासंघ की तरफ से। वर्ष 1972 से इनका हरियाणा में अनुभव आधार पर अब तक सूचीकरण नहीं हुआ है, जबकि चिकित्सक महासंघ गांवों में, कालोनियों में 80 से 90 प्रतिशत लोगों की प्राथमिक चिकित्सा करने का काम करते हैं। 22 सितम्बर, 2017 को करनाल में माननीय मुख्यमंत्री जी ने इस संगठन के पदाधिकारियों से मीटिंग करके विश्वास दिलाया था कि इनका सूचीकरण करने या ट्रेनिंग देने का काम किया जायेगा और जो इनके खिलाफ मुकदमें हैं, उनको भी वापिस लेने का काम किया जायेगा लेकिन आज तक भी यह वायदा पूरा नहीं किया गया है। अध्यक्ष महोदय, मेरा इस सदन के माध्यम से सरकार से अनुरोध है कि इन मांगों को जल्द से जल्द पूरा करने का काम किया जाये। अध्यक्ष महोदय, माननीय मुख्यमंत्री जी ने कल अखबार में एक बयान दिया था कि हमारे विधायकों को जो आदर्श ग्राम योजना के तहत पैसे मिलते हैं, के लिए कुछ विधायकों ने एस्टिमेट बनाकर ही नहीं भेजे हैं। इसमें मेरा हल्का भी शामिल है। अध्यक्ष महोदय, असलियत यह है कि हमने एस्टिमेट बनाकर भेजे हैं और भी कईं विधायक साथी हैं जिन्होंने एस्टिमेट्स बनाकर भेजे हैं। मेरे पास वह अखबार भी है जिसमें यह सब कुछ वर्णित है। इसको हम आपको भी दे देंगे। अध्यक्ष महोदय, वास्तविकता यह है कि हमने एस्टिमेट बनवाये भी थे और साथ ही कंसंर्ड अधिकारियों से भी मिलते रहे। अधिकारियों ने हर बार यही बात की कि अभी टैंडर लगने हैं। अध्यक्ष महोदय, मान लिया की अधिकारी अपनी बात पर सही हैं और यह भी मान लिया कि उन्होंने टैंडर की प्रक्रिया चालू की हुई है परन्तु मुझे एक बात बताई जाये कि जो यह पैसे हमें अढ़ाई साल पहले मिले थे उनसे आज की डेट में कैसे काम करवाया जा सकता है। मैं इसका उदाहरण देकर बताना चाहूंगा। अध्यक्ष महोदय, अढ़ाई साल पहले जो एक बिल्डिंग 15 लाख रूपये में तैयार होती थी आज अढ़ाई साल के बाद वही बिल्डिंग 15 लाख रूपये में कैसे तैयार हो सकती है। अध्यक्ष महोदय, यह सही नहीं है और मैं मांग करता हूँ कि पंचायतों में जो सरपंच हैं उनको जिस प्रकार चौधरी भूपेन्द्र सिंह हुड्डा के शासन काल में 20

लाख रूपये तक के काम कराने का अधिकार हुआ करता था और इस राशि से सरपंच और ग्राम पंचायत गांव में अपने आप काम करवा सकती है, ठीक उसी प्रकार 20 लाख रूपये तक के काम करवाने का अधिकार पुनः सरपंच और ग्राम पंचायतों को देने का काम करना चाहिए। चौधरी भूपेन्द्र सिंह हुड्डा के चीफ मिनिस्टर काल में 20 लाख रूपये तक की राशि के काम पंचायतों को कराने की पावर होती थी, अगर यह पावर आज भी होती तो मैं मानता हूँ कि कल माननीय मुख्यमंत्री जी को गलत बयान नहीं देना पड़ता जोकि आज अखबार में छपा है। अध्यक्ष महोदय, मैं प्रार्थना करता हूँ कि इस तरफ संज्ञान लेने की जरूरत है और पता नहीं क्यों मेरे हल्के इसराना के ही ऐसा बार–बार क्यों होता है। (घंटी)

श्री अध्यक्षः बलबीर जी, आपका बोलने का समय समाप्त हो गया है, आप प्लीज बैठिए।

श्री नरेन्द्र गुप्ता (फरीदाबाद): अध्यक्ष महोदय, आपने मुझे शून्यकाल में बोलने का मौका दिया, इसके लिए मैं आपका आभारी हूँ। अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से मेरी विधान सभा से संबंधित जो ज्वलंत मुद्दे हैं, उनको सरकार तक पहुँचाने का काम करूंगा। अध्यक्ष महोदय, फरीदाबाद विधान सभा का सौभाग्य है कि उसके बीचों–बीच दो हाईवे सरकार ने बनाने का काम किया है, इसके लिये मैं सरकार का तहेदिल से स्वागत करता हूँ। अध्यक्ष महोदय, इसके साथ–साथ जो दिक्कतें हमें आई हैं, उनके बारे में सरकार का ध्यान आकर्षित करना चाहता हूँ। फरीदाबाद में गुडईयर कट बहुत पहले से था, उससे हम लोग दिल्ली, पलवल या मथुरा आदि जाने के लिये यूज करते थे, अब उसको बंद करके हमारे लिये बहुत बड़ी समस्या हो गई है। फरीदाबाद के सैक्टर्ज 4, 7 और 8 और उसके बाद बल्लभगढ़ विधान सभा क्षेत्र के सैक्टर 3 और बहुत सी कॉलोनियों के लोग इसी गुडईयर कट से दिल्ली आदि जाने का काम करते हैं। अध्यक्ष महोदय, मेरी सरकार से प्रार्थना है कि इस गुडईयर कट पर ऊपरगामी पुल बनाने का काम करें। इससे वहां के लोगों का बहुत बड़ी समस्या का समाधान हो जायेगा, क्योंकि दिल्ली जाने के लिये पहले बल्लभगढ़ जाना पड़ता है और बल्लभगढ़ में बहुत लम्बा जाम लगा रहता है। लोगों को इस जाम से निजात पाने के लिये आध–आध घंटा का सामना करना पड़ता है। अध्यक्ष महोदय, वाई.एम. सी., इंजीनियरिंग कॉलेज के पास जो सड़क है उसके बीचो–बीच 63 के.वी.ए. का बहुत बड़ा टावर लगा हुआ है। इसका हम कई बार मुद्दा उठा चुके हैं। वहां एक्सीडेंट की संभावना बनी रहती है। मैं इस महान सदन से उम्मीद करता हूँ कि इस समस्या

का भी जल्दी से जल्दी समाधान हो। ट्रामा सैन्टर की मेरे हल्के के ही नहीं बल्कि पूरे हरियाणा की समस्या बनी हुई है। मैंने पहले भी विधान सभा सत्र के दौरान एक ट्रामा सैन्टर की मांग उठाई थी। सड़क सुरक्षा के हिसाब से यह बहुत जरूरी है और बहुत सारे एन.जी.ओज. भी सड़क सुरक्षा के बारे में चिंतित रहते हैं। मैं 'दैनिक जागरण' न्यूज पेपर का धन्यवाद करता हूँ कि उन्होंने दिनांक 16 नवम्बर, 2022 से सड़क सुरक्षा का एक महा अभियान चलाया हुआ है। इस क्षेत्र के जो विशेषज्ञ थे, उन्होंने उनके साथ इसका सर्वे किया था। सर्वे में चौंकाने वाले आंकड़े सामने आये हैं कि पूरे हरियाणा में 10 से 11 हजार एक्सीडैंट्स हर साल होते हैं। उसमें से लगभग 5 हजार लोगों को अपनी जान से हाथ धोना पड़ता है। यह हमारे लिये बहुत ही सोचनीय विषय है। इसमें अधिकतर युवा पीढ़ी अपनी जान गंवाती है। अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से सरकार से अनुरोध करता हूँ कि अवैध कट, लाइट की कमी, रख–रखाव आदि की तरफ सरकार को तुरंत प्रभाव से ध्यान देना चाहिये। दैनिक जागरण न्यूज पेपर ने जो सर्वे किया उसमें 6227 किलोमीटर लम्बी सड़कें थी, 218 मुख्य सड़कों का ऑडिट किया गया था। उसमें 255 सड़कें बॉटलनेक और 377 सड़कें दुर्घटना संभावित क्षेत्र आईडैंटीफाई हुई थी। इस प्रकार से बहुत ही अच्छा काम दैनिक जागरण न्यूज पेपर ने किया है। (घंटी) अध्यक्ष महोदय, मैं जल्दी ही अपनी वाणी को विराम देने वाला हूँ। पलवल से लेकर हमारे बॉर्डर तक कोई भी ट्रामा सैन्टर नहीं है, इसलिए हर समय दुर्घटना से डर लगा रहता है। हाईवे पर जरूर से जरूर एक ट्रामा सैंटर बनाया जाये, जिससे लोगों को समय रहते सुविधा मिल सके। अध्यक्ष महोदय, फरीदाबाद बहुत ही अच्छा निर्वाचन क्षेत्र है और जहां कहीं भी पीने के पानी की प्रॉपर व्यवस्था नहीं है, वहां पर भी व्यवस्था पूरी की जाये। अध्यक्ष महोदय, आपने मुझे बोलने का समय दिया, इसके लिये मैं आपका धन्यवाद करता हूँ।

श्री लक्ष्मण सिंह यादव (कोसली): अध्यक्ष महोदय, आपने मुझे शून्यकाल में बोलने का मौका दिया, इसके लिए मैं आपका आभारी हूँ। अभी मेरे से पहले माननीय सदस्य दैनिक जागरण की मुहिम की चर्चा कर रहे थे। मैं भी इस महान सदन का इस प्वायंट पर ध्यान आकर्षित करना चाहता हूँ क्योंकि सड़कों के कारण बहुत ज्यादा दुर्घटनाएं होती हैं। यदि किसी भी एक साल का इस संबंध में मौत का आंकड़ा लिया जाये तो वह आंकड़ा किसी भी युद्ध से ज्यादा ही होता होगा। इस प्रकार से सड़क सुरक्षा को लेकर जो दैनिक जागरण का सर्वे आ रहा है, सरकार को उसकी तरफ

ध्यान देना चाहिये। अध्यक्ष महोदय, दूसरी बात यह है कि मेरे विधान सभा क्षेत्र की कुछ समस्याएं और डिमाण्ड्स हैं, उनको भी आपके माध्यम से सदन के पटल पर रखना चाहता हूँ। अध्यक्ष महोदय, सबसे पहले मेरा निवेदन है कि जाटुसाना कॉलेज की बिल्डिंग को बनाकर उसका जल्द–से–जल्द शिलान्यास किया जाए ताकि बाहर बैठकर पढ़ने वाले बच्चों को छत मिल सके । दूसरा, एक गांव टहना दीपालपुर में ऐग्रीकल्चर की 25 एकड़ जमीन पड़ी है । मेरे क्षेत्र में सरसों की खेती बहुत की जाती है । इस जमीन पर मैंने पहले भी सरसों का एक्सीलैंस सैंटर बनाए जाने की मांग की थी । मेरा माननीय मंत्री जी से निवेदन है कि वे वहां पर सरसों का एक्सीलैंस सैंटर अवश्य बनवायें । इसके अलावा मेरे क्षेत्र में हॉकी के लिए एक एस्ट्रोटर्फ का भी निर्माण करवाया जाए क्योंकि हमारे क्षेत्र से हॉकी के नैशनल और स्टेट लैवल के बहुत अच्छे प्लेयर्ज निकलते हैं । इसके लिए माननीय मंत्री श्री संदीप सिंह जी ने भी घोषणा की हुई है । तीसरा, गुरावड़ा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र को 50 बैडिड किया जाए । गुरावड़ा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र एन.एच. पर स्थित है । झज्जर से रेवाड़ी के बीच में कोई भी ट्रामा सैंटर नहीं है । अतः मैं चाहता हूं कि इसको एक ट्रामा सैंटर बनाने की भी घोषणा की जाए । इसके अलावा कोसली को खण्ड विकास कार्यालय का भी दर्जा दिया जाए । मेरे विचार से पूरे प्रदेश में कोसली के अलावा ऐसा कोई भी सब–डिविजन नहीं है जहां पर पंचायत का खण्ड कार्यालय न हो । अतः मेरा निवेदन है कि कोसली को खण्ड विकास कार्यालय का भी दर्जा दिया जाए । माननीय मुख्यमंत्री महोदय ने लगभग 6 साल पहले कोसली विधान सभा क्षेत्र के जाटुसाना कस्बे में एक फ्लोर मिल बनाने की घोषणा की थी लेकिन अभी तक उसका कोई काम नहीं किया गया है । अतः उसके काम को भी आगे बढ़ाया जाए । कोसली कस्बा वैसे तो एक ग्रामीण आंचल है लेकिन उसमें शहरों से भी ज्यादा आबादी रहती है । उसमें बहुत–सी कॉलोनीज हैं । मैं उनकी डिटेल भी आपको दूंगा । मेरा निवेदन है कि उन कॉलोनीज को भी अप्रूव किया जाए ताकि उनमें भी शहरी सुविधाएं दी जा सकें । इसके अलावा हमारे बेरली और नाहड़ में बिजली विभाग का एक–एक नवर्निमित कार्यालय है । अभी तक उनकी बिल्डिंग्ज नहीं बनी हैं । अतः उनकी बिल्डिंगज का निर्माण कार्य पूरा किया जाए । मेरी मांग है कि कोसली में बिजली विभाग के सब–डिविजन में एक स्टोर रूम का भी निर्माण करवाया जाए । बिजली विभाग के ही सब–डिविजन कोसली और बुड़ौली की बिल्डिंग्ज बहुत पुरानी हैं और उनकी हालत जर्जर हो चुकी हैं । वे बिल्डिंग्ज कभी भी दुर्घटना का शिकार हो

सकती हैं । अतः सब–डिविजन कोसली और बुड़ौली की बिल्डिंग्ज का भी पुनर्निर्माण करवाया जाए । अध्यक्ष महोदय, मेरा सारा क्षेत्र ही ट्यूबवैल्ज से सिंचित होता है । वर्ष 2018 के बाद ट्यूबवैल्ज के लिए पावर के कनैक्शंज हेतू जो ऐप्लीकेशंज आई हुई हैं उन पर संज्ञान लेते हुए किसानों को पावर के कनैक्शंज दिए जाएं । इसके अलावा एक और बड़ी दिक्कत है कि मुस्तर खाते में अलग–अलग ऐफिडेविट मांगा जाता है जबकि उसमें और भी शेयर होल्डर्ज होते हैं । वे शेयर होल्डर्ज ऐफिडेविट नहीं देते हैं । इस वजह से किसान ट्यूबवैल्ज का कनैक्शन नहीं ले पा रहे हैं । अतः इसमें सुधार किया जाना चाहिए ।

श्री बलराज कुण्डू (महम): धन्यवाद अध्यक्ष महोदय । मैं सदन का ध्यान बेमौसमी बरसात की वजह से हुए जलभराव की ओर दिलाना चाहता हूं । मेरे हल्के में आज भी हजारों एकड़ जमीन ऐसी है जिस पर एक दाने की भी बिजाई नहीं हुई है । पिछले सत्र में भी माननीय उप–मुख्यमंत्री महोदय ने वहां की गिरदावरी करवाकर किसानों को नुक्सान का मुआवजा दिलाने का वादा किया था लेकिन धरातल पर कोई भी कार्यवाही नहीं की गई । यह दुर्भाग्य की बात है कि मुझे उनके लिए सदन में दोबारा कहना पड़ रहा है । मेरा पुनः निवेदन है कि सरकार वहां की गिरदावरी करवाकर किसानों को नुक्सान का मुआवजा देने का काम करे । इसके अलावा हमारे महम शहर और महम के 90 प्रतिशत गांवों में पानी की बेहद किल्लत है । वहां पर वाटर वर्क्स की सफाई नहीं की जाती है । वहां पर पाइपलाइन के लीक होने की वजह से लोगों को मजबूरी में गन्दा पानी पीना पड़ रहा है । मैं पिछले 3 साल से इस बात को सदन में उठा रहा हूं लेकिन सरकार इसकी ओर ध्यान नहीं दे रही है । मैं निवेदन करना चाहता हूं कि सरकार इसका संज्ञान लेकर इस पर कार्यवाही करने का काम करे । अध्यक्ष महोदय, सरकार 'सबका साथ, सबका विकास' का नारा देती है । मैं एम.एल.ए. बनने के बाद पिछले 3 साल से महम शहर में एक गर्ल्ज कॉलेज बनवाने के लिए और हॉस्पिटल की जर्जर हालात में पड़ी हुई बिल्डिंग को दोबारा बनवाने के लिए आवाज उठाता आ रहा हूं लेकिन मेरी बात पर कार्यवाही नहीं की जाती है । इसके अलावा महम में सीवरेज सिस्टम बिल्कुल जर्जर हालत में है । मैं पिछले 3 साल से उसकी रिपेयर की आवाज उठाता आ रहा हूं लेकिन आज तक धरातल पर कोई भी कार्रवाई नहीं की गई है । मैं सरकार से निवेदन करना चाहता हूं कि सरकार इस पर जल्द–से–जल्द कार्यवाही करे । अध्यक्ष महोदय, मेरे हल्के की सड़कों की हालत जर्जर है । मेरे हल्के में महम–बलम्भा–बसाना रोड, महम

भैरो–भैणी रोड, बहु अकबरपुर–समर गोपालपुर रोड, बहु अकबरपुर–निडाणा रोड, गिरावड़–समर गोपालपुर रोड, गिरावड़–निडाणा रोड, बैंसी–गुगा हेड़ी रोड की हालत जर्जर है । पिछले 6 महीने से माननीय उप–मुख्यमंत्री महोदय कह रहे हैं कि हमने हर हल्के में 25 करोड़ रुपये दे दिए हैं लेकिन अभी तक धरातल पर कोई भी काम नहीं हुआ है । मेरा निवेदन है कि माननीय उप–मुख्यमंत्री महोदय मेरे हल्के की इन सड़कों को दुरूस्त करवाने का काम करें । इसके अलावा युवाओं के साथ सी.ई.टी. के नाम पर 4 गुना टॉपर बच्चों को लेने की बात कहकर बहुत बड़ी नाइंसाफी की जा रही है । मैं माननीय मुख्यमंत्री महोदय से निवेदन करना चाहता हूं कि यू.पी. और राजस्थान की तर्ज पर 15–20 गुना बच्चों को बुला लिया जाए और उनका इंटरव्यू लेकर नौकरी दी जाए । उनके साथ इंसाफ किया जाए क्योंकि मौजूदा व्यवस्था से उनके साथ बहुत बड़ा अन्याय हो रहा है । अध्यक्ष महोदय, मैं बताना चाहूंगा कि हमारे पड़ोसी राज्य हिमाचल प्रदेश, पंजाब और राजस्थान में ओल्ड पैंशन स्कीम लागू कर दी गयी है। मैं आपके माध्यम से सरकार से निवेदन करना चाहूंगा कि हरियाणा सरकार को भी ओल्ड पैंशन स्कीम को लागू करने के लिए विचार करना चाहिए। यह हमारे प्रदेश के कर्मचारियों के लिए बहुत ही गम्भीर विषय है। अध्यक्ष महोदय, इसके अतिरिक्त खेल कोटा के तहत नौकरी देने की बात आती है। अभी माननीय सदस्य श्री जगबीर सिंह मलिक जी भी सदन में दिखा रहे थे कि इस संबंध में माननीय मुख्यमंत्री जी और माननीय खेल एंव युवा मामले मंत्री जी द्वारा एक ट्विट किया गया था। उन्होंने कहा था कि सभी विभागों की नौकरियों में 3 प्रतिशत खेल कोटा as it is दिया जाएगा। लेकिन इसको केवल 3 विभागों तक ही सीमित करके खिलाड़ियों के साथ अन्याय किया जा रहा है। इसको भी सरकार को दुरूस्त करना चाहिए। इस पर पुनः विचार करके सभी विभागों में खेल कोटा लागू करना चाहिए। इसके अलावा मैं पुलिस विभाग की बात रखना चाहूंगा कि पुलिस विभाग में ज्वाईनिंग करने के लिए संबंधित अभ्यार्थी आंदोलन कर रहे हैं। मैं उन अभ्यार्थियों के संबंध में कहना चाहूंगा कि सरकार उनके लिए माननीय कोर्ट में पूरी तरह से पैरवी करके ज्वाईनिंग करवाने का काम करे। इसी तरह से वर्ष 2019 से आई.टी.आई. इंस्ट्रक्टर्ज की भर्ती प्रक्रिया पूरी हो चुकी है, लेकिन उनकी आज तक ज्वाईनिंग नहीं करवायी गयी है। मैं सरकार से यह निवेदन करना चाहूंगा कि इनकी ज्वाईनिंग करवाने का काम किया जाए। इसके बाद मैं सरकार का ध्यान वी.एल.डी.ए. की पोस्ट की तरफ दिलाना चाहूंगा। यह वी.एल.डी.ए. की पोस्ट ऐसी है कि इसमें कर्मचारी जिस पद पर ज्वाईनिंग करता

है, उसी पद से रिटायर हो जाता है। लेकिन उसको कोई सम्मान का पद नहीं दिया जाता है। इन वी.एल.डी.ए. कर्मचारियों की 4– 5 मांगे हैं और उन पर भी सरकार विचार करके लागू करे। अध्यक्ष महोदय, इसके अतिरिक्त मैं पटवारियों की बात रखना चाहूंगा कि सरकार ने पटवारियों की योग्यता को बारहवीं से बढाकर स्नातक कर दिया है। लेकिन उनका पे स्केल बारहवीं की योग्यता रखने वाले कर्मचारियों के बराबर ही है। इसलिए ये पटवारी भी काफी समय से आंदोलनरत हैं। मेरा कहना है कि इनको स्नातक के बराबर कर्मचारियों का पे स्केल देकर न्याय करने का काम करें। इसके अतिरिक्त एक महत्वपूर्ण बात यह है कि आज पूरे प्रदेश में हमारी पंचायतों के सरपंच त्रस्त हैं और सड़कों पर हैं। मैं निवेदन करना चाहूंगा कि उनको चोर न समझा जाए क्योंकि ये भी लोकतंत्र का अभिन्न अंग हैं। अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से निवेदन करना चाहूंगा कि उनके काम करने की 2 लाख रुपये की पॉवर को बढ़ाकर 20 लाख रुपये करके सम्मान किया जाए। मेरा आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से यह निवेदन है और मैं यह मानता हूं कि इसके लिए पूरा सदन समर्थन करता है।

श्री अध्यक्षः कुंडू जी, आपकी बात पूरी हो चुकी है। प्लीज, अब आप बैठ जाएं।

श्री बलराज कुडूंः अध्यक्ष महोदय, आपने मुझे अपनी बात रखने के लिए समय दिया, इसके लिए आपका धन्यवाद करता हूं।

विकास एवं पंचायत मंत्री (श्री देवेन्द्र सिंह बबली): अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय सदस्य की बात को स्पष्ट करना चाहता हूं। यह माननीय सदस्य का एक कन्फयूजन है। चूंकि इस संबंध में पहले भी एक माननीय सदस्य ने अपनी बात रखी थी और अब माननीय सदस्य श्री बलराज कुंडू जी ने अपनी बात रखी है। सरकार के द्वारा किसी भी चुनी हुई पंचायत की पॉवर कम नहीं की गयी है। हम सिर्फ जो मैन्यूअली प्रोसैस था उसको टैंडर प्रोसैस में लेकर गये हैं। कल माननीय मुख्यमंत्री जी ने उसकी ड्राफ्टिंग रात के 12:00 बजे तक मीटिंग लेकर तैयार करवा ली है। माननीय मुख्यमंत्री जी कल सदन में उसका उल्लेख भी करेंगे। हमने किसी भी सरपंच को चोर नहीं कहा है। माननीय सदस्य स्वयं ही सरपंचों को चोर कह रहे हैं। सरपंच चुने हुए प्रतिनिधि हैं और उनके संवैधानिक राईट्स हैं। सरकार उनके राईट्स को सुरक्षित कर रही है। यह सिर्फ काम की एकाउंटेबिलिटी का मामला है और उसको ठीक करना चाहते हैं। सरकार जीरो टॉलरैंस की नीति पर काम करना चाहती है। पहले जिन सरपंचों ने घपले किये थे उनमें से हजारों सरपंचों की इनक्वायरीज खुली

हुई हैं और उनमें अधिकारी/ कर्मचारी भी शामिल हैं। सरकार ने उन पर कड़ी कानूनी कार्रवाई की है और आगे भी कार्रवाई होती रहेगी। माननीय सदस्य ने जो बात कही है, वह उचित नहीं है। माननीय सदस्य तो स्वयं ठेकेदार हैं और उनको पता है कि संबंधित वर्क्स के लिए ऑनलाईन टैंडर प्रक्रिया होती है। चूंकि हम तो सिर्फ पहले वाले मैन्यूअली प्रोसैस को टैंडर प्रोसैस में लेकर गये हैं। माननीय सदस्य स्वयं ठेकेदार हैं और वे बता दें कि क्या किसी रोड का टैंडर मैन्यूअली होता है ? इस प्रक्रिया में सरकार ने प्रदेश के हित के लिए कुछ बदलाव किये हैं। सरकार जीरो टॉलरैंस की नीति पर काम करना चाहती है। इसके लिए सरकार ने एक कड़ा फैसला लिया है, लेकिन माननीय सदस्य उनको बार– बार चोर बताकर भड़का रहे हैं। अध्यक्ष महोदय, सरकार चुने हुए सरपंचों का सम्मान करती है। हम सिर्फ पहले जो मैन्यूअली प्रोसैस था उसको टैंडर प्रोसैस में लेकर गये हैं। इसके अलावा कोई चेंज नहीं किया है।

श्री दीपक मंगला (पलवल): अध्यक्ष महोदय, आपने मुझे जीरो ऑवर में अपनी बात रखने के लिए समय दिया, इसके लिए आपका धन्यवाद करता हूं। माननीय मुख्यमंत्री जी ने पलवल के हसनपुर रजवाहे की लाईनिंग का काम शुरू करवाया है, इसके लिए मैं माननीय मुख्यमंत्री जी का धन्यवाद करता हूं। पलवल के हसनपुर रहवाहे का जो लाईनिंग का काम चल रहा है, उसके पक्के होने की वजह से लगभग 20 फुट का एक रास्ता/रोड बन जाता है। यह रोड रेलवे स्टेशन से शुरू होकर कैलाश नगर, मोहन नगर, आई.टी.आई. के पीछे, राधा कॉलोनी, महाराणा प्रताप नगर कॉलोनी, वसन्त विहार, प्रकाश विहार, सैक्टर– 2, हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी से होते हुए सोहना रोड तक जाता है। यह सारा घनी आबादी वाला एरिया है। इस रोड के बनने से जो ट्रैफिक शहर के बीचों– बीच से जाता है, वह ट्राफिक इस रोड से होकर बाहर की बाहर ही चला जाएगा। जिससे पलवल शहर में जाम की समस्या से छुटकारा मिलेगा इसलिए मेरी आपके माध्यम से माननीय मुख्यमंत्री जी से मांग है कि इस रोड को जल्दी से जल्दी बनवाया जाये। एक हमारे पलवल में नेता जी सुभाष चन्द्र बोस स्टेडियम है। उस स्टेडियम के चारों ओर ट्रेक बना हुआ है, जो आज टूट गया है और उसकी हालत बड़ी ही जर्जर अवस्था में है। मैंने इस पर एक क्वैश्चन भी लगाया था और माननीय स्पोर्ट्स मंत्री जी ने यह आंसर दिया था कि इसको पी.डब्ल्यू.डी. बनायेगा। मेरी यह मांग है कि हमारा यह ट्रेक जल्दी से जल्दी बनवाया जाये ताकि वहां पर घुमने वाले आम जनमानष को इसकी सुविधाओं का लाभ मिल सके। एक

हमारा पलवल का नैशनल हाईवे है। वहां पर डी.सी. रैजीडैंस में फुट ओवर ब्रिज बनाया जाये क्योंकि जब लोग उस रोड को क्रॉस करते हैं तो उनको बहुत बड़ी दिक्कत आती है। वहां पर एक लड़कियों का स्कूल और एक लड़कों का भी सीनियर स्कूल है। वहां पर आये दिन एक्सीडैंट होते रहते हैं। अगर एक फुट ओवर ब्रिज बन जायेगा तो हमारे पलवल शहर में रहने वाले लोगों को काफी सुविधा मिलेगी। एक हमारे पलवल में खादर का क्षेत्र है, जो यमुना नदी के पार का क्षेत्र है। उस क्षेत्र में बागपुर, सुनहरी नंग्ला, माला सिंह फार्म, सोहन सिंह की ढांडी, भूड खेड़ली, शेखपुर, बहरमपुर, नगलिया, झुप्पा, पहरूखा, भोलडा, सोलडा, राजुपुर खादर, दोस्तपुर इत्यादि गांव हैं। वहां पर स्वास्थ्य सुविधाएं नाममात्र की हैं। अगर वहां पर एक सी.एच.सी. बना दी जाये तो वहां के रहने वाले लोगों को काफी सहूलियत मिलेगी क्योंकि हमारे लोगों को आये दिन पलवल शहर में आने के लिए बहुत दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। अध्यक्ष महोदय, वहां पर कोराना के समय में भी लोगों को बहुत भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा था। हमारे माननीय शिक्षा मंत्री जी भी सदन में बैठे हुए हैं इसलिए मैं आपके माध्यम से कहना चाहूंगा कि हमारे पहरूखा, में प्राईमरी स्कूल है उसकी सारी फॉर्मेलिटीज भी पूरी हो गई हैं और एक वेला में भी प्राईमरी स्कूल है और एक नांगल ब्राहमण मीडिल स्कूल है। अगर ये अपग्रेड हो जायेंगे तो हमारे बच्चों को पढ़ने के लिए अच्छी सुविधा मिलेगी। अध्यक्ष महोदय, हमारे बागपुर में एक स्कूल की बिल्डिंग बनी हुई है। अगर वहां पर लड़कियों के लिए एक स्कूल खुल जाये तो हमारी लड़कियों को पढ़ने के लिए काफी सुविधा होगी। मेरे पलवल विधान सभा क्षेत्र के गांव अल्लिकां, यादूपुर, कारना, राजोलका, ककराली आदि आते हैं हालांकि हथीन विधान सभा क्षेत्र में भी सेम की बहुत बड़ी समस्या है। अगर इन गांवों में बोरवेल लग जायें हालांकि इन गांवों में बोरवेल लगे भी हैं लेकिन और बोरवेल लग जाये तो सेम की समस्या का भी समाधान हो जायेगा। (घंटी) अध्यक्ष महोदय, हमारे पलवल में यमुना नदी के पास ग्राम पंचायत कुशक की लगभग 800 एकड़ जमीन पड़ी हुई है क्योंकि धीरे–धीरे पानी का जलस्तर नीचे जा रहा है। अभी हमारे लिए खेतों में सिंचाई करने के लिए पानी की दिक्कत है क्योंकि आगे आने वाले समय में पीने के पानी की भी दिक्कत होगी। अगर वहां पर पानी को स्टोर करने का प्रावधान हो जाये तो इस समस्या से भी छुटकारा पाया जा सकता है। अध्यक्ष महोदय, आपने मुझे बोलने का मौका दिया इसके लिए मैं आपका बहुत–बहुत धन्यवाद करता हूं।

श्री ईश्वर सिंह (गुहला) (एस.सी.): अध्यक्ष महोदय, आपने मुझे बोलने का समय दिया मैं इसके लिए आपका आभार व्यक्त करता हूं। इस समय मेरे हल्के में सड़कों की बहुत ज्यादा हालत खराब है क्योंकि यह एक अहम ज्वलंत मुद्दा है। वहां पर सड़कों की दशा इतनी खराब है कि कैथल से चीका, खरकां से गुहला और भागल से चीका तक की सड़कें बहुत ही दयनीय दशा में हैं। अध्यक्ष महोदय, मैं इन सड़कों के मुद्दे पर कहना चाहता हूं कि जो सड़कें डी.एल.पी. (डिफैक्ट लायबिलिटी पीरियड) के अंतर्गत आती हैं और आपने भी इस बात का जिक्र किया था। इन सड़कों की रिपयेर करने की लिमिट पांच साल तय की गई है कि यह सड़क सिर्फ पांच साल के लिए बनाई जायेगी। अगर उसके बाद यह सड़क टूट जाये तो इस सड़क को संबंधित ठेकेदार द्वारा नहीं बनाया जाता है। इसकी क्या गारंटी है कि वह सड़क 2 साल, 3 साल के बाद नहीं टूटेगी। अगर सड़क का आधा किलोमीटर का टुकड़ा टूटा हुआ है या खराब हो गया है तो उस पर पैच वर्क का काम कर दिया जाता है और इसमें संबंधित ठेकेदार की रिस्पोंसिबिलिटी बनती थी, उसको इग्नोर कर दिया जाता है। वह सड़क डेढ़ साल या दो साल के बाद ही टूट जाती है तो ऐसे में बाकी बचे हुए 3 साल तक उस सड़क को रिपेयर नहीं किया जाता है। सड़क टूटने के कारण लोगों को आये दिन मुसीबतों का सामना करना पड़ता है और उन लोगों के 3 साल तो टूटी हुई सड़क पर ही निकल जाते हैं। सड़कों की ऐसी हालत मेरे हल्के में नहीं बल्कि बाकी हल्कों में भी जस की तस बनी हुई है। मेरा इसमें कहना है कि अगर पांच साल पहले सड़क टूटती है तो संबंधित ठेकेदार की सिक्योरिटी जब्त की जाये या फिर ठेकेदार की जो आमदनी है उस पर पाबंदी लगाई जाये कि आपको आपकी आमदनी का तीसरा हिस्सा तब मिलेगा जब सड़क को बने हुए 5 साल पूरे हो जायेंगे। मेरा यह सुझाव है। अध्यक्ष महोदय, इस तरह से तो ठेकेदारों ने सिस्टम या फैशन बना लिया है कि अगले 5 साल तक सड़क नहीं बनानी पड़ेगी और इस सड़क बनाने का नम्बर 5 साल बाद आयेगा। जिसके कारण लोग टूटी हुई सड़कों पर चलने को मजबूर हो जाते हैं और धीरे–धीरे इन सड़कों पर गड्ढे पड़ जाते हैं इसलिए इन सड़कों की दशा बहुत ज्यादा खराब हो जाती है।अब तो सड़कों पर तारकोल भी नहीं डाला जाता, तारकोल के बजाया तेल–सा आ गया है। जिससे सड़कें बनने के दो–तीन महीने बाद ही टूटना शुरू हो जाती हैं। अब सड़कें बनाने में पहले प्रयोग में ली जाने वाली सामग्री ही नहीं रही।

श्रीमती किरण चौधरीः अध्यक्ष महोदय, मेरा इस संबंध में एक सुझाव है कि जो ठेकेदार इस प्रकार की सड़क बनाते हैं, उन्हें ब्लैकलिस्ट कर दिया जाए।

श्री ईश्वर सिंहः अध्यक्ष महोदय, मेरे हल्के में सबसे जरूरी यह था कि वहां पर ठेकेदारों ने सड़क बनाई तो वहां के जिम्मेदार लोग कमिशन खाते रहे। अध्यक्ष महोदय, या तो वे सड़क पक्की हो गयी या फिर उनका कमिशन खाया गया। अध्यक्ष महोदय, मैं अपनी दूसरी बात फोरलेन से संबंधित है उसके बारे में कहना चाहूंगा कि करनाल से कैथल तक यह फोरलेन बनकर आ गई। मेरा हल्का चीका जो पटियाला के साथ लगता है लेकिन फोरलेन को कैथल में ही रोक दिया गया। अगर इस फोरलेन को कैथल से चीका तक बना दिया जाता और बॉर्डर तक पहुंचा दिया जाता तो स्टेट की वाह–वाह हो जाती और लोगों को सहूलियत भी मिलती। इसमें सबसे बड़ी बात यह है कि इस फोरलेन को रोकने का कारण क्या है ? जब फोरलेन बनते–बनते आ गई तो इसे कैथल से चीका तक बनाने में क्या एतराज था, क्या कारण था, इसे बनाने से क्यों रोका गया ? अध्यक्ष महोदय, तीसरी सबसे बड़ी समस्या मेरे हल्के के दो ब्लॉकों में डार्क जोन से संबंधित है। इसमें पहला ब्लॉक सीवण तथा दूसरा गुहला है इन ब्लॉकों में तीन सालों से कनैक्शन देना बंद किया हुआ है, जबकि ये ब्लॉक पहले से ही डार्क जोन में हैं इनमें पहले से ही समस्या खड़ी हुई है और हमारा पैडी का एरिया है वहां बड़ी मात्रा में जीरी लगायी जाती है, लेकिन बिना कनैक्शन मिले जीरी कैसे लगायी जाएगी। इसलिए कनैक्शन देने पर जो पाबंदी लगाई गई है, वह पाबंदी हटाई जाए। अध्यक्ष महोदय, हमारी म्युनिसिपल कमेटी की जमीन का मेरे लिए बड़ा अहम मुद्दा है। म्युनिसिपल कमेटी की जमीन पर पुराना बस अड्डा बन गया था। वह बस अड्डा चला नहीं और अब वह 11 साल से खस्ताहाल में है। अब नया बस अड्डा बन गया और वह जमीन खाली हो गई है। वह जमीन म्युनिसिपल कमेटी के रिकॉर्ड में भी है, इसलिए इस जमीन को म्युनिसिपल कमेटी को वापस करवाया जाए। अध्यक्ष महोदय, एट्रोसिटी एक्ट के अन्दर केस बहुत ज्यादा बढ़ रहे हैं इनको बंद किया जाए। धन्यवाद।

श्रीमती किरण चौधरी (तोशाम): अध्यक्ष महोदय, आप बहुत गरिमामय पद पर बैठे हुए हैं। माननीय सदस्य द्वारा सदन में सड़क का मुद्दा उठाया है, यह बहुत ही गंभीर मामला है। सड़कों के मामले में यही हाल सारे हल्कों के साथ हो रहा है कि इनको बनाने में कमीशन खाया जाता है, जिससे सड़कें बनने के दो या तीन साल के अन्दर ही तहस–नहस हो जाती हैं। अध्यक्ष महोदय, मैं आपसे अनुरोध करना चाहूंगी कि

सरकार द्वारा कोई ऐसा प्रावधान बनाया जाए कि जिस भी ठेकेदार को सड़क बनाने का टेंडर दिया गया है, अगर वह सड़कों को ठीक तरह से नहीं बनाता तो उसे ब्लैकलिस्ट किया जाए ताकि वह अगली बार सड़क नहीं बना पाए। जिससे पूरे हरियाणा के अन्दर यह मैसेज जाए कि जो भी ठेकेदार ठीक तरह से सड़क नहीं बनायेगा उसे ब्लैकलिस्ट कर दिया जाएगा। अध्यक्ष महोदय, अगर आप इस विषय को अपनी तरफ से लेंगे तो यह बहुत बड़ी बात होगी।

श्रीमती सीमा त्रिखा (बड़खल): अध्यक्ष महोदय, आज मैं जीरो आवर की शुरुआत अपने दो अल्फाजों से शुरू करना चाहती हूं। मैं सिर्फ और सिर्फ थैंक्यू श्री मनोहर जी बोलकर अपने शब्दों को आगे बढ़ाना चाहती हूं। मैं फरीदाबाद के बड़खल विधान सभा क्षेत्र से चुनकर आती हूं। बड़खल विधान सभा क्षेत्र में माननीय मुख्यमंत्री जी की तरफ से अनेकों सौगाते दी हैं जिसके लिए मैंने थैंक्यू श्री मनोहर जी कहा है। बड़खल का सब–डिविजन बनना, पासपोर्ट ऑफिस आना और उसके बाद में अपने आप में नायाब किस्म का हरियाणा का पहला पी.पी.पी. मोड पर बस अड्डा बना जिसका हाल ही में बड़खल विधान सभा क्षेत्र में शुभारंभ किया गया है। उसके लिए भी मैं माननीय मुख्यमंत्री जी को धन्यवाद देना चाहती हूं। इसके अलावा बड़खल को तीन नए बिजली के सब–स्टेशंज मिले हैं। जिनमें से एक सब–स्टेशन का निर्माण कम्पलीट हो चुका है, दूसरे सब–स्टेशन का निर्माण प्रक्रियाधीन है तथा तीसरे सब–स्टेशन के लिए जगह दी जानी है। अध्यक्ष महोदय, सबसे बड़ा मुद्दा जो कि मुझे लगता है कि पिछले 70 सालों से कोई सॉल्व नहीं कर पाया था, यह मुद्दा स्वामित्व योजना के तहत लीज दुकानों का फ्री होल्ड करना जिसने बहुत सारे परिवारों को सुविधा दी है। अध्यक्ष महोदय, इससे आगे मैं जोड़ना चाहती हूं बड़खल झील को आगे बढ़ाने व एस. टी.पी. बनाने को। अध्यक्ष महोदय, मैं सबसे ज्यादा सोचती हूं कि हरियाणा सरकार देश में आगे पहुंचाने में ट्रांसपेरेंसी और क्रप्शन फ्री व्यवस्था करना है और इसके साथ–साथ बाकी देशों से हम आगे बढ़ें हैं। उसमें 1.80 लाख रुपये सालाना कमाने वाले को गरीबी रेखा में लेकर आने के लिए मैं धन्यवाद देती हूं। जिसकी वजह से अनेकोंनेक परिवारों को सुविधा लाभ पहुंचेगा। मैं आपके माध्यम से चिरायु हरियाणा, निरोगी हरियाणा ये सभी ऐसी चीजें हैं जिनकी हम कल्पना भी नहीं कर सकते। इसके साथ ही साथ सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों को टैबलेट्स बांटने में भी पूरे देश में पहला प्रदेश बना। बहुत सारी चीजें ऐसी आई जिनमें आज हरियाणा पूरे देश में अपने आप में मॉडल बनकर उभरा है। मैं समझती हूं कि आज भी कुछ चीजें

ऐसी हैं जिनके मामले में हमें कुछ और मशक्कत करने की जरूरत है। मैं आपके माध्यम से उनकी तरफ सरकार का ध्यान दिलाना चाहूंगी। माननीय मुख्यमंत्री जी ने जे.सी. बोस यूनिवर्सिटी की हमारी डिमाण्ड को स्वीकार किया और उन्होंने वहां पर खुद विजिट भी की। मैं यह चाहती हूं कि इस काम का जल्दी से जल्दी शिलान्यास करवाया जाये। इसके साथ–साथ बड़खल झील के जीर्णोद्धार का कार्य चल रहा है। उसमें मैं चाहूंगी कि हमारे टूरिज्म मिनिस्टर यहीं पर बैठे हैं जो इतने पुराने वहां पर होटल्ज बने हुए हैं और उसके रखरखाव का कार्य टूरिज्म डिपार्टमैंट के माध्यम से होना है। मैं एक बात ये और कहना चाहूंगी कि यू.एल.बी. के मिनिस्टर डॉ. कमल गुप्ता जी भी वहां पहुंचकर इस काम को गति दिलवायें। मैं आपके माध्यम से बोलना चाहती हूं कि मैं आदरणीय मोदी जी का धन्यवाद करना चाहती हूं कि जो आज शायद हर किसी की जुबान पर होगा। जो हमारे साहेबजादे शहीदी में गिने गये उनके शहीदी दिवस को जो उन्होंने वीर बाल दिवस के रूप में मनाने की घोषणा की उसके लिए मैं उनका धन्यवाद करती हूं और साथ ही साथ मैं अपने मुख्यमंत्री जी से मांग करती हूं कि सैक्टर–21, फरीदाबाद में उनके नाम से एक गुरूद्वारा साहब और साथ ही साथ मैं यह भी कहना चाहूंगी कि एस.जी.एम. नगर में हमारे यहां पर 50 हजार से अधिक परिवार रहते हैं लेकिन उनके बच्चों की पढ़ाई के लिए वहां पर कोई बढ़िया सरकारी स्कूल नहीं है। वहां पर एक 200 या 250 गज का स्कूल है उसको 12वीं तक का कर दिया जाये। इसके साथ ही साथ मैं स्पोर्ट्स कॉम्पलैक्स को भी दोबारा बनाने की मांग करती हूं और साथ–साथ अपने अंतिम शब्दों के रूप में मैं यह कहना चाहूंगी कि जब राजा राजनीतिक न होकर सामाजिक हो जाता है तो मैं सोचती हूं कि समाचार–पत्र भी सामाजिक हो जाते हैं। वो भी राजनीति का राजनीतिक तरीके से तो प्रस्तुतिकरण करते हैं पर समाज को भी आगे लेकर जाते हैं। यह बात इसलिए मेरे जहन में आई क्योंकि नरेन्द्र गुप्ता जी ने दैनिक जागरण अखबार की बात की है तो मैं दैनिक जागरण का भी धन्यवाद करना चाहती हूं। आपका बहुत–बहुत धन्यवाद।

श्री सुरेन्द्र पंवार (सोनीपत) : अध्यक्ष जी, आपने मुझे बोलने के लिए समय दिया सबसे पहले इसके लिए आपका धन्यवाद। मैं आपके माध्यम से सरकार का ध्यान इस विषय की ओर दिलाना चाहूंगा कि जब वर्ष 2014 में सोनीपत नगर निगम बना उस समय उसमें 26 गांवों को लिया गया था। उस समय उन 26 गांवों ने इसका विरोध किया था कि वे नगर निगम, सोनीपत में नहीं आना चाहते क्योंकि इन सभी गांवों में पंचायत

भी थी और पंचायत का बजट भी था। इन सभी गांवों में पंचायत की जमीनें भी थी लेकिन उस समय सरकार ने उनमें से सिर्फ 13 गांव ही निकाले और 13 गांवों को यह कहते हुए नगर निगम में लिया था कि उनसे एक तो कभी हाउस टैक्स नहीं लिया जायेगा, जो पंचायत का पैसा होगा वह गांव में ही खर्च किया जायेगा, बिजली निगम की ओर से जो एम.सी. टैक्स है वह नहीं लगेगा। गांव की फिरनी से बाहर के लोगों का भी कोई प्रॉपर्टी टैक्स नहीं लगेगा लेकिन उसके बाद उन सभी गांवों में प्रॉपर्टी टैक्स लगाया गया। जिन व्यक्तियों के पास एक भैंस और एक गाय दो पशु बंधे हुए हैं उसको डेयरी के तौर पर काउंट करके मालिक से कमर्शियल टैक्स लिया जा रहा है। उन गांवों की यह मांग है कि जब उन्हें नगर निगम, सोनीपत में शामिल किया गया था उस समय जो शर्तें रखी गई थी उनको माना जाये। इन सभी गांवों के लोगों का यह कहना है कि अगर सरकार उनकी इस बात को नहीं मानती है तो उन्हें इसका विरोध करना पड़ेगा और उन्हें सड़कों पर आना पड़ेगा। अध्यक्ष जी, मेरा आपके माध्यम से सरकार से निवेदन है कि जिन शर्तों पर उन गांवों को नगर निगम में शामिल किया गया था उन शर्तों को माना जाये। दूसरी बात मैं यह कहना चाहता हूं कि आज सबसे बड़ी समस्या जो पुरानी कालोनियां हैं जैसे हमारे सोनीपत में वैस्ट राम नगर, राम नगर, दहिया कालोनी, देव नगर, विकास नगर मालवीय नगर, गढ़ी ब्राह्मणा, कालूपुर, मोहन नगर, बाबा कालोनी, आदर्श नगर, न्यु जीवन नगर, न्यु ब्रह्म कालोनी, सिक्का कालोनी, जनता कालोनी सहित अन्य बहुत सी कॉलोनियां जोकि करीब–करीब 40 साल से बसी हुई हैं। उस समय लोगों को यह पता नहीं होता था कि इंतकाल भी चढ़वाना होता है। उन्होंने रजिस्ट्रियां करवा ली लेकिन इंतकाल नहीं चढ़वाया। उस समय रजिस्ट्रियां होती रही लेकिन अब यह बहुत भारी समस्या आ रही है। अब बिना इंतकाल के आगे उनकी रजिस्ट्रियां नहीं हो रही हैं और अब वह इंतकाल इसलिए नहीं चढ़ रहा है क्योंकि अब उस एक खेवट में जमीन नहीं बची हुई है। आज लोग पटवारी के पास चक्कर लगा रहे हैं। अगर किसी की अधिक पैसा देने की क्षमता है तो पटवारी कोई न कोई रास्ता निकाल कर उसका इंतकाल चढ़ा देता है अन्यथा हजारों लोग आज धक्के खा रहे हैं। इस बारे में मेरा एक सुझाव है कि जब सरकार पोर्टल बना रही है तो जिन रजिस्ट्रियों का इंतकाल नहीं चढ़ा हुआ है उनका एक अलग से पोर्टल बना दिया जाये जिससे उनको रजिस्ट्री करवाने में असुविधा न हो। अब चूंकि उस खेवट में जमीन नहीं बची हुई है इसलिए उनका इंतकाल नहीं चढ़ पायेगा। यह एक गम्भीर समस्या है और पूरे हरियाणा में लोग

इससे परेशान हैं इसलिए इस समस्या का कोई न कोई समाधान अवश्य निकाला जाए। इसी प्रकार से सोनीपत में बेसहारा पशुओं की गम्भीर समस्या है। सोनीपत में सड़कों पर बहुत सारे बेसहारा पशु घूमते हैं जिससे हर रोज एक्सीडैंट्स हो रहे हैं तथा लोगों की जान जा रही हैं इसलिए इस मामले में किसी न किसी की जिम्मेदारी तय की जाये। मैं तो यह कहता हूं कि उपायुक्त की ही जिम्मेदारी तय की जाये कि सड़कों पर बेसहारा पशु दिखाई न दें। इसी प्रकार से मैं आपके माध्यम से सरकार से निवेदन करता हूं कि धार्मिक, सामाजिक और चैरिटेबल संस्थाओं की प्रॉपर्टी पर प्रॉपर्टी टैक्स माफ किया जाये क्योंकि ये सभी संस्थायें सामाजिक और चैरिटेबल के काम करती हैं। इसी प्रकार से सोनीपत में सैक्टर के जितने भी मास्टर रोड्स हैं वे बनवाये जायें। मैं पिछले 3 साल से विधान सभा में यह प्रश्न उठा रहा हूं लेकिन आज तक किसी भी सैक्टर का मास्टर रोड नहीं बना है इसलिए उनको शीघ्रातिशीघ्र बनवाया जाये।

श्री अमरजीत ढांडा (जुलाना): अध्यक्ष महोदय, आपने मुझे शून्यकाल पर बोलने के लिए समय दिया उसके लिए मैं आपका धन्यवाद करता हूं। मेरा निर्वाचन क्षेत्र जुलाना फ्लड से बहुत बुरी तरह से प्रभावित है। अब सरकार की तरफ से इस बाढ़ का जो समाधान किया गया है उससे लगभग 80 प्रतिशत कार्य हुआ है। जुलाना में पहली बार ऐसा हुआ है कि धान की कटाई भी समय पर अच्छी तरह से हो गई और गेहूं की बिजाई भी सही समय पर हो गई है इसके लिए मैं सरकार का धन्यवाद करता हूं। लेकिन अभी इसका 80—85 प्रतिशत कार्य हुआ है। इसके आगे के ऐजेंडे बन चुके हैं और अगर 60—65 करोड़ रुपया सरकार की तरफ से और जारी हो जाये तो इसका स्थाई समाधान हो सकता है। इसके अतिरिक्त मेरे निर्वाचन क्षेत्र के कुछ गांव ऐसे हैं जिनमें सिंचाई के पानी की दिक्कत है। उनमें से कुछ गांव तो जीन्द ब्लॉक में पड़ते हैं और एक गांव जुलाना ब्लॉक में पड़ता है। इस समस्या के समाधान के लिए बरौली माइनर है जो चौधरी भूपेन्द्र सिंह हुड्डा जी की सरकार के समय में पास हुई थी लेकिन किसी कारण से वह बन नहीं पाई थी इसलिए उसको जल्दी बनवाया जाये ताकि लोगों को सिंचाई के लिए पानी मिल सके। इसी तरह की एक माइनर करेला माइनर है जो पास हो गई है लेकिन बन नहीं पाई है इसलिए मैं आपके माध्यम से माननीय मुख्यमंत्री जी से कहना चाहता हूं कि उक्त दोनों माइनर्स को यथाशीघ्र बनाया जाये ताकि लोगों की प्यासी जमीनों को पानी मिल सके। किसान देश का अन्नदाता है और अगर किसान की फसल अच्छी होगी तो वह सभी का पेट भर

सकेगा। अध्यक्ष महोदय, कुरूक्षेत्र से नारनौल जो 152–डी तथा गोहाना से जीन्द 352 सड़क बनी हैं यह सरकार ने बहुत अच्छा काम किया है लेकिन मेरे निर्वाचन क्षेत्र की कुछ सड़कें तो बन चुकी हैं लेकिन मार्केटिंग बोर्ड की सड़कों पर अभी काम शुरू नहीं हुआ है। मुझे कल पता चला है कि मेरे हल्के की 11 सड़कें पास की गई हैं लेकिन अभी भी 11 सड़कें बची हुई हैं इसलिए उनको भी पास किया जाये। जो 11 सड़कें बची हुई हैं उनमें फतेहगढ़ से लिजवाना कलां, पोली से धनाणा वाया हथवाला, देशखेड़ा से देवड़, निन्दाना से ललित खेड़ा, रामकली से करसोला, देवड़ से माली वाया कमासखेड़ा, सामलो खुर्द से रधाना, खरैंटी से उगालन, सुन्दरपुर से सिवाया, डिगाना से नंदगढ़ तथा रामराय खेड़ा से रामगढ़ शामिल हैं। इन सड़कों पर पैदल चलने का रास्ता भी नहीं है इसलिए मेरा आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से निवेदन है कि इन 11 सड़कों को पास किया जाये। इसी प्रकार से गतोली गांव ने लड़कियों के कॉलेज के लिए वर्ष 2019 में 10 एकड़ जमीन दी थी और यहां पर शिक्षा मंत्री जी बैठे हुए हैं उस कॉलेज को बनाने के लिए हां की गई थी लेकिन अभी तक उस पर काम नहीं हुआ है। अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से मंत्री जी से कहना चाहता हूं कि गतौली में एक लड़कियों का कॉलेज बनाया जाए और उसका काम इसी वर्ष 2021–22 में शुरू करवाया जाए। जहां तक सरपंचों की बात है सरपंच गांव का जनप्रतिनिधि होता है जिसको गांव ने गांव की जिम्मेवारी दी है और हमें हल्के की जिम्मेवारी दी है। ठेकेदार काम करके चले जाते हैं। कोई गेट लगाकर नहीं गया, कोई टुंटी लगाकर नहीं गया, कोई दीवार पूरी करके नहीं गया तो उस संबंध में या तो सरपंच गाली खाएगा या फिर एम.एल.ए. गाली खाएगा क्योंकि गांव में सरपंच रहता है और एम.एल.ए. का भी गांव में आना–जाना रहता है। अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से मंत्री जी को कहना चाहता हूं कि सरपंच को 20 लाख रुपये खर्च करने की पावर दी जाए। अगर हम किसी गांव में जाते हैं तो वहां कोई बुजुर्ग कहता है कि बेटा एक किले की दूरी के लिए गली बनवा दे, दो किले की दूरी के लिए गली बनवा दे लेकिन वह हम बनवा नहीं पाते हैं क्योंकि टैंडर प्रक्रिया ही ऐसी है। मेरी विधान सभा में एक साल से आज भी आठ करोड़ रुपये के काम बाकी हैं। वहां पर कोई टैंडर भी नहीं लगे और बिल्कुल धीमी प्रक्रिया है। मैं आपके माध्यम से मंत्री जी को कहना चाहता हूं कि आप सरपंच को 20 लाख रुपये की पावर दे दीजिए उससे विकास कार्य हो जाएंगे क्योंकि पीछे कोरोना काल में व किसान आन्दोलन के समय काम नहीं हो पाए थे। आपका बहुत–बहुत धन्यवाद।

श्री प्रवीन डागर (हथीन) : माननीय अध्यक्ष महोदय, आपने मुझे बोलने का समय दिया, आपका बहुत–बहुत धन्यवाद। मैं आपके माध्यम से माननीय मुख्यमंत्री जी के संज्ञान में एक बात लाना चाहता हूं जो पूरे प्रदेश के हित में है। हमारे जो किसान सेम की समस्या से पीड़ित हैं उनके लिए कोई ऐसी योजना तैयार करवाई जाए जिससे हमारे उन किसानों को सेम की समस्या से निजात मिल सके। अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से कहना चाहता हूं कि पूरे प्रदेश के अन्दर लाखों एकड़ भूमि सेम की समस्या से पीड़ित है। उस पर हमारे माननीय मुख्यमंत्री जी ने बड़ी तेजी से कार्य किये हैं लेकिन फिर भी अभी वह कार्य ना काफी हैं क्योंकि मेरा हथीन क्षेत्र सेम की समस्या से बहुत पीड़ित है। आज सुबह भी हमारी इस विषय पर माननीय मुख्यमंत्री जी से चर्चा हुई थी कि जहां–जहां किसान सेम की समस्या से पीड़ित हैं उन किसानों को उचित मुआवजा दिया जाए। दूसरा जो भी किसान सीजनेबल या स्थाई रूप से बिजली के कनैक्शन लेना चाहें तो उन किसानों को मुफ्त में बिजली के कनैक्शन दिये जाएं जिससे वे ट्यूबवैल चलाकर वहां के पानी के लैवल को नीचे कर सकें। अध्यक्ष महोदय, पिछले बजट सत्र के दौरान माननीय मुख्यमंत्री जी ने हमारे पलवल जिले को एक मैडिकल कॉलेज की सौगात दी थी लेकिन अभी तक उस मैडिकल कॉलेज पर कोई कार्य नहीं हुआ है। अतः उस कॉलेज के निर्माण कार्य के लिए जल्दी से बजट का प्रावधान किया जाए और निर्माण कार्य शुरू करवाया जाए। अध्यक्ष महोदय, मेरे हथीन क्षेत्र के आस पास एक मुम्बई–वड़ोदरा एक्सप्रैस–वे, एन.एच, के.एम.पी. आदि रोडज निकल रहे हैं। वहां पर कनैक्टिविटी की एक बहुत बड़ी मांग काफी समय से चली आ रही है। माननीय उप–मुख्यमंत्री जी ने भी पिछले बजट सत्र में आश्वासन दिया था कि आपकी उस मांग को पूरा करवाया जाएगा लेकिन अभी तक हमारी वह मांग पूरी नहीं हुई है। मैं आपके माध्यम से कहना चाहता हूं कि जो जमीन की उपलब्धता की बात है तो हम किसानों को एग्री करके ई–भूमि पोर्टल के माध्यम से जमीन भी उपलब्ध करवा देंगे। हमारी इस कनैक्टीविटी की मांग को माननीय मुख्यमंत्री जी व माननीय उप मुख्यमंत्री जी जल्दी पूरा करवाएं क्योंकि हमारे हल्के की यह एक बहुत बड़ी मांग है। अध्यक्ष महोदय, एक नूंह–पलवल स्टेट हाई–वे को चौड़ा करने के लिए ऐस्टीमेट पास हुआ पड़ा है इस पर भी जल्दी से जल्दी निर्माण कार्य करवाया जाए। मेरे क्षेत्र में हथीन नगरपलिका के अपने आय के स्त्रोत नहीं हैं इसलिए उस नगरपालिका को विकास कार्यों के लिए कम से कम 15 करोड़ रुपये दिये जाएं और एक सीवर साफ करने की मशीन भी उपलब्ध करवाई जाए। मेरे हथीन

विधान सभा क्षेत्र में लगभग 106 ग्राम पंचायतें हैं और सभी ग्रामीण क्षेत्रों में बहुत बड़ी–बड़ी समस्यायें हैं। अध्यक्ष महोदय, जो जल जीवन मिशन के तहत पाइप लाइनें डाली गई हैं, इन पाइप लाइनों को डालने के बाद ही हमारे यहां सारे रास्ते, नालियां और गलियां खराब हो गई हैं। मेरा सदन के माध्यम से अनुरोध है कि इनको दुरूस्त करवाने के लिए लगभग 20 करोड़ रूपये का बजट मंजूर करने का काम किया जाये। गांव मानपुर मेरे हल्के का बहुत बड़ा गांव है। वहां पर एक डिग्री कालेज मंजूर किया जाये। गुरूग्राम कैनाल जो हमारे इलाके से होते हुए राजस्थान तक जा रही है, इसके लिए कंक्रीट लाइन की मंजूरी दी जाये। गांव मंडकोला को तहसील का दर्जा दिया जाये और यहां पर कृषि विज्ञान केन्द्र को डिग्री कालेज भी बनाया जाये। अध्यक्ष महोदय, मैं मंगला जी की एक मांग का भी समर्थन करता हूँ कि यमुना के उपर एक बैराज बनाया जाये जिससे हमारे इलाके में वाटर लैवल की समस्या खत्म हो सकेगी। अध्यक्ष महोदय, आपने मुझे बोलने के लिए समय दिया इसके लिए आपका बहुत–बहुत धन्यवाद।

―――――――――

कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री द्वारा दोपहर भोज के लिए आमंत्रण

श्री अध्यक्षः माननीय सदस्यगण, अब माननीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री जी एक घोषणा करेंगे।

कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री (श्री जय प्रकाश दलाल): अध्यक्ष महोदय, मेरी हरियाणा विधान सभा के सभी माननीय सदस्यों, अधिकारी साहेबान व सभी पत्रकार बंधूओं से प्रार्थना है कि आज मिलेट्स भोजन का आयोजन किया गया है। इसके लिए आप सभी सादर आमंत्रित हैं।

――――――――――

बैठक का स्थगन

श्री अध्यक्षः माननीय सदस्यगण, अब सदन की कार्यवाही दोपहर भोज के लिए 1 घंटे के लिए स्थगित की जाती है।

*01.30 बजे

(तत्पश्चात् सभा मध्याहन पश्चात 14.30 बजे तक के लिए *स्थगित हुई।)

दयाल सिंह पब्लिक स्कूल, पानीपत के अध्यापकगण एवं विद्यार्थियों का अभिनंदन

श्री अध्यक्षः माननीय सदस्यगण, आज सदन की कार्यवाही देखने के लिए दयाल सिंह पब्लिक स्कूल, पानीपत के अध्यापकगण एवं विद्यार्थी दर्शक दीर्घा में उपस्थित हैं। मैं अपनी तथा सदन की तरफ से इनका अभिनंदन करता हूँ।

ध्यानाकर्षण प्रस्ताव–

(i) राज्य में हरियाणा कौशल रोजगार निगम के द्वारा भर्ती संबंधी

श्री अध्यक्षः माननीय सदस्यगण, मुझे श्रीमती किरण चौधरी, विधायक द्वारा राज्य में हरियाणा कौशल रोजगार निगम के द्वारा भर्ती से संबंधित ध्यानाकर्षण सूचना संख्या–17 प्राप्त हुई है। मैंने इसको स्वीकार कर लिया है।

इसी प्रकार से ध्यानाकर्षण सूचना संख्या–28 जोकि श्री बलराज कुंडू, विधायक द्वारा दी गई है, समान विषय का होने के कारण इसे ध्यानाकर्षण सूचना संख्या–17 के साथ जोड़ दिया गया है। श्री बलराज कुंडू, विधायक चर्चा के समय प्रश्न पूछ सकते हैं।

इसी प्रकार से अल्प अवधि सूचना संख्या–2 जोकि श्री भारत भूषण बतरा, विधायक तथा अन्य दो विधायकों सर्वश्री वरूण चौधरी तथा आफताब अहमद जी द्वारा दी गई है। इसे ध्यानाकर्षण सूचना संख्या–42 में परिवर्तित कर दिया गया है और समान विषय का होने के कारण इसे ध्यानाकर्षण सूचना संख्या–17 के साथ जोड़ दिया गया है। श्री भारत भूषण बतरा, विधायक तथा अन्य दो विधायक भी इस पर अपनी सप्लीमैंट्री पूछ सकते हैं। अब श्रीमती किरण चौधरी, विधायक अपनी ध्यानाकर्षण सूचना पढ़ें।

श्रीमती किरण चौधरीः अध्यक्ष महोदय, प्रदेश में कौशल रोजगार निगम के तहत होने वाली भर्तियों के बारे इस महान सदन का ध्यान एक अति लोक हित के विषय की ओर दिलाना चाहती हूँ कि कौशल रोजगार निगम में पढ़े–लिखे युवाओं को कम वेतन पर रोजगार देकर एक तरह से सरकार द्वारा उनके भविष्य के साथ खिलवाड़ करने का ही काम किया जा रहा है। ऐसा लगता है यह निगम पढ़े–लिखे युवाओं का शोषण करने के लिए ही बनाया गया है। इसमें आरक्षण देने की भी सही ढंग से पालना नहीं हो पा रही है और न ही इसमें किसी तरह की पारदर्शिता बरती जा रही है। कौशल रोजगार निगम में भर्तियों के नाम पर सरकार युवाओं के साथ धोखा करने का काम

कर रही है। इस निगम के तहत सरकार ठेका प्रथा को बढ़ावा देने का काम कर रही है जिससे हमारे युवा मानसिक, शारीरिक और आर्थिक तौर पर अपने आपको पीड़ित महसूस कर रहे हैं। हाल ही में जो टी.जी.टी. और पी.जी.टी. की भर्तियां की गई हैं, उनमें भी नियमों की सरासर अनदेखी की गई है। इस निगम के तहत आनन–फानन में बिना किसी प्रक्रिया के पालन किए भर्तियां की जा रही हैं। जिन लोगों को भर्ती किया गया है, उनको दूर–दराज के स्टेशन दिये जाते हैं। बहुत सी नौकरियों में तो पेरेट्स डिस्ट्रिक्ट में पोस्ट खाली होने के बावजूद भी दूसरे जिलों में नौकरियां देने का काम किया जा रहा है। ऐसा करके सरकार पक्की नौकरियों के साथ–साथ दलित व पिछड़े वर्गों का आरक्षण भी खत्म करने का प्रयास कर रही है। आज के दिन करीब 180000 से ज्यादा विभिन्न कैटेगरीज के बहुत से विभागों में पद खाली पड़े हुए हैं औरा सी.एम.आई. के आंकड़ों के अनुसार प्रदेश 30.6 प्रतिशत की बेरोजगारी दर झेल रहा है। सरकार कोई भी भर्ती करती है तो उसकी ज्वाईनिंग समय पर नहीं दे पाती और कई भर्तियों में ऐसी खामियां पाई जाती हैं जो कोर्ट द्वारा निरस्त कर दी जाती है। आज युवा निराश एवं हताश है क्योंकि उन्हें अपने जीवन यापन के लिए कोई पथ दिखाई नहीं दे रहा है। अतः मैं सरकार से अनुरोध करूंगी कि इस विषय को अत्यंत गंभीर मानते हुए एक रोडमैप तैयार करके समयबद्ध तरीके से रिक्त पद भरे जाएं। अध्यक्ष महोदय, सरकार द्वारा सी.ई.टी. (कॉमन एलिजिबिलिटी टैस्ट) लिया जा रहा है उसके विषय में मेरा कहना है कि यह टैस्ट हर साल लिया जाना चाहिए ताकि बच्चों को इसका लाभ मिल सके । इसमें सरकार ने 3 साल की जो अवधि दी है वह सही नहीं है क्योंकि बाद में जो बच्चे आएंगे वे कहां जाएंगे ? अतः इसमें जो अनियमिताएं हैं उनकी ओर भी ध्यान दिया जाए । हरियाणा कौशल रोजगार निगम के तहत प्राइवेट एक्सपीरियंस रखने वाले युवाओं को नहीं लिया जाता है । अतः इसमें उनको भी लिया जाए । इसका मतलब यह है कि इसके तहत जिन युवकों को नौकरियां मिलेंगी उनको आगे बढ़ोतरी के लिए कोई साधन नहीं मिलेंगे । अतः यह प्रावधान डालना भी बहुत जरूरी है कि जो अच्छा काम कर रहे हैं और मैरिट में आ रहे हैं इसमें उनको भी लिया जाए ताकि उनको भी यह आशा रहे कि हमारा भविष्य अच्छा होगा । इस समय सदन में माननीय मुख्य मंत्री महोदय बैठे हुए हैं । मैं उनको बताना चाहती हूं कि जब रोडवेज की स्ट्राइक हुई थी तो अनेक प्राइवेट ड्राइवर्ज और कंडक्ट्र्ज को बुलाकर बसों को चलवाया गया था । उन ड्राइवर्ज और कंडक्ट्र्ज ने मुझे बताया कि उनको यह आश्वासन दिया गया था कि उनको भी इसमें शामिल

किया जाएगा । बहुत–से ड्राइवर्ज को तो सरकार ने ले लिया है लेकिन जिन्होंने बुरे समय में सरकार का साथ दिया था मेरा कहना है कि उनको भी हरियाणा कौशल रोजगार निगम के तहत शामिल किया जाए । अध्यक्ष महोदय, मैं पूछना चाहती हूं कि कैंडीडेट्स की जब शॉर्ट लिस्टिंग की जाती है तो हरियाणा कौशल रोजगार निगम में ऐलिजिबिलिटी क्राइटेरिया फिक्स क्यों नहीं किया गया ? हरियाणा कौशल रोजगार निगम में ऐलिजिबिलिटी क्राइटेरिया फिक्स होना चाहिए था । इसके अलावा मेरा कहना है कि सरकार के हर काम में पारदर्शिता होनी चाहिए । जो मैरिट लिस्ट बनती है उसको सभी को क्यों नहीं दिखाया जाता ताकि सभी को पता चले कि कौन मैरिट बेस पर आया है और किसन बैकडोर से एंट्री की है । अतः ये सब चीजें दर्शाई जानी चाहिए । मैं पूछना चाहती हूं कि उनको लगाने के लिए क्या प्रोसीजर फॉलो किया गया है for verification of character and antecedents of the applicants ? क्या क्राइटेरिया फॉलो किया गया है ? मैं पूछना चाहती हूं कि हरियाणा कौशल रोजगार निगम के तहत टी.जी.टी. और पी.जी.टी. की जो भर्तियां की गई हैं क्या उनको कभी रैगुलराइज किया जाएगा ? इसके अलावा जब एच.पी.एस.सी./एच.एस.एस.सी. के जरिये जो रैगुलर टीचर्स आएंगे तो इनके बारे में क्या फैसला किया जाएगा ? क्या सरकार इनको नौकरी से बाहर निकाल देगी क्योंकि ये एक तरह से ठेके पर ही लगे हैं ? सरकार इस पर भी रोशनी डाले । इसके साथ–साथ मेरा कहना है कि सरकार ने हरियाणा कौशल रोजगार निगम को बना तो दिया लेकिन इसकी कोई भी स्टैच्युटरी बैकिंग नहीं है । आज के दिन सरकार द्वारा जो भी कार्यवाही की जाती है तो वह स्टैच्युटरी बैकिंग के साथ करवाई जाती है ताकि इसके तहत लगने वाले बच्चे भी कुछ कार्यवाही कर पाएं । अध्यक्ष महोदय, इस तरह से तो ठेका प्रथा को बढ़ावा देने की ही बात हो रही है । इससे बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है । मैं यह भी बताना चाहती हूं कि आज सरकारी विभागों में लगभग 1.82 लाख पोस्ट्स खाली पड़ी हुई हैं । इनमें से 40 हजार से भी ज्यादा पोस्ट्स have been deployed through outsourcing and through backdoor entry. इसका मतलब है कि सरकार ठेका प्रथा को बढ़ावा दे रही है । हम सब जानते हैं कि मस्टर रोल में किस तरह से क्रप्शन होता है, किस तरह से शॉट सर्किटिंग की जाती है और किस तरह से इधर–उधर की अन्य कार्यवाही होती है । इसके अलावा स्पॉर्ट्स कोटे की 1,518 पोस्ट्स को खत्म कर दिया गया है । सरकार ने जो एलिजिबिलिटी क्रॉयटेरिया बनाया है उसमें ग्रुप डी की पोस्ट्स में कोटे को पूरी तरह से स्क्रैप कर दिया है। इसलिए

इसमें संबंधित बच्चों का क्या होगा ? खासतौर से प्राईमरी टीचर्ज की 38,612 पोस्ट्स खाली पड़ी हुई हैं और सीनियर सैकेण्डरी लेवल पर 25,534 पोस्ट्स खाली पड़ी हुई हैं। इसके अतिरिक्त हरियाणा प्रदेश में हॉयर एजुकेशन डिपार्टमैंट में 6,618 पोस्ट्स खाली पड़ी हुई हैं। अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से पूछना चाहूंगी कि इनको भरने के लिए सरकार के पास क्या रोड मैप है ? हम जानते हैं कि आज के दिन सबसे बड़ा ज्वलन्त प्रश्न हमारे सामने यह आता है कि संबंधित बेरोजगार बच्चे हतास होकर घूम रहे हैं। मेरे पास इस तरह के बच्चे भी आते हैं जो यह कहते हैं कि उनकी नौकरी नहीं लगी तो उनकी शादी भी नहीं होगी। चूंकि बेरोजगार बच्चे के साथ कोई भी अभिभावक अपनी लड़की की शादी नहीं कराना चाहता है। इससे सोशल फैबरिक भी खराब हो रहा है। हमें इन सभी चीजों को भी गम्भीरता के साथ लेना पड़ेगा कि हम अपने बच्चों को किस तरह से एडजैस्ट कर पाएंगे ? उनको इस तरह का कॉन्फिडैंस दे पाएं कि वे खाली नहीं रहेंगे क्योंकि उनको आने वाले समय में पक्का किया जाएगा या सैलरी में बढोतरी की जाएगी। मैंने जो ये प्रश्न पूछे हैं, सरकार उन सभी प्रश्नों का जवाब दे। इसके बाद मुझे अपना प्रश्न पूछने की इजाजत दी जाए।

ध्यानाकर्षण सूचना संख्या 28
स्वीकृत ध्यानाकर्षण सूचना संख्या 17 के साथ सलंग्न

ध्यानाकर्षण सूचना संख्या 28 के द्वारा, श्री बलराज कुंडू, विधायक प्रदेश में कौशल रोजगार निगम के तहत जो नौकरियां लगाई जा रही हैं उनकी प्रक्रिया में पारदर्शिता का घोर अभाव बारे इस महान सदन का ध्यान एक अति लोक हित के विषय की ओर दिलाना चाहते हैं कि प्रदेश में अनेक पदों पर स्थाई नियुक्ति के बजाए राज्य सरकार हरियाणा कौशल रोजगार निगम के अंतर्गत युवाओं को रोजगार देने के लम्बे–चौड़े दावे कर रही है लेकिन सच्चाई यह है कि सरकार द्वारा तमाम नियमों को ताक पर रखते हुए सिर्फ अपने चहेते लोगों को ही एडजेस्ट किया जा रहा है और उनकी नियुक्ति प्रक्रिया में कोई पारदर्शिता नहीं बरती जा रही जिससे कौशल रोजगार निगम की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। अभी हाल ही में TGT और PGT की जो नियुक्तियां की गयी हैं उनमें भी जमकर धांधलियां की गयी है। इसके लिए कब आवेदन मांगे गए और क्या प्रक्रिया अपनाई गयी, यह भी अपने आप में एक रहस्य ही बना हुआ है। लोग सवाल उठा रहे हैं लेकिन सरकार जवाब देने से भाग रही है। जिन लोगों को TGT और PGT लगाया गया है उनमें भी बहुत से ऐसे हैं जिनको उनके गृहजिलों से 200 किलोमीटर दूर नियुक्ति दी गयी हैं जबकि

उनके गृहजिलों में भी अनेक पोस्ट खाली थी। ऐसे में अनेक युवाओं ने तो नौकरी ज्वॉइन ही नहीं की। इतना ही नहीं अध्यक्ष महोदय, कौशल रोजगार निगम के तहत जो भी नौकरियां लगाई जा रही हैं उनकी प्रक्रिया में पारदर्शिता का घोर अभाव है और सरकार के अलावा कोई नहीं जानता कि कब आवेदन निकलते हैं और किस प्रक्रिया ओर कौन से नियम–कायदों के तहत नियुक्तियों की लिस्ट जारी हो रही है। भयावह बेरोजगारी झेल रहे हरियाणा में 1 लाख 80 हजार से भी अधिक स्थाई पद रिक्त पड़े हैं लेकिन उन पर स्थाई कर्मचारी भर्ती करने की बजाय कौशल रोजगार निगम के माध्यम से सरकार खुद ही ठेकेदार बनकर अपने लोगों को एडजेस्ट करके जनता की आँखों में धूल झोंक रही है। ऐसे हालत में युवा वर्ग निराश एवं हताश है और उसे अपना भविष्य अंधकारमय नजर आ रहा है अतः माननीय सदस्य माननीय अध्यक्ष महोदय से विनम्र अनुरोध करते हैं कि इस गंभीर मामले में सदन में विस्तार से चर्चा करवाई जाये और सरकार इस पर अपना व्यक्तव दे।

अल्प अवधि चर्चा संख्या 2 परिवर्तित ध्यानाकर्षण सूचना संख्या 42
स्वीकृत ध्यानाकर्षण सूचना संख्या 17 के साथ सलंग्न

अल्प अवधि चर्चा संख्या 2 के द्वारा, श्री भारत भूषण बत्तरा, विधायक, श्री वरूण चौधरी, विधायक एवं श्री आफताब अहमद, विधायक कौशल रोजगार निगम के तहत होने वाली भर्तियों मे पारदर्शिता ना बरतने बारे इस महान सदन का ध्यान एक अति लोक हित के विषय की ओर दिलाना चाहते हैं कि आज के दिन करीबन 180000 से अधिक विभिन्न कैटेगरी के प्रदेश में बहुत से विभागों में पद खाली पड़े हुए हैं और प्रदेश करीबन 30.6 प्रतिशत की बेरोजगारी दर झेल रहा है। इसको लेकर प्रदेश के नौजवान युवाओं में सरकार के प्रति गहरा रोष व्याप्त है। इसके बावजूद भी कौशल रोजगार निगम में पढ़े–लिखे युवाओं को कम वेतन पर रोजगार देकर एक तरह से सरकार द्वारा उनके भविष्य के साथ खिलवाड़ करने का ही काम किया जा रहा है। ऐसा लगता है कि यह निगम पढ़े लिखे युवाओं का शोषण करने के लिए ही बनाया गया है। इसमें आरक्षण देने की भी सही ढंग से पालना नहीं हो पा रही है और ना ही इसमें किसी तरह की पारदर्शिता बरती जा रही है। कौशल रोजगार निगम में भर्तियों के नाम पर सरकार युवाओं के साथ धोखा करने का काम कर रही है। इस निगम के तहत सरकार ठेका प्रथा को बढ़ावा देने का कार्य कर रही है और युवाओं से कम पैसे में पूरा काम लेने का कार्य कर रही है जिससे हमारे युवा मानसिक, शारीरिक और आर्थिक तौर पर अपने आप को पीड़ित महसूस कर रहे हैं। निगम द्वारा

आनन–फानन में बिना किसी प्रक्रिया के पालन किए भर्तियां की जा रही हैं। जिन लोगों को भर्ती किया गया है, उनको दूर–दराज के स्टेशन दिए जाते हैं जिसके कारण बहुत से युवा कम सैलरी और कच्ची नौकरी होने के कारण ज्वाइन भी नहीं कर रहे हैं। बहुत सी नौकरियों में तो पेरेंट्स डिस्ट्रिक्ट में पोस्ट खाली होने के बावजूद भी दूसरे जिलों में नौकरियां देने का काम किया जा रहा है। ऐसा करके सरकार पक्की नौकरियों के साथ–साथ दलित व पिछड़े वर्गों का आरक्षण भी खत्म करने का प्रयास कर रही है। अतः माननीय सदस्यगण सरकार से मांग करते हैं कि इस विषय पर सरकार सदन में चर्चा करवाएं।

श्री अध्यक्षः अब माननीय मंत्री जी अपना वक्तव्य देंगे।

वक्तव्य

कौशल विकास और औद्योगिक प्रशिक्षण मंत्री द्वारा उपरोक्त ध्यानाकर्षण प्रस्ताव संबंधी

कौशल विकास और औद्योगिक प्रशिक्षण मंत्री (पंडित मूल चन्द शर्मा): अध्यक्ष महोदय, यह कहना बिल्कुल अनुचित होगा कि राज्य सरकार हरियाणा कौशल रोज़गार निगम (एच.के.आर.एन.एल.) के अंतर्गत युवाओं को कम वेतन पर रोज़गार देकर युवाओं का शोषण कर रही है, नियमों को ताक पर रखकर अपने चहेतों को ही एडजस्ट कर रही है और आरक्षण नीति का सही ढंग से पालन नहीं कर रही है, जबकि सच तो यह है कि हरियाणा कौशल रोजगार निगम का गठन हरियाणा सरकार के विभिन्न विभागों में काम के लिए दिए जाने वाले अनुबंधित कर्मचारियों की भर्ती के लिए किया गया जिसमें युवाओं की भर्ती सरकार द्वारा तय की गई नीति के तहत ऑनलाइन पोर्टल द्वारा पारदर्शी तरीके से की जाती है | भर्ती के दौरान गरीब और अंत्योदय परिवार के युवाओं के रोज़गार और उत्थान के लिए विशेष प्रावधान है| सरकार को यह अंदेशा था कि ठेकेदारी प्रथा के माध्यम से काम कर रहे अनुबंधित कर्मचारियों को उचित वेतन, ई.पी.एफ., ई.एस.आई. आदि की उचित सुविधा समयानुसार नहीं मिल पाती जिससे कि संबंधित कर्मचारियों को विभिन्न परेशानियों का सामना करना पड़ता है| अतः सरकार ने इस प्रकार की अनियमितताओं और विसंगतियों को दूर करने के उद्देश्य से हरियाणा कौशल रोजगार निगम का गठन

किया| इसके तहत लगाए गए अनुबंधित कर्मचारियों को उचित वेतन, ई.पी.एफ., ई.एस.आई., लेबर वेलफेयर फंड आदि सुविधाएं समयानुसार दी जाती हैं| एच.के.आर.एन.एल के तहत होने वाली सभी भर्तियां सरकार द्वारा तय की गई डिप्लॉयमेंट ऑफ़ कॉन्ट्रेक्चुअल पर्सन्स पॉलिसी-2022 दिनांक 30.6.2022 के तहत की जाती हैं जिसका उल्लेख सरकार की वेबसाइट पर उपलब्ध है| एच.के.आर.एन.एल के तहत सभी भर्तियां पूरी तरह से पारदर्शी तरीके और बिना किसी मानवीय हस्तक्षेप के एक टेक इनेबल्ड ऑनलाइन प्रक्रिया द्वारा की जाती हैं| निगम द्वारा 800 करोड़ रूपए से ज्यादा का पारिश्रमिक सीधा अनुबंधित कर्मचारियों के बैंक खातों में डाला जा चुका है, इस सम्बन्ध में सरकार की उचित नीति और पारदर्शिता को दर्शाता है| यह कहना भी बिल्कुल गलत होगा की भर्तियों में एस.सी., ओ.बी.सी. श्रेणी के लिए आरक्षण का कोई प्रावधान नहीं किया गया जबकि वास्तव में निगम द्वारा भर्तियों में डिप्लॉयमेंट ऑफ़ कॉन्ट्रेक्चुअल पर्सन्स पॉलिसी 2022 का पालन किया गया है जिसके क्लॉज़ नंबर 9 में आरक्षण पॉलिसी का उल्लेख किया गया है और वर्तमान भर्तियों में निगम द्वारा आरक्षण पॉलिसी का पालन किया गया है|

श्रीमान् जी, हाल ही में हुई टी.जी.टी. पी.जी.टी. भर्तियों में उठ रहे तमाम सवाल गलत हैं। वर्तमान में टी.जी.टी. पी.जी.टी. भर्तियों में एच.के.आर.एन.एल. ने एजुकेशन विभाग द्वारा अनुमोदित और सरकार द्वारा तय की गई डिप्लॉयमेंट ऑफ़ कॉन्ट्रेक्चुअल पर्सन्स पॉलिसी-2022 में निर्धारित मानदंडों का पालन किया है। वर्तमान में एच.के.आर.एन.एल. ने सरकार द्वारा निर्धारित इस प्रक्रिया के तहत 2075 टी.जी.टी. पी.जी.टी. उम्मीदवारों को शॉर्टलिस्ट किया। उन उम्मीदवारों के प्राथमिक मूल्यांकन के दौरान यह पाया गया कि कुछ उम्मीदवारों का एचटेट प्रमाण पत्र 7 साल से ज्यादा पुराना है जो कि मान्य नहीं है| अतः उन उम्मीदवारों को अगली प्रक्रिया के लिए चुना नहीं जा सका। अतः उम्मीदवारों की ऑफर की स्वीकृति के उपरांत 1592 उम्मीदवारों को डिप्लॉयमेंट ऑफर लेटर (डी.ओ.एल) पंजीकरण की

अंतिम तिथि के एक महीनें से भी कम समय में दे दिया गया। एच.के.आर.एन.एल. द्वारा अभी तक विभिन्न विभागों में काम कर रहे 106000 से ज्यादा अनुबंधित कर्मचारियों को हरियाणा कौशल रोजगार निगम के तहत लाया गया है| इसके अलावा 4422 नए उम्मीदवारों को ऑफर लेटर दिए गए जिनमें से 3128 लोगों ने विभिन्न विभागों में ज्वाइन कर लिया है| निगम द्वारा की गई भर्तियों को कोर्ट द्वारा निरस्त नहीं किया गया है, जो कि सरकार द्वारा युवाओं के लिए उठाये जा रहे कदम की सक्रियता को दर्शाता है|

श्रीमान् जी, यह कहना भी अनुचित होगा कि टी.जी.टी. पी.जी.टी. टीचर्स को उनके गृह जिलों से 200 किलोमीटर दूर नियुक्ति दी गई,जबकि सच तो यह है कि टी.जी.टी. पी.जी.टी. उम्मीदवारों का पंजीकरण करते समय उनसे तीन जिलों की वरियता मांगी गई थी। तदानुसार, अधिकांश उम्मीदवारों को उनके गृह जिलों और उनकी वरियता के अनुसार स्टेशनों के आबंटन के सफल प्रयास किए गए। हालांकि, विभिन्न जिलों में उपलब्ध सीटों की संख्या और पंजीकृत उम्मीदवारों की संख्या के बीच में अंतर था। अतः कुछ मामलों में, गृह जिलों और उनकी वरियता के अनुसार सीटों की उपलब्धता न होने और दूसरे जिलों में अधिक सीटों की उपलब्धता होने के कारण कुछ उम्मीदवारों को दूर के स्टेशन आबंटित किए जाने पड़े।

श्रीमान् जी, एच.पी.एस.सी. और एच.एस.एस.सी. के द्वारा भी समय समय पर स्थाई भर्तियां निकाली जाती हैं, जिनकी जानकारी उनकी वेबसाइट और विभिन्न समाचार पत्रों द्वारा लोगों को दी जाती है|

श्रीमान् जी, यह कहना भी अनुचित होगा कि निगम के तहत जो भी नौकरी निकलती है उनकी पारदर्शिता का घोर अभाव है और सरकार के आलावा कोई नहीं जानता कि कब आवेदन निकलते हैं और किस प्रक्रिया में कौन कौन से नियमों के तहत लिस्ट जारी हो रही है, जबकि निगम द्वारा जो भी नौकरी निकलती हैं उनकी जानकारी निगम के पोर्टल पर और विभिन्न समाचार पत्रों के माध्यम से समय-

समय पर प्रकाशित की जाती है| उन सभी भर्तियों में सरकार द्वारा तय की गई डिप्लॉयमेंट ऑफ़ कॉन्ट्रेक्चुअल पर्सन्स पॉलिसी-2022 का पालन किया जाता है| युवाओं की भर्ती सरकार द्वारा तय की गई नीति के तहत ऑनलाइन पोर्टल द्वारा पारदर्शी तरीके से की जाती है| जिसका उल्लेख हरियाणा सरकार की वेबसाइट पर उपलब्ध है|

श्रीमान् जी, **एच.के.आर.एन.एल. के गठन के बाद ठेकेदारी प्रथा से मुक्ति और निगम में लाये जाने से बेरोज़गार युवाओं का शोषण ख़त्म हो रहा है और उनके जीवन में आशा की नई किरण जागी है। समयानुसार उचित पारश्रमिक मिलने के साथ-साथ युवाओं व उनके आश्रितों को सरकार द्वारा प्रदान की जा रही ई.पी.एफ., ई.एस.आई. आदि विभिन्न सुविधाओं का उचित लाभ मिलना शुरू हो गया है| अतः सरकार सदन से यह आशा करती है कि युवाओं के लिए किये जा रहे सकारात्मक** कार्यों **में सरकार का सहयोग** दें **जिससे कि सरकार युवाओं के उत्थान के लिए और अधिक कार्य कर सके ।**

अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से बताना चाहूंगा कि पहले इसी सदन में डी. सी. रेट्स की नौकरियों के लिए बार–बार आरोप–प्रत्यारोप लगते रहे हैं कि जो डी. सी. रेट्स की नौकरियां मिलती हैं, उनमें ठेकेदार अपनी मर्जी और अपने हिसाब से नौकरी देते हैं। सरकार से ज्यादा पैसे लेते हैं और संबंधित कर्मचारियों को कम पैसे देते हैं और उनके बैंकों के खाते भी उनके पास ही रहते थे। माननीय सदस्या श्रीमती किरण चौधरी जी ने जो प्रश्न पूछे हैं मैं उन सभी प्रश्नों का एक– एक करके रिप्लाई विस्तार से दूंगा। अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से बताना चाहूंगा कि सरकार भ्रष्टाचार को खत्म करने के लिए ही संबंधित पॉलिसी लेकर आयी है ताकि आम आदमी को न्याय मिले। माननीय सदस्या ने अपनी ध्यानाकर्षण सूचना में लिखा है कि कौशल रोज़गार निगम में पढ़े– लिखे युवाओं को कम वेतन पर रोजगार देकर एक तरह से सरकार द्वारा उनके भविष्य के साथ खिलवाड़ करने का काम किया जा रहा है और ऐसा लगता है कि यह निगम पढ़े–लिखे युवाओं का शोषण करने के लिए बनाया गया है। ये बातें माननीय सदस्या ने अपनी ध्यानाकर्षण सूचना में लिखी हैं। निगम का वेज रेट, डी.सी. रेट से ज्यादा है। अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से

माननीय सदस्या को बताना चाहूंगा कि पहले पंचकूला में ड्राइवर्ज को डी.सी. रेट के हिसाब से 19,953 रुपये प्रति महीना दिया जाता था, लेकिन अब निगम वेज के तहत 20,590 रुपये प्रति महीना के हिसाब से मिलते हैं। पहले युवाओं का निजी ठेकेदारों द्वारा शोषण किया जाता था जिसमें अनुबंध कर्मचारियों को कम वेतन दिया जाता था। पहले जब हम बार– बार किसी स्कूल में चैक करने के लिए जाते थे या आई. टी.आई. में चैक करने के लिए जाते थे या परिवहन विभाग में चैक करने के लिए जाते थे तो वहां पर सफाई कर्मचारियों से 12,000 रुपये पर साईन करवाकर 6,000 रुपये दिये जाते थे। पहले ये इस तरह के आरोप– प्रत्यारोप प्रदेश में लगते रहते थे और इस तरह का काम होता आया है। सफाई कर्मचारी अपने द्वारा किये गये काम का हक मांगता है, इसलिए हमारी सरकार की योजना के तहत संबंधित कर्मचारियों के खातों में सैलरी का पैसा सीधा भेजा जाता है। जब से हरियाणा कौशल रोजगार निगम बना है तब से किसी भी कर्मचारी ने यह नहीं कहा है कि उनको समय पर सैलरी का पैसा नहीं मिल रहा है या पूरी सैलरी नहीं मिल रही है। इस संबंध में पहले आये दिन इस तरह की बातें होती रहती थी और सदन में आरोप–प्रत्यारोप भी लगते रहते थे। पहले ठेकेदारों द्वारा युवाओं का शोषण होता था और निजी ठेकेदारों द्वारा संबंधित कर्मचारियों को कम वेतन दिया जाता था। अध्यक्ष महोदय, सरकार को यह अंदेशा था कि ठेकेदारी प्रथा के माध्यम से काम कर रहे अनुबंधित कर्मचारियों को उचित वेतन, ई.पी.एफ., ई.एस.आई. आदि की उचित सुविधा समयानुसार नहीं मिल पाती जिससे कि संबंधित कर्मचारियों को विभिन्न परेशानियों का सामना करना पड़ता है। अतः सरकार ने इस प्रकार की अनियमितताओं और विसंगतियों को दूर करने के उद्देश्य से हरियाणा कौशल रोजगार निगम का गठन किया। इसके तहत लगाए गए अनुबंधित कर्मचारियों को उचित वेतन, ई.पी.एफ.,ई.एस.आई., लेबर वैल्फेयर फंड आदि सुविधाएं समयानुसार दी जाती हैं। अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से बताना चाहूंगा कि हरियाणा कौशल रोजगार निगम का गठन हरियाणा सरकार के विभिन्न विभागों में काम के लिए दिए जाने वाले अनुबंधित कर्मचारियों की भर्ती के लिए किया गया जिसमें युवाओं की भर्ती सरकार द्वारा तय की गई नीति के तहत ऑनलाइन पोर्टल द्वारा पारदर्शी तरीके से की जाती है। भर्ती के दौरान गरीब और अंत्योदय परिवार के युवाओं के रोजगार और उत्थान के लिए प्रावधान है। जिन परिवारों की वार्षिक इन्कम 1,80,000 रुपये से कम है उन गरीब व्यक्तियों का कैसे उद्धार हो ? ऐसे गरीब बच्चे के रोजगार और उत्थान के लिए प्रावधान है। पहले ऐसे गरीब इंटैलीजैंट बच्चों को

कोई सहारा नहीं मिलता था क्योंकि संबंधित आसपास के जानकार बच्चे ही डी.सी. रेट की नौकरी पर लगते थे। इसमें गरीब आदमी को कैसे न्याय मिले और गरीब आदमी के परिवार का उत्थान कैसे हो ? इसके लिए भर्ती के दौरान गरीब और अंत्योदय परिवार के युवाओं के रोजगार और उत्थान के लिए विशेष प्रावधान है। पहले वर्तमान कर्मचारियों में से कुछ बोगस कर्मचारी निकलकर बाहर आये हैं, माननीय सदस्या ने आरोप लगाया है कि भर्तियों में पारदर्शिता नहीं है। इसके अतिरिक्त माननीय सदस्या ने अपने चहेतों को एडजस्ट करने से संबंधित आरोप लगाये हैं। मैं आपके माध्यम से माननीय सदस्या को जानकारी देना चाहूंगा कि सरकार ने एन.के. आर.एन.एल. के तहत होने वाली सभी भर्तियां सरकार द्वारा तय की गई डिप्लॉयमैंट ऑफ कांट्रैक्चुअल पर्सन्स पॉलिसी, 2022 दिनांक 30.06.2022 के तहत की जाती है। जिसका उल्लेख सरकार की वेबसाइट पर उलपब्ध है। एन.के.आर.एन.एल. के तहत सभी भर्तियां पूरी तरह से पारदर्शी तरीके और बिना किसी मानवीय हस्तक्षेप के एक टेक इनेबल्ड ऑनलाइन प्रक्रिया द्वारा की जाती है। इस प्रकार से आपको इसकी एक–एक जानकारी वेबसाइट पर उपलब्ध मिलेगी। दूसरा आरोप माननीय सदस्या ने लगाया है कि निगम के तहत सरकार ठेका प्रथा को बढ़ावा देने का काम कर रही है जिससे हमारे युवा मानसिक, शारीरिक और आर्थिक तौर पर अपने आपको पीड़ित महसूस करते हैं। जैसा कि इन अनुबंधित कर्मचारियों को उचित वेतन, ई.एस.आई. और ई.पी.एफ. आदि की उचित सुविधा समयानुसार नहीं मिल पाती है जिसके कारण इनको विभिन्न परेशानियों का सामना करना पड़ता है तो हमारी सरकार ने इस प्रकार की अनियमितताओं और विसंगतियों को दूर करने के उद्‌देश्य से हरियाणा रोजगार निगम का गठन किया है। पहले इन युवाओं को मासिक सैलरी 12000 रुपये महीने मिलती थी लेकिन उसमें से उनको 6000 रुपये ही दिये जाते थे और बाकी के 6000 रुपये ठेकेदार अपनी जेब में रख लेता था। हमारी सरकार ने इस प्रकार के भ्रष्टाचार की बीमारी को भी खत्म करने का काम किया है। अब अनुबंधित कर्मचारी के खाते में पूरे पैसे जाते हैं। जो बेरोजगार लोग थे जिनके पास कोई काम नहीं था, जो आदमी रोटी कपड़े के लिए तरसता था उनके लिए हमारी सरकार ने इस प्रकार की एक पॉलिसी बनाई ताकि युवाओं का शोषण न हो सके। उन युवाओं को हमारी सरकार पर भरोसा हुआ है कि कौशल रोजगार निगम के माध्यम से भी नौकरी मिल सकती है। अध्यक्ष महोदय, पहले ई.पी.एफ. और ई.एस.आई. के पैसे ठेकेदार खा जाता था जो अनुबंधित कर्मचारियों के खातों में पैसा जमा ही नहीं करता था लेकिन हमारी

सरकार ने उन युवाओं के खाते में ई.पी.एफ. और ई.एस.आई. के पैसे डालने का काम किया है। अध्यक्ष महोदय, माननीय सदस्य ने एक और आरोप लगाया है कि निगम द्वारा आनन–फानन में बिना किसी प्रक्रिया के पालन किए भर्तियां की जा रही हैं। मैं इनकी जानकारी के लिए बताना चाहूंगा कि इस प्रकार की पूरी जानकरी पोर्टल पर उपलब्ध है और विभिन्न समाचार पत्रों के माध्यम से समय–समय पर प्रकाशित की जाती है। उन सभी भर्तियों में सरकार द्वारा तय की गई डिप्लॉयमैंट ऑफ कांट्रैक्चुअल पर्सन्स पॉलिसी–2022 का पालन किया जाता है। युवाओं की भर्ती सरकार द्वारा की गई नीति के तहत ऑनलाइन पोर्टल द्वारा पारदर्शी तरीके से की जाती है । जिसका उल्लेख हरियाणा सरकार की वेबसाइट पर उपलब्ध है। हमारी बहन किरण ने यह आरोप लगाया है कि हाल ही में टी.जी.टी. और पी.जी.टी. की भर्तियां की गई हैं उनमें भी नियमों की सरासर अनदेखी की गई है। मैं इनकी जानकारी के लिए बताना चाहूंगा कि टी.जी.टी. और पी.जी.टी. उम्मीदवारों का पंजीकरण करते समय उनसे तीन जिलों की वरियता मांगी गई थी। तदानुसार, अधिकांश उम्मीदवारों को उनके गृह जिलों और उनकी वरियता के अनुसार स्टेशनों के आबंटन के सफल प्रयास किए गए हैं। हालांकि विभिन्न जिलों में उपलब्ध सीटों की संख्या और पंजीकृत उम्मीदवारों की संख्या के बीच में अंतर था। अतः कुछ मामलों में, गृह जिलों और उनकी वरीयता के अनुसार सीटों की उपलब्धता न होने और दूसरे जिलों में अधिक सीटों की उपलब्धता होने के कारण कुछ उम्मीदवारों को दूर के स्टेशन आबंटित किए गये थे। माननीय सदस्या ने एक और आरोप यह लगाया है कि बहुत सी नौकरियों में तो पेरेंट्स डिस्ट्रिक्ट में पोस्ट खाली होने के बावजूद भी दूसरे जिलों में नौकरियां देने का काम किया जा रहा है। ऐसा करके सरकार पक्की नौकरियों के साथ–साथ दलित व पिछड़े वर्गों का आरक्षण भी खत्म करने का प्रयास कर रही है। अध्यक्ष महोदय, मैं किरण बहन जी की जानकारी के लिए बताना चाहूंगा कि निगम द्वारा भर्तियों में डिप्लॉयमेंट ऑफ कांट्रैक्चुअल पर्सन्स पॉलिसी–2022 का पालन किया गया है, जिसके क्लॉज नम्बर 9 में आरक्षण पॉलिसी का उल्लेख किया गया है और वर्तमान भर्तियों में निगम द्वारा आरक्षण पॉलिसी का पालन किया गया है। **(इस समय उपाध्यक्ष महोदय पदासीन हुए)** उपाध्यक्ष महोदय, इस पॉलिसी के माध्यम से 1 लाख युवा नौकरी कर रहे हैं। जिसमें 40045 जनरल कैटेगरी से संबंध रखते हैं और 26629 बैकवर्ड कैटेगरी से संबंध रखते हैं और 30170 एस.सी. कैटेगरी से संबंध रखते है। हमने अभी जो नई भर्ती इस पॉलिसी के माध्यम से की है उसमें 1301 जनरल कैटेगरी के युवाओं को,

655 बैकवर्ड कैटेगरी के युवाओं को और 1214 एस.सी कैटेगरी के युवाओं को नौकरी दी है। मेरा मानना है कि हमने जो क्राइटेरिया लिया है उसमें जनरल कैटेगरी 41 प्रतिशत, बैकवर्ड कैटेगरी 27.2 प्रतिशत तथा एस.सी. कैटेगरी 31.4 प्रतिशत है। मैं यह मानकर चलता हूं कि जो पॉलिसी कौशल विकास रोजगार निगम में हैं उसमें एक–एक चीज पॉलिसी के तहत ही है। पहले भ्रष्टाचार का बार–बार किसी विधायक पर आरोप लगता था कि उसके द्वारा अपने चहेतों को लगा दिया गया। उसने अपने चहेतों को फरीदाबाद जिले में लगा दिया, हिसार जिले में लगा दिया, आदमपुर जिले में लगा दिया, सिरसा जिले में लगा दिया या रोहतक जिले में लगा दिया लेकिन आज जिस जिले में पढ़े–लिखे बेरोजगार साथी हैं पहले उसको भर्ती मिलेगी बाद में दूसरे जिले को मिलेगी। उपाध्यक्ष महोदय, पहले भ्रष्टाचार का आरोप बार–बार पूरे हरियाणा में लगता था, हमने उस भ्रष्टाचार को खत्म करने का काम किया गया है। प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल जी ने भ्रष्टाचार की लीकेज को बंद करने का काम किया है। इससे पहले ठेकेदार बार–बार ई.एस.आई., ई.पी.एफ. खा जाते थे। यह मैं नहीं कहता आप स्वयं जाकर गरीब आदमी को, पंक्ति में खड़े अंतिम व्यक्ति को पूछिये कि किसका बेटा नौकरी लगा है, वह अपनी योग्यता के आधार पर नौकरी लगा है।

श्री भूपेन्द्र सिंह हुड्डाः मंत्री जी, क्या इसमें मैरिट लिस्ट का क्राइटेरिया रखा गया है?

पंडित मूलचन्द शर्माः उपाध्यक्ष महोदय, कौशल रोजगार निगम में नियुक्ति के लिए 150 नंबरों का मापदंड है। इसमें मैं पारिवारिक आय के संबंध में बताना चाहूंगा कि मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान योजना में अगर किसी उम्मीदवार के परिवार की वार्षिक आय 1.80 लाख रुपये है तो उसे 40 नंबर मिलेंगे, 1 लाख से कम आय वाले को 50 नंबर मिलेंगे, 1.80 से 2.50 लाख वाले को 30 अंक मिलेंगे, 2.50 से 4 लाख आय वाले को 20 अंक मिलेंगे तथा 4 लाख से 6 लाख आय वाले को 10 अंक मिलेंगे। जहां उम्मीदवार की आयु की छूट का संबंध है। मैं बताना चाहूंगा कि जिस उम्मीदवार की आयु 18 वर्ष से 24 वर्ष है उसे 5 अंक मिलेंगे, 24 से 30 वर्ष वाले उम्मीदवार को 10 अंक मिलेंगे, 30 से 36 वर्ष वाले उम्मीदवार को 15 अंक मिलेंगे तथा 36 से 42 वर्ष वाले उम्मीदवार को 10 अंक मिलेंगे एवं जिस उम्मीदवार की आयु 42 वर्ष से ज्यादा होगी उसे 0 अंक मिलेगा। इसी तरह क्वॉलिफिकेशन के बारे में जानकारी मांगी गई है, इसमें 20 अंक तक दिये जाते हैं। जिस उम्मीदवार के पास एन.एस.क्यू.एफ. सर्टिफिकेट यानी आई.टी.टाई / एस.वी.एस.यू / यूनिवर्सिटी / एस.एस.

सी. वगैरा से मान्यता प्राप्त एन.सी.वी.टी./एस.सी.वी.टी. सर्टिफिकेट होगा उसे 20 अंक मिलेंगे। इसी तरह Socio-Economic के हिसाब से उम्मीदवार को 5 अंक तक दिये जाएंगे। अगर कोई उम्मीदवार विधवा है या आवेदक ऐसा पहला या दूसरा बच्चा है जिसके पिता की मृत्यु 42 वर्ष पूरे होने से पहले हो गई या आवेदक पहला या दूसरा बच्चा है, जिसके पिता की मृत्यु आवेदक की उम्र 15 वर्ष पूरी होने से पहले हो गई उसे सरकार ने 5 अंक देने का काम किया है। जो बच्चा कॉमन एलिजिबिलिटी टेस्ट पास कर लेगा उसे 10 प्रतिशत तक की छूट दी जाएगी। जो उम्मीदवार उसी जिले का निवासी है और उस जिले में पोस्ट निकलती है तो उसे 10 अंक अतिरिक्त रूप में दिये जाते हैं। उपाध्यक्ष जी, प्रदेश सरकार ने कौशल रोजगार निगम योजना इसलिए बनाई है क्योंकि पहले भ्रष्टाचार के आरोप लगते थे। मैं स्वयं फरीदाबाद जिले का रहने वाला हूं, मैंने तो भोगा है, देखा है। पहले फरीदाबाद जिले का उम्मीदवार डी.सी. रेट पर नहीं लगता था। हमारे यहां तो उम्मीदवार बाई एयर आते थे और बाई एयर नौकरी करके अपने घर चले जाते थे, लेकिन आज इस पॉलिसी से सबको लाभ मिलेगा। अगर किसी जिले में पोस्ट निकलती हैं तो उस जिले के उम्मीदवार को अतिरिक्त 10 नंबर मिलेगे। पहले उसे फरीदाबाद जिला मिलेगा। अगर फरीदाबाद जिला नहीं मिला तो पलवल जिला मिलेगा और पलवल जिला नहीं मिला तो गुरुग्राम जिला मिलेगा। इस पॉलिसी से पूरे प्रदेश के नौजवान साथियों को लाभ मिलेगा। यह पॉलिसी प्रदेश के हित में है, लोगों के हित में है तथा नौजवान साथियों के हित में है। उपाध्यक्ष महोदय, मैं कौशल रोजगार निगम पॉलिसी पर इतना ही कहना चाहूंगा बाकी मैंने इससे संबंधित हर चीज को बताने का प्रयास किया है। धन्यवाद।

श्री जगबीर सिंह मलिकः उपाध्यक्ष महोदय, कौशल रोजगार निगम में बहुत बड़ा घपला हुआ है।

श्रीमती किरण चौधरी : उपाध्यक्ष जी, बहुत ही विस्तार से माननीय मंत्री जी ने इसका जवाब दिया लेकिन कई चीजें ऐसी हैं जो अभी भी ग्रे एरिया के अंदर हैं। उनके बारे में मैं आपके माध्यम से सरकार से खास तौर से पूछना चाहूंगी कि जो पी.जी.टी. के पोस्टों की एडवरटीजमैंट एच.एस.एस.सी. के थ्रू की गई थी और बाद में वह एडरवरटीजमैंट विद्ड्रॉ कर ली गई थी क्योकि as they have come under the gazetted group B. इन पोस्टों पर रिक्रूटमैंट के लिए केवल एच.एस.एस.सी. ही कम्पीटैंट था। अब इनको एच.एस.एस.सी. में से निकाल कर हरियाणा कौशल रोजगार

निगम के अधीन कर दिया गया है। इसका मतलब यही है कि आगे से एच.एस.एस.सी. के द्वारा इनकी रिक्रूटमैंट नहीं की जायेगी। उपाध्यक्ष जी, दूसरी बात मैं यह पूछना चाहती हूं कि सरकार ने एलिजिबिलिटी क्राईटेरिया और मैरिट की बात बहुत विस्तार से बताई है। अगर इसमें पूरी तरह से पारदर्शिता है तो इसको पूरी तरह से दर्शाना चाहिए था। इनके बारे में पब्लिक डोमेन के अंदर कम्पलीट इनफर्मेशन डालना चाहिए ताकि इस बारे में सभी को पता चल सके। मैं आपके माध्यम से सरकार को अपने हल्के की एक बात बताना चाहती हूं। मेरे हल्के में एक बहुत ही गरीब औरत है उसके पास कुछ भी नहीं है। मैंने उसके बारे में सारी जगहों पर फोन कर लिए। उसको दिया नहीं गया क्योंकि वहां पर किसी और की सिफारिश आ गई और उसका कर दिया गया। इस तरह के जो डिजर्विंग लोग रह गए हैं क्या उनके लिए कोई योजना बनाई जायेगी और जो अधिकारी सही तरीके से काम नहीं कर रहे हैं क्या उनके खिलाफ सरकार के स्तर पर कोई सख्त कार्यवाही की जायेगी। उपाध्यक्ष जी, एक बात मैं यह कहना चाहती हूं कि वैरियस गवर्नमैंट डिपार्टमैंट्स में लगभग 1.82 लाख वैकेंसीज हैं। इनको अभी भरा जाना है। जो सरकार ने हरियाणा कौशल रोजगार निगम के थ्रू 4144 पर्ससंज को टी.जी.टी. और पी.जी.टी. के तौर पर कांट्रैक्ट पर लगाया हुआ है। ये वाली सारी की सारी पोस्ट्स जो एच.पी.एस.सी. और एच.एस.एस.सी. द्वारा भरी जानी थी सरकार इन पोस्ट्स को इस निगम के जरिये भर रही है जो एक स्टैच्यूटरी बॉडी भी नहीं है। मैं यह पूछना चाहती हूं कि आने वाले समय के अंदर इन बच्चों के रोजगार की क्या गारंटी है? इसका क्या क्राईटेरिया है कि इनको जो रोजगार मिला है, वह मिला ही रहेगा। उपाध्यक्ष जी, इसके साथ ही साथ मैं यह भी कहना चाहती हूं कि अब जो एच.पी.एस.सी. और एस.एस.एस.सी. से रेगूलर भर्तियां होंगी तो जो सरकार ने टी.जी.टी. और पी.जी.टी. के पदों पर भर्तियां की हैं इनका क्या होगा? साथ ही साथ जो महिलाएं हैं उनको बहुत परेशानी हो रही है क्योंकि यह 22 हजार रूपये की नौकरी है। कम से कम उनको उनके होम डिस्ट्रिक्ट के अंदर ही पोस्टिंग दे दी जाये। एक तो यह पक्की नौकरी न होकर कच्ची नौकरी है इसके बाद उनको होम डिस्ट्रिक्ट से बाहर भेजा जा रहा है। इससे उन्हें बहुत जबरदस्त परेशानियां होती हैं इसलिए मेरा सरकार से अनुरोध है कि कम से कम महिलाओं के लिए तो इस क्राईटेरिया को थोड़ा चेंज करना ही पड़ेगा। उपाध्यक्ष जी, इसके साथ ही साथ मैंने एक प्रश्न पूछा था कि इसमें जो एलिजिबिलिटी क्राईटेरिया है जो प्राईवेट एक्सपीरियंस वाले लोग हैं। अब बहुत सारे ऐसे बच्चे हैं जिन्होंने

सरकारी विभागों के अंदर काम नहीं किया है। वे कहीं पर भी डी.सी. रेट पर नहीं लगे और उन्होंने कहीं दूसरे सरकारी विभागों में भी कार्य नहीं किया लेकिन उनका एक्सपीरियंस और बहुत है और अब वे सरकारी विभागों में नौकरी करना चाहते हैं। हरियाणा कौशल रोजगार निगम के तहत वे सरकारी सेवा में आना चाहते हैं जहां पर उनको तीस हजार रूपये मिलेंगे। उनका जो प्राईवेट एक्सपीरियंस है क्या उसको भी इसके अंदर कैलकूलेट किया जा रहा है या प्राईवेट एक्सपीरियंस वाले जो बाहर के लोग हैं उनके एक्सपीरियंस को इसमें काउंट नहीं किया जायेगा। उपाध्यक्ष जी, यह बहुत जरूरी है। इसी तरह से मैं एक बात और कहना चाहूंगी कि जो बस कंडक्टर हैं वे सारे बाहर धरने पर बैठे हुए हैं पहले उनको यह कहा गया था कि उनको अगली रेगूलर भर्ती में लिये जाने की बात कही थी लेकिन उनको अब नहीं लिया जा रहा है। मेरा यह कहना कि जब उन्होंने सरकार का बुरे वक्त में काम किया हुआ है। इसके अलावा सरकार ने जो कैप लगाई है इसके बारे में हमारे बच्चों को जानकारी होनी चाहिए कि ये जो 30 हजार रूपये आप दे रहे हैं यह बहुत अच्छी बात है लेकिन यह जो कैप सरकार द्वारा लगाई जा रही है इसमें फिर आगे बढ़ने का तो कोई सिलसिला नहीं रहता। जो इसके अंदर आ जायेगा वह तो बेचारा बुढ़ापे तक उसके बाल सफेद हो जायेंगे और दांत टूटने लगेंगे तब तक वह 30 हजार रूपये पर ही अटक कर रह जायेगा। मेरी सरकार से मांग है कि सरकार को इसका भी कोई न कोई प्रावधान करना चाहिए। ये सारे का सारा काम केवल अगर आप यह मापदण्ड बनायेंगे और रूल्ज़ व रेगूलेशन बनायेंगे ये एक स्टैच्यूटरी बॉडी के तहत ही हो सकते हैं। So, I think you should also explore an idea of forming this as a Statutory Body so that nobody is taken for a right. This is very important. उपाध्यक्ष जी, मैं आपके माध्यम से इन सारे बिन्दुओं पर सरकार से जवाब की मांग करती हूं।

श्री बलराज कुंडू: उपाध्यक्ष महोदय, आपने मुझे बोलने के लिए समय दिया उसके लिए मैं आपका धन्यवाद करता हूं। आज सदन के पटल पर यह जो ध्यानाकर्षण प्रस्ताव आया है यह बहुत ही महत्वपूर्ण इशू है और आज प्रदेश में युवा हताश और निराश हैं। बेरोजगारी में आज हरियाणा नं. 1 पर आ गया है। आज प्रदेश में चारों तरफ शोर है और माननीय मंत्री जी ने विस्तार से अपने जवाब में बताया है। मैं एक बात मानता हूं कि पहले जो ठेकेदारी प्रथा थी वह एक लूट थी और उसमें बहुत सारा शोषण होता था और उससे बचने के लिए सरकार ने हरियाणा कौशल रोजगार निगम

के माध्यम से ये भर्तियां निकाली हैं, यह अच्छी बात है। लेकिन आज इस पर भी बहुत बड़ा सवाल आ गया है। सबसे पहली बात तो यह है कि जब पोर्टल पर अप्लाई करते हैं तो उसके बारे में किसी को मालूम नहीं होता कि वह पोर्टल कब बंद होता है और कब खुलता है। बहुत सारे युवाओं को इसके बारे में पता ही नहीं चलता। यह पूरे प्रदेश के युवाओं के लिए बहुत गम्भीर मामला है इसके लिए मैं आपके माध्यम से माननीय मुख्यमंत्री जी से कहना चाहता हूं कि इस पर उनको चिन्तन करना चाहिए। इस बारे में प्रदेश के युवाओं में बहुत अधिक रोष है। मैं यह जवाब पढ़ रहा था इसमें लिखा हुआ है कि सरकार ने 1 लाख 6 हजार युवाओं को कौशल रोजगार निगम के तहत नौकरियां दी हैं, यह बहुत अच्छी बात है। उसमें शिक्षा विभाग में कुछ टी.जी.टी. और पी.जी.टी. भी लगाये हैं तथा जो पहले पोस्ट्स निकाली गई थी वे विद्ड्रा कर ली गई हैं। जैसा कि माननीय सदस्या श्रीमती किरण चौधरी जी ने भी पूछा था वही बात मैं भी पूछना चाहता हूं कि क्या सरकार की स्थाई नौकरियां देने की कोई प्लानिंग है या ऐसे ही कौशल रोजगार निगम के माध्यम से अस्थाई भर्तियां की जायेंगी? आज माननीय मंत्री जी ने बताया कि बहुत गरीब लोगों को रोजगार दिया जा रहा है। मैं माननीय मंत्री जी को बताना चाहता हूं कि ऐसे हजारों गरीब बच्चे हैं जो अच्छी क्वालिफिकेशन के बावजूद बेरोजगार घूम रहे हैं। मैं एक उदाहरण बताना चाहता हूं। इस रविवार को मेरे पास मदीना गांव से एक बैकवर्ड क्लास का बच्चा आया और साथ में उसके पिता जी भी थे, वह आ कर रोने लग गया। उसके बच्चे ने सिविल इंजीनियरिंग से बी.टेक की हुई है और उसने हरियाणा कौशल रोजगार निगम में पियन के लिए अप्लाई किया हुआ है। इससे बड़ा दुर्भाग्य युवाओं के लिए और क्या हो सकता है? मैंने उस बच्चे से कहा कि आप बी.टेक होकर पियन की नौकरी करोगे तो आपकी अन्तरात्मा आपको रोज कचोटेगी। मैंने उसी समय उसको अपनी कम्पनी में लगा कर 20 हजार रुपये की नौकरी देकर वहां भेजा। मैंने उसको कहा कि इससे अच्छा आप टीचिंग का काम कर लो और बच्चों को पढ़ा लो। अगर आप बी.टेक करके पियन की नौकरी करोगे तो इससे समाज में और युवाओं में बहुत गलत मैसेज जायेगा। इस प्रकार के मैं बहुत सारे उदाहरण सरकार को दे सकता हूं जो 1 लाख 80 हजार से भी नीचे की कैटेगरी के हैं और जो एम.ए., एम.एस.सी. और बी.टेक बच्चे हैं जिनका हरियाणा कौशल रोजगार निगम के तहत नाम नहीं आता है जबकि 12वीं पास बच्चे को निगम के तहत रोजगार मिल जाता है। इसमें कौन सी पारदर्शिता है, इस बारे में मैं जानना चाहता हूं। मैं आपके माध्यम से माननीय मुख्यमंत्री

जी से कहना चाहता हूं कि यह एक गम्भीर विषय है इसको आप देखिये। उसके बाद एक बहुत बड़ी बात है कि बिना कोई नोटिस दिये किसी को 6 महीने बाद हटा दिया जाता है, किसी को 8 महीने बाद हटा दिया जाता है तथा किसी को 1 साल के बाद हटा दिया जाता है। उसका कोई कारण नहीं है। पता नहीं अधिकारी उसकी सेवाओं से संतुष्ट नहीं होते या कोई दूसरा कारण होता है। बच्चा घर से नौकरी पर जाता है और वहां उसको कह दिया जाता है कि आप जाइये आपकी छुट्टी हो गई है हम किसी दूसरे को रख लेंगे। एक बहुत गम्भीर मामला और है कि हमारे यहां पर एग्जाम के लिए जो पेपर्ज बनते हैं वे बहुत अटपटे बनते हैं। अभी हाल ही में ए.डी.ओ. की 600 पोस्ट्स निकली थी।

श्री उपाध्यक्षः कुंडू साहब, आप ध्यानाकर्षण प्रस्ताव पर बोलिए, इधर–उधर की बात मत कीजिए।

श्री बलराज कुंडू: सर, मैं उसी से संबंधित बात कर रहा हूं। यह रोजगार से संबंधित मामला है।

पंडित मूल चन्द शर्माः उपाध्यक्ष महोदय, माननीय सदस्य हरियाणा कौशल रोजगार निगम के बारे में पूछें न कि रोजगार के बारे में।

श्री बलराज कुंडू: उपाध्यक्ष महोदय, यह उसी से संबंधित है। ए.डी.ओ. का जो पेपर दिया गया उसमें 50 प्रतिशत क्वालीफाई मार्क्स के साथ नैगेटिव मार्किंग भी लागू कर दी गई है। इस प्रकार से पेपर को बहुत मुश्किल कर दिया गया है। उसमें केवल 57 बच्चों को क्वालीफाई किया गया है।

श्री उपाध्यक्षः कुंडू साहब, आप हरियाणा कौशल रोजगार निगम के बारे में बात कीजिए।

श्री बलराज कुंडू: उपाध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय मुख्यमंत्री जी से कहना चाहता हूं कि अगर इस प्रकार का पेपर लिया जायेगा तो यही मतलब है कि आप हमारे बच्चों को लगाना तो दूर उनका शोषण करना चाह रहे हैं।

मुख्यमंत्री (श्री मनोहर लाल) : उपाध्यक्ष महोदय, एच.के.आर.एन.एल. में कोई पेपर नहीं लिया जाता है। यह एच.के.आर.एन.एल. का विषय नहीं है। अभी एच.के.आर.एन.एल. के विषय पर ही सीमित रहें।

श्री उपाध्यक्ष : कुंडू साहब, वह अलग विषय है। प्लीज आप बैठ जाइये। (शोर एवं व्यवधान)

श्री बलराज कुंडू : उपाध्यक्ष महोदय, जो मात्र ऑर्डनरी बच्चे हैं वे वह काम करते हैं तो सरकार 15 हजार, 18 हजार रुपये में ए.डी.ए. क्यों लगाएगी इसलिए ही यह जटिल पेपर बनाया जाता है। (शोर एवं व्यवधान)

श्री उपाध्यक्ष : कुंडू जी, आपका कोई प्रश्न हो तो पूछिये। (शोर एवं व्यवधान)

श्री बलराज कुंडू : उपाध्यक्ष महोदय, यह कोई चार मिनट का प्रश्न नहीं है, यह ध्यानाकर्षण प्रस्ताव है जिसमें मेरी बहुत क्यूरीज हैं जो मैं आपसे व सदन के मंत्री महोदय से पूछना चाहता हूं। मैं आपके माध्यम से मंत्री जी से यह पूछना चाहता हूं कि एच.एस.एस.सी. ने और एच.पी.एस.सी. ने जो पोस्टें निकालनी थी उनको सरकार कौशल रोजगार निगम के माध्यम से भर रही है। मैं पूछना चाहता हूं कि वे कर्मचारी कब तक उन पोस्टों पर रहेंगे और उनको आगे स्थाई नौकरी देने की सरकार की क्या व्यवस्था रहेगी? उनकी आगे किस प्रकार से एप्वायंटमैंट होगी? क्या इनके लिए आगे कोई रिक्रूटमैंट निकाली जाएगी? यह अपने आप में एक बहुत बड़ा सवाल है। मेरा मतलब बस यही है कि कौशल रोजगार में जो पारदर्शिता की बात की जा रही है तो जिस तरह से हमारी और नौकरियों की लिस्टें आती हैं कौशल रोजगार निगम की लिस्ट भी पब्लिक डोमेन पर आनी चाहिए ताकि पता लगे कि किस तरह ही योग्यता वाले कैंडीडेट्स को क्राईटेरिया में क्या नम्बर मिले और बाकी को कितने नम्बर मिले हैं ताकि वे कैंडीडेट्स सैटिसफाई हों सकें लेकिन उसकी कोई लिस्ट नहीं लगाई जाती है। (शोर एवं व्यवधान)

श्री उपाध्यक्ष : कुंडू जी, प्लीज आप बैठ जाइये।(शोर एवं व्यवधान)

श्री बलराज कुंडू : उपाध्यक्ष महोदय----- (शोर एवं व्यवधान)

श्री उपाध्यक्ष : कुंडू जी, आपका यह प्रश्न सप्लीमैंट्री में पूछने का है।(शोर एवं व्यवधान)

Shri Bharat Bhushan Batra : Hon'ble Deputy Speaker Sir, first of all, what was the need to form this Nigam by the Government? Why it has been made a Limited Company by the Government to make such recruitments? Secondly, had this been only with the Government Bodies then the matter would have been different. कम से कम सरकार के अधिकारी को ये सारी पावर देते तो वे एक विधि से काम करते। तभी इस बात के लिए संतोष होता कि अधिकारी ठीक काम करके सब कुछ ठीक करेंगे। आपने intending

organization के साथ में जिसको रिक्रूटमैंट का टैंडर देना है उसमें आपने बीच में Private players को भी डाल दिया। इसमें है कि intending organization means all the Departments, Boards, Corporations, Statutory Bodies, Universities, Public Sector Undertakings, Mission Authorities etc. which are under the control of the Government. Up-to this it is very alright. But private establishments were sent there intending to deploy manpower to the Nigam. अब इनको आपने अख्तिहार दे दिया तो ये लिस्टें कहां से आई।

श्री मनोहर लाल : बतरा जी, आप तो अच्छे भले विद्वान हैं, वकील हैं जरा लैंग्वेज पढ़ेंगे तो पता चलेगा कि ये तो जो इंडेंट देते हैं अर्थात जिनको वर्कफोर्स चाहिए तो वह गवर्नमैंट का डिपार्टमैंट भी इस कम्पनी से मांग सकता है, बोर्ड कोरपोरेशन भी मांग सकता है, इवन कोई प्राईवेट एजेंसी को भी वर्कफोर्स चाहिए तो वह भी उस कम्पनी से मांग सकता है। प्राईवेट वालों को बीच में डालकर हमने उनको कोई रिक्रूटमैंट एजेंसी नहीं बनाया है।

श्री भारत भूषण बतरा : उपाध्यक्ष महोदय, अगर किसी दूसरे डिपार्टमैंट को नौकरी चाहिए तो उसके लिए वह सरकार के पास आ जाए। सरकार के पास अपनी नौकरी तो देने की बात है नहीं ।

श्री उपाध्यक्ष : बतरा जी, माननीय मुख्यमंत्री जी जो जवाब दे रहे हैं पहले आप उसको सुन लें।

श्री मनोहर लाल : उपाध्यक्ष महोदय, हमने तो एक फैसिलिटी दी है। मान लीजिए सरकार को 10 हजार लोग चाहिएं। अब मानलीजिए हमारे पास नहीं हैं और वह 10 हजार लोग हमने ले लिये। कल को अगर प्राईवेट वाले भी यह कह दें इन्हीं शर्तों के ऊपर उन्हें 100 या 500 या 1000 लोगों की रिक्रूटमैंट दे दीजिए। हम अगर ट्रांसपेरेंट्स तरीके से उस प्राईवेट एजेंसी को भी 1000 लोगों की रिक्रूटमैंट दे देते हैं तो अगर वे हमारे दायरे में से होकर निकलकर जाएंगे तो उनको भी तसल्ली रहेगी। उनको ई.पी.एफ., उनका प्राईवेट फंड, ई.एस.आई. वह सारा कुछ कटना शुरू हो जाएगा। आज जो सारी चीज ठेकेदारों के माध्यम से चल रही थी जिसका सरकार भी उपयोग करती थी, बोर्ड कोरपोरेशन भी उपयोग करते थे, यूनिवर्सिटीज भी उपयोग करती थी और जो private entrepreneur हैं, कोई फैक्ट्री वाला है, कोई कम्पनी वाला है वह भी

प्राईवेट एजेंसी से ही लेता था। हमने सभी को अब सरकारी प्लेटफॉर्म दे दिया है।

(इस समय श्री अध्यक्ष पदासीन हुए)

अध्यक्ष महोदय, इस सरकारी प्लेटफार्म से अगर किसी को कोई फायदा होता है तो क्या गलत है। हम एक ओवरसिस प्लेसमैंट सैल बना रहे हैं। अभी तक तो सब प्राइवेट एजेंसीज विदेशों में नोजवानों को भेजती रही हैं। यही नहीं कबूतरबाजी करके दुनिया भर में इल्लीगल तरीके से नोजवानों को बाहर भेजने का काम किया जाता रहा है और इसके लिए कितने ही केसिज भी बने हुए हैं। आज मान लो हम जनता को ऐसी सुविधाओं के लिए कोई सरकारी प्लेटफार्म दे रहे हैं जिसके माध्यम से वे विदेश में जाकर नौकरी प्राप्त करें तो ऐसा करके हम जनता को एक तरह से फैसिलिटेट करने का ही काम कर रहे हैं तो बताओ इसमें हम क्या गुनाह कर रहे है? हम तो जनता को एक एक्सट्रा प्लेटफार्म ही देने का काम कर रहे हैं। सरकार प्राईवेट लोगों के माध्यम से चयन करने का काम कर रही है, ऐसा बिल्कुल नहीं है। जो कंपनी इस तरह का काम करती है, उस कंपनी का सारा काम गवर्नमैंट के अधिकारी ही देखने का काम करते है। हमने केवल प्राइवेट क्षेत्र को फैसिलिटेट करने का ही काम किया है कि उन्हें अगर आदमी चाहिए तो वे हमसे ले सकते हैं। हमारे पास सारी लिस्ट है और इसका कारण यह है कि हमारे पास लोगों ने एप्लाई किया हुआ है। अगर सरकार को जरूरत होगी तो सरकार भी इन बच्चों को लेगी और अगर बाहर भी जरूरत है तो वहां पर भी इन बच्चों की सेवाओं को लिया जा सकेगा लेकिन यह सारा काम नार्म्ज के मुताबिक ही होगा।

श्रीमती गीता भुक्कलः अध्यक्ष महोदय, मैं माननीय मुख्यमंत्री महोदय से जानना चाहूंगी कि क्या इसमें शैड्यूल्ड कास्ट्स, बैकवर्ड क्लासिज, एक्स सर्विसमैन तथा डिसेबल्ड को रिजर्वेशन दी जायेगी या नहीं ?

श्री अध्यक्षः गीता जी, आपकी पार्टी के एक सदस्य भारत भूषण बतरा जी कुछ पूछना चाह रहे हैं, पहले उनको अपनी बात पूछ लेने दें।

श्री भारत भूषण बतराः अध्यक्ष महोदय, क्या मुख्यमंत्री जी कृपया बतायेंगे कि आज तक कितनी प्राइवेट आर्गेनाइजेशंज ने, सरकार के निगम के थ्रू एम्पलायमैंट देने का काम किया है। अगर मुख्यमंत्री जी नहीं बताना चाहते तो कंसंर्ड मंत्री इस बारे में बता दें कि कितने लोगों को एंप्लाइमैंट देने का काम किया गया है। सेकेंडली मैं सदन के माध्यम से जानना चाहता हूँ कि इस तरह की प्रक्रिया में मैरिट लिस्ट को कौन डिसाइड करता है। मैरिट लिस्ट का जो फॉर्मेट बनाया गया है, इस मैरिट लिस्ट को

कौन डिसाइड करने का काम करता है। अध्यक्ष महोदय, भगत फूल सिंह मैडिकल कालेज, खानपुर के अंदर 32 एम्प्लायज आलरेडी वर्क कर रहे थे। सरकार कह रही है कि प्राइवेट प्लेयर्ज की कोई बात नहीं है। मैं सरकार की जानकारी के लिए बताना चाहूंगा कि वहां पर एक ठेकेदार ने निगम को लिस्ट दे दी और लिस्ट में शामिल लोगों को एम्पलाय कर दिया गया और सरकार कह रही है कि प्राइवेट प्लेयर्ज का कोई रोल नहीं है। अध्यक्ष महोदय, सरकार तो प्राइवेट प्लेयर्ज का नाम तक मानने के लिए तैयार नहीं है। अगर प्राइवेट प्लेयर्ज का कोई रोल नहीं है तो प्रश्न उठता है कि प्राइवेट प्लेयर्ज ने जो निगम को लिस्ट दी उस लिस्ट में शामिल लोगों को निगम ने कैसे एप्वॉयंटमैंट लैटर दे दिया और जो आलरेडी यहां पर लगे हुए थे उनको हटा दिया। सरकार किस आधार पर यह कह रही है कि प्राइवेट प्लेयर्ज का कोई रोल नहीं है। मैं सरकार से पूछना चाहता हूँ कि आखिरकार जो लोग यहां पर आलरेडी काम कर रहे थे उनको किस कैपेसिटी से हटाने का काम किया गया। मेरे इस प्रश्न का उत्तर दिया जाये। अध्यक्ष महोदय, यह बहुत बड़ा स्कैंडल है। यह केस पैटीशन कमेटी के सामने भी आया है and Government has admitted that this fraud has been committed and inquiry should have been there और सरकार को इस सारे विषय पर रिप्लाई देने का काम करना चाहिए इस मामले में एफ.आई. आर. भी दर्ज की जानी चाहिए।

श्री भूपेन्द्र सिंह हुड्डाः अध्यक्ष महोदय, आज इस विषय पर काफी चर्चा हुई और मंत्री जी ने भी काफी लंबा चौड़ा जवाब दिया और उन्होंने कहा कि मैरिट पर हमने नौकरी देने का काम किया है। कितनी अजीब बात है कि एलीजिबिलिटी के क्राइटेरिया को मैरिट का नाम दिया जा रहा है और इस तरह से लिस्ट बनाई जा रही है कि इतनी आमदनी होगी तो इतने नम्बर दिए जायेंगे। अध्यक्ष महोदय, एलीजिबिलिटी का क्राइटेरिया और मैरिट दो अलग–अलग चीजें होती हैं। मैं सदन के माध्यम से पूछना चाहता हूँ कि आखिरकार यह कौन तय करता है कि किसकी कितनी आमदनी है ? क्या आमदनी का पता परिवार पहचान पत्र से करते हो ? अगर ऐसा है तो बताओ परिवार पहचान पत्र कौन तय कर रहा है ? आमदनी का सर्टिफिकेट या तो तहसीलदार देगा या फिर एस.डी.एम. देगा ऐसे थोड़े ही होता है कि कोई मास्टर भी आमदनी का सर्टिफिकेट दे दे उसको कैसे मालूम होगा कि किसकी कितनी आमदनी है। अध्यक्ष महोदय, सबसे बड़ा प्रश्न तो यह है कि मैरिट का क्राइटेरिया क्या है और इसके लिए क्या प्रक्रिया एडाप्ट की जाती है। एच.एस.एस.सी. या एच.पी.एस.सी. जो है, वह टैस्ट

लेने का काम करती है, इंटरव्यू लेने का काम करती है और इसके बाद मैरिट तैयार की जाती है लेकिन जिस प्रकार का काम आज इस सरकार के कार्यकाल में किया जा रहा है, मैं पूछना चाहता हूँ कि जो लोग मैरिट तैयार कर रहे हैं, उन लोगों ने कौन सी प्रक्रिया एडाप्ट करके मैरिट बनाने का काम किया है। अगर सरकार को इसी तरह से काम करना है तो फिर एच.एस.एस.सी. या एच.पी.एस.सी. को डिजोल्व ही कर दिया जाये क्योंकि अगर ऐसा ही होता रहेगा तो फिर एच.एस.एस.सी. और एप.पी.एस.सी. की क्या जरूरत रहेगी। यह हमारी युवा पीढ़ी के साथ एक खिलवाड़ है। हम इस तरह के खिलवाड़ को किसी भी कीमत पर नहीं होने देंगे। अध्यक्ष महोदय, मैं इस खिलवाड़ को दिखाने वाली एक बात बताता हूँ और इसे सुनकर सबको पता चल जायेगा कि आज लोगों का किस प्रकार से तमाशा बनाने का काम किया जा रहा है। एक श्रीमती सीमा देवी है इसकी दिनांक 6.12.2022 को कौशल रोजगार निगम के माध्यम से टी.जी.टी. के पद भर्ती हुई और दिनांक 9.12.2022 को इसे नौकरी से निकाल दिया गया। इस दौरान इस बेचारी ने मिठाई भी बांट दी। अब उसके दिल पर क्या बीती होगी इसका हम सब अनुमान भी नहीं लगा सकते। आखिर सरकार बच्चों के भविष्य के साथ ऐसा खिलवाड़ क्यों कर रही है ? यह खिलवाड़ है और यह एक तरह से चोर दरवाजा ही खोला गया है। इसमें न कोई क्राइटेरिया है और न ही कोई मैरिट है। क्राइटेरिया को एक तरह से खत्म ही कर दिया गया है। इंकम सर्टिफिकेट कौन दे रहा है, कोई पता नहीं। अध्यक्ष महोदय, मैं सदन के माध्यम से सरकार को चेताना चाहता हूँ कि इस युवा पीढ़ी के साथ इस किस्म का खिलवाड़ मत करो। जब कौशल रोजगार निगम बनाया था तो उस समय मुख्यमंत्री जी का बयान मैंने पढ़ा था कि यह काम ठेका प्रथा को खत्म करने के लिए किया जा रहा है। क्या इस तरह से ठेका प्रथा खत्म हो रही है ? वास्तव में सरकार खुद ठेकदार बन रही है। दो साल के लिए सरकार युवाओं को भर्ती कर रही है और उनको 30 हजार रूपये देने का काम कर रही है। इनको न कोई प्रमोशन दी जाती है और न ही किसी प्रकार की कोई अन्य सुविधा दी जाती है। इस तरह से तो ये बेचारे सारी उम्र कच्चे ही रह जायेंगे। नौकरी में कितने दिन रहेंगे। कच्ची नौकरी के लिए ठेका प्रथा शुरू कर दी। माननीय मुख्यमंत्री महोदय जी एक तरफ तो कह रहे हैं कि ठेका प्रथा खत्म करेंगे दूसरी तरफ कह रहे हैं कि हरियाणा कौशल रोजगार में 25 हजार भर्ती करेंगे। इसका मतलब यह हुआ कि सरकार द्वारा हजारों पोस्ट्स खत्म कर दी जायेंगी। सरकार इस प्रकार का काम क्यों कर रही है? हरियाणा में करीब 180000

से ज्यादा विभिन्न कैटेगरीज के बहुत से विभागों में पद खाली पड़े हुए हैं, सरकार को उनकी सीधी भर्ती करनी चाहिये। पढ़े–लिखे बच्चे जो ऑफिसर्ज लग सकते हैं और आगे बढ़ सकते हैं। सरकार द्वारा इस तरह की भर्ती करके उनको कम सैलरी देकर उनके भविष्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। यह बात हरियाणा के लोग बर्दाश्त करने वाले नहीं हैं। हमारी पार्टी इसको पूरी तरह से रिजैक्ट करती है और सरकार से अनुरोध करती है कि इस निर्णय को तुरंत प्रभाव से वापिस लिया जाये। अध्यक्ष महोदय, हम हमारे बच्चों के साथ इस तरह का खिलवाड़ नहीं होने देंगे।

श्री वरूण चौधरीः अध्यक्ष महोदय, मेरा पारदर्शिता के बारे में यह कहना है कि यदि इसमें इतनी ज्यादा पारदर्शिता होती तो आज सदन में इतने माननीय सदस्यों को चर्चा करने की जरूरत नहीं होती। पहली बात तो यह है इस संबंध में पोर्टल कभी खुलता नहीं और दूसरी बात इस संबंध में यह कही जाती है कि जिन्होंने किसी भी सरकारी कार्यालय में काम किया हुआ है केवल वही अपना पंजीकरण करवा सकते हैं, दूसरे नहीं करवा सकते। पारदर्शिता की बात तो यहां से साफ दिखती है कि विधायक श्री रणधीर गोलन के बेटे ने सरकार पर इल्जाम लगाया कि नौकरी के नाम पर 49 लाख रुपये दिये फिर भी नौकरी नहीं लगी।

श्री मनोहर लालः अध्यक्ष महोदय, यह हरियाणा कौशल रोजगार निगम से संबंधित बात नहीं है।

श्री वरूण चौधरीः अध्यक्ष महोदय, जवाब में बताया गया है कि हरियाणा लोक सेवा आयोग और हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग से भी अलग से भर्ती हो रही है। यदि भर्ती हो रही है तो आज इतनी पोस्ट्स खाली क्यों पड़ी हुई हैं? अध्यक्ष महोदय, जिन्होंने अपना पंजीकृत करवाया और नौकरी नहीं मिली तो क्या उन्हें बेरोजगारी भत्ता मिल रहा है? प्रदेश में लाखों युवा तो ऐसे हैं जो पोर्टल पर अपना पंजीकरण नहीं करवा पा रहे हैं। कितनी भर्तियां हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग के माध्यम से हुई हैं? अभी माननीय प्रतिपक्ष नेता ने अपनी स्टेटमैंट दी है कि प्रार्थी को 3–4 दिन के बाद नौकरी से निकाल दिया गया। अध्यक्ष महोदय, यदि किसी को दो महीने बाद निकाल दिया जायेगा और किसी को 6 महीने बाद निकाल दिया जायेगा तो उन बच्चों का भविष्य क्या होगा? इस प्रकार से हमारे प्रदेश के युवाओं का शोषण तो हो रहा है। वे बच्चे एक बार नौकरी से निकालने के बाद कहां जायेंगे, क्या इस बारे में सरकार ने कभी सोचा है? अध्यक्ष महोदय, जो भर्तियां हरियाणा लोक सेवा आयोग और हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग के माध्यम से होनी चाहियें, वे भर्तियों हरियाणा

कौशल रोजगार निगम के माध्यम से नहीं होनी चाहियें। मेरा यह भी कहना है कि पारदर्शिता को बढ़ावा दिया जाना चाहिये। धन्यवाद।

श्री आफताब अहमदः अध्यक्ष महोदय, शहीद हसन खां मैडिकल कॉलेज में जो बच्चे पिछले 10 वर्षों से ठेकेदारों के तहत अपनी सेवाएं दे रहे थे उनको निकाल कर और दूसरे ठेकेदारों द्वारा ही उनको भर्ती की जा रही है लेकिन उन बच्चों का जो 10 वर्षों का अनुभव था उसको नजरअंदाज किया जा रहा है। यह बात बिल्कुल सच्ची है कि वहां बच्चे इसके विरोध में धरने पर बैठे हुए हैं। उनकी लिस्ट और बच्चों के नाम बदले जा रहे हैं, क्या हरियाणा कौशल रोजगार निगम की यही पारदर्शिता है? अध्यक्ष महोदय, पुराने बच्चों के अनुभव और क्राइटेरिया को पूरी तरह से नजर अंदाज कर दिया गया है। इस तरह से बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ हो रहा है। जब 10 वर्ष की सेवा देने के बाद भी उनका भविष्य सुरक्षित नहीं है तो वे बेचारे कहां जायेंगे? सरकार को इस तरफ भी ध्यान देना चाहिये। अध्यक्ष महोदय, इसमें कहीं भी पारदर्शिता दिखाई नहीं देती है।

श्री मनोहर लालः अध्यक्ष महोदय, पहली बात तो यह है कि यह ध्यानाकर्षण प्रस्ताव हरियाणा कौशल रोजगार निगम को लेकर ही है, ना हरियाणा लोक सेवा आयोग को लेकर है, ना ही हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग को लेकर है और ना ही बेरोजगारी को लेकर है। यदि माननीय सदस्यगण थोड़ा सा सब्र रखेंगे तो सारे प्रश्नों के उत्तर मिल जायेंगे।

श्री वरूण चौधरीः अध्यक्ष महोदय, मैं बोलना चाहता हूँ।

श्री अध्यक्षः वरूण जी, सदन के नेता जवाब दे रहे हैं, प्लीज आप बैठ जाइये।

श्री मनोहर लाल : अध्यक्ष महोदय, मेरा कहना है कि हरियाणा कौशल रोजगार निगम (एच.के.आर.एन.) एक विशेष पर्पज से बनाया गया है । इस बारे में माननीय मंत्री जी ने भी बताया है और उसे हमारी बहन किरण जी ने भी स्वीकार किया है । पहले ठेकेदारों के माध्यम से लोगों को नौकरी में लिया जाता था, एच.के.आर.एन. उसका एक विकल्प है। हमारे पास ठेकेदारों से संबंधित बहुत–सी शिकायतें आती थी । उन शिकायतों को खत्म करने और युवाओं को शोषण से बचाने के लिए एच.के.आर.एन. आवश्यक था । हमें इसकी जानकारी है कि ठेकेदारों के माध्यम से लगने वाले युवकों की सैलरी बहुत कम होती थी और उस कम सैलरी में से भी उनके पैसे काटकर उनका शोषण किया जाता था । किसी व्यक्ति से ऐडवांस में पैसे ले लिये जाते थे और फिर उनके बैंक खाते में पैसे डाले जाते थे, किसी का पी.एफ. जमा नहीं करवाया

जाता था, किसी को ई.एस.आई. की सुविधा नहीं दी जाती थी आदि । इन सभी समस्याओं को खत्म करने के लिए हमने एच.के.आर.एन. को शुरू किया है । एच.के. आर.एन. एक नया पोर्टल है । अतः हमारा यह दावा नहीं है कि इसमें कोई भी कमी नहीं होगी । अगर इसमें कुछ कमियां होंगी तो चर्चा के पश्चात् वे सामने आ जाएंगी और उनको निश्चित ही ठीक कर लिया जाएगा । एच.के.आर.एन. के तहत अभी मात्र 4–5 हजार लोगों की ही भर्ती हुई है । बाकी तो इसमें वे लोग हैं जो ठेकेदारों के माध्यम से लगे थे । हमने उनको एच.के.आर.एन. में ठेकेदारों से पोर्ट किया है । हमने उन लोगों को ठेकेदारों की सूचि से निकालकर इसमें लगाया है ताकि उनको वहां जो कठिनाइयां आ रही थी वे बंद हो जाएं । इसके अलावा हम यह कार्य उनकी सहमति से कर रहे हैं । इसमें जांच का एक विषय भी है कि पहले आउटसॉर्स के माध्यम से जो भर्तियां होती रही उनका न तो हमारे एच.के.आर.एन. डिपार्टमैंट में कोई रिकॉर्ड होता था और न ही उनकी तनख्वाहें हमारे सिस्टम में से जाती थी । उनको तो ठेकेदारों के माध्यम से पैसा मिलता था । ठेकेदार सरकार को लोगों के नाम की सूचि देते थे और सरकार ठेकेदारों को एक–साथ पेमैंट कर देती थी । अभी भी ऐसे हजारों लोग हैं जिनके नामों को ठेकेदार एच.के.आर.एन. में पोर्ट नहीं कर रहे हैं और वे लोग हमें मिल भी नहीं रहे हैं तथा न ही उनकी हमारे पास कोई शिकायत आई है । इससे प्रतीत होता है कि ठेकेदारों के स्तर पर नीचे कोई गड़बड़ रही होगी कि उन्होंने सरकार के पास नाम बहुत ज्यादा लोगों के भेज दिए होंगे और उन्होंने भर्ती कम लोगों की की होगी । अतः यह एक ध्यान देने का विषय भी है । ऐसे में यह जांच का एक विषय है कि वे लोग फिजिकली अवेलेबल थे भी या नहीं और हम इसकी जांच करेंगे । हम कोशिश करेंगे कि हम इस बारे में जांच करके अगले सत्र में इस बारे में सदन को जानकारी दे दें । जो विषय एक गलत दिशा में चल रहा था हम उसको ठीक करने की कोशिश कर रहे हैं । यह बात स्पष्ट है कि यह कोई पक्की नौकरी नहीं है बल्कि यह आउटसॉर्सिंग की एक कच्ची नौकरी है । यह नौकरी प्रारम्भ में एक साल के लिए दी जाती है । अगर जरूरत होगी तो इसे हर साल एक–एक साल के लिए एक्सटैंड किया जाएगा । यह भी तय है कि अगर एच.पी. एस.सी./एच.एस.सी.सी. के माध्यम से पक्की नौकरी के लोग आएंगे तो ये लोग हटने ही हैं । ऐसा नहीं है कि ये लोग नहीं हटेंगे । इसमें मैरिट की जो बात उठाई जा रही है उसके विषय में मैं सदन को बताना चाहता हूं कि इंडैंटिंग डिपार्टमैंट ने कर्न्सन्ड पोस्ट के लिए हमें जो मिनिमम योग्यता बताई है उसको हमने पूरा किया है । मान

लीजिए टी.जी.टी. / पी.जी.टी. की भर्ती के लिए संबंधित विभाग ने हमें बताया कि इनके लिए फलां योग्यता होनी चाहिए और साथ ही एच.टी.ई.टी. का टैस्ट भी पास होना चाहिए तो उस कंडीशन को हमने पूरा किया है । इसमें अध्यापकों की पहले जो भर्ती की गई थी उसमें एच.टी.ई.टी. टैस्ट के पास होने की कंडीशन नहीं रखी गई थी । इसका कारण यह था कि यह टैम्पोरेरी बेस की भर्ती थी और ऐसी भर्ती इसलिए की जाती है क्योंकि सरकार को अध्यापकों की उसी समय जरूरत थी । एच.पी.एस.सी. / एच.एस.एस.सी. के माध्यम से अध्यापकों की भर्ती प्रक्रिया को पूरा करने में बहुत ज्यादा समय लगता है । सभी को पता है कि एच.पी.एस.सी. / एच.एस.एस.सी. के माध्यम से अध्यापकों की भर्ती प्रक्रिया को शुरू करने के बाद भी कम से कम 6 महीने या एक साल का समय लग जाता है । अतः तत्कालीन जरूरत को देखते हुए इंडैंटिंग विभाग को 15 दिन से 1 महीने के अंदर–अंदर अध्यापक देने के लिए टैम्पोरेरी तौर पर भर्ती की गई थी ताकि बच्चों की शिक्षा प्रभावित न हो। इसी तरह अन्य विभागों के कामकाज को दृष्टि में रखते हुए उनके लिए भर्ती की गई थी । इसमें पीयन भी होंगे, ड्राइवर्ज भी होंगे, इंजीनियरिंग के लोग भी होंगे, क्लर्क्स भी होंगे आदि । इस तरह की अनेक पोस्ट्स के लिए जरूरत के मुताबिक भर्ती की जाएगी । अभी तक हमने अध्यापकों आदि की जो बड़ी–बड़ी भर्तियां की हैं उनमें हमें जो कठिनाई आई हैं, मैं उसके बारे में बता देता हूं । शिक्षा विभाग ने हमें पहले एच.टी.ई.टी. की कंडीशन को लिखकर नहीं दिया था लेकिन बाद में उन्होंने हमें बताया कि अध्यापकों के लिए एच.टी.ई.टी. टैस्ट पास होना चाहिए । फिर हमने यह विचार करके कि इनकी भर्ती टैम्पोरेरी तौर पर की जा रही है उन कंडीडेट्स की एक्चुअल क्वालिफिकेशन के मुताबिक उनको कुछ नंबर दिए ताकि किसी तरीके से वे भर्ती हो जाएं और बच्चों की शिक्षा प्रभावित न हो । बाद में जब पक्के अध्यापक आ जाएंगे ता उनको अलग कर दिया जाएगा । सैकेण्ड टाइम जब हमने उनका टैस्ट ले लिया तो बाद में हमें एच.के.आर.एन. ने बताया कि यह टैस्ट तो उनके विभाग के हिसाब से होना चाहिए था । मुझे यह जानकारी पहली बार मिली कि हरेक विभाग का टैस्ट अलग होता है । इस कारणवश कुछ बच्चों को ऑफर लैटर देने के बावजूद भी उनको अप्वॉयंटमैंट लैटर इशू नहीं किये जा सके । 9 तारीख और 12 तारीख के लैटर्स की जो बात की गई तो उनमें भी ऐसे कुछ कंडीडेट्स अवश्य होंगे । अभी ऐसे 600–700 कंडीडेट्स को अप्वॉयंटमैंट लैटर नहीं भेजा गया है । कुल 2000 कंडीडेट्स सिलैक्ट हुए थे जिनमें से 1400 कंडीडेट्स ने ज्वॉयन कर लिया है और 600 कंडीडेट्स

रह गए हैं । भविष्य में जैसी उनकी आवश्यकता होगी उस बारे में भी विचार कर लिया जाएगा । फाइनल मैरिट के हिसाब से वे तो फिर सिलैक्ट हो जाएंगे और नौकरी लग जाएंगे । तीसरी बात यह है कि इसमें कोई एग्जॉम नहीं है क्योंकि मैरिट एग्जॉम से तो नापी जा सकती है तो इसका क्रॉयटेरिया और प्राथमिकता क्या है ? इस विषय को बोर्ड ऑफ डॉयरेक्टर्ज के सामने रखा जाता है और वहां पर क्रॉयटेरिया और प्रॉयोरिटी तय करते हैं। क्रॉयटेरिया में जो क्वॉलिफिकेशन मांगते हैं वह तो अनिवार्य ही है। दूसरा क्रॉयटेरिया में जितना लोकलाईज्ड हो सके उतने लोगों को लेना चाहिए। चूंकि संबंधित कैंडिडेट की थोड़ी तनख्वाह है और अगर उसकी 200 किलोमीटर दूर पोस्टिंग आएगी तो हो सकता है कि संबंधित कैंडिडेट प्रारम्भ में कह दे कि ठीक है और वह संबंधित जगह पर ज्वाईन कर लेगा क्योंकि वह घर में खाली बैठा हुआ है। उसके पास नौकरी नहीं है, इसलिए वह 100–200 किलोमीटर दूर के लिए भी हां कहेगा। लेकिन बाद में हम सभी के पास आकर कहेगा कि उसकी तो थोड़ी तनख्वाह है, इसलिए उसकी ट्रांसफर घर के नजदीक करवा दें। इस प्रकार हमने संबंधित क्रॉयटेरिया में लोकलाइज्ड लोगों को ज्यादा प्राथमिकता दी है। इसके अतिरिक्त जो गरीब परिवार अन्तोदय की श्रेणी में आते हैं जिनको नौकरी की तुरंत आवश्यकता है और उनको पक्की नौकरी नहीं मिल रही है। ऐसे लोगों को जब तक पक्की नौकरी नहीं मिलती है तक तक वहां पर एडजैस्ट हो जाएं। इसमें क्रॉयटेरिया के हिसाब से जिन परिवारों की 1,20,000 रुपये से कम इन्कम है उनको शामिल किया है। यानी उनकी इन्कम 10,000 रुपये प्रति महीना से भी कम है। अब माननीय सदस्य कहेंगे कि यह क्रॉयटेरिया किसने तय किया है ? हमने परिवार पहचान पत्र में बहुत ही पारदर्शिता तरीके से 70 लाख परिवारों का रजिस्ट्रेशन किया है। इन 70 लाख परिवारों में से जिनकी इन्कम गरीबी से भी नीचे है, उसको भी पहली बार हरियाणा सरकार ने ही तय किया है। जोकि अभी तक 1,20,000 रुपये वार्षिक इन्कम थी। यानी 10,000 रुपये प्रति महीना के हिसाब से थी जिसको बढाकर 15,000 रुपये प्रति महीना कर दिया है। इससे गरीबी रेखा का लेवल ऊपर हो जाएगा तो उसमें ज्यादा परिवार समाहित हो जाएंगे। अब संबंधित परिवार 30 लाख के आसपास हैं। हमने कल भी सदन में परिवार पहचान पत्र के माध्यम से राशन कार्ड की बात कही थी या दूसरी बातें कही थी। इस प्रकार के 30 लाख परिवारों में 30–35 साल की आयु के आसपास के कैंडिडेट्स को प्रॉयरिटी दी है क्योंकि इनसे बड़ी आयु का कैंडिडेट कहीं न कहीं पर एडजैस्ट हो चुका है। खासतौर से 30–35 साल का कैंडिडेट तो एजुकेशन

क्वॉलिफिकेशन के साथ न्याय कर सकता है। हालांकि हमने रिवर्जेशन में 45 और 47 साल की उम्र भी रखी हुई है। अगर हम विचार करें कि 47 साल के एक कैंडिडेट को नौकरी देंगे तो क्या वह संबंधित बच्चों के साथ न्याय कर पाएगा ? चूंकि वह 8–10 सालों के बाद तो उम्र के हिसाब से रिटायर हो जाएगा। इसलिए इसमें एक आदर्श आयु सीमा की बहुत ज्यादा जरूरत है और वह 30– 35 साल की है। इनको प्रॉयरिटी दी गयी है। ऐसा भी नहीं है कि दूसरे कैंडिडेट्स को नौकरी पर नहीं लगाया जाएगा। हमने बाकी चीजों के मार्क्स कम कर दिये हैं। पहले हमने जिले को एक इकाई माना था कि एक जिले के कैंडिडेट्स को प्राथमिकता दी जाए। इसमें यह विचार आया कि कई जिले बड़े भी होते हैं। उदाहरण के तौर पर सिरसा जिले में डबवाली भी है, नाथूश्री चौपटा भी है और डिंग भी है। इसमें दो जगहों की दूरी मिलाकर 80 किलोमीटर पड़ती हैं। इसलिए ब्लॉक के हिसाब से इनकी एक श्रेणी बनायी गयी है। अगर कोई ब्लॉक में है तो ज्यादा मार्क्स दिये जाएं, जिले में है तो उससे कम मार्क्स दिये जाएं और एडज्वाईनिंग जिले में उससे भी कम मार्क्स दिये जाएं। हमारी कोशिश यही है कि ऐसी कच्ची नौकरी में एडज्वाईनिंग जिले से ज्यादा दूर के कैंडिडेट्स को बेशक टाल दिया जाए। उसकी जहां पर जरूरत पड़ेगी, वहां पर देख लेंगे। इस प्रकार ये सारे क्रॉयटेरिया बनाये गये हैं। इन्हीं के आधार पर योग्यता और अनुभव रखे गये हैं। एच.के.आर.एन. में प्रारम्भ में यह बात आयी थी कि हरियाणा सरकार के किसी विभाग/कॉरपोरेशन/बोर्ड के अनुभवी कैंडिडेट्स को प्राथमिकता दी जाए क्योंकि वहां से भी कच्चे कर्मचारियों को हटाया ही जाता है। हमारा इस बात पर जोर है कि एच.पी.एस.सी. और एच.एस.एस.सी. के थ्रू नौकरियों को बढाया जाए। अगर हम इन संस्थाओं के थ्रू कैंडिडेट्स को भर्ती करेंगे तो उन पोस्ट्स के एगेंस्ट लगे हुए कर्मचारी तो हटेंगे ही। इस प्रकार जो कैंडिडेट्स हटेंगे उनको अनुभव के आधार पर पहले प्राथमिकता दें। इसमें अनुभव के मार्क्स अलग से दिये जाएंगे और सभी संबंधित अनुभवी कैंडिडेट्स का रजिस्ट्रेशन करवाया गया था। जिन कैंडिडेट्स का अनुभव नहीं था उनको रजिस्र्ड नहीं करवाया गया था। एक विषय यह आया था कि इसमें प्राइवेट अनुभवी कैंडिडेट्स को भी शामिल किया जाए। लेकिन प्राइवेट अनुभव की एथेंटीसिटी कोई नहीं कर पाएगा क्योंकि कोई प्राइवेट संस्था से सर्टिफिकेट लेकर आएगा उसके लिए हमारे हाथ में कुछ भी नहीं है। चूंकि कोई भी प्राइवेट फैक्ट्री या कम्पनी से सर्टिफिकेट बनवाकर लाएगा और फिर बाद में कहेंगे कि सब कुछ घालमेल हो गया या फेल हो गया। इसलिए एथेंटीसिटी जिस

डिपार्टमैंट/बोर्ड/कॉरपोरेशन की है, उसी का अनुभव माना जाएगा। इनके अलावा किसी और प्राइवेट संस्था के अनुभव के सर्टिफिकेट को नहीं मान सकते। इस प्रकार यह अनुभव का विषय था। फिर इसमें आगे क्या होगा ? माननीय सदस्यों की यह चिन्ता भी जायज है क्योंकि 2–4 सालों के बाद संबंधित कैंडिडेट के एगेंस्ट पोस्ट पर कोई दूसरा रेगूलर कैंडिडेट आ गया तो वह हट जाएगा। यह पूरी उम्र तक सर्विस में लगे रहने के लिए नहीं है। माननीय सदस्य कह रहे हैं कि संबंधित कैंडिडेट्स की पूरी उम्र की चिन्ता है। यह प्रावधान तो पक्की नौकरी में ही है। जो कैंडिडेट्स कच्ची नौकरी में ठेकेदार या एच.के.आर.एन. के तहत लगेंगे, उनके लिए उम्र भर नौकरी करने के लिए व्यवस्था नहीं बना सकते। इसमें न ही कोई स्टेच्यूटरी प्रावधान हो सकता है।

श्रीमती किरण चौधरी: अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय मुख्यमंत्री जी से पूछना चाहूंगी कि एच.के.आर.एन. के तहत सर्विस में रखने का मिनिमम कितना टाईम रखा गया है ?

श्री मनोहर लालः अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय सदस्या को बताना चाहूंगा कि इसके लिए 1 साल का मिनिमम टाईम रखा गया है।

श्रीमती किरण चौधरी: अध्यक्ष महोदय, क्या संबंधित कैंडिडेट्स को 1 साल से पहले सर्विस से नहीं हटाया जाएगा ? मैं बताना चाहूंगी कि इसमें संबंधित कैंडिडेट्स को 3 तीन में ही हटा दिया गया था।

श्री मनोहर लालः अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से बताना चाहूंगा कि उन कैंडिडेट्स की योग्यता में कोई गड़बड़ थी। इसमें 600–700 कैंडिडेट्स ऐसे बचे हुए हैं जिनकी योग्यता पूरी नहीं थी, लेकिन उनके पास ऑफर लैटर चला गया था। उनको एप्वायंटमैंट नहीं दिया गया था।

श्री भूपेन्द्र सिंह हुड्डा : अध्यक्ष महोदय, मेरे पास इससे संबंधित एक कागज है जिसमें लिखा हुआ है कि पंचकुला के आदेश क्रमांक दिनांक 06.12.2022 को पी.जी.टी. के पद पर ज्वाईन किया था और दिनांक 09.12.2022 को दोपहर कार्यभार से मुक्त कर दिया जाता है। इन्होंने दिनांक 06.12.2022 को ज्वाईन किया था और दिनांक 09.12. 2022 को कार्यभार से मुक्त कर दिया। इस संबंध में मेरे पास वाणिज्य प्रवक्ता का लैटर है।

श्री अध्यक्ष : हुड्डा साहब, आप जिस लैटर की बात कर रहे हैं यह एप्वॉयंटमैंट लैटर तो नहीं है। यह रिलीविंग लैटर है। आप यह बता दें कि संबंधित लैटर में क्या लिखा हुआ है?

श्री भूपेन्द्र सिंह हुड्डाः अध्यक्ष महोदय, जब उसने ज्वाईनिंग की तभी तो उसको कार्यभार से मुक्त किया होगा। क्या उसको बगैर एप्वॉयंटमैंट के ज्वाईनिंग दे दी।

श्री मनोहर लाल : अध्यक्ष महोदय, मैंने इस बारे में पहले ही कह दिया है कि अगर ऐसी गलतियां हुई हैं तो उनको ठीक करने का काम किया जायेगा। अगर और भी इस तरह के केसिज हैं तो उनको भी हम देख लेंगे। एक बार अगर किसी की ज्वाईनिंग हुई है तो उनको वापिस, उनकी जो भी योग्यता होगी, आखिर हमारे पास हर योग्यता के लोगों की डिमांड तो आयेगी। अब इसके बाद और विभागों की डिमांड्स हैं क्योंकि अध्यापकों का चयन दो चरणों में किया है और हमें इसमें भी कठिनाईयों ध्यान में आई हैं। नये सिरे से हमारे ध्यान में जो कठिनाईयां आई हैं उनको भी दूर किया जायेगा। मैं स्वयं और हमारे प्रिंसीपल सैक्रेटरी श्री के.एम.पांडुरंग जी हैं, वे इस काम को देख रहे हैं। मैं उनको कहूंगा कि इन कठिनाईयों को दूर किया जाये और आगे से ऐसी कठिनाईयां न आयें, इसके लिए प्रयास किया जाये। जैसा कि मैंने बताया कि यह सारा प्रोसैस क्लियर कट है और कहीं भी किसी की तरफदारी करके कोई पर्ची देकर अब नौकरी नहीं लगता है, ऐसा मैं गारंटी के साथ इसलिए कह रहा हूं क्योंकि हम सारे सिस्टम को समझ करके ही इस तरह का फैसला कर रहे हैं। (शोर एवं व्यवधान)

भूपेन्द्र सिंह हुड्डाः अध्यक्ष महोदय, इस मामले में खानपुर मैडीकल कॉलेज में एफ. आई.आर. दर्ज भी हो रखी हैं। (शोर एवं व्यवधान)

श्री मनोहर लाल : हुड्डा साहब, यह बात मेरे नोटिस में नहीं है। (विघ्न) अगर हरियाणा कौशल रोजगार निगम के तहत एफ.आई.आर. दर्ज हुई है तो इसकी जानकारी लेकर उस पर कार्रवाई करेंगे। (शोर एवं व्यवधान) अगर किसी ने जानबूझकर अपना नाम इसमें घूसेड़ दिया है तो उसके खिलाफ हम कार्रवाई करेंगे। (विघ्न) अध्यापकों से संबंधित 2074 और 2049 के दो प्रोसैस ऑलरेडी हो चुके हैं। हमारा उद्देश्य क्राइटेरिया के हिसाब से इन लोगों को अवसर देना था। अध्यक्ष महोदय, मैंने तो स्वयं बटन दबाकर 10–10 लोगों से फोन पर बात तक करने का काम किया है। एक बार जब मैंने फोन पर इस संबंध में बात की तो दूसरी तरफ से कहा गया कि अभी तक तो कोई समाचार प्राप्त नहीं हुआ है। मैंने कहा कि अपना फोन उठाकर

देखो, तुम्हारे पास कोई मैसेज आया होगा तो इसके पांच मिनट बाद फोन आया कि हां जी मैसेज आ गया। यह बात मैं इस बात की तसदीक के लिए बताना चाह रहा हूँ कि हम लोगों ने हाथों हाथ बटन दबाकर लोगों के मोबाईल फोन पर मैसेज पहुंचाया। अध्यक्ष महोदय, इस सारे प्रोसैस में इस तरह का प्रावधान किया गया है कि सर्वप्रथम मोबाईल में स्कूल का नम्बर डालना पड़ता है इसके बाद उनको स्कूल का स्थान का सही–सही पता लग जाता है और मैसेज में यह बात भलीभांति वर्णित होती है कि फलां स्कूल में 15 दिन के अंदर–अंदर जाकर ज्वॉयन कर लें। अगर वह 15 दिन में ज्वॉयन नहीं करता है तो फिर उनको मैसेज जाता है कि आपका नाम इसमें से काट दिया गया है। अध्यक्ष महोदय, इस सारे प्रोसैस में हमारे पास ज्यादा समय नहीं होता है क्योंकि हमें और भी नये लोगों को नौकरी पर लगाना होता है। इसके बाद हमारे पास बहुत बड़ा डाटा परिवार पहचान पत्र का भी है। इस परिवार पहचान पत्र में से अब हम आगे गरीबी के क्राईटेरिया के हिसाब से हमारे पास जो एंथेटीकेटिड डाटा है, हम उसी में से ही जो हमें योग्यता के आधार पर लोग मिलते हैं, हमारी पहली प्रॉयर्टी यही रहती है कि उनको पहले नौकरी दी जाये। (शोर एवं व्यवधान)

श्री भूपेन्द्र सिंह हुड्डा : अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय मुख्यमंत्री जी से जानना चाहता हूं कि इसमें इन्कम से संबंधित डॉक्यूमैंट्स का सर्टिफिकेट कौन देगा?

श्री मनोहर लाल : हुड्डा साहब, हम इन्कम के लिए कोई सर्टिफिकेट नहीं दे रहे हैं।

श्री भूपेन्द्र सिंह हुड्डा : अध्यक्ष महोदय, सरकार फिर कैसे इन्कम वैरीफाई करेगी?

श्री मनोहर लाल : हुड्डा साहब, हमारे 70 लाख परिवारों की, किसके परिवार की क्या इन्कम है, हम इसमें कई राउंड की वैरीफिकेशन करवा चुके हैं। जहां तक इन्कम सर्टिफिकेट की बात है तो मैं इस बारे में भी आपको जानकारी देना चाहूंगा। (शोर एवं व्यवधान)

श्री भूपेन्द्र सिंह हुड्डा : अध्यक्ष महोदय, मेरा यही सवाल है कि सरकार के किस कर्मचारी ने उस व्यक्ति के इन्कम की पहचान की है। जो आपने इस काम के लिए टीचर लगा रखे थे उनको किसी व्यक्ति की इन्कम के बारे में क्या मालूम है? अगर आप हिन्दुस्तान में कहीं भी जाओगे तो तहसीलदार या इन्कम टैक्स ऑफिसर उसको इन्कम सर्टिफिकेट देगा। (शोर एवं व्यवधान) इस मामले में कल को रिट भी होगी और अगर रिट होगी तो वह बेचरा अपने घर आ जायेगा।

श्री मनोहर लाल : हुड्डा साहब, अगर इस मामले में रिट होगी तो मैं इसको संभाल लूंगा। (शोर एवं व्यवधान) जहां तक परिवार पहचान पत्र की बात है तो इसमें जिस परिवार की जितनी इन्कम दर्शाई गई है, हमारी सरकार उसको उसी के अनुरूप बैनीफिट देने का काम कर रही है। मैं सदन से निवेदन करता हूं कि इन्कम को लेकर कभी भी गलती आ जाये तो आप इस चीज को संबंधित ए.डी.सी. के पास भेजिये। वह इसको रिवैरीफाई करवायेगा। मैं यह भी बताना चाहूंगा कि ए.डी.सी., तहसीलदार से ऊपर ही होता है। ए.डी.सी. की वैरिफिकेशन के बाद उसकी इन्कम दर्ज होती है, कोई भी अपने आप इन्कम दर्ज नहीं कर सकता।

श्री भूपेन्द्र सिंह हुड्डाः मुख्यमंत्री जी, पहले आप इसे शुरू तो करवाएं।

श्री मनोहर लालः हुड्डा जी, हम इसे शुरू कर रहे हैं, आप पहले मेरी पूरी बात तो सुन लीजिए।

श्री भूपेन्द्र सिंह हुड्डाः जिस तरह से आई.डी. और पहचान पत्र बने हैं और जितनी गलतियां हुई हैं। इसका आप सबको पता है और अगर नहीं है, तो लग जाएगा। उसकी कोई एथेंटिफिकेशन नहीं है।

श्री मनोहर लालः अध्यक्ष महोदय, हम उस हिसाब से नहीं चलते कि 2011 में बैठकर कोई एक लिस्ट बना दी और उसे एस.ई.सी.सी. (सोशियो इकॉनोमिक कास्ट सेंसस) का नाम दे दिया गया हो। आज हमारी सरकार द्वारा राशन कार्ड में जिन लाखों लोगों के नाम काटे गए हैं ,उनमें किसी व्यक्ति की इन्कम 4 लाख थी तो किसी की 5 लाख थी और इन 11 वर्षों में जितने भी बेरोजगार लोगों में से जो इम्पलॉयी बने, उन सबके नाम भी इसमें थे। किसी ने भी इम्पलॉयी बनने के बाद अपना नाम नहीं कटवाया। आखिर में 9 लाख लोगों का नाम कटा और 12 लाख लोगों का नाम जुड़ा तो इसका मतलब हुआ कि इन 12 लाख लोगों का अधिकार ये 9 लाख इनेलीजिबल लोग तथा परिवार खा रहे थे, लेकिन अब आगे ये सारा विषय डायनैमिक रहेगा।

श्री भूपेन्द्र सिंह हुड्डाः अध्यक्ष जी, सरकार ने बुजुर्ग लोगों की पेंशन काटी है।

श्री मनोहर लालः हुड्डा जी, आपने इतने अयोग्य लोगों की पेंशन क्यों बनवाई। आपकी सरकार ने यह बनाया था कि पेंशन के लिए बुजुर्ग की वार्षिक आय 2 लाख से ज्यादा नहीं होनी चाहिए, यह हमने नहीं बनाया। उसके बाद आपके समय में और शुरू में हम भी हमारे समय में इसको चैक नहीं कर पाए। जिन परिवारों की आय 4–5 लाख रुपये सालाना थी वे सब परिवार इसमें जुड़े हुए थे।

श्री भूपेन्द्र सिंह हुड्डाः मुख्यमंत्री जी, जितने वर्ष मेरी सरकार रही, उतने वर्ष आपकी सरकार को भी हो गए हैं, जबकि आप मेरी बात कह रहे हो, आप 8 वर्ष में क्या करते रहे।

श्री मनोहर लालः हुड्डा जी, आप बहस मत करिये। मैं आपकी और अपनी बात भी कह रहा हूं, लेकिन हम गलत बात कभी बर्दाश्त नहीं करेंगे।

श्री भूपेन्द्र सिंह हुड्डाः मुख्यमंत्री जी, इसमें बहस की कोई बात नहीं है। आपको मेरे तजुर्बे से कुछ सीखना चाहिए। हमने गेस्ट टीचर भर्ती किये थे जिस तरह से आपने ये कौशल रोजगार निगम बनाया है। आज तक उन गेस्ट टीचर्स की पक्के होने की कोई सुविधा नहीं हुई। उनको कितनी मुसीबतों का सामना करना पड़ता था। तो आप ऐसा काम क्यों कर रहे हैं ?

श्री मनोहर लालः हुड्डा साहब, आप मेरी एक छोटी–सी बात सुन लीजिए कि–

आईना उठाया ना करो, आईना उठाओ तो पहले खुद
देखा करो और बाद में किसी दूसरे को दिखाया करो।

श्री भूपेन्द्र सिंह हुड्डाः मुख्यमंत्री जी, यही बात मैं कह रहा हूं कि आईना तो आपने उठाया है। मैं उठा दूंगा आपका आईना तो छोड़ो इस बात को मैं आपसे कन्सर्ड नहीं हूं, मैं हरियाणा के युवाओं के भविष्य के लिए कन्सर्ड हूं जिनके साथ खिलवाड़ हो रहा है। जो कौशल रोजगार निगम योजना है यह युवाओं के भविष्य के प्रति खिलवाड़ है, ये हम बर्दाश्त नहीं करेंगे, मैं तो केवल यही बात बता रहा हूं। अगर आप कोई अच्छा काम करोगे तो वह अच्छी बात है।

श्री मनोहर लालः अध्यक्ष महोदय, युवाओं को नौकरी देना, युवाओ को कौशल रोजगार निगम में अवसर देना हमारा काम है और हम ये करेंगे। ये सरकार आपकी तरह नहीं है कि सी.एम. बनकर फोटो खिंचवाते रहें।

श्री अध्यक्षः हुड्डा साहब, प्लीज आमने–सामने बहस न करें। आप एक बार मुख्यमंत्री जी को बोल लेने दीजिए फिर अपना पक्ष रख लीजिए।

श्री भूपेन्द्र सिंह हुड्डाः अध्यक्ष महोदय, मुख्यमंत्री जी, मेरा नाम लेकर कह रहे हैं और मैं बैठा सुनता रहूं।(विघ्न)

श्री अध्यक्षः हुड्डा साहब, आप बोलिए मैं आपको बोलने के लिए मना नहीं कर रहा, लेकिन इस तरह आमने–सामने बहस करना ठीक नहीं है, आप बोलिए। इसके लिए

मैं मुख्यमंत्री जी से भी निवेदन करूंगा। जब मुख्यमंत्री जी बोल रहे हैं तो मेरा आपसे निवेदन है कि आप बीच में इंटरफेयर न करें।(विघ्न)

श्रीमती गीता भुक्कलः अध्यक्ष जी, मुख्यमंत्री जी, गलतियों को मान नहीं रहे हैं।

श्री अध्यक्षः मुख्यमंत्री जी, इस बात को मान रहे हैं कि अगर कोई कमी रही होगी तो उसमें सुधार करेंगे।

श्री मनोहर लालः अध्यक्ष महोदय, मैंने बताया कि अगर कोई कमी रही है तो हम उसमें सुधार करेंगे, लेकिन इसके लिए केवल और केवल किसी बात का विरोध करना ठीक नहीं है। मैं एक बात और बता रहा हूं कि हमारे समय में जितने भी काम हुए हैं, उसमें कुछ शब्दों का कटाक्ष हमारे विपक्षी मित्र करते हैं कि हम आएंगे तो पी.पी. पी. को खत्म कर देंगे, हम आएंगे पोर्टल उड़ा देंगे, हम आएंगे मैरिट को फाड़कर फेंक देंगे। (विघ्न) मैं क्या कह रहा हूं मेरी बात तो पूरी सुनें।(विघ्न) हुड्डा साहब, आप पहले मेरी बात पूरी सुन लीजिए।

श्री भूपेन्द्र सिंह हुड्डाः अध्यक्ष जी, मुख्यमंत्री जी, हमारा नाम लेकर कह रहे हैं। (विघ्न)

श्री अध्यक्षः हुड्डा साहब, एक बार आप मुख्यमंत्री जी को बोल लेने दीजिए, उसके बाद आप बोल लेना।

श्री मनोहर लालः अध्यक्ष महोदय, एक बार हुड्डा साहब मेरी बात पूरी सुन लें। मैं आज इस सदन में बहुत ही दावे के साथ कह रहा हूं कि जितनी ज्यादा बार ये बोलेंगे कि पी.पी.पी. को खत्म कर देंगे, पोर्टल उड़ा देंगे, मैरिट फाड़ देंगे और ये सब(विघ्न)

श्री भूपेन्द्र सिंह हुड्डाः अध्यक्ष महोदय, हमने कब कहा कि हम मैरिट को खत्म करेंगे (विघ्न)

श्री मनोहर लालः अध्यक्ष महोदय, इन्होंने नहीं कहा, किसी और विपक्षी ने कहा होगा। मैंने आपका नाम नहीं लिया। मैंने इनका नाम नहीं लिया। (विघ्न) अध्यक्ष जी, मैंने यह कहा है कि विपक्ष के लोग कहते हैं। मेरा यह भी कहना है कि विपक्ष में कांग्रेस पार्टी के माननीय सदस्यों के अलावा और भी माननीय सदस्य हैं। (विघ्न) विपक्ष के लोग ये भी हैं। ये कह रहे हैं कि पोर्टल–वोर्टल और सरकार भी पोर्टल से चला लेना और विधान सभा तो नेवा पोर्टल से ही चल रही है। मेरा इनको यही कहना है कि हम पोर्टल को तो खूब लागू करेंगे। हम इन पोर्टल्ज़ के माध्यम से भ्रष्टाचार के खान्ने को पूरी तरह से खाली करेंगे।

श्री भूपेन्द्र सिंह हुड्डा : अध्यक्ष जी, मेरा यह कहना है कि 8 साल में तो मुख्यमंत्री जी से कुछ नहीं हुआ अब ये एक साल में क्या करेंगे?

श्री मनोहर लाल : अध्यक्ष जी, मेरा यही कहना है हमने इतना कर दिया है कि इनको उसकी तकलीफ इसलिए हो रही है कि जो इनके इशारे से लोगों की एक फौज खड़ी हुई थी जिनका काम कमीशन खाने का और तरह–तरह की दलाली करने का था आज वो सारे के सारे काम खत्म हो रहे हैं और सभी लोग बेरोजगार हो रहे हैं। ये प्रदेश में बेरोजगारी का आंकड़ा बार–बार इसीलिए गिना रहे हैं क्योंकि प्रदेश में इनके द्वारा खड़ी की गई फौज के लोग बेरोजगार हो रहे हैं। मेरा यही कहना है कि आने वाले समय में इस प्रकार के बेरोजगारों की लाईन और लम्बी होने वाली है।

श्री भूपेन्द्र सिंह हुड्डा : अध्यक्ष जी, माननीय मुख्यमंत्री जी को बुगुला भक्त नहीं बनना चाहिए। आज प्रदेश में इतना भारी करप्शन है जिसका कोई हिसाब नहीं है। (विघ्न)

श्री मनोहर लाल : अध्यक्ष जी, माननीय सदस्य कुण्डू साहब ने अध्यापकों की भर्ती के बारे में कहा था। उसके बारे में मैंने सारी बात बता दी है। उन्होंने यह भी कहा था कि पियन (Peon) की पोस्ट के लिए भी बहुत बड़ी–बड़ी क्वॉलिफिकेशन के कैंडीडेट फार्म भर रहे हैं। इस बारे में पहली बात तो मैं यह कहना चाहता हूं कि इस प्रकार की भर्ती के लिए कोई एक रिक्वॉयरमैंट होती है उसमें जो–जो लोग एप्लाई करते हैं उनमें से एक्सपीरियंस के लोग पहले लिये जाते हैं। उनके बाद क्वॉलीफिकेशन के हिसाब से लिये जाते हैं। क्वॉलीफिकेशन के नाते से कोई भी नौकरी होती है उसमें मैरिट का मतलब होता है हॉयर क्वॉलीफिकेशन के हिसाब से नियुक्ति दी जाये क्योंकि आज की तारीख में कोई भी ऐसी कंडीशन या कोई भी ऐसा सिस्टम नहीं है यह किसी भी सरकार के समय में नहीं था और हमारी सरकार के समय में भी नहीं है कि किसी नौकरी के लिए एक निर्धारित क्वॉलीफिकेशन से ऊपर की क्वॉलीफिकेशन के लोग नहीं लिये जायेंगे। अगर कोई बेरोजगार है और वह अपनी मर्जी से लोअर कैटेगरी की सर्विस पर आना चाहता है तो हम उसको रोक नहीं सकते हैं। हां, उसके लिए मैदान खुला है कि वह अपनी आगे की नौकरी के लिए अपने प्रयास जारी रख सकता है। पहले कभी तो यह होता था कि इसके लिए उसको किसी भी डिपार्टमैंट से एन.ओ.सी. लेनी पड़ती थी। अब हमने एन.ओ.सी. के प्रावधान को खत्म कर दिया है। अब उसको एन.ओ.सी. नहीं लेनी है। अगर वह कहीं पर भी नौकरी कर रहा है तो उसके बाद अगर उसको एच.सी.एस. या आई.ए.एस. भी बनना है तो वह उसकी सूचना देता जाये और आगे बढ़ता जाये लेकिन

प्रारम्भ में जीवन स्टार्ट करने के लिए अगर उसको छोटी नौकरी भी मंजूर है तो वह उसको लेगा। यह उसके हित में है और इससे उसको आगे बढ़ने में भी सुविधा मिलेगी। अगली बात मैं यह बताना चाहूंगा कि एस.के.आर.एन. में भी जब ये कई तरह की पोस्टें आयेंगी तो हमने उसमें यह भी नियम बनाया हुआ है कि पहले हॉयर एजुकेशन की पोस्टों को भरा जायेगा। मानो अगर दस पोस्टें एम.ए. के लिए उपलब्ध हैं तो एम.ए. वालों को उसका अवसर दिया जायेगा। इसके बाद अगर बी.ए. वालों की पोस्टें उपलब्ध हैं तो उसमें एम.ए. वाला भी आयेगा और बी.ए. वाला भी आयेगा। इसके बाद अगर प्लस टू की पोस्टें हैं और बचे हुए अगर ग्रेजुएट व पोस्ट ग्रेजुएट कैंडीडेट प्लस टू की पोस्टें लेना चाहते हैं तो वे उसनकी भर्ती की प्रोसैस में भी शामिल हो सकते हैं। इस प्रकार से हॉयर एजुकेशन के लोगों को नौकरी में प्रॉयोरिटी दी जायेगी। उनके बाद में जो कैंडीडेट उपलब्ध होंगे उनको नौकरी मिलेगी।

श्रीमती किरण चौधरी : अध्यक्ष जी, मैं केवल यह बात जानना चाहती हूं कि जो बाकी जगहें हैं वहां पर principle of reservation for SC and OBC क्यों फोलो नहीं किया जा रहा है?

श्री मनोहर लाल : अध्यक्ष जी, इस बारे में मैं यह बताना चाहता हूं कि रिजर्वेशन के प्रिंसीपल को फोलो किया जाता है। इसमें यह किया जाता है कि पहले रिजर्वेशन कैटेगरीज के लोगों को उसमें से निकालकर नियुक्ति दी जाती है। अगर मानो रिजर्वेशन का क्राईटेरिया पूरा हो जाता है। मान लीजिए कि एस.सी. कैटेगरी की रिजर्वेशन 20 परसैंट हैं और एस.सी. कैटेगरी के 20 परसैंट कैंडीडेट पूरे हो जाते हैं। उसके बाद बी.सी. "ए" और बी.सी. "बी" के क्रमशः 11 और 16 परसैंट कैंडीडेट लिये जाते हैं। इसके बाद जब रिजर्वेशन की कैटेगरी के लोग पूरे हो जाते हैं तो फिर शुरू से लेकर नीचे तक ओपन में सभी को लिया जाता है। उसमें जनरल कैटेगरी के लोग भी आते हैं, उसमें बचे हुए एस.सी. व बी.सी. के लोग भी आयेंगे। इसी प्रकार से बी.सी. "ए" और बी.सी. "बी" के लोग भी आयेंगे। इसी कारण से अभी तक एस.के.आर.एन. में जितनी भर्तियां की गई हैं उनमें 37 परसैंट एस.सी. कैटेगरी के लोग हैं। इसी प्रकार से बी.सी. "ए" और बी.सी. "बी" के लोग 27 परसैंट चाहिएं वे 27.4 परसैंट हैं इसलिए ये कहीं कम नहीं हुए हैं।

श्री भूपेन्द्र सिंह हुड्डा : अध्यक्ष जी, वे लोग तो अपनी मैरिट के आधार पर हो गये होंगे लेकिन इसमें उनकी कोई रिजर्वेशन तो नहीं है।

श्री मनोहर लालः अध्यक्ष महोदय, रिजर्वेशन के कोटे से ज्यादा उन लोगों की हाजिरी हो यह हमारा प्रयत्न है। अगर हम पी.जी.टी. की बात करें तो यह स्वाभाविक है कि एस.सी. और बी.सी. में पी.जी.टी. के कैंडिडेट्स कम मिलेंगे। अगर बी.सी. के कैंडिडेट्स नहीं मिलते हैं तो उनको ओपन करके भर लिया जायेगा लेकिन उन पदों को खाली नहीं छोड़ा जायेगा। सरकारी नौकरी में तो उसका बैकलॉग छोड़ कर आगे बढ़ा जाता है लेकिन यह चूंकि टैम्पोरेरी नौकरी है और इसमें हमें काम करने के लिए अर्जेंट आदमी चाहिएं। अगर किसी रिजर्व कैटेगरी में कैंडिडेट्स उपलब्ध नहीं हैं तो उसको सामान्य से भरकर उस साल के लिए लगा लिया जायेगा। आगे फिर जरूरत पड़ेगी तो जितना उनका रिजर्वेशन का कोटा बनता है वह लेकर फिर अगर खाली बचती हैं तो उनको कहीं से भी भरा जायेगा। हमें तुरन्त काम करने के लिए आदमी चाहिएं और अगर हम इंतजार में रहेंगे तो ये पोस्ट्स खाली रह जायेंगी। फिर इसका नम्बर बढ़ाना पड़ेगा, तो जितना नम्बर दिया हुआ है उस हिसाब से इसमें भर्ती की जाती है। जहां तक लिस्ट की बात है तो लिस्ट इसलिए नहीं बनाई जाती कि जो क्राइटेरिया तय कर लिया है उस क्राइटेरिया के हिसाब से जो लोग अपर आते हैं उन सभी को ऑफर लैटर भेज दिया जाता है। अगर लिस्ट बनायेंगे तो वह तो लाखों की बनेगी इसलिए जो क्राइटेरिया है उसमें जिनका सलैक्शन हो गया वह कम्प्यूट्राइज्ड है। एक चीज जो अभी तक नहीं हो रही थी उसको हम करेंगे कि क्राइटेरिया के मार्क्स क्या–क्या हैं। आज यह विषय ध्यान में आ रहा है और हम इसको ओपन करेंगे कि मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार योजना के कैंडिडेट्स को इतने मार्क्स मिलेंगे, 1.80 लाख तक की लिमिट वाले कैंडिडेट्स के इतने मार्क्स मिलेंगे, 1.40 तक के इतने मार्क्स तथा 2.00 लाख तक इतने मार्क्स मिलेंगे। हम यह सारा क्राइटेरिया डाल देंगे। उसमें आयु, जिला और ब्लॉक का भी क्राइटेरिया डाल देंगे। उसके बाद घर बैठे ही कोई भी अपने मार्क्स देख सकता है तथा देखने के बाद कट ऑफ लिस्ट के साथ अपने मार्क्स का मिलान कर सकता है। अगर कट ऑफ से नीचे रह गया तो नौकरी नहीं मिलेगी और अगर कट ऑफ से ऊपर आ गया तो उसको नौकरी मिल जायेगी।

श्री भूपेन्द्र सिंह हुड्डाः अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से मुख्यमंत्री जी को कहना चाहता हूं कि आपने क्राइटेरिया की बात की है वह अच्छी बात है। गरीब से गरीब आदमी को भी नौकरी मिलनी चाहिए, उनको नौकरियों में प्राथमिकता मिलनी चाहिए लेकिन सवाल यह है कि इसको तय कौन कर रहा है? परिवार पहचान पत्र सही तरह से जस्टीफाई नहीं कर पा रहा है क्योंकि इसमें बहुत सारी दिक्कतें हैं इसलिए

यह हमें मंजूर नहीं है। मेरा यही कहना है कि आप हरियाणा कौशल रोजगार निगम के माध्यम से भर्तियां न करें। अगर आपने हरियाणा कौशल रोजगार निगम के माध्यम से ही भर्तियां करनी हैं तो हमारे एच.एस.एस.सी. और एच.पी.एस.सी. क्या करेंगे? आप यह भी बताइये कि क्या एच.पी.एस.सी. और एच.एस.एस.सी. में भी यही क्राइटेरिया लागू होगा, क्या वहां पर भी आप कोई एग्जाम और इन्टरव्यू नहीं लेंगे? कल जब आप रेगुलर भर्ती निकालते हैं, और ये ही लोग अप्लाई करते हैं तो क्या इनका कोई एग्जाम या इन्टरव्यू नहीं होगा? अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से सरकार से कहना चाहता हूं कि युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ मत कीजिए।

श्री मनोहर लालः अध्यक्ष महोदय, नेता प्रतिपक्ष ने जो नौकरियां बताई हैं वे सभी पक्की सरकारी नौकरियां हैं परमानैंट नौकरियां हैं तथा परमानैंट नौकरियों का क्राइटेरिया एक दम अलग होता है लेकिन जो आउटसोर्सिंग की नौकरियां हैं, टैम्पोरेरी नौकरियां हैं जो हम एक साल के लिए जरूरतमंद को दे रहे हैं इनका और पक्की नौकरियों का मुकाबला नहीं किया जा सकता है। ये सभी लोग पक्की नौकरियों के लिए अप्लाई करेंगे और एग्जाम देंगे। यदि पास होंगे तो वे नौकरी भी प्राप्त कर लेंगे।

श्री भूपेन्द्र सिंह हुड्डाः अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से मुख्यमंत्री जी को कहना चाहता हूं कि क्या सरकार पक्की नौकरियों को खत्म करना चाहती है, क्या सरकार सिर्फ कच्ची नौकरियां ही लगायेगी?

श्री मनोहर लालः अध्यक्ष महोदय, मैं एक नई घोषणा कर रहा हूं। मैं कहना चाहता हूं कि समय–समय पर व्यवस्था में बहुत सारे चेंजिज होते रहते हैं। उसमें सबसे पहली बात यह होती है कि किस विभाग में कितनी पोस्ट्स चाहिएं, कितनी जरूरत है, कितनी भरी हुई हैं तथा कितनी खाली हैं। समय के साथ–साथ इसमें बहुत से चेंजिज होते रहते हैं। मैं दो चेंजिज सदन के ध्यान में लाना चाहता हूं। एक चेंज तो यह है कि अब टैक्निकल युग आ गया है और टैक्निकल युग की बात आती है तो फिर वही पोर्टल वाली बात आ जाती है। अब आई.टी. के युग में बहुत सी चीजें ऑनलाइन हो गई हैं। मैनुअली पहले जितने लोगों की जरूरत होती थी अब उतने लोगों की जरूरत नहीं रह गई है। अगर हमें अच्छी सरकार की व्यवस्थाएं बनानी हैं यानि इसको इफैक्टिव करना है, समय पर करना है, कॉस्ट इफैक्टिव करना है तो हमें हर विभाग के सिस्टम को दोबारा से रैशनेलाइज करना पड़ेगा। कितनी पोस्ट्स की जरूरत है उस हिसाब से पोस्ट्स सैंक्शन करवायेंगे। नये सिरे से हर साल फिर

जरूरत पड़ेगी तो फिर सैंक्शन करवायेंगे लेकिन अगर कहीं पर पहले से पोस्ट्स अधिक हैं और आज उतनी जरूरत नहीं है तो उनको कम करने की भी आवश्यकता पड़ेगी, उनको कम भी करेंगे लेकिन यह काम सरकार अपने आप नहीं कर सकती। हमने विभागों में इसके लिए बहुत कोशिश की है क्योंकि विभाग का सोचने का अपना एक तरीका है। इसके लिए हमने यह विचार किया है कि हम रैशनेलाइजेशन कमीशन बनायेंगे। यह कमीशन इंडिपैंडैंटली हरेक विभाग में कितनी पोस्ट्स की जरूरत है वह हमें रिपोर्ट देगा। उसके बाद डिपार्टमैंट उसको स्वीकार करेगा और स्वीकार करने के बाद ज्यादा बढ़ाने की जरूरत है तो बढ़ाएंगे और कम करने की जरूरत है तो कम करेंगे। अब मैं इसका दूसरा उदाहरण बता रहा हूं।

श्री भूपेन्द्र सिंह हुड्डा : अध्यक्ष महोदय, 14000 स्कूल्ज से लेकर 9700 स्कूल्ज रह गये और पोस्ट खत्म हो गई। बेरोजगारी बढ़ रही है तभी तो हमारा हरियाणा बेरोजगारी में नम्बर–1 पर आया है। आप इस रैशनेलाइजेशन के चक्कर में बेरोजगारी को बढ़ा देंगे।

श्री मनोहर लाल : अध्यक्ष महोदय, मैं बेरोजगारी के ऊपर भी बोलूंगा। आज मैंने संभाला है तो इसलिए संभाला है ताकि सबकी तसल्ली हो जाए। जहां तक स्कूलों की बात है उस संबंध में मैं जो बात बताने जा रहा हूं उस पर पता नहीं आप खुश होंगे या चिन्ता का विषय होगा। अब हमारी आबादी की दर लगातार कम हो रही है। जीरो से लेकर 10 साल तक अब हमारी आबादी मात्र 9 प्रतिशत है और 10 साल से 20 साल तक 12 प्रतिशत है तथा 20 साल से 30 साल तक 18 प्रतिशत है। अगर नीचे का बैच ज्यादा हो तो ऊपर स्वाभाविक है प्राकृतिक तौर पर कम होने की सम्भावना बनी रहती है लेकिन नीचे कम है और ऊपर ज्यादा है तो इसका मतलब हमारी आबादी की दर कम होती जा रही है। अगर आबादी की दर कम हो रही है तो ये आंकड़े मेरे ऑथैंटिक आंकड़े हैं इनकी आप कहीं से भी इंक्वायरी कर लेना। अगर आबादी की दर कम हो रही है तो स्कूलों में बच्चे कम हो जाएंगे। अगर बच्चे कम होंगे तो हमें सिस्टम को रिवाईज तो करना ही पड़ेगा। अब जे.बी.टी की बात आती है। जे.बी.टी. की आज जितनी स्वीकृत पोस्टें हैं उनमें आज भी 30–40 हजार पोस्टें खाली दिखाई जाती हैं। जबकि आज गैस्ट टीचर लगाने के बाद वे टीचर हमारे सरप्लस हो गये हैं। सरप्लस को बचाया कैसे जाए उसके बारे में पिछली बार भी सैशन में बताया गया था कि जो नॉर्म्स One is to thirty था उसको हमने one is to twenty five किया है ताकि हम गैस्ट टीचर्स को खपा सकें। ये तो मैंने एक उदाहरण

दिया है। ऐसे ही हर क्लास में या हर मिडिल स्कूल में प्राईमरी टीचर्स कितने, टी.जी.टी. कितने और पी.जी.टी. कितने हैं। अब वे सारे टी.जी.टी., पी.जी.टी. टीचर्स सब्जैक्ट वाईज चाहिएं। पी.आर.टी. टीचर्स तो सब्जैक्ट वाईज नहीं चाहिए। इस प्रकार से उन सबका मूल्यांकन करना पड़ेगा। स्कूलों में विद्यार्थी कितने हैं वह भी देखना पड़ेगा। ऐसे–ऐसे प्राईमरी स्कूल्ज भी हैं जिनमें केवल पांच–आठ या दस बच्चे हैं और नॉर्म्स क्या हैं कि किसी भी सरकारी स्कूल में दो पी.आर.टी. टीचर्स होने जरूरी हैं। अगर हम 10 बच्चों पर 2 पी.आर.टी. टीचर्स रखेंगे तो हमें सिस्टम को संभालना है या नहीं संभालना। इसी वजह से हमने 145 स्कूल्ज बंद किये हैं। वे स्कूल्ज बंद इसलिए किये हैं क्योंकि उनमें बच्चों की संख्या 20 से कम थी। हमने उन स्कूल्ज को वाहन व्यवस्था दी है जिसकी व्यवस्था बच्चे के पेरेंट्स या स्कूल टीचर्स करेंगे। हमने उनके वाहन का पैसा प्रति बच्चा प्रति किलोमीटर के हिसाब से तय कर दिया है कि हम उन स्कूल्ज को जो एक किलोमीटर से ज्यादा दूर हैं ट्रांसपोर्ट के लिए इतना पैसा रिलीज करेंगे। अगर कोई स्कूल एक किलोमीटर के अन्दर है तो उसके लिए ऐसा कोई प्रावधान नहीं है। हमें कई जगह तो यह स्थिति भी देखने को मिली है कि एक किलोमीटर के अन्दर एक ही गांव में दो स्कूल्ज हैं। कई बार हमें गांवों में पोलिटीकल डिसीजन करवा लेते हैं लेकिन उसका इम्पैक्ट क्या पड़ेगा उसका ध्यान करना चाहिए। उसी प्रकार से हम बिल्डिंग्ज के ऊपर बात करेंगे। आज बिल्डिंग्ज की बहुत उपयोगिता है। हमें अच्छे पंचायत घर भी चाहिए। हमें अच्छी लाईब्रेरी बनानी हैं, हमें अच्छे कॉम्यूनिटी सैंटर बनाने हैं। इन सब के लिए हम उन स्कूल्ज के मैदान का उपयोग करेंगे। केवल बिल्डिंग के लिए हम अध्यापकों को लगाएंगे ऐसा नहीं हो सकता क्योंकि अध्यापक हमारे बच्चों की आवश्यकता है। हमारा टारगेट बच्चों को पढ़ाना है। बच्चों को पढ़ाने के लिए हमें जितने जरूरी अध्यापक चाहिएं उतने हम रखेंगे लेकिन अध्यापकों को नौकरी देनी है या अध्यापकों को इम्प्लाईमैंट देनी है तो अध्यापकों को इम्प्लाईमैंट देने का जहां तक विषय है उसको भी मैं स्पष्ट कर देता हूं। क्या आज हम सभी को सरकारी नौकरी में इम्प्लाईमैंट दे सकते हैं, नहीं दे सकते हैं। हमारे यहां 20 साल से 60 साल तक लोग 57 प्रतिशत हैं। यह 57 प्रतिशत आबादी लगभग डेढ़ करोड़ हो गई। अब डेढ़ करोड़ से ऊपर हमारी इम्प्लाईमैंट तो 3 से 4–5 लाख है। अगर आउटसोर्सिंग को भी मिला लेंगे तब भी 5 लाख से ऊपर नहीं हैं। अगर हमने 5 लाख लोगों को इम्प्लाईमैंट देना है। अगर हम उसको 30 प्रतिशत से भी डिवाईड कर लें तो 20 हजार से ज्यादा नहीं बनते हैं। आखिर 30

प्रतिशत नौकरी करते हैं या 25 प्रतिशत भी नौकरी करते हैं तब भी 20 हजार हो गये। हम एक साल में 20 हजार से ज्यादा सरकारी पक्की नौकरी ऑन एवरेज नहीं दे सकते हैं। हमने पिछले सात–आठ साल में एक लाख नौकरी दी हैं इससे ज्यादा नहीं दे पाए अभी भी और दो साल में 50–60 हजार या एक लाख जितनी भी बनेंगी उसमें हम प्रयत्न कर रहे हैं कि हम अपनी सारी जरूरतों के हिसाब से एच.पी.एस.सी. की नौकरी एच.पी.एस.सी. में, स्टाफ सलैक्शन कमीशन स्टाफ में और जहां एच.के.आर.एन.एल. में इमीजियेट जरूरत है वे करके भर्ती को जल्दी से जल्दी पूरा किया जाए। कोविड के दिनों में हमारा बैकलॉग जरूर हुआ है लेकिन अब हम उन सबको पूरा करेंगे इसलिए मैंने रोजगार पर भी बताया, एच.के.आर.एन.एल. पर भी बताया, क्राइटेरिया भी बताया, मैरिट में क्वालिफिकेशन ये होगी इन सबके बारे में मैंने बताया है। कोई किसी के साथ भाई–भतीजावाद नहीं होगी। ऐसा नहीं है कि किसी के कहने पर हमने नौकरी दी हो। मैं चैलेंज करता हूं कि हमारे जितने विधायक हैं।(विघ्न)

श्री भूपेन्द्र सिंह हुड्डा : अध्यक्ष महोदय, एच.पी.एस.सी. में क्या हुआ है वह सभी को पता है।

श्री मनोहर लाल : अध्यक्ष महोदय, मैं एच.के.आर.एन.एल. का चैलेंज कर रहा हूं कि 90 के 90 विधायक चाहे वह विपक्ष के हों, चाहे सत्ता पक्ष के हों किसी के भी रिश्तेदार को नौकरी लगाकर दिखा दो तो मैं कह दूंगा कि सिफारिश हुई है। किसी एक विधायक का भी नजदीकी रिश्तेदार नौकरी लगा कर दिखा दो। मुझे पता है कि बहुत गरीब परिवारों के बच्चे लगे हैं। (विघ्न) आज आप एच.के.आर.एन.एल. की बात कीजिए। एच.पी.एस.सी. के बारे में भी मैं बता दूंगा और आज से नहीं पिछले 30 सालों में क्या–क्या कहानियां हुई हैं वे सारी कहानियां बता दूंगा (विघ्न) मैं ठीक काम कर रहा हूं तभी तकलीफ है। विपक्ष के सभी लोगों को अगर तकलीफ है तो यही है कि ठीक काम क्यों हो रहा है।(विघ्न)

श्री भूपेन्द्र सिंह हुड्डा : अध्यक्ष महोदय, मुख्यमंत्री जी कह रहे थे कि आईना देखना चाहिए तो मैंने उनका आईना देख लिया है। दिल में कुछ और मुंह पर कुछ।

श्री मनोहर लाल : अध्यक्ष महोदय, ''आईना कहीं भी टूटे, नाम मेरा ही आता है। क्या मैं पत्थर हूं जो मेरे ही सिर पर ये सब इल्जाम लगाये जाते हैं।'' मैं पत्थर नहीं हूं मेरा भी दिल है। मित्रों, मैंने ये सारी बातें आपको बताई हैं। माननीय अध्यक्ष महोदय, जितना विषय है वह मैंने सारा स्पष्ट किया है। मुझे नहीं लगता कि इसके बाद कोई बात बची होगी।

वॉक–आउट

श्री भूपेन्द्र सिंह हुड्डा : अध्यक्ष महोदय, आज भी मैं कह रहा हूं कि यह युवाओं के हित में नहीं है। मुख्यमंत्री जी ने बड़े तक्सीम में जवाब दिया है लेकिन एण्ड क्या हुआ? 'पतनाला वहीं पड़ेगा' यह हमारे को मंजूर नहीं है। इसलिए हम वॉकआउट करते हैं।

(इस समय सदन में उपस्थित इंडियन नेशनल कांग्रेस पार्टी के सभी सदस्य हरियाणा कौशल रोजगार निगम के द्वारा भर्ती से संबंधित कालिंग अटैंशन मोशन नं. 17 पर मुख्यमंत्री जी द्वारा दी गई क्लैरिफिकेशन से असंतुष्ट होकर एज ए प्रोटैक्ट सदन से वॉकआउट कर गये।)

श्री बलराज सिंह कुंडू : अध्यक्ष महोदय *** (विघ्न)

श्री अध्यक्ष : बलराज कुंडू जी, प्लीज आप बैठिये। (विघ्न)

श्री बलराज सिंह कुंडू : अध्यक्ष महोदय *** (विघ्न)

श्री अध्यक्ष : बलराज कुंडू जी, जो बोल रहे हैं, उसको रिकॉर्ड न किया जाए।

नगर निगम, पंचकुला के महापौर एवं पार्षदों/नव निर्वाचित अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं सदस्य खंड विकास समिति रायपुर रानी तथा नव निर्वाचित सरपंच एवं सदस्य पंचायत समिति, पटौदी का अभिनन्दन

श्री अध्यक्ष : माननीय सदस्यगण, आज सदन में पंचकूला नगर निगम के महापौर एवं पार्षद अध्यक्ष दीर्घा में सदन की कार्यवाही देखने के लिए उपस्थित हैं। मैं अपनी और सदन की तरफ से उनका अभिनन्दन करता हूं।

माननीय सदस्यगण, आज सदन में रायपुर रानी के खंड विकास समिति के नव निर्वाचित अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं सदस्य अध्यक्ष दीर्घा में सदन की कार्यवाही देखने के लिए उपस्थित हैं। मैं अपनी और सदन की तरफ से उनका अभिनन्दन करता हूं।

माननीय सदस्यगण, आज सदन में पटौदी क्षेत्र के पंचायत समिति के नव निर्वाचित सदस्य एवं सरपंच दर्शक दीर्घा में सदन की कार्यवाही देखने के लिए उपस्थित हैं। मैं अपनी और सदन की तरफ से उनका अभिनन्दन करता हूं।

*** चेयर के आदेशानुसार रिकॉर्ड नहीं किया गया।

ध्यानाकर्षण प्रस्ताव–

(ii) नई प्रॉपर्टी आई.डी. बनाने संबंधी

श्री अध्यक्षः माननीय सदस्यगण, मुझे श्री भारत भूषण बतरा, विधायक तथा दो अन्य विधायकों सर्वश्री वरूण चौधरी तथा सुभाष गांगोली द्वारा नई प्रॉपर्टी आई.डी. को बनाने में सरकार द्वारा एकत्र किए गए गलत डेटा से संबंधित ध्यानाकर्षण सूचना संख्या 20 प्राप्त हुई है। मैंने इसको स्वीकार कर लिया है।

इसी प्रकार से ध्यानाकर्षण सूचना संख्या 22 जोकि श्री जगबीर सिंह मलिक, विधायक द्वारा दी गई है, समान विषय का होने के कारण इसे ध्यानाकर्षण सूचना संख्या 20 के साथ जोड़ दिया गया है। श्री जगबीर सिंह मलिक, विधायक भी सप्लीमैंट्री पूछ सकते हैं।

इसी प्रकार से ध्यानाकर्षण सूचना संख्या 32 जोकि श्री नीरज शर्मा, विधायक द्वारा दी गई है, समान विषय का होने के कारण इसे ध्यानाकर्षण सूचना संख्या 20 के साथ जोड़ दिया गया है। श्री नीरज शर्मा, विधायक भी सप्लीमैंट्री पूछ सकते हैं। अब श्री भारत भूषण बतरा, विधायक अपनी सूचना पढ़ें।

Shri Bharat Bhushan Batra: Speaker Sir, I alongwith Shri Varun Chaudhary, MLA and Shri Subhash Gangoli, MLA want to draw the kind attention of this august House towards a matter of great importance that the Government under Municipal Corporation Act 1994 took an ambitious project to make Property Survey Data of the area within Municipal Committee/Corporation etc. To streamline the property tax data is the responsibility of the Urban Local Bodies. Survey has been assigned to firm YCSPL. The survey has not been done properly and no physical verification of property. Wrong data has been collected by the Government. There is complaint by the public at large. People are being harassed. It is breeding corruption. System is causing failure. Survey of lac of property is still pending. Residents/ property holders are deprived to sell their property. A property holder is also deprived of to sell part of the portion of plot or property without formation of new PID. Before registration of the property NOC is required from the ULB Department. People are facing great hardship in selling and purchasing the property.

Right to property is constitutional right. Mixed use of property is not properly being marked in the record. It is just an entry in the record and it does not create ownerships rights. For registration of property for selling/purchasing, proposition of property ID and NOC compulsory is not correct. The Government should make a statement on the floor of the House.

Calling Attention Notice No.22

Clubbed with admitted calling attention notice no. 20

Shri Jagbir Singh Malik: I want to draw the kind attention of this august House towards a matter of great importance that the property survey of 80 cities of Haryana was conducted by Yashi Company of Jaipur with the estimated cost of Rs. 18.11 crore with the condition that if 20% of its survey if found wrong the contract will be cancelled. That the survey of this company was found about 95% wrong. It was found commercial property has been shown as Residential Property and Residential Property has been shown commercial property, vacant plot has been shown as constructed house and constructed house has been shown as plot. Single story has been shown as double story. Somewhere wrong telephone No., wrong address etc. have been shown in the survey, owner name has been wrongly shown, tenant of shop has been shown as owner etc. That a Govt. has issued a circular on dated 28.05.2021 that without taking property ID and NOC from local body no property can be sold or purchased and this has caused great inconvenience to the public. Haryana govt. has launched Tatkal Scheme for correction of the wrong entry of property ID and fee of Rs. 5000 will be charged from the applicant thus for the wrong of company people are being penalized without their fault. That in villages survey also the same above-mentioned shortcoming have been done like wrong ownership, wrong area and the owners who were living in the cities have not been shown as owner the whole property of family has been shown in name of single person like- wise where the Abadi Deh has been got partitioned through civil court and the property number ownership

have been changed and this property ID of the company cannot override the decree of Civil Court. Lal Dora has been wrong fixed and this has disturbed the whole property survey. In view of the above facts the Govt. should make a statement of the floor of house regarding action taken on these surveys.

ध्यानाकर्षण सूचना संख्या 32
स्वीकृत ध्यानाकर्षण सूचना संख्या 20 के साथ संलग्न

श्री नीरज शर्मा: मैं, नगर निगम क्षेत्र के अधीन हुए गलत प्रोप्रटी आईडी के सर्वे बारे इस महान सदन का ध्यान एक अति लोक हित के विषय की ओर दिलाना चाहता हूँ कि सरकार ने नगरपालिका निगम अधिनियम 1994 के तहत संपत्ति कर डेटा को सुव्यवस्थित करने के लिए नगरपालिका समिति निगम आदि के क्षेत्र के संपत्ति सर्वेक्षण डेटा बनाने के लिए एक महत्वाकांक्षी परियोजना शुरू की है। शहरी स्थानीय निकाय सर्वेक्षण की जिम्मेदारी वाईसीएसपीएल फर्म को सौंपी गई है। सर्वेक्षण ठीक से नहीं किया गया है और संपत्ति का कोई भौतिक सत्यापन नहीं किया गया है। सरकार द्वारा गलत डेटा एकत्र किया गया है, बड़े पैमाने पर जनता की शिकायते है। लोगों को परेशान किया जा रहा है। भ्रष्ट प्रणाली विफलता का कारण बन रही है। लाखों मकानों का सर्वे अभी भी बाकी है। प्लाट धारक/निवासी अपनी संपत्ति बेचने से वंचित हैं। संपत्ति धारक को नई प्रोपटी आईडी के प्रारूप के बिना भूखंड या संपत्ति के हिस्से का हिस्सा बेचने से भी वंचित होना पड़ता है। संपत्ति के पंजीकरण से पहले शहरी स्थानीय निकाय विभाग से एनओसी आवश्यक है। लोगों को जमीन/जायदाद बेचने और खरीदने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। संपत्ति पर अधिकार संवैधानिक अधिकार है। संपत्ति के मिश्रित उपयोग को रिकॉर्ड में ठीक से अंकित नहीं किया जा रहा है। यह रिकॉर्ड में केवल एक प्रविष्टि है और यह स्वामित्व अधिकार नहीं बनाता है। बिक्री और खरीद के लिए संपत्ति के पंजीकरण के लिए संपत्ति आईडी और एनओसी अनिवार्य का प्रस्ताव सही नहीं है। इस मामले में पर सदन में विस्तृत चर्चा की जाए।

वक्तव्य–

शहरी स्थानीय निकाय एवं आवासीय मंत्री द्वारा उपरोक्त ध्यानाकर्षण प्रस्ताव संबंधी

शहरी स्थानीय निकाय एवं आवासीय मंत्री (डॉ. कमल गुप्ता): अध्यक्ष महोदय, तीन ध्यानाकर्षण सूचना संख्या 20, 22 और 32 स्वीकृत हुए हैं। ध्यानाकर्षण सूचना संख्या 32 की सभी बातें ध्यानाकर्षण सूचना संख्या 20 में लिखी हुई हैं। इन ध्यानाकर्षण सूचनाओं के विस्तृत उत्तर सभी को भिजवा दिये हैं तथा नेवा (राष्ट्रीय ई–विधान एप्लीकेशन) पर अपलोड कर दिये गये हैं। तथापि, मैं इन तीनों ध्यानाकर्षण सूचनाओं की मुख्य बिंदू संक्षिप्त तौर पर प्रस्तुत कर रहा हूँ जो इस प्रकार हैः–

1. यह महसूस किया गया कि पालिकाओं की सीमा के भीतर स्थित प्रत्येक प्रॉपर्टी की पहचान करके 100 प्रतिशत हाउस टैक्स इक्ट्ठा करने का प्रयास किया जाना चाहिए। इस प्रकार, यह निर्णय लिया गया कि पालिका सीमा के भीतर आने वाली सभी प्रॉपर्टियों की पहचान उनकी नेचर के अनुसार न होकर अपितु प्रॉपर्टी आई.डी. के अनुसार होनी चाहिए।

2. सरकार ने वर्ष 2018 में राज्य में सभी प्रॉपर्टियों का एजेंसी के माध्यम से सर्वे करवाने के लिये आर.एफ.पी. (Request for Proposal) जारी करने का फैसला किया और टैंडर प्रक्रिया के माध्यम से मै0 याशी कंसल्टिंग सर्विसेज प्राइवेट लिमिटड का चयन किया गया था। इस कार्य हेतु राज्य को छह कलस्टरों (डिवीजनों) में बांटा गया तथा इन सभी कलस्टरों का काम एजेंसी को दिनांक 04.10.2018 को दिया गया। दिनांक 13.08.2019 को एग्रीमेंट साईन हुआ। एजेंसी को निम्न तीन चरणों में कार्य करना थाः–

(क) प्रथम चरण – राज्य की सभी प्रॉपर्टी (भूमि एवं भवन) का शत प्रतिशत जी.आई. एस. आधारित सर्वे।

(ख) दूसरा चरण– पहले चरण समाप्ति के बाद अगले चार वर्षों तक ऑपरेशन व मैंटीनैंस जिसमें सप्लीमैंट्री सर्वे भी शामिल है।

(ग) तीसरा चरण– विभाग/पालिकाओं द्वारा दिये जाने वाले बेस मैप के साथ प्रॉपर्टी सर्वे डाटा का मिलान करना।

3. टैण्डर रेट के माध्यम से प्रत्येक प्रॉपर्टी के जो रेट फाइनल किये गये मैं उनके बारे में बताना चाहता हूं । फेज–1 में अम्बाला का प्रति प्रॉपर्टी दर 170 रुपये, फरीदाबाद

का प्रति प्रॉपर्टी दर 190 रुपये, गुरूग्राम का प्रति प्रॉपर्टी दर 190 रुपये, हिसार का प्रति प्रॉपर्टी दर 180 रुपये, करनाल का प्रति प्रॉपर्टी दर 180 रुपये और रोहतक का प्रति प्रॉपर्टी दर 170 रुपये था ।

4. वर्ष 2017—18 में संबंधित पालिका के पास उपलब्ध प्रॉपर्टी रिकॉर्ड के अनुसार इन सभी 6 कलस्टरों में 32,06,839 प्रॉपर्टियां थी । इसके अनुसार प्रथम चरण मुबलिक 57.55 करोड़ रुपये का था । कार्य आबंटन के समय पालिकाओं की संख्या 81 थी ।

इस सर्वे के दौरान पालिकाओं की संख्या बढ़कर 93 हो गई थी तथा कई पालिकाओं के क्षेत्र भी बढ़ा/घटा था । वर्तमान में कुल 83 पालिकाएं हैं । सर्वे में प्रॉपर्टियों की संख्या बढ़कर 42,75,579 हो गई है । इस प्रकार प्रथम चरण की लागत भी बढ़कर 77.12 करोड़ रुपये हो गई है ।

पूर्व में राज्य भर में हाउस टैक्स के मूल्यांकन की गई प्रॉपर्टियों (32,06,839) का कर निर्धारण 540.56 करोड़ रुपये तथा वर्तमान सर्वे की गई सम्पत्तियों का कर निर्धारण 924.11 करोड़ रुपये हो गया है । पूरे राज्य में सम्पत्तियों की संख्या में 33 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि है ।

एजेंसी को अभी तक 57.50 करोड़ की राशि का एजेंसी को भुगतान भी किया गया है ।

5. वर्ष 2019 में प्रॉपर्टी सर्वे शुरू किया गया था और यह देखा गया कि मालिक/किरायेदार का नाम, प्रॉपर्टी श्रेणी, उप—श्रेणी आदि समय—समय पर बदल गई हैं । साथ ही सर्वे के दौरान जो प्लॉट खाली और निर्माणाधीन बताए गए थे, उन प्लॉटों पर पिछले दो—तीन वर्षों में निर्माण भी हो गये । इसके अतिरिक्त बहुत से निवासियों ने सर्वे करने की अनुमति नहीं दी और कुछ निवासियों ने सर्वेक्षण के दौरान सही जानकारी भी नहीं दी । बंद प्रॉपर्टियों पर कोई मकान नंबर भी अंकित नहीं था तथा खाली प्लॉट पर कोई पहचान चिन्ह नहीं था । ऐसी सभी प्रॉपर्टियों के घर का नंबर सर्वे के दौरान दर्ज करना कभी भी संभव नहीं था ।

इसके अलावा हाउस टैक्स का नोटिस या नो ड्यूज सर्टिफिकेट किसी भी प्रॉपर्टी के लिए मालिकाना अधिकार नहीं देता है । प्रॉपर्टी डाटा में सर्वे के दौरान नागरिकों द्वारा प्रदान किये गए मालिक/किरायेदार के नाम दर्ज किये जाते हैं । इस मुद्दे पर जांच रखने और किसी भी त्रुटि को दूर करने के लिए विभाग द्वारा निम्नलिखित कार्रवाई की गई —

(क) प्रॉपर्टी मैनेजमैंट सिस्टम (पी.एम.एस.) (www.pmsharyana.com) पोर्टल एजेंसी (मै. याशी कंसल्टिंग सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड) के द्वारा सर्वे के दौरान डाटा के सुधार के लिए बनाया गया ताकि नागरिकों से दावे और आपत्तियां प्राप्त करके दुरुस्त की जा सके । साथ ही एजेंसी (YCSPL) के द्वारा सर्वे डाटा के आधार पर कर निर्धारण सूचना वितरित किये गए ताकि नागरिक कर निर्धारण सूचना को समझकर अपने दावे या आपत्ति दर्ज कर सकें ।

(ख) नागरिक अपने दावे/आपत्तियों को ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से या पालिकाओं में अपने दस्तावेज जमा करवाकर दर्ज कर सकता है । नागरिकों से प्राप्त दावे/आपत्तियों को सभी पालिकाओं को एक निर्धारित समय सीमा के भीतर इनका समाधान करना होता है ।

(ग) डाटा को लाइव किये जाने से पहले ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों तरीकों से नागरिकों से प्राप्त कुल दावे/आपत्तियां 3,10,395 थी और सभी आपत्तियों का सर्वे एजेंसी द्वारा संबंधित पालिका के साथ मिलकर समाधान किया गया था ।

(घ) पालिकाओं द्वारा सत्यापन के बाद सर्वे की गई प्रोपर्टीयों को प्रापर्टी टैक्स पोर्टल पर लाइव कर दिया गया।

(ङ) पालिकाओं द्वारा डाटा की दैनिक निगरानी की जा रही है और किसी भी डाटा सुधार या अपडेशन के संबंध में नागरिकों से प्राप्त आपत्तियों का संबंधित पालिका द्वारा समयबद्ध तरीके से समाधान किया जा रहा है।

6. माह नवम्बर, 2022 से दिनांक 21.12.2022 तक एन0डी0सी0 पोर्टल पर कुल 2,21,691 आपत्तियां प्राप्त हुई हैं जिनमें निरीक्षण के बाद 1,22,232 स्वीकृत एवं 66,368 अस्वीकृत की गई हैं। कुल 33,091 आपत्तियां निपटान हेतु अभी भी शेष हैं जिनमें से 31,544 आपत्तियां पालिका स्तर पर तथा 1,547 आपत्तियां नागरिकों के पास दस्तावेज एवं सूचना देने के फलस्वरुप लम्बित हैं। इन 31,544 आपत्तियों में केवल 680 आब्जैक्शन आर0टी0एस0 (Right to Service) के अन्तर्गत आते हैं। आर0टी0एस0 में आब्जैक्शन की श्रेणी के अनुसार रिजॉल्व करने के लिए 10 से 45 कार्य दिवस का समय दिया जाता है।

7. सर्वे के आकार एवं इसकी व्यापकता के मध्यनजर तथा इसके भविष्य में होने वाले लाभों को देखते हुए, यह कहना उचित नहीं होगा कि पूरा सर्वे गलत है क्योंकि सम्पति आई0डी0 डाटा के 100 प्रतिशत सुधार किए जाने के बाद नो ड्यूज सर्टिफिकेट (एन0डी0सी0) पोर्टल पर नागरिकों को बहुत अधिक लाभ होने वाला है।

8. यह भी नोट किया गया है कि जो आपत्तियां दर्ज की जा रही हैं, वे बड़े पैमाने पर प्रोपर्टी के स्टेट्स (अर्थात स्वीकृत/अस्वीकृत) या विकास शुल्क (development charges) के तहत सूचीबद्ध बकाया राशि के कारण हैं। यह निर्णय लिया गया है कि इस संबंध में जो नो ड्यूज सर्टिफिकेट पोर्टल पर मौजूद डाटा को निदेशायल एवं संबंधित नगर निकाय द्वारा संयुक्त रूप से ठीक किया जाएगा। इससे अधिकांश मुद्दों का समाधान होने की सम्भावना है।

9. किसी भी पालिका द्वारा 'अनापत्ति प्रमाण पत्र' नाम से कोई भी प्रमाण पत्र जारी नहीं किया जाता अपितु शहरी स्थानीय निकाय विभाग ऑनलाइन पोर्टल (www.ulbhryndc.org) के माध्यम से 'नो ड्यूज सर्टिफिकेट' (एन0ओ0सी0) जारी किया जाता है तथा यह राजस्व विभाग के वेब– हेलरिस पोर्टल के साथ विधिवत जुड़ा हुआ है। इस उद्देश्य के लिए शहरी स्थानीय निकाय विभाग द्वारा हरियाणा नगर निगम अधिनियम, 1994 की धारा 96क और हरियाणा नगरपालिका अधिनियम, 1973 की धारा 99क को दिनांक 22.03.2021 को शामिल किया है।

10. नो ड्यूज सर्टिफिकेट (एन0डी0सी0) पोर्टल से प्राप्त करने के लिए कभी– कभी नागरिकों को सम्पत्ति कर मैनेजमेंट सिस्टम पोर्टल पर तुरंत आपत्तियों के समाधान की आवश्यकता होती है और प्रतीक्षा करने की स्थिति में नहीं होते हैं। जैसा कि उन्होंने सम्पत्ति पंजीकरण के लिए आवेदन किया होता है। इस आवश्यकता को पूरा करने के लिए, उक्त पोर्टल पर 'तत्काल समाधान' का एक नया विकल्प पेश किया गया है। नागरिक 5000/– रुपये प्रति संपति का शुल्क देकर उनके संपत्ति डाटा में निम्नलिखित त्रुटियों जैसे कि नाम में परिवर्तन, संपत्ति का पता परिवर्तन, मोबाइल नंबर में परिवर्तन, देय राशि का अपडेशन, संपत्ति के वर्ग को अपडेट करने, श्रेणी/उपयोग में परिवर्तन, स्थिति परिवर्तन, नई संपत्ति आई0डी0 के निर्माण के लिए अनुरोध, इत्यादि के लिए 'तत्काल समाधान' विकल्प के लिए आवेदन कर सकते हैं। 'तत्काल समाधान' के अंतर्गत आने वाले दावों/आपत्तियों का समाधान दो कार्य दिवस में हल किया जाना है। इस तत्काल सेवा के अतिरिक्त, पोर्टल पर एक सामान्य आपत्ति विकल्प भी निःशुल्क उपलब्ध है।

11. साथ ही शहरी स्थानीय निकायों की सीमा में समय–समय पर शामिल किये गये गांवों के लिए भी प्रोपर्टी सर्वे एंव आब्जैक्शन आमंत्रित करने की भी यही प्रक्रिया

अपनायी गयी है। गांवों में स्थित प्रोपर्टीयों के लिए भी ऑनलाइन और ऑफलाइन माध्यम से प्रदान किये गये हैं।

12. गांवों में सम्पत्ति मालिकों के नाम उपलब्ध नहीं हैं इसका यह भी एक कारण है कि जमाबंदी में एक खसरा नंबर पर कई–कई मालिकों के नाम इंद्राज हैं। संबंधित पालिका द्वारा ग्रामीण क्षेत्र सहित पालिका क्षेत्रों में विशेष शिविर आयोजित किए गए हैं और ऐसे सभी आवेदन जो दस्तावेजों के साथ पूर्ण थे उनको सर्वेक्षण एजेंसी द्वारा अपडेट भी किया गया है। इसके अतिरिक्त सर्वे के दौरान अधिकांश गांवों में लोग अपनी जानकारी सांझा करने के लिए इच्छुक थे। इसके बावजूद भी इच्छुक संपत्ति मालिकों की सूचना प्राप्त करके उनकी प्रोपर्टीयों का इंद्राज किया गया।

13. सर्वे की जानकारी निर्धारित प्रोफॉर्मा के अनुसार दर्ज की गई है। इसके अतिरिक्त प्रोपर्टी सर्वे का डाटा कभी भी प्रोपर्टी के मालिकाना हक का प्रमाण नहीं रहा है। प्रोपर्टी सर्वे का डाटा नागरिकों द्वारा प्रदान की गई सूचना के आधार पर ही तैयार किया गया है।

14. यह ठीक है कि एग्रीमैंट के अनुसार सर्वे डाटा में 20 प्रतिशत से अधिक त्रुटि पाए जाने पर एजेंसी का ठेका रद्द किया जा सकता है, परंतु ठेके में यह भी शर्त है कि 5 प्रतिशत से कम त्रुटि पर कोई जुर्माना नहीं है। सभी पालिकाओं ने ठेके की शर्तों के अनुसार कुल सर्वे की गई प्रोपर्टी का कम से कम 10 प्रतिशत का मौके पर जाकर सत्यापन करके प्रमाण पत्र जारी किये हैं। इसके अनुसार राज्य भर में 4.20 प्रतिशत औसत त्रुटि मिली है जो कि 5 प्रतिशत से कम है।

15. लाल डोरा का निर्धारण कॉलोनियों की सीमा, स्वीकृत/अनुमोदित क्षेत्रों, लाल डोरा क्षेत्र आदि को संबंधित पालिका (टाउन प्लानिंग/राजस्व शाखा) द्वारा प्रचलित मानदंडों के अनुसार चिहिन्त किया जात है।

16. सरकार ने सुशासन दिवस यानी 25 दिसम्बर, 2022 को 177 कॉलोनियों को नियमित किया है तथा और अधिक कॉलोनियों को रैगुलर करने के लिए कार्यवाही की जा रही है। कॉलोनी को रैगुलर किये जाने से स्वतः ही उन कॉलोनियों में स्थिति प्रोपर्टी अनअप्रूव्ड से अप्रूव्ड हो जाएगी। इससे भी नागरिकों के अधिकतम ऑब्जैक्शन दूर हो जायेंगे।

इसके साथ–साथ सरकार यह भी प्रयासरत रहेगी कि भविष्य में अनअथॉराइज कॉलोनियां ना बन सके।

17. इसके अतिरिक्त शिकायतों के मध्यनजर सरकार ने यह भी निर्णय लिया है कि इस प्रोजैक्ट के दूसरे एवं तीसरे चरणों में किए जाने वाले कार्यों को एजेंसी से न करवाकर विभाग द्वारा स्वयं करवाया जाये क्योंकि इसमें गलतियां भले ही टैक्नीकली 5 परसैंट से कम थी लेकिन फिर भी आप लोगों और दूसरे लोगों के माध्यम से जो शिकायतें हमारे पास आ रही थी और ऐसी शिकायतें आज भी आ रही हैं। हमारी सरकार इस बात को मानती भी है कि इसमें कोई शक नहीं कि देश का पहला गौरवपूर्ण इतिहास लिखने वाला कार्यक्रम है जो कि अपने आप में अनूठा है। अध्यक्ष महोदय, इसकी 42 लाख 75 हजार प्रोपर्टीज हैं। इसमें जो गलतियां हुई हैं हम उनको स्वीकार करते हैं लेकिन हम इन गलतियों को दूर करने का वायदा भी कर रहे हैं। इसमें लगभग 78 करोड़ रुपये की लागत आयेगी। जो हमने मै. याशी कंसल्टिंग सर्विसेज प्राईवेट लिमिटेड कम्पनी से दूसरे और तीसरे फेज का इकरारनामा किया था, हमने उसको रद्‌द कर दिया है। अब आगे का काम उस कम्पनी को नहीं दिया जायेगा। सरकार द्वारा इन दोनों चरणों का एजेंसी के साथ हुए एग्रीमैंट को समाप्त कर दिया है। अब विभाग ने अपने स्तर पर इन कार्य हेतु सिस्टम भी तैयार कर लिया है। इसके लिए पालिकाओं को अधिक कुशल स्टाफ दिये जाने का भी प्लान बना लिया है।

18. इसके अलावा हमारी सरकार ने लोगों की सहूलियत के लिए होर्डिंग्ज भी लगवाये थे। उसमें हमने लिखा कि दिनांक 31.12.2022 तक जिस व्यक्ति ने हाउस टैक्स जमा नहीं करवाया है, उसको पैनल्टी के रूप में निगम या नगरपालिका इन्ट्रैस्ट चार्ज करती है वह चार्ज नहीं किया जायेगा।

भारत जोड़ो यात्रा और इंडियन नैशनल कांग्रेस पार्टी के पूर्व नेताओं के विरुद्ध शहरी स्थानीय निकाय एवं आवासीय मत्री द्वारा की गई कुछ टिप्पणियों के संबंध में मामला उठाना

Shri Bharat Bhushan Batra: Speaker Sir, It is routine by the Government. It is nothing special.

Dr. Kamal Gupta : : Speaker Sir, It is special. It has never been done earlier लेकिन बड़े दुख की बात है और बड़े शर्म की बात है कि ये so called है। **** (शोर एवं व्यवधान)

————————————————————

*चेयर के आदेशानुसार रिकॉर्ड नहीं किया गया।

श्री भूपेन्द्र सिंह हुड्डा : अध्यक्ष महोदय, इस बात से यात्रा का क्या संबंध है। (शोर एवं व्यवधान)

डॉ. कमल गुप्ता : अध्यक्ष महोदय, इन्होंने जो होर्डिंग्ज लगाये थे जिस पर हमने लिखा था कि 31 दिसम्बर, 2022 तक लोग पिछला टैक्स जमा करवायेंगे तो उनको इन्ट्रैस्ट की पैनल्टी नहीं देनी पड़ेगी। हमने ऐसे–ऐसे 20–20 होर्डिंग्ज लगाये थे उन पर इन्होंने यात्रा के होर्डिंग्ज लगा दिये। ये लोगों के साथ खिलवाड़ नहीं है तो और क्या है? ये कहते हैं कि हम जोड़ने की बात कर रहे हैं। *** (शोर एवं व्यवधान) ****

(इस समय भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी के सदन में उपस्थित बहुत से सदस्य सदन की वैल में आकर अध्यक्ष महोदय से भारत जोड़ो यात्रा के संबंध में की गई टिप्पणियों को लेकर उनसे तर्क वितर्क करने लगे।)

श्री अध्यक्षः मेरा सभी से निवेदन है कि पहले आप अपनी–अपनी सीटों पर जाकर बैठें। (शोर एवं व्यवधान)

डॉ. कमल गुप्ताः अध्यक्ष जी, हमने भारत जोड़ने का काम किया और इन्होंने तोड़ने का काम किया। (शोर एवं व्यवधान)

श्री अध्यक्षः आप सभी अपनी–अपनी सीटों पर जाकर बैठिए। (शोर एवं व्यवधान)

डॉ. कमल गुप्ताः अध्यक्ष जी, लोग अंगुली तुड़वाकर शहीद होते हैं। (शोर एवं व्यवधान) विपक्ष के साथी बिना अंगुली तुड़वाकर शहीद हो रहे हैं। (शोर एवं व्यवधान)

श्री अध्यक्षः पहले आप सभी अपनी–अपनी सीटों पर जाकर बैठिए। नहीं तो मुझे आपको सदन से बाहर निकालना पड़ेगा। (शोर एवं व्यवधान)

डॉ. कमल गुप्ताः अध्यक्ष जी, मुरली मनोहर जोशी ने झंडा लहराने का काम किया (शोर एवं व्यवधान) पत्थर बाजी का काम किसका था ? (शोर एवं व्यवधान)

श्री महिपाल ढांडाः अध्यक्ष जी, **** भारत माता कि जय बोलने में इनको शर्म किस बात की है ? (शोर एवं व्यवधान) भारत माता की जय।

श्री अध्यक्षः ढांडा जी, प्लीज आप अपनी जगह पर बैठ जाएं।

श्री अध्यक्षः सभी सदस्यगण अपनी सीटों पर जाकर बैंठे। मंत्री जी, प्लीज आप भी अपनी सीट पर बैठ जाएं। (शोर एवं व्यवधान)

श्रीमती गीता भुक्कलः अध्यक्ष जी, एक मंत्री को सदन में ऐसी बात बोलते हुए शर्म आनी चाहिए। (शोर एवं व्यवधान)

श्री शमशेर सिंह गोगीः अध्यक्ष जी, मंत्री जी यहां इस तरह की बातें बोलकर सदन की बदनामी कर रहे हैं। (शोर एवं व्यवधान)

---

*चेयर के आदेशानुसार रिकॉर्ड नहीं किया गया।

श्री अध्यक्षः गोगी जी, प्लीज पहले आप बैठ जाइए। (शोर एवं व्यवधान) महिपाल जी, प्लीज आप बैठ जाइए। (शोर एवं व्यवधान) मंत्री जी ने सदन में भारत जोड़ो यात्रा के संबंध में जो भी बातें बोली हैं, ये शब्द सदन की कार्यवाही से हटा दिए जाएंगे। मंत्री जी अगर आपके पास पोस्टर हटाने या फाड़ने के संबंध में कोई ग्रीविंसेज हैं तो आप उसकी कानूनी कार्यवाही कीजिए, इस संबंध में सदन में बताने की क्या जरूरत है।

डॉ. कमल गुप्ताः अध्यक्ष जी, मैं तो सदन में केवल यही बताना चाहता हूं कि पोस्टरों के ऊपर पोस्टर लगाये गये हैं।

श्री अध्यक्षः मंत्री जी, अगर पोस्टर के ऊपर पोस्टर लगाए हैं तो आप कानूनी कार्यवाही कीजिए। उसके लिए सदन में बताने की क्या जरूरत है ? (शोर एवं व्यवधान)

श्री भूपेन्द्र सिंह हुड्डाः अध्यक्ष जी, आपने भारत जोड़ो यात्रा के संबंध में बोले गये शब्द सदन की कार्यवाही से हटवा दिए हैं, लेकिन हमारे स्वर्गीय राजीव गांधी जी के बारे में, स्वर्गीय पंडित जवाहर लाल नेहरू के बारे में जो देश के प्रधानमंत्री रहे हैं तथा स्वर्गीय मोती लाल नेहरू जी के बारे में जो भी शब्द कहें गए हैं, उन सभी को भी सदन की कार्यवाही से वापस करवाया जाए।

श्री अध्यक्षः भारत जोड़ो यात्रा से संबंधित मंत्री जी ने जो भी शब्द कहे और उसके बाद आपस में जो भी तल्खी हुई है और जो वार्तालाप हुआ है वह सारा का सारा सदन की कार्यवाही से डीलिट कर दिया जाए।

श्री शमशेर सिंह गोगीः अध्यक्ष महोदय, मुझे एक बात कहनी है (विघ्न)

श्री अध्यक्षः गोगी जी, आप फिर वही बात कर रहे हैं, प्लीज आप बैठ जाएं।

श्री शमशेर सिंह गोगीः अध्यक्ष महोदय, मैं मंत्री जी को धन्यवाद देना चाहूंगा (शोर एवं व्यवधान)

श्री अध्यक्षः गोगी जी, एक मंत्री के लिए सदन में ऐसा बोलना गलत बात है। आप मंत्री जी से स्वयं कहते की माफी मांगो, लेकिन आप कम से कम खुद के ऊपर तो संयम रखिए, आप अपने ऊपर भी संयम रखिए। (शोर एवं व्यवधान)

श्री शमशेर सिंह गोगीः अध्यक्ष महोदय, मेरी बात तो सुनिए। (शोर एवं व्यवधान)

श्री जगबीर सिंह मलिकः अध्यक्ष महोदय, ये शब्द भी सदन की कार्यवाही से निकलवा दिए जाएं।

श्री अध्यक्षः ऐसे तो आप हाऊस के अन्दर अपनी जो मर्जी होगी वहीं बोलते रहोगे।

मुख्यमंत्री (श्री मनोहर लाल) : अध्यक्ष महोदय, प्रदेश का कोई भी तथ्य हो उसको विधान सभा में रखना और सूचित करना यह एक प्रक्रिया का हिस्सा है। आपत्तिजनक काम यह है कि कोई भी म्युनिसिपैलिटी का, नगर निगम का या विभाग का कोई एक सरकरी बोर्ड लगा है। उसके ऊपर एक पार्टी के लोग अपना बोर्ड लगाते तो यह घोर अपराध है। ठीक है, इस बारे में कार्यवाही अलग से होगी लेकिन सदन को सूचित करने में मुझे नहीं लगता कि कहीं इसके अंदर कोई आपत्ति है। जो सदन को सूचित किया गया है उसके बारे में डिपार्टमैंट कार्यवाही भी करे और खेद भी व्यक्त करना चाहिए लेकिन सदन को सूचित करने को भी गलत मानना यह ठीक नहीं है।

श्री अध्यक्ष : मुख्यमंत्री जी, सदन को सूचित किया वहां तक तो ठीक है। (विघ्न)

श्री भूपेन्द्र सिंह हुड्डा : अध्यक्ष जी, यह पार्टी का फैसला नहीं था। किसी ने लगा दिया वह अलग बात है लेकिन ये तो राजीव गांधी जी तक पहुंच गये और पण्डित जवाहर लाल नेहरू जी तक पहुंच गये। हमें उस बात का एतराज है।

श्री अध्यक्ष : हुड्डा जी, उसको सदन की कार्यवाही से निकलवा दिया गया है। बतरा जी, आप बोलें। (विघ्न)

श्री भारत भूषण बतरा : अध्यक्ष महोदय, एक इशू आदरणीय मुख्यमंत्री जी ने रेज किया Defacement of the Haryana Property Act. मुख्यमंत्री जी ने वहां पर जो पोस्टर्ज लगवाए हैं क्या वे वहां पर उन पोस्टर्ज को लगवा सकते हैं। मुख्यमंत्री जी पर एफ.आई.आर. दर्ज होनी चाहिए। मुख्यमंत्री जी ने पब्लिक प्रॉपर्टी को डिफेसमैंट किया है।

श्री अध्यक्ष : बतरा जी, ये सरकारी नीतियां हैं अगर ये बोर्ड के ऊपर नहीं आयेंगी तो फिर कहां पर आयेंगी? वे सरकारी होर्डिंग्ज ही हैं।

श्री मनोहर लाल : अध्यक्ष जी, मेरा भी यही कहना है कि वह सरकारी होर्डिंग्ज ही हैं। (शोर एवं व्यवधान) अध्यक्ष जी, मैं बतरा जी से यह पूछना चाहता हूं कि सरकारी होर्डिंग्ज का उपयोग सरकार नहीं करेगी तो और कौन करेगा?

श्री अध्यक्ष : बतरा जी, आप बैठ जायें। पहली बात तो यह है कि सरकारी होर्डिंग्स के ऊपर सरकारी नीतियां लगती हैं। यह कोई पहली बार नहीं हुआ है।

<u>ध्यानाकर्षण प्रस्ताव (पुनरारम्भ)</u>

श्री भारत भूषण बतरा : ऑनरेबल स्पीकर सर, आई.डी. के इशू के ऊपर मेरा यह कहना है कि प्रजातंत्र के अंदर जनता और एक राजा को एक बात कही गई है

"बहुजन हिताए, बहुजन सुखाए"। जितने ज्यादा कानून बनाये जायेंगे उतनी ही ज्यादा लोगों को परेशानी होगी। जितने ज्यादा ये रूल्ज और इंस्ट्रक्शंज पास–ऑन की जायेंगी लोगों को उनसे सहूलियत के बजाए परेशानी होगी। यह बात मैं प्रापर्टी आई.डी. के बारे में कह रहा हूं। मेरा यह भी कहना है कि जितने ये रूल्ज बनते हैं, जितनी ये इंस्ट्रक्शंज पास होती हैं। सबसे पहली बात तो यह है कि जो बेसिक रूल और एक्ट होता है उसके अनुरूप नहीं होते हैं और इनसे करप्शन को बढ़ावा मिलता है। यह एक सिद्धांत है। सरकार जीरो टॉलरैंस की बात करती है जितने ये सरकार पोर्टल बना रही है उसमें वास्तव में यह होता है कि पोर्टल बंद रहता है। कोई व्यक्ति आता है और वह कहता है कि वह किसी काम को 20 हजार में करवा देगा। उसके बाद पोर्टल भी खुल जाता है, पैसे भी चले जाते हैं और उसका काम भी हो जाता है। इस प्रकार से मेरा यह कहना है कि जो प्रापर्टी आई.डी. के मामले में हो रहा है यह कोई अच्छा साईन नहीं है। ऑनरेबल स्पीकर सर, कारपोरेशंज और कमेटीज यह बात आप भी मानेंगे क्योंकि पंचकुला एक बहुत बड़ा कारपोरेशन और मैट्रोपोलिटन सिटी आपने बना दिया है। उसमें भी प्रापर्टी आई.डी. बनाने का काम भ्रष्टाचार का अड्डा बन चुका है। वहां पर भी बिना पैसे दिये प्रापर्टी आई.डी. नहीं बनती है। वहां पर दलाल टाईप के लोग घूमते हैं। मैं उनको किसी पार्टी विशेष का सदस्य या कार्यकर्ता नहीं कह सकता। वो कारपोरेशन के बाहर होते हैं।

श्री अध्यक्ष : बतरा जी, अगर आपके पास इस प्रकार के 2–4 केसिज हों तो आप उनके बारे में बतायें। आप वाईल्ड एलीगेशन न लगायें। अगर आपके पास ऐसे कोई केसिज हैं तो आप उनके बारे में हमें बतायें।

श्री भारत भूषण बतरा : अध्यक्ष जी, यह मेरा काम नहीं है। It's a fact. मैं आगे अपनी बात रखता हूं। मेरा यह कहना है कि पोर्टल फैलियोर का बहाना लेकर कभी भी पोर्टल ढंग से काम नहीं करते हैं। स्पीकर सर, इसके अलावा एक बड़ी ही इम्पोर्टैंट बात है यह है कि Right to Property एक कांस्टीच्यूशनल राईट है। पहले यह फंडामैंटल राईट हुआ करता था उसके बाद 44वां संविधान संशोधन हुआ और यह कांस्टीच्यूशनल राईट हो गया। उसके बाद आर्टिकल 300–ए को इंसर्ट किया गया। आर्टिकल 300–ए स्पैसीफाई करता है कि–

> "300A. Persons not to be deprived of property save by authority of law.—No person shall be deprived of his property save by authority of law."

यह प्रॉपर्टी का एक कांस्टीच्यूशनल राईट है, स्टेच्यूटरी राईट है। यह स्टेच्यूटरी राईट ट्रांसफर ऑफ प्रॉपर्टी एक्ट, 1861 में है और इसका सैक्शन 17 हमें प्रॉपर्टी बेचने और खरीदने का अधिकार देता है। म्यूनिसिपल कारपोरेशन एक्ट या म्यूनिसिपल एक्ट सैक्शन 96 से सैक्शन 100 तक एक प्रोसीजर एडॉप्ट करता है कि आपको हाउस टैक्स, फायर टैक्स या डिवैल्पमैंट टैक्स, इन टैक्सों को कैसे रिकवर करना है। वह एक प्रोसीजर है और सरकार ने प्रॉपर्टी आई.डी. को लोगों के मालिकाना हक को डिसाइड करने के लिए प्रॉपर्टी एक्ट का प्रोसीजर बना दिया। It is a fact. मैं एक एग्जाम्पल भी दूंगा कि मालिकाना हक डिसाइड करने के लिए तहसीलदार प्रॉपर्टी आई.डी. मांगता है और यदि प्रॉपर्टी आई.डी. में कोई कमी है तो उसकी रजिस्ट्री नहीं हो सकती है। ऐसा क्यों किया जा रहा है? सरकार को टैक्स चाहिए तो सरकार टैक्स ले। प्रॉपर्टी का राईट मेरा अपना राईट है। It is my statutory right and it is my constitutional right. मैं अपनी प्रॉपर्टी बेच सकता हूं, सरकार को टैक्स चाहिए सरकार टैक्स ले ले। सरकार को फायर टैक्स चाहिए या डिवैल्पमैंट टैक्स चाहिए तो सरकार ले ले लेकिन यह जो प्रोसीजर अपनाया है कि अगर 50 गज की प्रॉपर्टी है और गलती से 46 गज लिखा गया तो फिर वह उसमें करैक्शन करवायेगा और करैक्शन करवाने के लिए उसको दलालों के पास जाना पड़ेगा तथा उसके बाद वह तहसीलदार के पास आयेगा। सरकार का काम यू.एल.बी. में लोगों का स्टेच्यूटरी राईट, मालिकाना हक डिसाइड करने का कोई अख्तियार नहीं है। सरकार ने तो इसके लिए बहुत सख्त कानून बनाए हुए हैं। अगर 5 गज का फर्क पड़ जाता है तो प्रॉपर्टी आई.डी. बनाने के लिए बहुत बड़ा बवाल खड़ा हो जाता है। उसके बाद इस प्रोसीजर को और लम्बा करने के लिए एन.डी.सी. पोर्टल भी बना दिया है। यह सिर्फ मैं नहीं कह रहा हूं बल्कि म्यूनिसिपल एरिया के जितने भी विधायक हैं उन सभी का यही हाल है लेकिन वे कुछ कहते नहीं हैं क्योंकि वे सत्ता पक्ष में बैठे हुए हैं। सत्ता पक्ष में होने के कारण ये नहीं कहेंगे कि वहां पर इस काम के लिए कितनी प्रॉब्लम आती हैं। इस बारे में मेरा यही कहना है कि आप लोगों से टैक्स ले लीजिए लेकिन लोगों को तंग मत कीजिए। पोर्टल पर सरकार मत चलाओ और रोज नई–नई इंस्ट्रक्शन्ज जारी मत करो। अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से कहना चाहूंगा कि it is just an entry in the record. इससे ज्यादा कुछ भी नहीं है। आप लोगों को कह सकते हैं कि आपके रिकॉर्ड में यह दुकान बनी हुई है, आपके रिकॉर्ड में यह फैक्ट्री बनी हुई है इससे अधिक यह कुछ नहीं है और इसके हिसाब

से आपको टैक्स देना है। This is the purpose of the Property ID. Nothing more than this. कोई गलती होती है तो एन.डी.सी. नहीं मिलती। अगर 5 भाई हैं और उनमें से 4 बाहर रहते हैं तथा प्रॉपर्टी आई.डी. एक के नाम है तो तहसीलदार कहता है कि मैं तो रजिस्ट्री नहीं करता तो वे लोग कहां जायें? जब माननीय मुख्यमंत्री जी रोहतक आए थे तो इस समस्या के बारे में कुछ लोग इनसे मिले थे तथा मुख्यमंत्री जी ने कहा था कि 100 गज से कम जमीन की पार्टीशन की प्रॉपर्टी आई.डी. नहीं बनेगी। मेरा कहना है कि अधिकारियों द्वारा दिया गया यह फीडबैक ठीक नहीं है।

श्री मनोहर लालः अध्यक्ष महोदय, मैं माननीय सदस्य की जानकारी के लिए बताना चाहूंगा कि अब हमने उसको चेंज कर दिया है।

श्री भारत भूषण बतराः अध्यक्ष महोदय, मैं उसी बात पर आ रहा हूं। इसके बाद क्या है कि मान लो ए–बी दो भाई हैं और उनके पास 100 गज का एक प्लॉट है। इस 100 गज के प्लॉट में से यदि एक भाई अपना 50 गज का हिस्सा बेचना चाहता है तो तहसीलदार रजिस्ट्री नहीं करता है। इसके लिए पहले उसको 50 गज का पार्टिशन करना होगा फिर इसकी अलग से प्रापर्टी आई.डी. बनानी पड़ेगी। जब पार्टिशन करेगा तो इसके लिए उस व्यक्ति से पार्टिशन से संबंधित विभिन्न प्रकार के डाक्यूमैंटेशन के प्रूफ मांगे जायेंगे। अध्यक्ष महोदय, जो ओरल पार्टिशन है, वह भी एक तरह से हमारा राइट होता है। दो भाई बैठकर आपस में मुस्तरखा का फैसला कर सकते हैं। चार भाई आपस में मुस्तरखा का फैसला कर सकते हैं। अब मान लो मेरे पास 400 गज जमीन है और मैं इस जमीन में से 100 गज जमीन बेचना चाहता हूँ लेकिन इस जमीन को नहीं बेच सकता क्योंकि मेरे पास इस प्रापर्टी का आई.डी. नहीं है और ऐसी स्थिति में रजिस्ट्री भी नहीं हो सकती। You are depriving the people from their rights. मेरा अनुरोध है कि इन सबको सुधार की ओर लेकर जाइये। मैं सदन के माध्यम से सरकार से पूछना चाहता हूँ कि आखिरकार सरकार कौन से कानून से प्रापर्टी का पार्टिशन रोक सकती है ? कौन से कानून से 100 गज से कम की प्रापर्टी आई.डी. नहीं बांटी जा सकती ? इन बातों के लिए यह एक सबसे बड़ी कंप्लेनेंट है। इसके बाद अब मैं इंस्ट्रक्शंज पर आता हूँ। ठीक है 22 जुलाई, 2022 को सरकार द्वारा टाउन प्लानिंग स्कीम की क्लेरिफिकेशन दी गई। यह वह स्कीम है जिसमें सरकार की सभी प्रक्रियाओं को पूरा करने के बाद प्लाट्स कटे हुए है उसके पार्टिशन को अलाउ किया हुआ है लेकिन मान लो कोई पुराना शहर है और उसमें किसी के पास 25 गज का मकान है या किसी के पास 100 गज का मकान है या फिर किसी

के पास 200 गज का मकान है। अगर दो भाई पार्टिशन करना चाहते हैं तो उनको पार्टिशन की सहूलियत देकर इस प्रोसैस को इंप्रूव करने की जरूरत है। अध्यक्ष महोदय, इस सारे प्रोसैस के लिए मेरे कुछ सवाल हैं जैसे कि सरकार दो भाइयों के बीच प्रापर्टी का पार्टिशन किस अख्तियार से रोक सकती है and why that should be documented ? That can be oral also. मैं 400 गज का मालिक हूँ। मैं इस प्रोपर्टी की रजिस्ट्री कराता हूँ कि मैं इसमें से 100 गज का हिस्सा बी को बेच रहा हूँ तो ऐसी अवस्था में तहसीलदार 100 गज की अलग से रजिस्ट्री नहीं करता है क्योंकि प्रोपर्टी आई.डी. 400 गज की बनी हुई है और इस बात के लिए पार्टिशन अलाउ नहीं होता है। तहसीलदार कहता है कि उसका पोर्टल पार्टिशन के लिए अलाउ ही नहीं करता है। वह यह भी कहता है एन.डी.सी. से संबंधित जो पोर्टल तहसील में आया है, वह पोर्टल पार्टिशन के लिए बिल्कुल अलाउ ही नहीं करता है। इसकी वजह से कोई एंट्री नहीं होती है और एंट्री नहीं होगी तो रजिस्ट्री भी नहीं होगी। अध्यक्ष महोदय, आखिरकार किस बात के लिए लोगों को तंग करने का काम किया जा रहा है। लोगों को अपनी प्रोपर्टी का राइट है। अगर आप टैक्स लेना चाहते हो तो टैक्स लो, बढ़िया तरीके से टैक्स लो, सरकार रेवेन्यू ले और कुछ भी करना है तो करे, इसमें कोई दिक्कत नहीं है लेकिन इस तरह की अड़चनें डालकर लोगों को तंग मत किया जाये। इसके बाद मैं कहना चाहूंगा कि प्रापर्टी आई.डी. जो बनती है, इसके लिए पहले नक्शा बनाया जाता है और इसके साथ ही सरकार तमाम प्रकार की फोरमैलेटिज में आगे बढ़ने का काम कर रही है। मौके पर जाकर प्रोपर्टी का फोटो खिंचा जाता है। अध्यक्ष महोदय, यू.एल.बी. का एच.बी.पी.ए.एस. नाम से एक पोर्टल बना हुआ है जोकि पिछले डेढ महीने से बंद पड़ा हुआ है। ऐसी अवस्था में किसी का नक्शा पास ही नहीं हो सकता है। यह रिकार्ड की बात है। मैं अब रोहतक की बात बता रहा हूँ, सारे हरियाणा की बात नहीं कर रहा हूँ। अध्यक्ष महोदय, रोहतक में एक आदमी का 50 गज का मकान था लेकिन उसकी 48 गज की रजिस्ट्री हुई थी। सर्वे में तो यह मकान 50 गज का लिखा गया था लेकिन जब वह रजिस्ट्री कराने गया तो उसको कहा गया कि पहले रिकॉर्ड को ठीक करवाओ। उस आदमी ने धक्के खाये और चक्कर काटे और इस प्रकार 48 गज की ही आई.डी. बन पाई और इसके बाद जब नक्शा पास करवाकर, आगे नक्शा दिया तो उसके सामने पोर्टल की समस्या आकर खड़ी हो गई। अध्यक्ष महोदय, इसमें और भी बहुत ज्यादा कमियां हैं। मेरा तो यह कहना है कि इस काम के लिए किसी एजेंसी का चयन न करके अपने आफिसर्ज,

अपने क्लर्क या दूसरे एम्पलाईज को ट्रेंड करके, हर एक प्रोपर्टी की फिजिकल वेरिफिकेशन करवानी चाहिए। अब मैं एक और एग्जैम्पल देना चाहूंगा। एक व्यक्ति के पास 117 गज जगह थी। इसके बाद 2022 में उस व्यक्ति ने वहां पर 50 गज में एक आटा चक्की लगा ली। बाकी 67 गज जमीन उस व्यक्ति की खाली पड़ी थी। जब वह व्यक्ति अपनी प्रापर्टी की आई.डी. बनवाने गया तो उस व्यक्ति की 117 गज की कमर्शियल आई.डी. बनाकर पिछले 10 साल का टैक्स लगा दिया गया और उस गरीब आदमी से 1 लाख रूपये की डिमांड कर दी गई। मेरे पास यह सभी डाक्यूमैंट्स हैं। This is the behaviour. That is why I am saying. There is a corruption. It needs rectifications. लोगों को सहूलियत दो लेकिन लोगों का नुकसान मत करवाओ। अगर सरकार इसी तरह से लोगों को तंग करती रही तो इस सरकार को बेड़ा बहुत जल्दी गर्क हो जायेगा। मैं आज सदन के माध्यम से सरकार को चेता देना चाहता हूँ।

श्री वरूण चौधरी: अध्यक्ष महोदय, माननीय मंत्री जी ने माना है कि प्रापर्टी आई.डी. बनाने में कमियां रही हैं लेकिन उसके बाद भी जनता को ही दोष दिया जा रहा है कि जनता ने सहयोग नहीं किया जबकि जनता का ही पैसा खर्च हुआ है। माननीय मंत्री जी ने फेज–1, फेज–2, और फेज–3 की बात की। अध्यक्ष महोदय, फेज–1 में ही जनता के 77 करोड़ से अधिक खर्च हो गये हैं और जनता ही परेशान हो रही है और जनता के लिए कहा जा रहा है कि जनता ने सहयोग नहीं किया। माननीय मंत्री जी ने यह भी बताया है कि 6 कलस्टर बनाये गए हैं अर्थात हरियाणा को 6 हिस्सों में बांट दिया गया लेकिन आश्चर्य इस बात का है कि हरियाणा को 6 हिस्सों में बांटने के बावजूद भी कंपनी को नहीं बांटा गया। अगर अलग–अलग कंपनियों को यह कार्य दिया जाता तो शायद बेहतर ढंग से काम किया जा सकता था। प्रश्न उठता है कि आखिरकार यासुई कास्टिंग कंपनी को ही पूरे प्रदेश का काम क्यों दिया गया। जब सकार ने छह कलस्टर में प्रदेश को बांटने का काम किया था तो कंपनी भी अलग–अलग होनी चाहिए थी। अगर ऐसा होता तो काम सही तरीके से हो सकता था। अगर छह कपनियों को अलग–अलग काम दे देते तो शायद यह काम और ज्यादा बेहतर तरीके से हो सकता था। अध्यक्ष महोदय, जहां तक करेक्टनैस की बात है, के संदर्भ में कहना चाहूंगा कि डाटा में भी करेक्टनेस की बहुत ज्यादा प्रॉब्लम रही है और इसका कारण यह है कि जो संपत्ति का स्वामी था उससे तो पूछा ही नहीं गया बल्कि पूछ किससे रहे हैं यू.एल.बी. से की सही डाटा है या नहीं। अध्यक्ष

महोदय, आपने पहले यह वाक्या सुना भी होगा कि एक व्यक्ति अपने आपको डाक्टर को दिखाने जाता है और डाक्टर कह देता है कि वह आदमी तो मर लिया है ऐसा सुनकर वह आदमी साथ खड़ी नर्स को कहता है कि वह तो जिंदा है तो ऐसी सूरत में नर्स उससे कहती है कि उसे ज्यादा पता है या डाक्टर को ज्यादा पता है तो ठीक इसी प्रकार की अवस्था यहां भी देखने को मिल रही है। संपति के स्वामी की प्रापर्टी आई.डी. में कमियां हैं और इस बारे में यू.एल.बी. के अधिकारियों से पूछा जा रहा है। यह कौन से औचित्य वाली बात है ? अगर सरकार ने सर्वे किया है, 10 परसेंट डाटा का सर्वे किया है तो इस बारे में जानकारी प्रापर्टी ऑनर्ज से ली जानी चाहिए। अध्यक्ष महोदय, इस समस्त प्रक्रिया के लिए यह भी बताया गया है कि बहुत ही ऐतिहासिक काम हुआ है जबकि इस सारे मामले में एतिहासिकता इस बात की दिखाई देती है कि गलत प्रापर्टी आई.डी. बनने के कारण प्रदेश के राजस्व को बहुत बड़ा नुकसान होने का काम हुआ है। पूरे देश में सबसे कम अगर प्रापर्टी से राजस्व कम इक्ट्ठा हुआ है तो वह अकेले हरियाणा प्रदेश मे हुआ है और इसका मुख्य कारण यह रहा है कि प्रापर्टी आई.डी. में तरह–तरह की त्रुटियां रही हैं। अतः मैं सदन के माध्यम से सरकार से अनुरोध करना चाहूंगा कि इन सबको जल्द से जल्द ठीक करने का काम किया जाये।

श्री सुभाष गांगोलीः अध्यक्ष महोदय, सन 1947 में सरकार द्वारा विस्थापितों को बसाने का काम किया गया था। उनको मकान दिए गए थे। उनको अन्य दूसरी सुविधायें भी दी गई थी। उसके बाद फिर एक नया दौर चला नई मंडियों की टाउनशिप का जिसको न्यू मंडी टाउनशिप के नाम से जाना जाता है। कहीं पर नगर सुधार मंडल की तरफ से कालोनियां बसाई गई। कहीं टाउन प्लानिंग की तरफ से कालोनियां बसाने का काम किया गया। इस समय तक एच.एस.वी.पी. अस्तित्व में नहीं आया था। मैं सफीदों का उदाहरण देता हूँ। यहां पर न्यू मंडी टाउनशिप ने अनाज मंडी के 180 गज के प्लॉट पीछे वाली गली में काटे। न्यू मंडी टाउनशिप ने प्लॉट धारकों से डिवेल्पमैंट चार्जिज भी ले लिए और अन्य दूसरी आापचारिकतायें भी पूरा करने का काम किया। इन प्लॉट्स पर किसी के परदादा–दादा ने मकान बना दिए और जो डिवेल्पमैंट चार्जिज बनते थे उनको भी भर दिया। 1947 के विस्थापितों को बसाने के लिए भी नगर सुधार मंडल ने 1960–70 के दशक में यही काम किया था और कालोनियां बसाई थी। 1960–70 के दशक में भी हूडा अस्तित्व में नहीं था। समय बीतने के साथ–साथ नगर सुधार मंडल भी खत्म हो गया और न्यू मंडी टाउनशिप

भी खत्म हो गई। जहां तक सफीदों की बात है, न्यू मंडी टाउनशिप खत्म होने के बाद यह कार्य मार्केटिंग बोर्ड को दे दिया गया और अब इस सबको डिनोटिफाई करने के बाद इस काम को म्युनिसिपल कमेटी को दे दिया गया और जो 500–600 प्लाटों पर जहां 50–60 साल पहले इनके परदादा–दादाओं ने मकान बनाये थे और सभी प्रकार के डिवेल्पमैंट चार्जिज और अन्य दूसरी औपचारिकतायें भी पूरी की थी, के बावजूद भी जब इन प्लाटों के मालिक अपनी प्रापर्टी को सेल करने जाते हैं तो म्युनिसिपल कमेटी वाले उनकी तरफ एक–एक लाख रूपये तक डिवेल्पमैंट चार्जिज निकालकर रख देते हैं। जब वे कहते हैं कि उनके परदादा–दादाओं ने 50–60 साल पहले जब मकान बनाये थे तो उस समय सारे चार्जिज दे दिए गए थे तो उनसे कहा जाता है कि आप रसीद दिखाओ। अध्यक्ष महोदय, परदादा गुजर गए, दादा गुजर गए और जो बाप हैं, वे भी बुर्जुग हो गए हैं लेकिन जब कागज दिखाने की बात आती है तो न तो न्यू मंडी टाउनशिप अब बाकी बचा है तो ऐसी सूरत में जब मार्केटिंग बोर्ड के पास जाते हैं तो वहां भी कह दिया जाता है उनके पास कोई रिकॉर्ड अवेलेबल नहीं है। अध्यक्ष महोदय, यह बात मैं पूरे हरियाणा की बता रहा हूँ लेकिन उदाहरण के तौर पर मैं सफीदों को कोट कर रहा हूँ। डिवैल्पमैंट चार्जिज बढ़ा दिये गए, मजदूर लोग कहां से इतनी ज्यादा फीस भरेंगे? बिना एन.ओ.सी. के तो उनकी रजिस्ट्री नहीं होती है। यह सरकार की भी जिम्मेवारी बनती है कि जिस समय डिवैल्पमैंट चार्जिज लिये गये थे, वह रिकॉर्ड दुरूस्त रखें। मैं माननीय मंत्री जी को उनके अपने गृह क्षेत्र हिसार के बारे में बताना चाहता हूँ कि 3300 प्रॉपर्टी आई.डी. से हाउस टैक्स हटाने के लिये उनका केस तो अर्बन लॉकल बॉडीज डिपार्टमैंट को भेज दिया गया है। अध्यक्ष महोदय, यह तो माननीय मंत्री का एरिया था, बाकी हरियाणा का क्या होगा? मैं जिस तरह से न्यू मण्डी टाउनशिप सफीदों की बात कर रहा हूँ उसी तरह से नगर सुधार मण्डल, जीन्द की भी बात की जायेगी। अध्यक्ष महोदय, पूरे हरियाणा में इस तरह की समस्या है, इसका समाधान जरूर होना चाहिये। यह केवल प्रार्थी की जिम्मेवारी नहीं बनती कि प्रॉपर्टी की रसीद को सम्भाल कर रखे बल्कि सरकार की भी जिम्मेवारी बनती है कि वह संबंधित रसीद का रिकॉर्ड सम्भाल कर रखे। संबंधित प्रार्थी के दादा ने लगभग 70 साल पहले डिवैल्पमैंट चार्जिज भरे थे तो उसकी रसीद उससे गुम भी हो सकती है। सरकार की भी जिम्मेवारी बनती है कि उस प्रॉपर्टी की रसीद का रिकॉर्ड सम्भाल कर रखे। जब वह एन.ओ.सी. लेने आये तो उसके रिकॉर्ड को देखकर एन.ओ.सी. तुरंत जारी करनी चाहिये। अध्यक्ष महोदय, उन लोगों से भी

डिवैल्पमैंट चार्जिज मांगे गये थे जो वर्ष 1947 से बसे हुए हैं। इस संबंध में वे बुजुर्ग तो समय के साथ–साथ गुजर गये, हो सकता है कि उनके बच्चे भी गुजर चुके होंगे, अब उनसे डिवैल्पमैंट चार्जिज मांगे जा रहे हैं। सरकार को गंभीर होकर इस प्रकार के मुद्दों पर काम करना चाहिये। धन्यवाद।

श्री जगबीर सिंह मलिकः अध्यक्ष महोदय, इसमें सबसे पहले प्रश्न यह उठता है कि प्रॉपर्टी आई.डी. ऑनरशिप का सबूत है या नहीं है? प्रॉपर्टी टैक्स किससे वसूल करते हैं? प्रॉपर्टी टैक्स मालिक से करेंगे या फिर जिसके पास प्रॉपर्टी आई.डी. होगी उससे टैक्स वसूल किया जायेगा? जब तक इसका जवाब नहीं मिलेगा तब तक मेरी स्पीच आगे नहीं बढ़ेगी। अध्यक्ष महोदय, प्रॉपर्टी आई.डी. का परपज़ क्या होता है? मालिक कोई है और प्रॉपर्टी आई.डी. किसी के नाम बन रही है। अध्यक्ष महोदय, मेरी खुद की प्रॉपर्टी आई.डी. किसी दूसरी के नाम थी। यदि प्रॉपर्टी आई.डी. से मालिक बन जाते हैं तो मेरी प्रॉपर्टी का भी कोई दूसरा मालिक बन गया होता अगर मुझे समय पर इसकी सूचना नहीं मिलती। यदि एक जनप्रतिनिधि के साथ इस तरह का काम हो रहा है तो आम जनमानस के साथ फील्ड में क्या होता होगा? इस बात की कल्पना हम स्वयं ही कर सकते हैं। यह प्रॉपर्टी आई.डी. किस परपज़ के लिये बनाई है? क्या यह हाउस टैक्स के परपज़ के लिये बनाई गई है या फिर मलकियत के लिये बनाई गई है? पहले तो मुझे इन बातों की जानकारी दी जाये, अगली बात तो मैं सदन के पटल पर बाद में रखूंगा।

डॉ. कमल गुप्ताः अध्यक्ष महोदय, मैंने सभी बातें नोट कर ली हैं, सभी बातों का इक्ट्ठा जवाब दे दिया जायेगा।

श्री अध्यक्षः मलिक साहब, माननीय मंत्री जी सभी प्वायंट वाईज जवाब दे देंगे। माननीय मंत्री जी आपसे भी अनुरोध है कि कोई प्वायंट रह न जाये, इसलिए सभी प्वायंट्स को नोट कर लीजिये।

डॉ. कमल गुप्ताः ठीक है, स्पीकर सर।

श्री जगबीर सिंह मलिकः अध्यक्ष महोदय, माननीय मंत्री जी ने अपने जवाब में एक लाइन यह लिख दी है कि the property survey work has been done as per the actual use of property at site. क्या इसमें कहीं सच्चाई दिखती है? प्रॉपर्टी आई.डी. में लोगों के नाम, पिता का नाम, एड्रैस, मोबाईल नं0 आदि सारी की सारी जानकारियाँ गलत लिख दी गई हैं। जो प्रॉपर्टी घरेलू है उसको व्यावसायिक प्रॉपर्टी

हरियाणा के शहरी निकाय मंत्री डा. कमल गुप्ता और शहरी निकाय विभाग के अतिरिक्त प्रधान सचिव अरुण गुप्ता ने मंगलवार को प्रापर्टी सर्वे करने वाली राजस्थान की कंपनी यशी कंसल्टेंट को न केवल क्लीन चिट दी, बल्कि उसकी पीठ भी ठोंकी है। मंत्री ने कहा कि कंपनी ने प्रापर्टी सर्वे ठीक किया है। कई बार लोग सहयोग नहीं करते। आरंभ में उन्होंने टैक्स बचाने की नीयत से अपनी वास्तविक प्रापर्टी को कम लिखवाया, लेकिन बाद में वह तमाम तरह की अशुद्धियां ठीक कराने लगे। कंपनी के साथ सरकार के अनुबंध में यह प्रावधान है कि कोई सर्वे सौ प्रतिशत सही नहीं हो सकता। इसलिए पांच प्रतिशत त्रुटियों की छूट कंपनी को अनुबंध के दौरान ही दी गई थी। डा. कमल गुप्ता ने स्पष्ट किया कि प्रदेश में प्रापर्टी सर्वे में जो त्रुटियां सामने आ रही हैं, उनका मुख्य कारण यह है कि प्रापर्टी मालिक अपनी सभी सूचनाएं अपनी प्रापर्टी की रजिस्ट्री में दर्ज सूचनाओं के अनुसार दर्ज कराना चाहते हैं। सर्वे एजेंसी ने टेंडर शर्तों के मुताबिक मौके की स्थिति के अनुसार डाटा कलेक्ट किया था। एनडीसी पोर्टल पर डाटा अपडेट करने की जिम्मेदारी शहरी निकायों की है। यह काम निरंतर चल रहा है। एक बार एनडीसी पोर्टल पर डाटा अपडेट होने के बाद फिर अगले 50 साल तक किसी को कोई समस्या नहीं आएगी। निकाय मंत्री के अनुसार कई बार ऐसा भी होता रहा है कि लोगों ने अपने दस्तावेज में त्रुटियां ठीक करा लीं, लेकिन बाद में संबंधित अधिकारी व कर्मचारी ने उन्हें पोर्टल में अपडेट नहीं किया। पहले केवल 25 प्रतिशत व्यक्ति ही प्रापर्टी टैक्स जमा करवाते थे, लेकिन प्रापर्टी आइडी बन जाने से यह सभी व्यक्ति शहरी स्थानीय निकाय विभाग को प्रापर्टी टैक्स देंगे और इससे निकायों के राजस्व में बढ़ोतरी होगी। निकाय मंत्री के अनुसार सर्वे के बाद 12 लाख से अधिक नई संपत्तियों की पहचान की गई। अभी एक लाख 98 हजार आपत्तियां दर्ज हुई हैं। इनमें से एक लाख 60 हजार आपत्तियों का निपटान किया जा चुका है तथा शेष 38 हजार आपत्तियों के निपटान का कार्य प्रक्रियाधीन है। जिला नगर आयुक्त रैंक से नीचे के अधिकारियों को इन आपत्तियों को दूर करने की शक्तियां दे दी गई हैं।

- प्रापर्टी आनलाइन करने वाला हरियाणा पहला राज्य बना, पांच प्रतिशत त्रुटियों की छूट
- लोग अपनी रजिस्ट्रियों में दर्ज सूचनाओं के आधार पर अपडेट करना चाहते हैं प्रापर्टी आइडी

हरियाणा के शहरी निकाय मंत्री डा. कमल गुप्ता मीडिया से बात करते हुए • जागरण

डाटा में संशोधन के लिए नहीं लगेगा कोई शुल्क

शहरी निकाय मंत्री के अनुसार उनके मंत्रालय संभालने से पहले प्रापर्टी आइडी का कार्य पूरी तरह रुका पड़ा था। तब उनके पास दो ही विकल्प थे कि या तो अन्य राज्यों की तरह टेंडर निरस्त कर दिया जाए अथवा टेंडर की शर्तों के मुताबिक मौका परिस्थितियों के आधार पर परियोजना और सर्वे कार्य को पूरा करवाया जाए। इसलिए एनडीसी पोर्टल की अनिवार्यता को देखते हुए हमने एक बार पुन: 90 नगरीय निकायों में री-असेसमेंट सूचना पत्र के माध्यम से रजिस्ट्री में दर्ज सूचना के तहत डाटा अपडेट करवाने का फैसला किया। इसके तहत निदेशालय ने कोविड जैसी विपरीत परिस्थितियों और संपत्ति मालिकों द्वारा डाटा एकत्रित करने में असहयोग के बावजूद इस काम को पूरा कराया। उन्होंने बताया कि प्रापर्टी के नाम और एरिया में अब शपथ-पत्र से ही संशोधन करवा सकेंगे। नई रजिस्ट्री और पुराने डाटा में संशोधन कराने 31 मार्च, 2023 तक कोई शुल्क नहीं लगेगा।

शहरी निकायों में तीन हजार भर्तियां होंगी

राज्य ब्यूरो, चंडीगढ़: हरियाणा के शहरी निकायों में तीन हजार पदों पर शीघ्र ही भर्ती की जाएगी। इसके लिए हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग को मांगपत्र भेजा जा चुका है। अग्निशमन विभाग में दो हजार पदों पर व निकायों में अन्य कैटेगरी के एक हजार पदों पर भर्ती की जाएगी। 40 सेवानिवृत्त जेई और 20 सेवानिवृत्त एसडीओ की सेवाएं लेने पर विचार किया जा रहा है। श्री माता मनसा देवी मंदिर परिसर के आसपास के क्षेत्र को पवित्र स्थल घोषित करने का निर्णय लिया गया है। इस क्षेत्र में मांस-मदिरा की दुकानें वर्जित होंगी। शहरी निकाय मंत्री डा. कमल गुप्ता ने मंगलवार को मीडिया से बातचीत में कहा कि शहरों को स्वच्छ करने के लिए प्रयास किए जा रहे हैं। नगर निगमों द्वारा बेसहारा पशुओं को रखने के लिए चारदिवारी, शेड व बाड़े बनाए जा रहे हैं। सरकार ने शहरों में भीड़ वाले स्थानों पर पार्किंग के लिए मार्किंग करने का निर्णय लिया है। गुरुग्राम, फरीदाबाद, यमुनानगर, पानीपत, करनाल, रोहतक, हिसार, पंचकूला, सोनीपत, मानेसर व अंबाला सहित 11 नगर निगमों में एक लाख 20 हजार दोपहिया व चार पहिया वाहनों के लिए स्थानों की मार्किंग का लक्ष्य है

4.20 227

सर्वे में की गई लापरवाही नप को पड़ रही भारी

जिले में 15 करोड़ का प्रोपर्टी टैक्स है बकाया, हजारों लोगों का बिल ही गलत

अमर उजाला पड़ताल

अजित सैनी • रेवाड़ी

नगर निकायों को फंड की जरूरत है और करोड़ों रुपये के प्रोपर्टी टैक्स के अटके पड़े हैं। अकेले रेवाड़ी नगर परिषद की बात की जाए तो 15 करोड़ रुपये का प्रोपर्टी टैक्स बकाया है। धारूहेड़ा नगर पालिका का भी करीब तीन करोड़ रुपये का प्रोपर्टी टैक्स बाकी है। प्रोपर्टी टैक्स के बकाया रहने से निकाय के राजस्व को नुकसान हो रहा है और इसके लिए कहीं न कहीं सर्वेक्षण में बरती गई लापरवाही भी जिम्मेदार है। करीब तीन साल से ज्यादा दिक्कत इसलिए आ रही है क्योंकि प्रोपर्टी टैक्स के सर्वेक्षण का जिम्मा जिस कंपनी को दिया गया उसने सही तरीके से काम ही नहीं किया। इसके परिणाम यह आ रहे हैं कि लोगों के बिल ठीक नहीं बने हैं।

नगर निकायों का बकाया प्रोपर्टी टैक्स का आंकड़ा दिन ब दिन बढ़ता ही जा रहा है। आलम यह हो गया कि अब जिला नगरायुक्त डा. सुभिता ढाका को खुद मोर्चा संभालना पड़ रहा है। नगरायुक्त बकायेदारों को बुलाकर उनसे बकाया टैक्स की रकम जमा कराने के लिए लगातार बैठक कर रही हैं। जिला नगर परिषद के पास 64 हजार के लगभग प्रोपर्टी आइडी हैं। इनका तीन करोड़ रुपये का प्रोपर्टी टैक्स हर साल का बनता है। वहीं निकाय का 15 करोड़ रुपये का टैक्स बकाया है।

नगर निकायों के सामने यह परेशानी तब से आने लगी है जब से याशी कंपनी ने प्रोपर्टी टैक्स का काम लिया है। कंपनी ने वर्ष 2020-21 में जो सर्वेक्षण किया उसके बाद से नप में टैक्स जमा होने की दर बेहद कम हो गई। ऐसा इसलिए क्योंकि ज्यादातर लोगों के पास प्रोपर्टी टैक्स के बिल ही नहीं पहुंचे और जिनके पास पहुंचे वह गलत थे।

शत प्रतिशत ब्याज पर देनी पड़ी छूट: बकायेदारों की सूची बढ़ी तो अब सरकार को बकाया प्रोपर्टी टैक्स पर शत प्रतिशत ब्याज पर छूट देनी पड़ रही है। 31 दिसंबर तक प्रोपर्टी टैक्स जमा कराता है तो पूरा ब्याज माफ कर दिया गया है।

64 हजार के लगभग प्रोपर्टी आइडी है जिला नगर परिषद के पास

2020-21 में सर्वेक्षण किया उसके बाद से टैक्स जमा होने की दर घटी

18 करोड़ टैक्स बकाया है रेवाड़ी व धारूहेड़ा का, जमा कराने का है प्रयास

नगर परिषद कार्यालय रेवाड़ी • अमर उजाला

प्रोपर्टी टैक्स नगर परिषद की आमदनी का बड़ा जरिया है जिससे शहर में विकास कार्य होते है। प्रोपर्टी सर्वे का टेंडर लेने वाली याशी कंपनी के आने के बाद सबसे ज्यादा गड़बड़ियां हुई है। मैंने इस बाबत निकाय मंत्री को पत्र भी भेजा था। बिल अगर ठीक होते और लोगों के घरों तक पहुंचते तो बकायेदारों की सूची कम हो सकती थी। -पूनम यादव, चेयरपर्सन नप

बड़े बकायेदारों से बातचीत की जा रही है। रेवाड़ी और धारूहेड़ा का करीब 18 करोड़ प्रोपर्टी टैक्स बकाया है जिसको जमा कराने का प्रयास किया जा रहा है। इसमें कोई संदेह नहीं है कि संबंधित कंपनी ने सर्वे में लापरवाही की, लेकिन अब लोगों की आपत्तियों को ठीक कराकर टैक्स जमा कराने पर ध्यान दिया जा रहा है। -डा. सुभिता ढाका, जिला नगरायुक्त

धारूहेड़ा में करोड़ों प्रापर्टी टैक्स बकाया

संवाद, धारूहेड़ा: औद्योगिक कस्बा धारूहेड़ा में प्रापर्टी टैक्स का करोड़ों रुपये बकाया है। प्रापर्टी टैक्स की बकाया राशि की रिकवरी के लिए जिला नगरायुक्त (डीएमसी) डा. सुभिता ढाका ने नगरपालिका कार्यालय में पार्षदों व बकायेदारों के साथ बैठक की। उन्होंने बकायेदारों से 31 दिसंबर से पहले टैक्स भरने की अपील की है।

जिला नगरायुक्त ने कहा कि हरियाणा सरकार ने बकाया प्रापर्टी टैक्स 31 दिसंबर तक जमा करवाने पर ब्याज राशि में 100 प्रतिशत छूट देने का फैसला किया है। उन्होंने पार्षदों से प्रापर्टी टैक्स की ब्याज राशि में 100 प्रतिशत छूट का व्यापक स्तर पर प्रचार-प्रसार करने का आग्रह किया ताकि अधिक लोग इसका लाभ उठा सकें। इस मौके पर नपा चेयरमैन कंवर सिंह यादव, उप चेयरमैन अजय लांगड़ा, उमेद, नपा सचिव प्रवीन छिकारा, प्रवीन पांचाल, नवल किशोर, सत्यप्रकाश, दीपक यादव, राकेश कुमार, वेदआर्य, विजेंद्र आदि मौजूद रहे।

421

428

प्रापर्टी आइडी के सर्वे में गड़बड़झाले पर निजी कंपनी का बचाव कर रही सरकार

आइडी ठीक कराने के नाम पर हो रहे भ्रष्टाचार पर मंत्री दे चुके अधिकारियों को चेतावनी

500 से 50 हजार रुपये तक की हो रही वसूली

इस तरह की है [illegible]

422

रजिस्ट्री देखे बिना ही बना दी हजारों प्रापर्टी आइडी

रिकार्ड में दर्ज गया मकान मालिक का नाम

रिकार्ड में किरायेदार को दर्शाया मकान मालिक

3.45 **5.70** **32,000**

—अभिषेक मीणा, ...

ऐसे भी कई मामले

मोबाइल नंबर गलत दर्ज!

229

423

~~230~~

कैसे भरें प्रापर्टी टैक्स, नई आइडी लेने में दिक्कत

लापरवाही इस कदर है कि नप कार्यालय में नई आइडी को लेकर किसी की ड्यूटी भी नहीं लगाई गई है

अमर उजाला पड़ताल

अंकुर अग्निहोत्री • पलवल

नगर परिषद में हाउस टैक्स जमा करने सहित एनडीसी निकलवाने जैसे काम के लिए नई प्रापर्टी आइडी होना अनिवार्य है, लेकिन अधिकतर लोगों को नई प्रापर्टी आइडी के बारे में जानकारी ही नहीं है। लोगों के बीच ऑनलाइन प्रॉपर्टीज तथिचका पोर्टल के जरिए आइडी नहीं बनने संबंधी जागरूकता भी नहीं है। नप की लापरवाही इस कदर है कि नई आइडी को लेकर किसी कर्मचारी की ड्यूटी भी नहीं लगाई गई है। इस लापरवाही का खामियाजा आमजन हर रोज भुगत रहा है। लोग चाहकर भी हाउस टैक्स व एनडीसी निकलवाने जैसे कार्य नहीं करवा पा रहे हैं। बाहर सीएससी पर नए कागजात निकलवाने के लिए 500 से 1200 रुपये देने पड़ रहे हैं।

दूसरी समस्या लोगों के सामने यह आ रही है कि नगर परिषद सभी की पुरानी आइडी के हिसाब से हाउस टैक्स बिल तैयार कर रही है, लेकिन लोग जब टैक्स जमा करने जाते हैं तो नई आइडी के हिसाब से टैक्स जमा करवाया जा रहा है। अलग समस्या है कि फिर लोगों को तैयार आवेदन भरवाने को कर्मचारी कह रहे हैं।

नगर परिषद कार्यालय • अमर उजाला

ऑनलाइन आवेदन करने वाले लोगों की फाइल हम क्लियर करते जा रहे हैं। इस समय हमारे पास फकत 11 फाइल पेंडिंग में है। नई आइडी को लेकर किसी को परेशानी न हो उसके लिए किसी की ड्यूटी लगाई जाएगी। - मनोज यादव, ईओ नप पलवल

प्रापर्टी आइडी में खामियों की भरमार: शहर में प्रापर्टी के सर्वे के लिए बाहरी कंपनी को ठेका दिया गया था। कंपनी के कर्मचारियों ने सर्वे कर अपनी रिपोर्ट सौंप दी। सर्वे में नगर परिषद के अंतर्गत 93 हजार प्रापर्टी हैं। लेकिन प्रापर्टी आइडी बनाने के नाम पर हुए सर्वे में कई संपत्ति का मालिक किरायेदारों को ही बना दिया। मनमाने तरीके से किए गए प्रापर्टी सर्वे के दौरान जो मिला उसी का नाम दर्ज कर लिया गया। यही नहीं आइडी में किसी दूसरे का मकान नंबर किसी और की आइडी में दर्ज किया गया। अब गलतियों को ठीक कराने के लिए शहरवासियों को नप कार्यालय के चक्कर काटने पड़ रहे हैं। इसके बाद भी कोई संतोषजनक जवाब नहीं मिलने से परेशानी बढ़ रही है।

सीएससी ले रहे मनमाने पैसे: कॉमन सर्विस सेंटर (सीएससी) संचालक मनमाने ढंग से ऑनलाइन मैप देने की एवज में मनमाने पैसे वसूल रहे हैं। शहर में सभी सीएससी संचालक मनमानी फीस ले रहे हैं। सेंटर पर कोई रेट तय नहीं है। जो मन में आता है, वो फीस के रूप में वसूला जा रहा है। इसका असर लोगों की जेब पर पड़ रहा है। प्रापर्टी आइडी बनाने के लिए सीएससी संचालक पांच सौ से हजार रुपये वसूल रहे हैं, जबकि नप अधिकारियों के मुताबिक आइडी के लिए मुश्किल से पचास से सौ रुपये लेने चाहिए।

जुर्माने का सता रहा डर

हरियाणा सरकार ने प्रापर्टी टैक्स की राशि 31 दिसंबर, 2022 तक जमा कराए जाने पर ब्याज राशि में 100 प्रतिशत छूट दी है। लेकिन प्रापर्टी आइडी में आ रही दिक्कत के चलते लोग हाउस टैक्स नहीं जमा करा पा रहे हैं। लोगों को डर सता रहा है कि यदि 31 दिसंबर तक टैक्स जमा नहीं कराया तो जुर्माना देना पड़ेगा।

किरायेदार मेरी प्रापर्टी आइडी में किरायेदारी की दुकानें का पता चढ़ा दिया। पोर्टल पर आपत्ति अपलोड करने की कोशिश कर चुका हूं। लेकिन साइट में कुछ न कुछ खराबी आ जाती है। कार्यालय में कोई कुछ बताने को तैयार नहीं है। - दीपक शर्मा

हाउस टैक्स जमा करना है। नगर परिषद कार्यालय आया तो पता चला नई आइडी से हाउस टैक्स जमा हो रहा है। मेरे पास पुरानी आइडी है। नई आइडी कैसे बनेगी कोई बताने को तैयार नहीं है। कोई इधर भेज रहा तो कोई उधर भेज रहा। परेशान हो गया हूं। - रामदत्त

कार्यालय में अलग से हो हेल्प डेस्क

नगर परिषद कार्यालय में प्रापर्टी आइडी को लेकर एक अलग से हेल्प डेस्क होनी चाहिए। ताकि लोग आइडी और नो ड्यूज से संबंधित जानकारी हेल्प डेस्क से ले सकेंगे। उन्हें भटकना न पड़े।

424 231

नगर निगम कर्मचारियों पर बहुत भारी पड़ रहा है निजी कंपनी का फर्जीवाड़ा

संपत्ति कर की शाखाओं के कर्मचारी पुराने और नए रिकार्ड के मिलान में जुटे

अनिल बेताब • फरीदाबाद

संपत्ति कर सर्वे के मामले में सरकार भले ही निजी कंपनी की पीठ थपथपा रही हो, लेकिन कंपनी की ओर से किए गए फर्जीवाड़े से इन दिनों नगर निगम के संपत्ति कर शाखा के कर्मचारी परेशानी के दौर से गुजर रहे हैं।

आम नागरिक तो पहले से ही रिकार्ड ठीक करवाने के लिए नगर निगम के चक्कर लगाते-लगाते व्यवस्था को कोस रहा है। अब उनकी परेशानी और बढ़ गई है। निगम के पुराने और निजी कंपनी के नए रिकार्ड के मिलान के लिए नगर निगम के कर्मचारी घर-घर जाने लगे हैं। ऐसे में पहले जो कर्मचारी अपने कार्यालय बैठ कर लोगों की प्रापर्टी आइडी तथा संपत्ति कर के रिकार्ड को ठीक करने के काम में जुटे थे। वे फील्ड में हैं या फिर कार्यालय में डाटा का मिलान कर रहे हैं। लोग नगर निगम आ रहे हैं, तो उनकी सुनने वाला कोई नहीं है। जागरण पड़ताल में यह बात सामने आई कि लोगों को कार्यालय से बिना काम किए ही निराश लौटना पड़ रहा है। संपत्ति कर शाखा नंबर तीन के कार्यालय के बाहर तो एक कर्मचारी ही तैनात किया गया है, जो लोगों को भीतर प्रवेश करने से ही मना कर रहा है।

तनाव की स्थिति में हैं निगम कर्मचारी, मांगा जा रहा स्पष्टीकरण: संपत्ति कर शाखा के बड़े अधिकारी अपने कर्मचारियों पर दबाव बना रहे हैं कि संपत्ति कर रिकार्ड किसी भी तरह से जल्दी ठीक करके दो। निजी कंपनी की गलती पर तो कोई कुछ बोल ही नहीं रहा है। कई कर्मचारियों ने जवाब दिया है कि जो रिकार्ड निजी कंपनी ने दिया है, वह उनके रिकार्ड से मेल नहीं खा रहा है। लोकेशन तथा फोटो अपलोड करने में भी गड़बड़ है। कई जगह दो कर्मचारियों के पास एक ही कंप्यूटर है। ऐसे में एक साथ दोनों कर्मचारी डाटा कैसे फीड करेंगे। कर्मचारी कहते हैं कि उन पर दबाव नहीं बनाया जाना चाहिए। सारी गलती तो निजी कंपनी की है।

दोपहर 12:55 बजे, नगर निगम मुख्यालय में संपत्ति कर शाखा का दरवाजा बंद करता हुआ कर्मचारी • जागरण

निजी कंपनी की ओर से भेजा गया गलत नोटिस दिखाता हुआ मुजेसर निवासी महेश कुमार • जागरण

कैसे मिले ब्याज माफी योजना का लाभ, जब रिकार्ड ही ठीक नहीं

सुधीर कुमार • जागरण

सरकार की ओर से वर्ष 2010-11 से वर्ष 2021-21 तक के संपत्ति कर पर ब्याज माफी योजना चल रही है। बकायेदार इस योजना का 31 दिसंबर तक लाभ ले सकते हैं। अब लोगों के सामने यह परेशानी है कि जब उनका रिकार्ड ही सही नहीं है, तो बकाया राशि कैसे जमा कराएं। सेकटर-23 निवासी सुधीर कहते हैं कि उनका तीन वर्ष का संपत्ति कर बकाया है, वह जमा करवाना चाहते हैं और प्रापर्टी आइडी भी बनवानी है, मगर कार्यालय में सुनने वाला ही कोई नहीं मिला।

कर्मचारी फील्ड में, खाली पड़ी कुर्सियां. कौन सुनेगा लोगों की आपत्ति • जागरण

कोई सुनता नहीं, कई बार लगा चुका हूं चक्कर

मुजेसर निवासी महेश कुमार ने बताया कि उनका 26 गज का मकान है। निजी कंपनी के सर्वे के बाद उन्हें 35 गज के मकान का नोटिस भेज दिया गया। इसे ठीक करवाने के लिए नगर निगम में आ रहे हैं। समाधान नहीं हो पा रहा है।

"हम सभी आपत्तियों को दूर करने के लिए प्रयास कर रहे हैं। कोशिश की जा रही है कि हमारे पास जो आपत्तियां आई हैं, उन्हें 31 दिसंबर से पहले दूर कर दिया जाए, ताकि लोग ब्याज माफी योजना का लाभ ले सकें। शाखा कार्यालयों में कहीं कोई कमी नहीं है। लोग आनलाइन भी आपत्ति दर्ज कर सकते हैं।

-अभिषेक मीणा, अतिरिक्त निगमायुक्त।

(बूझा ता जानकाउत्तर · साढ़ा) | जा स्वाभाविक मृत्यु स बचान म विवधता ह, जिसस वह अपन डाएनए फायर डस्क |

जागरण सिटी फरीदाबाद

डेढ़ लाख प्रापर्टी आइडी बनीं, रिकार्ड में मिली बड़ी कमियां

जागरण पड़ताल

अनिल बेताब ● फरीदाबाद

- निजी कंपनी की ओर से तैयार किए नोटिस निगम कार्यालय में पटके गए
- मच्छगर, मलेरना, चंदावली व साहूपुरा की आइडी में सामने आई कमियां

निजी कंपनी द्वारा गलत नाम व पते के तैयार किए गए संपति कर संबंधी नोटिस, जो कई महीने से नगर निगम के क्षेत्रीय कर अधिकारी, मुख्यालय के कार्यालय में बेकार पड़े हैं ● जागरण

प्रापर्टी का सर्वे करने के लिए अधिकृत की गई निजी कंपनी याशी के कार्य में नित नए गड़बड़झाले सामने आ रहे हैं। अब याशी की ओर से ग्रेटर फरीदाबाद (ग्रेफ) की जो डेढ़ लाख प्रापर्टी आइडी बनाई गई हैं, उनमें से बड़ी संख्या में कमियां मिली हैं। किसी के प्लाट का आकार गलत दर्शाया गया है, तो किसी के नाम में त्रुटि है। कमियां सामने आने के बाद भी निजी कंपनी की ओर से ग्रेटर फरीदाबाद में संपत्ति कर सर्वे का काम जारी है।

नगर निगम के क्षेत्रीय कर अ[illegible]री कार्यालय तथा टीम ने पिछले दिनों याशी की ओर से दी गई प्रापर्टी आइडी की सूची के अनुसार जब घर-घर जाकर वास्तविकता की जांच की तो इनमें नगर निगम में शामिल किए गए गांव मच्छगर, मलेरना, चंदावली तथा साहूपुरा की बनाई गई बड़ी संख्या में प्रापर्टी आइडी ऐसी हैं, जिनका रिकार्ड सही नहीं है। शुरुआती जांच में कई आइडी का रिकार्ड सही न मिलने के कारण अब नगर निगम की टीमें ग्रेफ की सभी आइडी की नए सिरे से जांच करेंगी, जिससे रिकार्ड को सही किया जा सके।

खुद बनाई आइडी, अब ढूंढने पर नहीं मिल रहे घर: पहले तो निजी कंपनी ने आनन-फानन में एनआइटी, ओल्ड फरीदाबाद तथा बड़खल में संपत्ति कर सर्वे के नोटिस तैयार कर लिए। फील्ड में गए तो वहां पता चला कि इस नाम से तो किसी का मकान ही नहीं है या फिर सरकारी संपत्ति तथा स्लम बस्ती के ही नोटिस तैयार कर लिए गए। पहले रिकार्ड में गलत नाम व पता दर्ज कर लिया। नोटिस बांटने के समय जब संबंधित व्यक्ति, संस्थान तथा पता के बारे में कुछ जानकारी नहीं मिली तो नोटिस क्षेत्रीय कर अधिकारी कार्यालयों में लाकर पटक दिए गए। अब भी कई शाखा कार्यालयों में हजारों की संख्या में नोटिस बेकार पड़े हैं।

निगम कर्मचारियों की आपत्ति को अनसुना किया अधिकारियों ने, भुगत रहे लोग: सर्वे के दौरान कई बार निजी कंपनी के प्रतिनिधियों के साथ नगर निगम के क्षेत्रीय कर अधिकारियों, कर्मचारियों की बैठक हुई थी। बैठक में पटवारी भी मौजूद थे। जब लोकेशन पर चर्चा हुई तो उस दौरानकर्मचारियों ने आवाज उठाई थी कि एरिया के अनुसार निजी कंपनी के प्रतिनिधियों को सही जानकारी होनी चाहिए, मगर बड़े अधिकारियों ने उनकी जुबान बंद कर दी कि काम तो शुरू होने दो, बाद में देख लेंगे। अब कर्मचारी कह रहे हैं कि अगर समय रहते उनकी बातों पर ध्यान दिया होता तो आज सरकारी संपत्ति, स्लम बस्ती और एक ही इमारत की कई-कई आइडी नहीं बनती।

निगमायुक्त की ओर से की जा रही अपील: कमियों के बढ़ते मामलों को देखते हुए अब निगमायुक्त कार्यालय की ओर से आम नागरिकों से संपत्ति कर तथा प्रापर्टी आइडी संबंधी कमियों को दूर करने के लिए अपील की गई है कि वे आपत्ति दर्ज करा रिकार्ड ठीक करवा लें।

कार्यालय में ठीक करवाएं प्रापर्टी आइडी की त्रुटियां: नगर निगम ने ग्रेटर फरीदाबाद और निगम में शामिल किए गए 24 नए गांवों के लिए चंदावली जोन अलग से बना दिया गया है। इसके लिए चंदावली में निगम कार्यालय बनाया गया है। क्षेत्रीय कर अधिकारी पदम सिंह ढांडा ने बताया कि सेक्टर 61ए, सेक्टर 64 से 74, सेक्टर 75 से 84, 84ए, 88 सहित आसपास के कई सेक्टर भी शामिल हैं। उन्होंने बताया कि यदि रिकार्ड में कोई गलती है, तो लोग निगम के चंदावली कार्यालय में आकर संपर्क करें।

426 -233-

प्रापर्टी आइडी में गलतियां ठीक कराने के लिए उमड़े लोग, मौके पर निपटीं 368 शिकायतें

गलतियां ठीक करने के लिए लगाए गए काउंटर पर पहले दिन ही मिलीं 468 शिकायतें

जागरण संवाददाता, सोनीपत : प्रापर्टी आइडी की गलतियों को ठीक कराने के लिए भटक रहे शहरवासियों के लिए नगर निगम ने स्पेशल काउंटर की शुरुआत की है। काउंटर पर 23 दिसंबर तक वार्डों के हिसाब से अलग-अलग दिन गलतियां ठीक की जाएंगी। सोमवार को पहले दिन वार्ड एक, छह, 11 और 14 के प्रापर्टी धारकों की गलतियां ठीक की गईं। पहले दिन 468 शिकायतें मिलीं। उनमें से ज्यादातर शिकायतें ऐसी थीं, जिसके नाम, पता, या फिर भवन की मंजिल से संबंधित जानकारी गलत थी। ऐसे में 468 में से 368 शिकायतें मौके पर ही निपटाने का दावा अधिकारी कर रहे हैं। बाकी शिकायतें खाली प्लाट पर मकान दिखाना या फिर रिहायशी को व्यवसायिक दिखाए जाने जैसी त्रुटि की हैं, जिनके निपटान के लिए साइट विजिट जरूरी है। अधिकारी 31 दिसंबर से पहले इनको ठीक करने की बात कह रहे हैं।

प्रापर्टी आइडी ठीक करवाने के लिए नगर निगम पहुंचे लोग • जागरण

ज्यादातर गलतियों को साथ की साथ ठीक कर दिया गया है। ऐसी गलती जिनका मौके पर निदान नहीं किया जा सकता है, उनको प्रोसेस में डाला गया है। प्रक्रिया 31 दिसंबर तक पूरी कर प्रापर्टी धारक को छूट का फायदा दिलाने का लक्ष्य है।

राजेंद्र चुघ, जोनल टैक्स आफिसर, नगर निगम

नगर निगम क्षेत्र में 1.78 लाख प्रापर्टी हैं। नगर निगम ने वित्त वर्ष 2022-23 में 25 करोड़ रुपये प्रापर्टी टैक्स के रूप में राजस्व जुटाने का लक्ष्य निर्धारित किया है। निगम कार्यालय में अप्रैल से लेकर अब तक मात्र चार करोड़ रुपये प्रापर्टी टैक्स भी जमा नहीं हो पाया है। निगम की ओर से बनाई गई 25 प्रतिशत प्रापर्टी धारकों की आइडी में कोई न कोई गलती है। इसको लेकर निगम हाउस की बैठक में भी मुद्दा उठा, जिसके बाद सर्वे करने वाली एजेंसी याशी के खिलाफ कार्रवाई के लिए प्रस्ताव पारित हुआ है। वहीं, त्रुटि ठीक करने के लिए काउंटर लगाने का निर्णय लिया गया था। सोमवार को काउंटर की शुरुआत हो गई, जिससे शहरवासी त्रुटि ठीक करवाने पहुंचे। अब मंगलवार को दूसरे दिन 20 दिसंबर को वार्ड दो, सात, 12 और 17। इसके बाद 21 दिसंबर को वार्ड तीन, आठ, 13 और 18 के लिए नागरिक सुविधा केंद्र में काउंटर लगाएगा। ऐसे ही 22 दिसंबर को चार, नौ, 14 और 19 वार्ड के लोग त्रुटि ठीक करवा सकते हैं। वहीं, आगामी 23 दिसंबर को वार्ड पांच, 10, 15 और 20 के लिए काउंटर लगेगा।

छह लाख टैक्स की रिकवरी, 1.50 लाख रुपये आनलाइन आया : शहरी स्थानीय निकाय विभाग 2010 से लेकर अब तक के बकाया प्रापर्टी टैक्स पर 100 प्रतिशत ब्याज की छूट दे रहा है। ऐसे में इसका फायदा उठा रहे। सोमवार को छूट के तहत छह लाख रुपये की टैक्स रिकवरी हुई, जिसमें से 1.50 लाख रुपये आनलाइन टैक्स आया है। आनलाइन टैक्स भरने वालों को निगम तक नहीं आना पड़ा, बल्कि घर बैठे ही अपना टैक्स भर दिया। आनलाइन हाउस टैक्स पेमेंट के लिए ulbharyana.in पर जाना होगा। टाप बार में आनलाइन सर्विस के आप्शन पर क्लिक करके वहां अपना मोबाइल नंबर रजिस्टर करना होगा। इसके बाद मोबाइल पर ओटीपी आएगा, जिसमें भरते ही साइट पर लाग-इन हो जाएगा। यदि आने प्रापर्टी टैक्स बिल भरने की सर्विस पर क्लिक किया है तो उसमें प्रापर्टी आइडी भरनी पड़ेगी। इसके जरिए प्रापर्टी के मालिक का नाम बदलने से लेकर नई प्रापर्टी आइडी बनाने और प्रापर्टी टैक्स के भुगतान तक किया जा सकता है।

427

टेढ़ी खीर है प्रापर्टी आइडी में नाम और मोबाइल नंबर को अपडेट करवाना



आय पर पड़ रहा है लापरवाही का असर

428 — 225

प्रापर्टी आइडी की गलतियां ठीक कराने पहुंचे लोगों ने किया हंगामा

कर्मचारी एक और शिकायतकर्ता अधिक होने पर बिफरे लोग

जागरण संवाददाता, सोनीपत : प्रापर्टी आइडी व गृहकर के बिलों की गलतियों को ठीक कराने लोगों ने भीड़ अधिक होने और गलतियां ठीक नहीं होने पर नगर निगम में हंगामा कर दिया। इसके बाद गुड़ मंडी क्षेत्र के पार्षद अतुल जैन ने लोगों को टोकन बांटने शुरू किए लेकिन लोग नहीं माने। इसके बाद डीएमसी ने पहुंचकर लोगों को आश्वासन दिया कि सभी गलतियों को ठीक किया जाएगा, इसके बाद लोग शांत हुए।

नागरिक सुविधा केंद्र पर लोगों को समझाते डीएमसी हरदीप सिंह दून • जागरण

नगर निगम में प्रापर्टी आइडी की गलतियों को ठीक कराने के लिए नागरिक सुविधा केंद्र में रोजाना विशेष काउंटर लगाया जा रहा है। बृहस्पतिवार को 436 लोग गृहकर बिल व आइडी की गलतियों को ठीक कराने पहुंचे। वार्ड नंबर चार, नौ, 14 और 19 के लोगों की प्रापर्टी आइडी व गृहकर बिलों में त्रुटियां ठीक की गईं। इस दौरान लोगों ने आठ लाख रुपये बकाया गृहकर भी जमा कराया। दोपहर में काउंटर पर भीड़ अधिक होने और लोगों से बहस होने के बाद शिकायतें ले रहा कर्मचारी काउंटर छोड़कर चला गया। इससे नाराज लोगों ने निगम में हंगामा कर दिया। इसके बाद पार्षद अतुल जैन ने टोकन बांटने शुरू किए, लेकिन लोग शांत नहीं हुए। सूचना मिलने पर डीएमसी हरदीप सिंह दून काउंटर पर पहुंचे और लोगों को आश्वासन दिया कि सभी शिकायतें ली जाएंगी और ठीक की जाएंगी। इसके बाद कर्मचारी ने आकर काम शुरू किया।

शिविर के दौरान ज्यादातर शिकायत ऐसी थी, जिसके नाम, पते, या फिर भवन की मंजिल से संबंधित जानकारी गलत थी। ऐसे में 436 लोग शिकायत लेकर पहुंचे, जिसमें से 284 शिकायतों का मौके पर ही निपटान किया गया। अन्य शिकायत खाली प्लाट पर मकान दिखाना या फिर रिहाशी को व्यवसायिक दिखाए जाने जैसी गलतियां थीं। उनके निपटान के लिए साइट विजिट जरूरी है। 23 दिसंबर को वार्ड नंबर पांच, 10, 15 और 20 के लोगों के लिए शिविर लगाया जाएगा।

क्षेत्रीय कर अधिकारी राजेंद्र चुघ ने बताया कि ज्यादातर त्रुटियों को साथ की साथ ठीक कर दिया गया है। ऐसी त्रुटि जिनका मौके पर निदान नहीं किया जा सकता है। उनको प्रोसेस में डाल दिया गया है। टीम साइट विजिट कर रिपोर्ट तैयार करेगी। जिसके आधार पर उनमें सुधार किया जा जाएगा।

429

किसी का पता गलत है तो कोई अपना नाम सही करवाने को भटक रहा

प्रापर्टी आइडी में खामियां ठीक कराने को सालों से भटक रहे शहर के लोग

जागरण पड़ताल

जागरण संवाददाता, सोनीपत : करोड़ों रुपये खर्च करने के बावजूद नगर निगम शहरवासियों की प्रापर्टी सही सर्वे नहीं करवा पाया। सर्वे एजेंसी बेसिक जानकारी तक सही तरीके से नहीं जुटा पाई। सर्वे में किसी का मोबाइल नंबर ही गलत है तो किसी का नाम और पता गलत है। वहीं, किसी के 200 गज के मकान को 60 गज का दिखा दिया गया है, तो कहीं पड़ोसी दुकानदार को बिल किसी अन्य दुकानदार को जा रहा है। ये सब सर्वे एजेंसी की लापरवाही का ही परिणाम है। इसका सीधा असर नगर निगम के तय किए आय के लक्ष्य पर पड़ रहा है और लोग इधर-उधर धक्के खाने को मजबूर हैं। वहीं, निगम टैक्स वसूली के बजाय गलती ठीक करने में उलझा हुआ है।

पड़ोसी के नाम दिखा दी दुकान : शहर के ककरोई रोड पर अमन की दुकान है। अमन ने दुकान को किराए पर दे रखा है। अमन की दुकान का मालिक उनके बगल में बनी एक अन्य दुकान के मालिक को दिखा दिया गया है। ऐसे ही जिसकी अमन की दुकान का मालिक दिखाया गया है। उनकी दुकान का मालिक रिकार्ड में किसी और को दिखा दिया गया है। ऐसे में अमन और बाकी लोग भी चक्कर लगा रहे हैं।

नगर निगम कार्यालय स्थित सुविधा केंद्र पर लगी भीड़ • जागरण

एजेंसी के खिलाफ शिकायत को लेकर भी हाउस की बैठक में प्रस्ताव पास हुआ है। विधायक मामले को मुख्यमंत्री के समक्ष रखेंगे। जो भी आदेश आएंगे उसके हिसाब से कार्रवाई की जाएगी। सर्वे के दौरान जो त्रुटि रह गई थी, उन्हें स्पेशल काउंटर लगाकर ठीक किया जा रहा है। जिनके बिलों में त्रुटि है, वे निगम आकर ठीक करवा सकते हैं या पीएमएस हरियाणा डाट काम पर आनलाइन भी अप्लाई कर सकता है। - हरदीप दून, नगर उपायुक्त नगर निगम

50 चक्कर लगाने पर भी नहीं बदला नाम

केस 1

शहर के सेक्टर-12 के रहने वाले अतुल खुराना ने बताया कि उन्होंने सेक्टर में फ्लोर खरीदा था। जिसके बाद प्रापर्टी टैक्स में मालिक का नाम बदलने के लिए आवेदन किया। उस समय उनको कहा गया कि नाम बदल दिया गया है। जब टैक्स का भुगतान करने आए तो पुराने मालिक के नाम पर ही आइडी मिली। उसके बाद से अब तक निगम में 50वीं बार आया हूं। हैरत की बात ये है कि बुजुर्ग ने एक पेज पर हर बार विजिट की तिथि लिखी है। सीट पर बैठे कर्मचारी पर हर बार निगम में आने की तस्दीक के साइन भी करवा ले जाते है।

तीन महीने में भी नहीं बनी आइडी

केस 2

मयूर विहार के रहने वाले अजय ने बताया कि उन्होंने प्लाट खरीदा था। तीन महीने पहले नई आइडी के लिए आवेदन किया था। बीच में फाइल रद हो गई। अधिकारी फाइल रद करने का कारण तक नहीं बता पाए। फिर से फाइल शुरू की। दोबारा फाइल लगा चुका हू, लेकिन तीन महीने में नई आइडी नही बनी। अब स्पेशल काउंटर की सूचना पर आया हू।

डॉ. कमल गुप्ता : अध्यक्ष महोदय, सभी माननीय सदस्य पढ़े लिखे और होशियार भी हैं और वकील भी हैं। इन्होंने बड़े ही अच्छे ढंग से अपनी बातों को सदन में रखा और कुछ हद तक मैं इनकी बातों से सहमत भी हूं। जो बात सही है, मुझे उसे

स्वीकार करने में शर्म नहीं और न ही कोई संकोच है लेकिन बात रखते–रखते एक दम हवा में चले जाना और उट–पटांग बात करना, यह उचित नहीं है क्योंकि हम भी समझते हैं और आप भी समझते हैं कि कौन कहां पर बोल रहा है? मैं सबसे पहले यह बताना चाहूंगा कि इसकी आवश्यकता क्यों पड़ी? मैंने पिछले 18 सालों का रिकॉर्ड देखा है। मैंने वर्ष 2004 से लेकर वर्ष 2014 तक रिकॉर्ड भी देखा है। मैंने इसमें यह पाया कि हाउस टैक्स की जो एवरेज कलैक्शन थी, वह 75 करोड़ रुपये थी। अब वर्ष 2014 से लेकर वर्ष 2022 तक हाउस टैक्स की एवरेज कलैशन देखें तो लगभग 4.25 करोड़ रुपये से लेकर 4.30 करोड़ रुपये ही है। मान लो 30 लाख लोगों की प्रोपर्टी है और इसमें से 7 लाख लोगो ने हाउस टैक्स दे दिया तो इस हिसाब से 25 परसैंट हाउस टैक्स पे हो गया। आज सर्वे में प्रोर्टीज की संख्या बढ़कर 42 लाख 75 हजार हो गई है। आज की कैलकुलेशन के हिसाब से देखें तो सर्वे की गई सम्पत्तियों का कर निर्धारण 924 करोड़ रुपये हो गया है। हम एक ढर्रे पर चल रहे हैं और हमें उस ढर्रे पर क्या मिल रहा है और क्या नहीं, अगर हम इसका आंकलन नहीं करेंगे तो आप ही बतायें कि फिर कैसे बात बनेगी? (शोर एवं व्यवधान) अध्यक्ष महोदय, मैंने इन पांचों विधायकों की बातों को बड़ी शालीनता से सुना है इसलिए मेरा निवेदन है कि ये भी मेरी बातों को ध्यान से सुनें। जहां तक प्रोपर्टी राइट का सवाल है तो प्रोपर्टी आईडी से किसी भी नियम में परिवर्तन नहीं हुआ। जिस प्रोपर्टी का नाम डिमांड रजिस्टर में था वह टैक्स देता था। अगर वहां किरायेदार था और वहां भी सब तरह की चीजें थी लेकिन टैक्स तो कमेटी में ही जाता था तो मैं इनसे यह पूछना चाहूंगा कि फिर इसका टैक्स कौन देता था? इसी तरह से यहां पर भी जैसी डिमांड रजिस्टर में बात थी वैसी ही बात प्रोपर्टी आई.डी. में है और प्रोपर्टी आई.डी. में जिसका भी नाम होगा, उसको टैक्स देना ही पड़ेगा। चाहे उसके बिहाफ पर टैक्स किरायेदार दे या चाहे कोई भी टैक्स दे। एक माननीय सदस्य ने यह सवाल पूछा था कि इस बारे में पब्लिक से नहीं पूछा गया तो मैं माननीय सदस्य की जानकारी के लिए बताना चाहूंगा कि 42 लाख 75 हजार प्रोपर्टीज का फैसला एग्रीमैंट में हुआ था तो उसमें कोई न कोई रूल तय करके ही किये होंगे। ये रूल इनके कार्यकाल के दौरान भी तय किये होंगे। इन्होंने जैसा राज किया, वह बात सभी को पता है, इसलिए ये लोग उधर वाली सीटों पर बैठे हैं और उस रूल के मुताबिक यह तय हुआ कि "10 percent of the property" को रैन्डम चैक किया जाएगा। आदरणीय वरुण जी ने कहा कि इस बारे पब्लिक से नहीं पूछा। ये जो 10 प्रतिशत रैन्डम चैकिंग अधिकारियों

ने सभी 89 यू.एल.बी. में की, ये चैकिंग हमारे डिपार्टमैंट के अधिकारियों ने की जिस पर आप विश्वास करते हैं। आप ने कहा कि यासी कंसल्टिंग सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड कम्पनी को क्यों दे दी, हमारे जो कर्मचारी थे उन्हीं पर विश्वास करक उन्होंने रैन्डम चैक किया उसमें 5 प्रतिशत की गलती पाई गई। अगर गलती ज्यादा पाई जाती तो उस पर पैनल्टी लगती, लेकिन 89 यू.एल.बी. के अधिकारियों/कर्मचारियों ने पब्लिक से जाकर पूछा तभी ये चैक हुआ, उसके बिना चैक नहीं हो सकता था। आज आपकी जो शिकायतें आ रही हैं, इसके लिए मुख्यमंत्री जी ने तय किया है कि हम दो–चार दिनों में सभी एम.एल.एज. को इसका एक्सेस दे देंगे ताकि वे डायरेक्ट इस पोर्टल को खोल सकें और उसको जज कर सकें। ये सही नहीं है कि जैसे किसी माननीय सदस्य ने कह दिया कि ये 95 प्रतिशत गलत है, ऐसी उनके पास कौनसी मशीन थी कि वे 95 प्रतिशत लोगों के पास जाकर चैक करके आ गये ?

श्री जगबीर सिंह मलिकः अध्यक्ष महोदय, यह मैंने नहीं कहा, ऐसा अखबार कह रहा है।

डॉ. कमल गुप्ताः अध्यक्ष महोदय, अखबार का क्या है। विपक्ष के साथी क्या अखबार में विश्वास करते हैं, और हमारे ऑफिसर्स पर विश्वास नहीं करते। एक माननीय सदस्य ने लॉ ऑफ दी लैन्ड के बारे में कहा। कोई प्रॉपर्टी एक भाई के नाम है और उसने मन ही बना लिया कि यह दो में डिवाइड हो गयी, लेकिन उससे तो बात बनती नहीं है। प्रॉपर्टी में अगर वह डिविजन प्रोपर होती है तो दो प्रॉपर्टियां बनेंगी और प्रोपर्टी एक ही रहती है तो वह एक ही चलेगी। मैं आपकी बात से सहमत हूं कि काफी प्रॉपर्टियों में अनअप्रूव्ड लिखा गया। इस गलती को मैं मानता हूं और स्वीकार करता हूं। जो रिहैबिलिटेशन, टी.पी., इम्प्रूवमैंट ट्रस्ट स्कीम, एच.एस.आई.आई.डी.सी. स्कीम तथा एच.एस.वी.पी. की स्कीमज हैं। ये सब तो रेकोग्नाइज कॉलोनियों हैं इनकी प्रॉपर्टियों में, इनके कुछ घरों में अनअप्रूव्ड लिख दिया गया। इसके लिए हमने आदेश दे दिया कि सैंटर लेवल पर, स्टेट लेवल पर सभी घरों का अनअप्रूव्ड हटा दिया जाए। इसे दो–चार दिन के अन्दर हटा देंगे। तीसरी बात रिसिट के संबंध में आयी है। जहां कुछ डेवल्पमैंट चार्ज लग गए। मैं माननीय सदस्य बतरा जी की बात को मानता हूं। आपने यह बात ठीक कही है कि डेवल्पमैंट चार्जिज अब रिहैबिलिटेशन है, 50 साल पुराने है इन्हें कंज्यूमर कहां से पे करेगा। यह गलती हमारे विभाग से कुछ जगह हुई है कि हमने डेवल्पमैंट चार्जिज पेस्ट कर दिए जिसकी वजह से वह अनअप्रूव्ड में चल गया जबकि development charge has nothing to do with the

approved or unapproved. हमने डेवल्पमैंट चार्जिज भी जो हमारी 40 साल पुरानी 50 साल पुरानी रेकोग्नाइज कमेटियां थी जो मैंने आपको गिनाई है। इनमें जो घर थे उन सबसे हटा लिए हैं और जो थोड़े बहुत चार्जिज रह गए होंगे, वे भी हटा लिए जाएंगे।

श्री भारत भूषण बतराः अध्यक्ष महोदय, मेरी 100 गज की पॉपर्टी है, मैं उसमें से 50 गज बेचना चाहता हूं, मंत्री जी उसकी रजिस्ट्री करवा दें।

डॉ. कमल गुप्ताः अध्यक्ष महोदय, यह प्रॉपर्टी कैसे बिकेगी, आप ही बताइये ?

श्री भारत भूषण बतराः अध्यक्ष महोदय, मैं 100 गज का मालिक हूं क्या मैं 50 गज का पोर्शन नहीं बेच सकता ? How you can restrict me ?

मुख्यमंत्री (श्री मनोहर लाल): अध्यक्ष महोदय, हर प्रॉपर्टिज की अलग–अलग कैटेगरीज हैं, हर प्रॉपर्टी की एक ही कैटगरी नहीं होती है। बतरा जी ने कांस्टीच्यूशनल राइट प्रॉपर्टी के बारे में कहा है। इनके ध्यान में है, इन्होंने एक शब्द जोड़ा कि हर आदमी को प्रोपर्टी का राइट है, लेकिन say by authority of law. अब ये भी लॉ है कि टाउन एंड कंट्री प्लानिंग विभाग प्लानिंग बनाता है और उस प्लानिंग के हिसाब से अगर किसी की प्रोपर्टी है तो वह लॉ के हिसाब से है। अगर किसी ने उस लॉ को माने बिना अनअथॉराइज कॉलानी बना ली तो वे प्लॉट अनअथॉराइज हो गए। जब तक हम अनअथोराईज प्लॉट को अथोराईज नहीं करेंगे तब तक लॉ उसके ऊपर रहेगा ही। उसको सारी चीजों की छूट नहीं है कि अनअथोराईज बनायेगा। अनअथोराईज को बेच भी देगा, लगातार अनअथोराईज ही रहेगा। हमनें पिछले दो–अढ़ाई साल में जो भी चेंजिज किए हैं। एक बात का हमने ध्यान रखा है कि ये जो अनअथोराईज्ड व अनएप्रूब्ड कालोनीज का एक एम्बूस सा खड़ा होता जा रहा है। एक मशरूम ग्रोथ होती रही है और लगातार हो रही है। यह आज से नहीं है बल्कि पिछले कई सालों से ऐसा होता आ रहा है। विपक्ष ने भी अपनी सरकार के समय में अनअथोराईज कालोनियों को एप्रूव किया। इसी प्रकार से हमने भी 2016 से लेकर 2018 तक एप्रूव की। अभी फिर एप्रूवल के लिए 850 कालोनियां तो अर्बन लोकल बॉडीज डिपार्टमैंट में आ गई हैं और जो अर्बन लोकल बॉडीज डिपार्टमैंट का एरिया है उससे बाहर भी कालोनियां बन गई हैं यानि एग्रीकल्चर एरिया है वह अर्बन लोकल बॉडीज डिपार्टमैंट का एरिया नहीं है। उसके बाद भी वहां पर कालोनियां बनी हैं। (विघ्न) मैं दोनों बातें कर रहा हूं। शहरों में भी दो एरियाज हैं। एक कोर एरिया है जो पुराना एरिया है। एक अब जो प्लांड हो गया है। उसमें एच.एस.वी.पी. भी है,

टाउन एंड कंट्री प्लॉनिंग डिपार्टमैंट भी है, हाउसिंग बोर्ड भी और बाकी सारी कालोनियां हैं। इन दोनों एरियाज को हमें अलग–अलग डिफाईन करना पड़ेगा और हमको कोर एरिया के लिए कोई अलग से छूट देनी पड़ेगी। आज जो एक्ट आ रहा है सभी माननीय सदस्यों ने उसका अध्ययन किया हो उसमें एक बात है कि जो 50 साल पुराना बसा हुआ एरिया है उसको कोर एरिया की डैफीनेशन में ला रहे हैं ताकि उसके लिए अलग से नियमावली बने। अभी तक सारे के सारे शहर की एक ही नियमावली बनती थी। अब उसके अंदर हम मिक्स्ड लैंड यूज भी हम दे रहे हैं क्योंकि बहुत से लोगों ने अपने आधे प्लॉट के अंदर दुकान बना ली और इस प्रकार से मकान के बाद दो दुकानें बन गई। ऐसे में वह कॉमर्शियल हो गया लेकिन आज तक कागजों में हम उसको कॉमर्शियल ट्रीट नहीं कर पा रहे हैं क्योंकि वह रैजीडेंशियल है। अब न वह रैजीडैंशियल माना जा रहा है और न ही कॉमर्शियल ही माना जा रहा है। अगर हम उसको कॉमर्शियल करना चाहें तो वह सारे का सारा कॉमर्शियल हो रहा है इसलिए इसमें भी आगे चलकर हमारे सामने एजेंडा है कि हम ये सारी सुविधायें लोगों को दें लेकिन देने के लिए भी एक नियम, एक पॉलिसी और एक कानून बनाकर ही सब करना पड़ेगा। इसमें आने वाली सभी कठिनाईयां हमारे ध्यान में आ गई हैं लेकिन इनको रेगूलराईज करने के लिए, एप्रूव करने के लिए जितने नियम आवश्यक हैं वे करने पड़ेंगे। हमने रूल–7 के तहत रजिस्ट्रियों को रोकने का भी काम किया है वह इसीलिए किया है कि एग्रीकल्चर लैंड के ऊपर छोटे–छोटे प्लॉट् काटकर अगर कोई अनएप्रूव्ड कालोनियों की रजिस्ट्री करवाने चला जाता है इस प्रकार के मामलों में तो हमारे हाथ में कागजी कार्यवाही है जब हम तुरंत जाकर उनको तोड़ना शुरू करते हैं तो फिर वे लोग विरोध करने के लिए इक्ट्ठे होते हैं इसलिए कुछ चीजें रास्ते बनाकर हम चाहते हैं कि आगे प्लांड वे में शहर बसें, प्लांड वे में आबादी हो। ऐसा नहीं होना चाहिए कि जहां पर जिसके मन में आया उसने इण्डस्ट्री बना ली, किसी ने कॉमर्शियल बना लिया और किसी ने रैजीडैंशियल बना लिया। इस प्रकार की प्लॉनिंग का एक पार्ट यह हमारे यहां का ही नहीं है यह थ्रो आउट वर्ल्ड है कि प्लांड शहर और प्लांड गांव बनने चाहिएं। हम इस दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। इसमें आने वाली कठिनाईयों को हम दूर करेंगे। ऐसी बात हरगिज नहीं है कि हम आने वाली कठिनाईयों को दूर नहीं करेंगे लेकिन हर किसी की रजिस्ट्री जाते ही हो जायेगी ऐसा नहीं है क्योंकि उसकी एक नियमावली है इसलिए उसमें एन.ओ.सी. भी होगा और एन.डी.सी. भी होगा। म्युनिसिपैलिटी का काम ड्यूज

के नाते एन.डी.सी. देने का है। उन्होंने अपने ड्यूज देखने हैं कि उनके ड्यूज आ गये या नहीं आ गये। कुछ विधायक साथियों ने यह ठीक कहा कि यह रजिस्ट्री होती है या नहीं होती है इनको नहीं देखना। इनको तो यह देखना है कि ड्यूज क्लीयर हो गये या नहीं हो गये। जब ड्यूज की बात आती है तो आता है डिवैल्पमैंट चार्जिज। ये अनएप्रूव्ड कालोनीज के डिवैल्पमैंट चार्जिज नहीं ले पायेंगे। जब कालोनियों को एप्रूव किया जायेगा उसके बाद ही डिवैल्पमैंट चार्जिज लिये जायेंगे। जब तक कोई कालोनी एप्रूव नहीं होती तब तक डिवैल्पमैंट चार्जिज नहीं होते हैं इसलिए हम उन सारे के सारे अनएप्रूव्ड एरियाज को हम पहले एप्रूव करेंगे। उसके एप्रूव होने के बाद फिर डिवैल्पमैंट चार्जिज लेने का एन.डी.सी. देंगे उसके बाद रजिस्ट्रियां होंगी उससे पहले ये रजिस्ट्रियां बंद हैं। इसके अलावा अगर कोई और कठिनाई होगी उसको अगर बताया जायेगा तो उसके हल का भी रास्ता निकाला जायेगा।

डॉ. कमल गुप्ता : आदरणीय अध्यक्ष जी, एक माननीय सदस्य ने हिसार के बारे में एक बात हिसार के बारे में कही थी। इस सम्बन्ध में मेरा यही कहना है कि हिसार के बारे में मुझे कोई खास जानकारी नहीं है क्योंकि मेरा पूरा स्टेट मेरे लिए एक जैसा है इसलिए जो भी काम होगा वह सभी जगह होगा। हिसार का अलग से आंकड़ा मुझे पता भी नहीं है। 5 हजार रूपये की एक बात और उठी थी। विपक्ष के साथियों ने बार–बार एक शब्द इस्तेमाल किया कि यह पैनल्टी है। इस बारे में मेरा यही कहना है कि यह पैनल्टी नहीं है बल्कि यह तत्काल सर्विस के चार्ज हैं। जिस प्रकार से अगर कोई रेल गाड़ी में कहीं जाता है और उसने 15 दिन पहले टिकट बुक नहीं करवाई उसको तत्काल कोई एमरजैंसी हुई और एमरजैंसी में उसको तत्काल टिकट लेना पड़ता है। यह भी उसी प्रकार का विषय है। (शोर एवं व्यवधान) अगर किसी प्रॉपर्टी के लिए कोई 10 दिन पहले जाता है तो किसी को एक भी पैसा नहीं देना पड़ेगा लेकिन अगर किसी ने प्रॉपर्टी बेच दी या खरीदनी है आप उसी समय चाहते हो तो उस स्थिति में उसको 5 हजार देने ही चाहिएं। (शोर एवं व्यवधान) अंतिम बात यह है कि माननीय सदस्यों ने कहा है कि यह ऐंडलैस प्रोसैस है तो मैं पूछना चाहता हूं कि कौन सी चीज ऐंडलैस नहीं होती है?

श्री मनोहर लाल : अध्यक्ष महोदय, चार्जिज हर चीज के होते हैं। एक आदमी को इम्मीडिएट सर्विस चाहिए तो उसको पे करना पड़ेगा। 15 दिन में सभी की ठीक हो रही है और अगर वह भी आज अप्लाई करेगा और 15 दिन में लेगा तो उसका भी

कोई पैसा नहीं लगेगा। कोई आदमी बाहर से आया है और उसको अपनी प्रॉपर्टी तत्काल क्लियर करवानी है, खरीदनी है या बेचनी है और उसके पास टाईम नहीं है और उसको लाखों, करोड़ों रुपये की प्रॉपर्टी बेचेगा तो उसको पे करना पड़ेगा।

श्री जगबीर सिंह मलिकः अध्यक्ष महोदय, इस प्रकार से तो सरकार किसी की मजबूरी का फायदा उठाना चाहती है।

श्री मनोहर लालः अध्यक्ष महोदय, अगर हम ऐसा नहीं करेंगे तो यह बात भी उठेगी कि किसी को तो आते ही दे दी और किसी को 15 दिन में दी गई है। उसके बाद यही विपक्ष के लोग कहेंगे कि इसमें अन्दर ही अन्दर कुछ सौदेबाजी हो गई है इसलिए अगर किसी को इस प्रकार की तत्काल सर्विस का लाभ देना है तो उसका पैसा सरकार के पास या किसी बोर्ड या कारपोरेशन के पास आयेगा और यह तत्काल का प्रावधान सभी जगह पर है। अगर आप किसी बड़े मंदिर में चले जाओ और वी.आई.पी. दर्शन के लिए तत्काल की लाईन में लगते हो तो उसके लिए 11000 या 21000 रुपये देने पड़ते हैं। यह व्यवस्था इसीलिए बनाई है ताकि किसी को कोई ऐतराज न हो और अगर हम इसके बिना करेंगे तो वहां जो लोग लाईन में खड़े हैं वे हमारे कपड़े फाड़ लेंगे कि क्या ये आपका फूफा लगता था, इसको फेवर क्यों किया गया?

डॉ. कमल गुप्ताः अध्यक्ष महोदय, अंत में मैं आपके माध्यम से मेरे सभी माननीय विधायकों को यह विश्वास दिलाना चाहता हूं कि इसमें जितनी भी त्रुटियां हैं हम उनको ठीक करेंगे। इसमें जो भी संबंधित आदमी गलती पर पाया जायेगा उसको सजा देंगे। हमारे माननीय साथी श्री जगबीर सिंह मलिक जी ने जो बात कही है कि इसमें 31 दिसम्बर तक जो टैक्स में 100 प्रतिशत की छूट दी हुई है इसकी स्वीकृति माननीय मुख्यमंत्री जी ने दे दी है और उसके बाद 31 जनवरी, 2023 तक यह यह छूट 50 प्रतिशत इंट्रस्ट में मिलेगी।

श्री अध्यक्षः माननीय सदस्यगण, अब ध्यानाकर्षण सूचना पर चर्चा समाप्त होती है।

व्यक्तिगत स्पष्टीकरण

डॉ. रघुवीर सिंह कादियानः अध्यक्ष महोदय, मेरा प्वायंट ऑफ ऑर्डर है। मेरी पर्सनल एक्सप्लेनेशन है। कल जब एम.एल.एज. की ग्रांट्स की बात चल रही थी उस समय मैं उपस्थित नहीं था तब मुख्यमंत्री जी की तरफ से यह कहा गया था कि कुछ हल्कों

की तरफ से विधायक आदर्श ग्राम योजना के ऐस्टीमेट्स प्राप्त नहीं हुए। उसमें बेरी हल्के का नाम भी शामिल था।

मुख्यमंत्री (श्री मनोहर लाल): अध्यक्ष महोदय, यह बात तो 5 करोड़ रुपये वाली स्कीम के बारे में प्रैस कांफ्रेंस में कही गई थी। यह हाउस में कही हुई बात नहीं है।

डॉ. रघुवीर सिंह कादियानः अध्यक्ष महोदय, विधायक आदर्श ग्राम योजना में भी यह बात आई थी और इसी तरह से जब 5 करोड़ रुपये ग्रांट की बात आई तो मुख्यमंत्री जी ने प्रैस कांफ्रेंस में यह बात कही थी। उस समय मैंने इसको ज्यादा गम्भीरता से नहीं लिया, मैंने सोचा कि सदन के नेता हैं हो सकता है वैसे ही निकल गई हो या किसी अधिकारी ने गलत जानकारी दे दी हो। उस समय यह 2484 था और अब यह 2585 हो गया है। फरवरी, 2020 के पहले सप्ताह में मेरे पास उस समय के फाइनेंशियल कमिश्नर, डिवैल्पमैंट एण्ड पंचायत की चिट्ठी आई कि आप अपने ऐस्टीमेट्स भेजो। उसके बाद एक सप्ताह के अन्दर–अन्दर 53 गांवों के सरपंचों को बुला कर प्रापोशनेटली मैंने सभी 53 गांवों के वर्क के हिसाब से बजट ऐलोकेट करके मैंने उनको भी चिट्ठी दी और वे ऐस्टीमेट्स मैंने 12 फरवरी, 2020 को 4 जगह पर भेजे जिसकी मेरे पास रसीद हैं। सबसे पहले मैंने सी.एम. साहब के पास भेजा था और मैंने उसको वैरिफाई कर लिया है। सी.एम. साहब ने प्रैस कांफ्रेंस में रेवाड़ी, बेरी तथा और 2 नाम लिए थे। उसमें पर्सनली मेरा नाम लिया था कि डॉ. कादियान ने बेरी के ऐस्टीमेट्स नहीं भेजे हैं। मैंने उसको उस समय टेकअप नहीं किया और यही सोचा कि सी.एम. साहब से वैसे ही मेरा नाम निकल गया होगा। मैं यही कहना चाहता हूं कि ग्रेसफुली और गुड टेस्ट में बात होनी चाहिए। इस बारे में जब मैंने सी.एम. साहब के ऑफिस में पूछा तो मुझे बताया गया कि ये ऐस्टीमेट्स आए हुए हैं लेकिन आपने फॉर इन्फोर्मेशन भेजा हुआ है इसलिए हमने रख लिए।

श्री अध्यक्ष : कादियान साहब, हमने तो इसमें कोई कार्यवाही करनी भी नहीं होती है।

डॉ. रघुवीर सिंह कादियान : अध्यक्ष महोदय, आप जिसको डिजिटल कहो या नोडल कहो या पोर्टल कहो, जो भी कहो। आप जो टैक्नॉलोजी की बात कर रहे हैं उस संबंध में मैंने आपके ऑफिस में लिख कर भेजा हुआ है जिसको आपके एच.सी.एस. ऑफिसर्ज ने वैरिफाई भी किया है। तीसरा मैंने इसी लैटर को डी.सी. झज्जर को भी भेजा है। डी.सी. झज्जर से मैंने वैरिफाई किया है। उन्होंने मुझे कहा है कि आपके एस्टीमेट्स आए हैं और वे हमने ए.डी.सी. को फॉरवर्ड कर दिये हैं। आपको मैं इनकी रसीद भी दे देता हूं।

श्री अध्यक्ष : कादियान साहब, आप वह रसीद मुख्यमंत्री जी को दे दें।

Dr. Raghuvir Singh Kadian: Speaker Sir, it is a matter which amounts to character assassination. पर्टिक्यूलरली उस स्टेज का आदमी जो सदन का नेता है और हमारा भी नेता है। अगर इस तरह की बात किसी इंडिविजुअल मैंबर के खिलाफ की जाए तो what will be the fate? वह तो मेरा इसलिए बचाव हो गया क्योंकि सारे सरपंचों को उन सभी एस्टीमेट्स के बारे में पता था कि इन्होंने ये एस्टीमेट्स भिजवाए हैं। इस संबंध में या तो मुख्यमंत्री जी कहें कि इन्हें ऑफिसर्ज ने गलत इंफॉरमेशन दी है।

श्री अध्यक्ष : कादियान साहब, मुझे लगता है कि मुख्यमंत्री जी इसकी इंक्वायरी करवाकर जिसने भी कोई गलत इंफॉरमेशन दी है उसके खिलाफ एक्शन लेंगे।

डॉ. रघुवीर सिंह कादियान : अध्यक्ष महोदय, इसकी इंक्वायरी करवाकर प्रेस कॉन्फ्रैंस करें क्योंकि यह एक सीरियस मैटर है। यह एक चरित्र हनन की राजनीति है। आपने बड़ी भारी संविधान की शपथ ले रखी है कि मैं विधि के अनुसार फैसले करूंगा। मेरे पास ये चारों रसीद हैं।

श्री अध्यक्ष : ठीक है, आप ये रसीद दे दीजिए। (विघ्न)

डॉ. रघुवीर सिंह कादियान : अध्यक्ष महोदय, यह रसीद 12 फरवरी 2020 की है। धन्यवाद।

श्री अध्यक्ष : ठीक है।

वर्ष 2022–23 के लिए अनुपूरक अनुमान (द्वितीय किस्त) प्रस्तुत करना–

श्री अध्यक्ष : माननीय सदस्यगण, अब माननीय वित्त मंत्री वर्ष 2022–23 के लिए अनुपूरक अनुमान की (द्वितीय किस्त) नेवा पोर्टल के माध्यम से प्रस्तुत करेंगे।

मुख्यमंत्री (श्री मनोहर लाल) : अध्यक्ष महोदय, मैं सदन में नेवा पोर्टल के माध्यम से वर्ष 2022–23 के लिए अनुपूरक अनुमान की (द्वितीय किस्त) प्रस्तुत करता हूं।

श्री भारत भूषण बतरा : अध्यक्ष महोदय, यह नेवा पोर्टल तो यहीं पर रहेगा तो फिर हमें कैसे पता चलेगा कि हमने किसको कट मोशन देना है, इसलिए इसका प्रिंट भी चाहिए।

श्री अध्यक्ष : बतरा जी, ये सब आपकी ईमेल पर साथ–साथ चला जाएगा और आपके मोबाईल पर व्हाट्सअप भी आ जाएगा।

श्री भारत भूषण बतरा : अध्यक्ष महोदय, जो ये सप्लीमैंट्री डिमांड और एप्रोप्रियेशन बिल आता है उसका प्रोसीजर भी इस पर डिफाइन होना चाहिए क्योंकि हमने डिमांड्स के ऊपर बोलना होता है। कई बार हम कुछ बोलते हैं तो यह कहा जाता है कि आप ये क्यों बोल रहे हैं जबकि डिमांड्स के बारे में बोलना बहुत ही रैलेवेंट होता है और यह राईट अपोजिशन के पास ही ज्यादा होता है क्योंकि उसके बारे में ट्रेजरी बैंचिज नहीं बोलती हैं। ये सारा प्रोसीजर एप्रोप्रियेशन बिल या बजट के साथ जो सप्लीमैंट्री डिमांड्स आती हैं उसी तरह से इन सभी डिमांड्स पर भी कट मोशन हो। Whether we have to give a cut motion or not?

श्री अध्यक्ष : बतरा जी, आज तो प्रस्तुत हुआ है।

श्री भारत भूषण बतरा : अध्यक्ष महोदय, कल आप इसको ले लेंगे क्योंकि कल तक ही हाऊस है। इसका मतलब आज या कल सुबह तक कट मोशन दे सकते हैं।

श्री अध्यक्ष : बतरा जी, इसके ऊपर कट मोशन आता ही नहीं है।

श्री भारत भूषण बतरा : अध्यक्ष महोदय, कौन कहता है कि इस पर कट मोशन नहीं आता है। सेम प्रोसीजर फॉलो होता है।

श्री अध्यक्ष : बतरा जी, जो खर्चा होता है वह एस्टीमेट कमेटी से एप्रूव होने के बाद होता है।

Shri Bharat Bhushan Batra: Speaker Sir, these are supplementary demands.

श्री अध्यक्ष : यह उसी खर्चे की डिमांड हैं, जिसको एस्टीमेट कमेटी एप्रूव करती है।

श्री भारत भूषण बतरा : अध्यक्ष महोदय, सप्लीमैंट्री डिमांड्स में कट मोशन आता है।

श्री अध्यक्ष : बतरा जी, सप्लीमैंट्री डिमांड पर खर्चे के लिए एस्टीमेट कमेटी एप्रूव करती है।

Shri Bharat Bhushan Batra: Speaker Sir, this is important. इसीलिए तो सैशन बुलाया जाता है। अगर एप्रोप्रियेशन बिल और डिमांड्स पास न करानी हों तो फिर सैशन बुलाने की किसी हालत में जरूरत नहीं है। एस्टीमेट कमेटी ने डिमांड्स को पास कर दिया उसके बाद मैंबर भी तो सदन में चर्चा करके उनको पास करेंगे।

श्री अध्यक्ष : बतरा जी, जो अगले साल की रिपोर्ट आती है वह तो डिस्कस होती है लेकिन ये तो इसी साल की रिपोर्ट है, जो अब चल रहा है।

श्री भारत भूषण बतराः अध्यक्ष महोदय, जो आप डिमांड को एप्रूव करवा रहे हैं, इन डिमांड्ज पर बोलने का हमें अधिकार होना चाहिए। अदरवाइज सरकार अपने आप ही इन डिमांड्ज को पास कर दे तो फिर तो बात ही खत्म हो गई।(विघ्न)

श्री अध्यक्षः बतरा जी, जो भी रूल्ज होंगे, सदन की कार्यवाही उन्हीं के मुताबिक ही चलेगी और रूल्ज के हिसाब से ही सारा काम किया जायेगा। (शोर एवं व्यवधान)

श्री भारत भूषण बतराः अध्यक्ष महोदय, डिमांड्ज पर बोलने का प्रावधान बाकायदा तौर पर रूल्ज ऑफ प्रोसीजर में वर्णित है और अगर आपकी इजाजत हो तो मैं इस संदर्भ में रूल्ज पढ़कर सारा कुछ क्लेरिफाई कर सकता हूँ। (विघ्न)

श्री अध्यक्षः देखिए, अभी कल भी सदन की कार्यवाही जारी रहेगी। मैं भी रूल्ज देख लेता हूँ और अगर रूल्ज में ऐसा कोई प्रावधान होगा तो आपको बोलने की इजाजत दे दी जायेगी।(शोर एवं व्यवधान)

श्री भारत भूषण बतराः अध्यक्ष महोदय, मैं आपको इस बारे में बिल्कुल क्लियर कर दूंगा। बजट सत्र में भी सेम प्रोसीजर होता है। बजट पेश होने के बाद एप्रोप्रिएशन बिल लाया जाता है और इसके बाद फिर इस पर डिस्कशन होती है। सेम प्रोसीजर इस स्टेज पर होनी आवश्यक है। (विघ्न)

श्री अध्यक्षः बतरा जी, यह बजट सत्र नहीं है। यहां पर सप्लीमैंट्री डिमांड्ज की बात हो रही है। बजट पेश होने के बाद एप्रोप्रिएशन बिल पर डिसकशन होती है लेकिन यहां पर ऐसा कुछ नहीं है, यहां पर तो सप्लीमैंट्री डिमांड्ज हैं। आपको इस बात का ध्यान रखना चाहिए। (शोर एवं व्यवधान)

श्री भारत भूषण बतराः अध्यक्ष महोदय, सप्लीमैंट्री डिमांड्ज की भी वही सेम वैल्यू होती है जो बजट डिमांड्ज की होती हैं। एप्रोप्रिएशन बिल के बाद डिमांड्ज होती हैं तो इन सप्लीमैंट्री डिमांड्ज की भी सेम वैल्यू है। अध्यक्ष महोदय, आप इस मैटर को केवल अपने हिसाब से देख रहे हैं। ऐसा नहीं होना चाहिए कि somebody is asking you and वह व्यक्ति आपको कुछ बता दे और आप उस पर ही काम करना शुरू कर दें। (शोर एवं व्यवधान)

श्री अध्यक्षः बतरा जी, मैं आपको क्लीयर कर देना चाहूंगा कि सदन में जो एस्टिमेट्स पहले अप्रूव किए गए थे उनमें कुछ कम–ज्यादा फर्क आया है जिनको सप्लीमैंट्री डिमांड्ज में शामिल किया गया है। इसके अतिरिक्त इनके अंदर और कुछ नया खर्च थोड़े ही एड किया जा रहा है। (शोर एवं व्यवधान)

श्री भारत भूषण बतराः अध्यक्ष महोदय, लेकिन आप हाउस से पैसे तो पास करवा रहे हैं ? अगर हाउस पैसे पास नहीं करेगा तो सरकार कैसे चलेगी ? अध्यक्ष महोदय, आप मेरे को टाइम दे देना, मैं आपको सारी बातें क्लियर कर दूंगा और जो आप रूलिंग देंगे फिर तो स्वाभाविक है कि उस पर ही काम होगा। (विघ्न)

श्री अध्यक्षः बतरा जी, यह सप्लीमैंट्री डिमांड्ज एस्टिमेट्स कमेटी से अप्रूव होकर ही सदन में आई हैं।

Shri Bharat Bhushan Batra: Speaker Sir, the approval from the Estimates Committee does not mean this and if it so, then why these have been put before the House ?

श्री जगबीर सिंह मलिकः अध्यक्ष महोदय, बजट सत्र में भी डिमांड्ज एस्टिमेट्स कमेटी से एप्रूव होकर आती है, उस पर भी तो चर्चा का मौका दिया जाता है। (शोर एवं व्यवधान)

श्री भारत भूषण बतराः अध्यक्ष महोदय, अगर आप मुझे समय दे दें तो मैं सारी बातें क्लीयर कर सकता हूँ। (शोर एवं व्यवधान)

श्री अध्यक्षः बतरा जी, अब इस विषय को कल देखेंगे। (शोर एवं व्यवधान)

डॉ. रघुवीर सिंह कादियानः अध्यक्ष महोदय, यह ठीक है कि पैसा खर्च हुआ है और अब जो सप्लीमैंट्री डिमांड्ज आई हैं इनकी अप्रूवल भी सदन ने ही तो देनी है और जब सदन की अप्रूवल होगी तभी जाकर ये सप्लीमैंट्री डिमांड्ज पास होगी। सप्लीमैंट्री डिमांड्ज के उपर आनरेबल मैम्बर्ज को बोलने का पूरा हक होता है और आप हमारे इस हक को नहीं छीन सकते हैं। (विघ्न)

श्री अध्यक्षः कादियान जी, अगर कोई फ्रैस डिमांड होती तो फिर तो ऐसी कोई बात हो सकती थी लेकिन यह डिमांड्ज तो आलरेडी अप्रूव्ड हैं। (शोर एवं व्यवधान)

डॉ. रघुवीर सिंह कादियान: अध्यक्ष महोदय, फ्रैस डिमांड्ज की बात का विषय नहीं है, विषय डिमांड्ज पर चर्चा करने का है। (शोर एवं व्यवधान)

श्री भारत भूषण बतरा: अध्यक्ष महोदय, मैं आपको रूल पढ़कर सुनाता हूँ। Rule 200 of Rules of Procedure and Conduct of Business in the Haryana Legislative Assembly says that-

> "**200.** Supplementary, Additional, Excess and Exceptional grants and Votes of Credit shall be regulated by the same Procedure as is applicable in the case of demands for grants subject to such adaptions, whether by way of modification, addition or omission as the Speaker may deem to be necessary or expedient."

अध्यक्ष महोदय, इससे ज्यादा मैं और क्या कहूं। इस रूल को पढ़कर साफ पता चलता है कि डिमांड्ज पर जो प्रोसीजर बजट सत्र में होता है, वह प्रोसीजर इस स्टेज पर भी होगा। (शोर एवं व्यवधान)

डॉ. रघुवीर सिंह कादियान: अध्यक्ष महोदय, जो एक्सैस पैसा खर्च किया गया है, हमें पता तो चलना चाहिए कि वह किस चीज पर खर्च हुआ है। न हमें सप्लीमैंट्री डिमांड्स से संबंधित कोई बुकलेट दी गई है न ही हमारे पास ऐसा कोई डाक्यूमैंट है जो दिखाता है कि पैसा किस परपज पर खर्च किया गया है। अध्यक्ष महोदय, पिछले सैशन में आपने कहा था कि तीन दिन पहले सभी माननीय सदस्यों को बुकलेट दे दी जायेगी। (विघ्न)

श्री अध्यक्ष: कादियान जी, मैंने सप्लीमैंट्री एस्टिमेट्स की बुकलेट के बारे में कुछ नहीं कहा था। मैने ऐसा बिल्ज की कॉपी के बारे में ही कहा था। (शोर एवं व्यवधान)

डॉ. रघुवीर सिंह कादियान: अध्यक्ष महोदय, आपने सप्लीमैंट्री एस्टिमेट्स की कापी की बुकलैट के बारे में भी कहा था और बिल्ज की कॉपी के बारे में भी कहा था। उस टाइम जब मैंने डिमांड्ज पर बोलना शुरू किया था और मैंने अलग–अलग डिमांड्ज पर बोलते हुए कहा था कि it is a lapse on the part of the officers जो भी डिपार्टमैंट के हैं तो उस समय आपने यह बात कही थी। कितनी अजीब बात है कि डिपार्टमैंट को यह पता ही नहीं है कि उनको कितना खर्च करना है और कितना नहीं। (शोर एवं व्यवधान)

श्री अध्यक्षः बतरा जी, आप हरियाणा विधान सभा की प्रक्रिया तथा कार्य संचालन संबंधी नियामावली का नियम 201 पढ़कर देखें।

श्री भारत भूषण बतराः अध्यक्ष महोदय, ठीक है, मैं यह रूल पढ़कर सुनाता हूँ। Rule 201 says that-

> **"201.** The debate on the supplementary grants shall be confined to the items constituting the same and no discussion may be raised on the original grants…."

श्री अध्यक्षः बतरा जी, अब आपने रूल 201 पढ़ लिया है इसमें साफ लिखा गया है किः– "The debate on the supplementary grants shall be confined to the items constituting the same and no discussion may be raised on the original grants…" इसमें भी ओरिजनल डिमांड्ज पर ही चर्चा की बात कही गई है और ओरिजनल डिमांड्ज के उपर ही सप्लीमैंट्री डिमांड्ज आई हैं, अतः इन पर चर्चा का प्रश्न ही नहीं उठता। (शोर एवं व्यवधान)

डॉ. रघुवीर सिंह कादियानः स्पीकर सर, एडिशनल पैसा खर्च किया गया है लेकिन आनरेबल मैम्बर्ज को यह भी तो पता होना चाहिए कि किस बात पर एडिशनल पैसा खर्च किया गया है जिसके लिए सप्लीमैंट्री डिमांड्ज लाई गई हैं और सरकार इन डिमांड्ज को सदन में पास करवाना चाहती है। (विघ्न)

श्री अध्यक्षः कादियान जी, आप मुझे यह बतायें कि आप डिमांड्ज के कौन से इशू पर चर्चा करना चाहते हैं। (शोर एवं व्यवधान)

डॉ. रघुवीर सिंह कादियानः अध्यक्ष महोदय, हमारे पास तो सप्लीमैंट्री डिमांड्ज की बुकलैट तक नहीं है। मैं तो सभी सप्लीमैंट्री डिमांड्ज पर चर्चा करना चाहता हूँ।

श्री अध्यक्षः देखिए, सप्लीमैंट्री डिमांड्ज का सारा मैटीरियल आपके पोर्टल पर चला गया है। अगर इस विषय पर जरूरत होगी तो इस पर कल डिस्कस कर लेंगे। (शोर एवं व्यवधान)

डॉ. रघुवीर सिंह कादियानः अध्यक्ष महोदय, सप्लीमैंट्री डिमांड्ज की जो बुकलेट है, वह सभी माननीय सदस्यों को दो दिन पहले मिल जानी चाहिए थी। बुकलेट से हमें पता चलेगा कि आफिसर्ज ने किस चीज पर एडिशनल पैसा खर्च करने का काम किया है। ठीक है खर्चा होता भी है लेकिन डैमोक्रेसी नाम की कोई चीज तो होगी। हमें पता तो होना चाहिए कि आखिरकार पैसा कहां खर्च किया गया। (विघ्न)

श्री अध्यक्षः कादियान जी, जब चर्चा का टाइम आयेगा तो मैं आपसे इस बारे में पूछूंगा। उस समय अगर लगेगा कि किसी डिमांड पर चर्चा की आवश्यकता है तो इसको भी देख लेंगे लेकिन for your kind information मैं आपको बता देना चाहूंगा कि सप्लीमैंट्री एस्टिमेट्स पर कट मोशन नहीं आ सकता।

प्राक्कलन समिति की रिपोर्ट प्रस्तुत करना

श्री अध्यक्षः माननीय सदस्यगण, अब श्री हरविन्द्र कल्याण, चेयरपर्सन, प्राक्कलन समिति वर्ष 2022—2023 के लिये अनुपूरक अनुमान (द्वितीय किस्त) पर प्राक्कलन समिति की रिपोर्ट नेवा पोर्टल के माध्यम से प्रस्तुत करेंगे।

चेयरपर्सन, प्राक्कलन समिति (श्री हरविन्द्र कल्याण): अध्यक्ष महोदय, मैं वर्ष 2022—2023 के लिये अनुपूरक अनुमान (द्वितीय किस्त) पर प्राक्कलन समिति की रिपोर्ट को नेवा पोर्टल के माध्यम से प्रस्तुत करता हूँ।

वर्ष 2022—23 के लिए अनुपूरक अनुमानों (द्वितीय किस्त) की मांगों पर चर्चा तथा मतदान

श्री अध्यक्षः माननीय सदस्यगण, अब वर्ष 2022—2023 के अनुपूरक अनुमान (द्वितीय किस्त) पर चर्चा तथा मतदान होगा।

पिछली प्रथानुसार और सदन का समय बचाने के लिए ऑर्डर पेपर पर रखी गई सभी डिमाण्ड्ज एक साथ पढ़ी और मूव की गई समझी जायें। माननीय सदस्यगण किसी भी डिमांड पर चर्चा हरियाणा विधान सभा की प्रक्रिया तथा कार्य संचालन संबंधी नियमों के नियम 201 के तहत अनुपूरक अनुदानों पर बहस उन मुद्दों तक सीमित रखें जिनसे वे जुड़ी हों और जहां तक विचाराधीन विशेष विषयों की व्याख्या करने या उन्हें स्पष्ट करने के लिए आवश्यक हो, उस सीमा तक, मूल अनुदानों पर या उनसे संबंधित नीति पर कोई चर्चा नहीं होगी लेकिन बोलने से पहले वे अपनी डिमाण्ड का नम्बर बता दें जिस पर वे बोलना चाहते हैं।

कि एक अनुपूरक धनराशि जो राजस्व खर्च के लिए ₹13,20,000/- **से अधिक न हो, मांग संख्या** 1-**विधान सभा के सम्बन्ध में** 31 **मार्च**, 2023 **को समाप्त होने वाले वर्ष के भुगतान के क्रम में आने वाले खर्चों को चुकाने के लिए राज्यपाल को अनुदान की जाए।**

कि एक अनुपूरक धनराशि जो राजस्व खर्च के लिए ₹10,00,000/- से अधिक न हो, मांग संख्या 2-राज्यपाल तथा मंत्रीपरिषद् के सम्बन्ध में 31 मार्च, 2023 को समाप्त होने वाले वर्ष के भुगतान के क्रम में आने वाले खर्चों को चुकाने के लिए राज्यपाल को अनुदान की जाए।

कि एक अनुपूरक धनराशि जो राजस्व खर्च के लिए ₹23,50,000/- तथा पूंजीगत खर्च के लिए ₹1,00,00,000/- से अधिक न हो, मांग संख्या 3-सामान्य प्रशासन/ निर्वाचन के सम्बन्ध में 31 मार्च, 2023 को समाप्त होने वाले वर्ष के भुगतान के क्रम में आने वाले खर्चों को चुकाने के लिए राज्यपाल को अनुदान की जाए।

कि एक अनुपूरक धनराशि जो राजस्व खर्च के लिए ₹3,00,000/- से अधिक न हो, मांग संख्या 5-गृह /कारागार/गृह रक्षी और नागरिक सुरक्षा/ न्याय प्रशासन (उच्च न्यायालय/अभियोजन/एजीओटी/कानूनी सेवा प्राधिकरण) के सम्बन्ध में 31 मार्च, 2023 को समाप्त होने वाले वर्ष के भुगतान के क्रम में आने वाले खर्चों को चुकाने के लिए राज्यपाल को अनुदान की जाए।

कि एक अनुपूरक धनराशि जो राजस्व खर्च के लिए ₹68,07,00,000/- तथा पूंजीगत खर्च के लिए ₹8,09,60,000/- से अधिक न हो, मांग संख्या 10-खानएवं भू-विज्ञान/कृषि/बागवानी/पशुपालन तथा डेयरी विकास/मछली पालन/वन तथा वन्य प्राणी/परिस्थिति कि विज्ञान तथा पर्यावरण के सम्बन्ध में 31 मार्च, 2023 को समाप्त होने वाले वर्ष के भुगतान के क्रम में आने वाले खर्चों को चुकाने के लिए राज्यपाल को अनुदान की जाए।

कि एक अनुपूरक धनराशि जो राजस्व खर्च के लिए ₹2,00,000/- से अधिक न हो, मांग संख्या 11-खाद्य एवं आपूर्ति/सहकारिता के सम्बन्ध में 31 मार्च, 2023 को समाप्त होने वाले वर्ष के भुगतान के क्रम में आने वाले खर्चों को चुकाने के लिए राज्यपाल को अनुदान की जाए।

कि एक अनुपूरक धनराशि जो राजस्व खर्च के लिए ₹345,01,00,000/- तथा पूंजीगत खर्च के लिए ₹30,00,00,000/- से अधिक न हो, मांग संख्या 12- शिक्षा (उच्चतर/माध्यमिक/प्राथमिक)/तकनीकी शिक्षा/महिला एवं बाल विकास के सम्बन्ध में 31 मार्च, 2023 को समाप्त होने वाले वर्ष के भुगतान के क्रम में आने वाले खर्चों को चुकाने के लिए राज्यपाल को अनुदान की जाए।

कि एक अनुपूरक धनराशि जो राजस्व खर्च के लिए ₹3,00,000/- से अधिक न हो, मांग संख्या 13-खेलकूद तथा युवा कल्याण/ कला एव संस्कृति/ पर्यटन के सम्बन्ध में 31 मार्च, 2023 को समाप्त होने वाले वर्ष के भुगतान के क्रम में आने वाले खर्चों को चुकाने के लिए राज्यपाल को अनुदान की जाए।

कि एक अनुपूरक धनराशि जो राजस्व खर्च के लिए ₹1,00,000/- से अधिक न हो, मांग संख्या 14-स्वास्थ्य/डीएमईआर/आयुष/ईएसआई/एफडीए के सम्बन्ध में 31 मार्च, 2023 को समाप्त होने वाले वर्ष के भुगतान के क्रम में आने वाले खर्चों को चुकाने के लिए राज्यपाल को अनुदान की जाए।

कि एक अनुपूरक धनराशि जो राजस्व खर्च के लिए ₹3,00,000/- से अधिक न हो, मांग संख्या 15-श्रम/ रोजगार/ कौशल विकास और औद्योगिक प्रशिक्षण के सम्बन्ध में 31 मार्च, 2023 को समाप्त होने वाले वर्ष के भुगतान के क्रम में आने वाले खर्चों को चुकाने के लिए राज्यपाल को अनुदान की जाए।

कि एक अनुपूरक धनराशि जो राजस्व खर्च के लिए ₹3,00,000/- से अधिक न हो, मांग संख्या 16-अनुसूचित जातियों तथा पिछड़े वर्गों का कल्याण/ सामाजिक न्याय और अधिकारिता/ भूतपूर्व सैनिकों का कल्याण के सम्बन्ध में 31 मार्च, 2023 को समाप्त होने वाले वर्ष के भुगतान के क्रम में आने वाले खर्चों को चुकाने के लिए राज्यपाल को अनुदान की जाए।

कि एक अनुपूरक धनराशि जो राजस्व खर्च के लिए ₹208,69,00,000/- तथा पूंजीगत खर्च के लिए ₹350,00,00,000/- से अधिक न हो, मांग संख्या 17-भवन तथा सड़कें/ परिवहन/ नागर विमानन के सम्बन्ध में 31 मार्च, 2023 को समाप्त होने वाले वर्ष के भुगतान के क्रम में आने वाले खर्चों को चुकाने के लिए राज्यपाल को अनुदान की जाए।

कि एक अनुपूरक धनराशि जो राजस्व खर्च के लिए ₹1,00,000/- तथा पूंजीगत खर्च के लिए ₹148,00,00,000/- से अधिक न हो, मांग संख्या 18-सूचना तथा प्रचार/इलैक्टरोनिक्स तथा सूचना प्रौद्योगिकी मुद्रण तथा लेखन सामग्री के सम्बन्ध में 31 मार्च, 2023 को समाप्त होने वाले वर्ष के भुगतान के क्रम में आने वाले खर्चों को चुकाने के लिए राज्यपाल को अनुदान की जाए।

कि एक अनुपूरक धनराशि जो राजस्व खर्च के लिए ₹130,01,00,000/- से अधिक न हो, मांग संख्या 19-सिंचाई/उधोग और वाणिज्य/एम एस एम ई/आपूर्ति तथा निपटान/विद्युत और नवीनीकरणीय ऊर्जा/विज्ञान और प्रौद्योगिकी के सम्बन्ध में 31 मार्च, 2023 को समाप्त होने वाले वर्ष के भुगतान के क्रम में आने वाले खर्चों को चुकाने के लिए राज्यपाल को अनुदान की जाए।

कि एक अनुपूरक धनराशि जो राजस्व खर्च के लिए ₹100,07,00,000/- से अधिक न हो, मांग संख्या 20-शहरी विकास (नगर तथा ग्राम आयोजना/षहरी सम्पदा)/ स्थानीय सरकार (शहरी स्थानीय निकाय एवं अग्निशमन सेवाएं)/ ग्रामीण और सामुदायिक विकास (ग्रामीण विकास/विकास और पंचायत)/जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी के सम्बन्ध में 31 मार्च, 2023 को समाप्त होने वाले वर्ष के भुगतान के क्रम में आने वाले खर्चों को चुकाने के लिए राज्यपाल को अनुदान की जाए।

डॉ. रघुवीर सिंह कादियान: अध्यक्ष महोदय, मेरा डिमाण्ड के संबंध में यह कहना है कि हम सभी को डिमाण्ड्स पर चर्चा भी करनी है, इसलिए इन डिमाण्ड्स को पास करने के लिये कल तक का समय दिया जाये। (शोर एवं व्यवधान)

श्री अध्यक्ष: कादियान साहब, डिमाण्ड्स जिस दिन सदन में प्रस्तुत होती हैं, उसी दिन पास होती है।

डॉ. रघुवीर सिंह कादियान: अध्यक्ष महोदय, एक बात यह भी आई थी कि डिमाण्ड्स को कल पास करवा लेंगे। (शोर एवं व्यवधान)

Shri Bharat Bhushan Batra: Speaker Sir, it is clearly written in Rule 194 of the Rules of Procedure and Conduct of Business in the Haryana Legislative Assembly that –

> "194 (1) Motions may be moved to omit or reduce any item or to reduce any grant but not to increase or alter the destination of a grant.
>
> (2) Notice of such motions shall be given two clear days before the day on which such item or such grant comes up for discussion:"

श्री अध्यक्ष: बतरा साहब, आप एक बार लिस्ट ऑफ बिजनैस देखिए, उसमें मैंशन किया हुआ है। (शोर एवं व्यवधान) लिस्ट ऑफ बिजनैस हरियाणा विधान सभा की वेबसाइट पर लोड हो गई है, उसे देखना चाहिये था। (शोर एवं व्यवधान)

श्री भारत भूषण बतरा: अध्यक्ष महोदय, हमने नहीं देखी है। (शोर एवं व्यवधान)

श्री अध्यक्ष: बतरा साहब, अभी आप लोगों को धीरे–धीरे ही समझ में आयेगा कि पोर्टल क्या चीज होता है। (शोर एवं व्यवधान)

डॉ. रघुवीर सिंह कादियान: अध्यक्ष महोदय, आप कल तक का समय दीजिए। (शोर एवं व्यवधान)

श्री अध्यक्ष: कादियान साहब, ऐसी कोई प्रथा ही नहीं होती है कि अगले दिन डिमाण्ड्स पास हो। (शोर एवं व्यवधान)

श्री भारत भूषण बतरा: अध्यक्ष महोदय, हमें डिमाण्ड्स पर बोलना है, इसलिए हमें इसकी तैयारी के लिये समय चाहिये। (शोर एवं व्यवधान)

डॉ. रघुवीर सिंह कादियान : अध्यक्ष महोदय, हम आपको जो बात बता रहे हैं आप उसे सुनिये । इससे आपकी नॉलेज ही बढ़ेगी । (शोर एवं व्यवधान)

श्री भारत भूषण बतरा : अध्यक्ष महोदय, आप चाहें तो इस संबंध में फाइनैंस सैक्रेटरी से भी पूछ लें । (शोर एवं व्यवधान)

श्री अध्यक्ष : कादियान जी, यह सूचना कल शाम को साइट पर अपलोड हो गई थी और आपके पास चली गई थी । (विघ्न)

डॉ. रघुवीर सिंह कादियान : अध्यक्ष महोदय, आप अथॉरिटी हैं । (शोर एवं व्यवधान)

श्री अध्यक्ष : कादियान जी, इसमें अथॉरिटी वाली कोई बात नहीं है । आज तक की कन्वैंशन यही है कि डिमांड्ज सेम डे पास होती हैं । (विघ्न)

श्री भारत भूषण बतरा : अध्यक्ष महोदय, आप हमें रूल्ज कॉट करते हैं तो मैं जानना चाहता हूं कि यह कन्वैंशन किस रूल में है ?

श्री अध्यक्ष : बतरा जी, क्या कन्वैंशन के संबंध में कभी कोई रूल होता है ? आपको सारी जानकारी है । (शोर एवं व्यवधान)

श्री भारत भूषण बतरा : अध्यक्ष महोदय, क्या सी.एम. साहब ने मोशन मूव किया है ? मोशन मूव करने के लिए 2 दिन का नोटिस दिया जाता है । Speaker Sir, it is clearly written in Rule 194 of the Rules of Procedure and Conduct of Business in the Haryana Legislative Assembly that –

> "194 (1) Motions may be moved to omit or reduce any item or to reduce any grant but not to increase or alter the destination of a grant.
>
> (2) Notice of such motions shall be given two clear days before the day on which such item or such grant comes up for discussion:"

श्री अध्यक्ष : बतरा जी, माननीय मुख्य मंत्री महोदय ने मोशन कब मूव किया है ?

श्री भारत भूषण बतरा : अध्यक्ष महोदय, माननीय मुख्य मंत्री महोदय ने मोशन मूव किया है ।

श्री मनोहर लाल : अध्यक्ष महोदय, कल इसको प्रस्तुत कर दिया गया था । यह अलग बात है कि विपक्षी सदस्य हार्ड कॉपी को ही टेबल्ड मानते हैं । (शोर एवं व्यवधान) हमने इसे नेवा के पोर्टल पर कल ही अपलोड कर दिया था । आप हमारी कठिनाई समझिये । अगर हम आज इसे पास कर देंगे तो फिर यह गवर्नर साहब के पास जाएगा । कल हम दूसरी चर्चा केवल तभी कर पाएंगे जब गवर्नर साहब से यह क्लियर हो जाएगा । (शोर एवं व्यवधान) इसे कल पेश कर दिया गया था । इसके बाद ही आज इसे पास करने का प्रोसैस चलाया गया है । अतः अब इसे पास कर देना चाहिए । (शोर एवं व्यवधान)

डॉ. रघुवीर सिंह कादियान : अध्यक्ष महोदय, हम तो आपको सब्मिशन दे रहे हैं । रूलिंग आपने देनी है क्योंकि आप अथॉरिटी हो । (शोर एवं व्यवधान)

श्री अध्यक्ष : माननीय सदस्यगण, अब विभिन्न डिमांड्ज को सदन में मतदान के लिए रखा जाएगा ।

मांग संख्या 1 से 3

श्री अध्यक्ष : प्रश्न है –

कि एक अनुपूरक धनराशि जो राजस्व खर्च के लिए ₹13,20,000/- से अधिक न हो, मांग संख्या 1-विधान सभा के सम्बन्ध में 31 मार्च, 2023 को समाप्त होने वाले वर्ष के भुगतान के क्रम में आने वाले खर्चों को चुकाने के लिए राज्यपाल को अनुदान की जाए।

कि एक अनुपूरक धनराशि जो राजस्व खर्च के लिए ₹10,00,000/- से अधिक न हो, मांग संख्या 2-राज्यपाल तथा मंत्रीपरिषद् के सम्बन्ध में 31 मार्च, 2023 को समाप्त होने वाले वर्ष के भुगतान के क्रम में आने वाले खर्चों को चुकाने के लिए राज्यपाल को अनुदान की जाए।

कि एक अनुपूरक धनराशि जो राजस्व खर्च के लिए ₹23,50,000/- तथा पूंजीगत खर्च के लिए ₹1,00,00,000/- से अधिक न हो, मांग संख्या 3-सामान्य प्रशासन/ निर्वाचन के सम्बन्ध में 31 मार्च, 2023 को समाप्त होने वाले वर्ष के भुगतान के क्रम में आने वाले खर्चों को चुकाने के लिए राज्यपाल को अनुदान की जाए।

(प्रस्ताव पास हुआ)

मांग संख्या–5

प्रश्न है –

कि एक अनुपूरक धनराशि जो राजस्व खर्च के लिए ₹3,00,000/- से अधिक न हो, मांग संख्या 5-गृह /कारागार/गृह रक्षी और नागरिक सुरक्षा/ न्याय प्रशासन (उच्च न्यायालय/अभियोजन/एजीओटी/कानूनी सेवा प्राधिकरण) के सम्बन्ध में 31 मार्च, 2023 को समाप्त होने वाले वर्ष के भुगतान के क्रम में आने वाले खर्चों को चुकाने के लिए राज्यपाल को अनुदान की जाए।

(प्रस्ताव पास हुआ)

मांग संख्या 10 से 20

प्रश्न है –

कि एक अनुपूरक धनराशि जो राजस्व खर्च के लिए ₹68,07,00,000/- तथा पूंजीगत खर्च के लिए ₹8,09,60,000/- से अधिक न हो, मांग संख्या 10-खानएवं भू-विज्ञान/कृषि/बागवानी/पशुपालन तथा डेयरी विकास/मछली पालन/वन तथा वन्य प्राणी/परिस्थिति कि विज्ञान तथा पर्यावरण के सम्बन्ध में 31 मार्च, 2023 को समाप्त होने वाले वर्ष के भुगतान के क्रम में आने वाले खर्चों को चुकाने के लिए राज्यपाल को अनुदान की जाए।

कि एक अनुपूरक धनराशि जो राजस्व खर्च के लिए ₹2,00,000/- से अधिक न हो, मांग संख्या 11-खाद्य एवं आपूर्ति/सहकारिता के सम्बन्ध में 31 मार्च, 2023 को समाप्त होने वाले वर्ष के भुगतान के क्रम में आने वाले खर्चों को चुकाने के लिए राज्यपाल को अनुदान की जाए।

कि एक अनुपूरक धनराशि जो राजस्व खर्च के लिए ₹345,01,00,000/- तथा पूंजीगत खर्च के लिए ₹30,00,00,000/- से अधिक न हो, मांग संख्या 12-शिक्षा (उच्चतर/माध्यमिक/प्राथमिक)/तकनीकी शिक्षा/महिला एवं बाल विकास के सम्बन्ध में 31 मार्च, 2023 को समाप्त होने वाले वर्ष के भुगतान के क्रम में आने वाले खर्चों को चुकाने के लिए राज्यपाल को अनुदान की जाए।

कि एक अनुपूरक धनराशि जो राजस्व खर्च के लिए ₹3,00,000/- से अधिक न हो, मांग संख्या 13-खेलकूद तथा युवा कल्याण/ कला एव संस्कृति/ पर्यटन के सम्बन्ध में 31 मार्च, 2023 को समाप्त होने वाले वर्ष के भुगतान के क्रम में आने वाले खर्चों को चुकाने के लिए राज्यपाल को अनुदान की जाए।

कि एक अनुपूरक धनराशि जो राजस्व खर्च के लिए ₹1,00,000/- से अधिक न हो, मांग संख्या 14-स्वास्थ्य/डीएमईआर/आयुष/ईएसआई/एफडीए के सम्बन्ध में 31 मार्च, 2023 को समाप्त होने वाले वर्ष के भुगतान के क्रम में आने वाले खर्चों को चुकाने के लिए राज्यपाल को अनुदान की जाए।

कि एक अनुपूरक धनराशि जो राजस्व खर्च के लिए ₹3,00,000/- से अधिक न हो, मांग संख्या 15-श्रम/ रोजगार/ कौशल विकास और औद्योगिक प्रशिक्षण के सम्बन्ध में 31 मार्च, 2023 को समाप्त होने वाले वर्ष के भुगतान के क्रम में आने वाले खर्चों को चुकाने के लिए राज्यपाल को अनुदान की जाए।

कि एक अनुपूरक धनराशि जो राजस्व खर्च के लिए ₹3,00,000/- से अधिक न हो, मांग संख्या 16-अनुसूचित जातियों तथा पिछड़े वर्गों का कल्याण/ सामाजिक न्याय और अधिकारिता/ भूतपूर्व सैनिकों का कल्याण के सम्बन्ध में 31 मार्च, 2023 को समाप्त होने वाले वर्ष के भुगतान के क्रम में आने वाले खर्चों को चुकाने के लिए राज्यपाल को अनुदान की जाए।

कि एक अनुपूरक धनराशि जो राजस्व खर्च के लिए ₹208,69,00,000/- तथा पूंजीगत खर्च के लिए ₹350,00,00,000/- से अधिक न हो, मांग संख्या 17-भवन तथा सड़कें/ परिवहन/ नागर विमानन के सम्बन्ध में 31 मार्च, 2023 को समाप्त होने वाले वर्ष के भुगतान के क्रम में आने वाले खर्चों को चुकाने के लिए राज्यपाल को अनुदान की जाए।

कि एक अनुपूरक धनराशि जो राजस्व खर्च के लिए ₹1,00,000/- तथा पूंजीगत खर्च के लिए ₹148,00,00,000/- से अधिक न हो, मांग संख्या 18-सूचना तथा प्रचार/इलैक्टरोनिक्स तथा सूचना प्रौद्योगिकी मुद्रण तथा लेखन सामग्री के सम्बन्ध में 31 मार्च, 2023 को समाप्त होने वाले वर्ष के भुगतान के क्रम में आने वाले खर्चों को चुकाने के लिए राज्यपाल को अनुदान की जाए।

कि एक अनुपूरक धनराशि जो राजस्व खर्च के लिए ₹130,01,00,000/- से अधिक न हो, मांग संख्या 19-सिंचाई/उधोग और वाणिज्य/एम एस एम ई/आपूर्ति तथा निपटान/विद्युत और नवीनीकरणीय ऊर्जा/विज्ञान और प्रौद्योगिकी के सम्बन्ध में 31 मार्च, 2023 को समाप्त होने वाले वर्ष के भुगतान के क्रम में आने वाले खर्चों को चुकाने के लिए राज्यपाल को अनुदान की जाए।

कि एक अनुपूरक धनराशि जो राजस्व खर्च के लिए ₹100,07,00,000/- से अधिक न हो, मांग संख्या 20-शहरी विकास (नगर तथा ग्राम आयोजना/षहरी सम्पदा)/ स्थानीय सरकार (शहरी स्थानीय निकाय एवं अग्निशमन सेवाएं)/ ग्रामीण और सामुदायिक विकास (ग्रामीण विकास/विकास और पंचायत)/जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी के सम्बन्ध में 31 मार्च, 2023 को समाप्त होने वाले वर्ष के भुगतान के क्रम में आने वाले खर्चों को चुकाने के लिए राज्यपाल को अनुदान की जाए।

(प्रस्ताव पास हुआ)

विधायी कार्य–

(i) विचार तथा पारित किये जाने वाले विधेयक

1. दि हरियाणा श्री माता भीमेश्वरी देवी मन्दिर (आश्रम), बेरी श्राइन बिल, 2022

श्री अध्यक्ष : माननीय सदस्यगण, अब माननीय शहरी स्थानीय निकाय एवं आवासीय मंत्री प्रस्ताव प्रस्तुत करेंगे कि हरियाणा श्री माता भीमेश्वरी देवी मंदिर (आश्रम), बेरी पूजास्थल विधेयक, 2022 पर तुरंत विचार किया जाए ।

शहरी स्थानीय निकाय एवं आवासीय मंत्री (डॉ. कमल गुप्ता) : अध्यक्ष महोदय, मैं प्रस्ताव प्रस्तुत करता हूं –

कि हरियाणा श्री माता भीमेश्वरी देवी मंदिर (आश्रम), बेरी पूजास्थल विधेयक, 2022 पर तुरंत विचार किया जाए ।

श्री अध्यक्ष : प्रस्ताव प्रस्तुत हुआ –

कि हरियाणा श्री माता भीमेश्वरी देवी मंदिर (आश्रम), बेरी पूजास्थल विधेयक, 2022 पर तुरंत विचार किया जाए ।

श्रीमती गीता भुक्कल (झज्जर) (एस.सी.): अध्यक्ष महोदय, आज यहां सदन में The Haryana Shree Mata Bhimeshwari Devi Mandir (Ashram), Beri Shrine Bill, 2022 इन्ट्रोड्यूस हुआ है। यह हमारी एक बहुत ही महत्वपूर्ण शक्तिपीठ है।

श्री अध्यक्ष: गीता जी, यह बिल कल ही इन्ट्रोड्यूस हो गया था।

श्रीमती गीता भुक्कल: अध्यक्ष महोदय, यह बिल सदन में पास करवाने के लिए अभी आया है। यह एक बहुत ही प्राचीन और पवित्र शक्तिपीठ है। यह हमारे महाभारत काल से जुड़ा हुआ बहुत ही प्राचीन मंदिर है। महाभारत युद्ध से लेकर आज तक यह ऐतिहासिक जगह बनी हुई है। यह मंदिर हमारे झज्जर जिले के बेरी में स्थापित है। मैं समझती हूं कि सरकार जो यह बिल लेकर आयी है इससे इसकी पवित्रता तो बरकरार रहेगी ही और रहनी भी चाहिए। इसके साथ ही साथ संबंधित मंदिर में न केवल लगातार पूजा होती है बल्कि नवरात्रों में 2 बार 9 दिनों तक लगातार मेले भी चलते हैं और इस दौरान लोग व्रत भी रखते हैं। इसके अलावा यहां दम्पति अपने बच्चों के बाल उतरवाने के लिए भी आते हैं और यहां पर नव विवाहित जोड़े भी पूजा करने के लिए आते हैं। मेरा एक अनुरोध है कि इसमें Section 2(g) में लिखा है कि–

"Pujari" means pujari and includes pandits and purohits of such area.

अध्यक्ष महोदय, इसके कांस्टीच्यूशन ऑफ बोर्ड में 4 (1) के (ए) और (बी) में लिखा हुआ है कि–

> "चीफ मिनिस्टर, हरियाणा इसके चेयरमैन रहेंगे और मिनिस्टर– इन–चार्ज, अर्बन लोकल बॉडीज डिपार्टमैंट, हरियाणा रहेंगे और दो अन्य मैम्बर्ज होंगे।"

कांस्टीच्यूशन ऑफ बोर्ड में 4 (1) के (ई) में लिखा हुआ है कि–

> "Seven persons to be nominated by the Government…"

इसमें मेरा अनुरोध है कि जो व्यक्ति कई सालों से वहां पर पुजारी है या जो वहां के व्यक्ति इसकी देख– रेख करते हैं और पूजा अर्चना के दौरान भी उपस्थित रहते हैं, चूंकि उनका आसपास भी प्रभाव रहता है, इसलिए मेरा सरकार से अनुरोध है कि इसके लिए जब मैम्बर्ज नोमिनेट किए जाएं तो उनको पूरी प्रॉयरिटी दी जाए। चूंकि वहां पर मेले के दौरान जो फंड्ज आते हैं वे डिस्ट्रिक्ट एडमिनिस्ट्रेशन के पास आते हैं और इसके अलावा भी वहां पर लगातार चढ़ावा आता रहता है। यह अच्छी बात है। मैं समझती हूं कि इससे वहां पर आसपास की डिवल्पमैंट भी होगी और अच्छी–अच्छी धर्मशालाएं व एजुकेशन इंस्टीच्यूट्स भी बनेंगे। इससे संबंधित मंदिर की पवित्रता भी बरकरार रहे और एडमिनिस्ट्रेशन अच्छे ढंग से कार्य करे। इसके अलावा यह भी पता चल रहा है कि वहां पर आसपास की प्रोपर्टी पर काफी एनक्रोचमैंट्स भी है, इसलिए गवर्नमैंट उस पर भी ध्यान दे। इसमें हमारा केवल इतना ही कहना है कि

इस बात की कोई रीजेंटमेंट न हो कि इस पर जिनका बहुत समय से अधिपत्य रहा है, उनको भी मान– सम्मान के साथ यथा स्थान दिया जाए। धन्यवाद।

श्री वरुण चौधरी (मुलाना) (एस.सी.): अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय मुख्यमंत्री जी से आग्रह करना चाहूंगा कि सैक्शन– 5 में लिखा हुआ है कि–

"पूजास्थल निधि को निम्नलिखित के लिए उपयोग में लाया जाएगा,–"

इसमें मैं समझता हूं कि एक बात और जोड़नी चाहिए कि किसी आपदा के समय मुख्यमंत्री राहत कोष में भी इसके पैसे को उपयोग में लाया जाना चाहिए। अगर मातेश्वरी के बच्चे ही ठीक नहीं रहेंगे तो माता क्या करेगी ? माता तो दुःखी ही होगी। आमतौर पर देखा गया है कि पूरे देश के मंदिरों में इस तरह के बोर्ड और ट्रस्ट बने हुए हैं उनमें करोड़ों– अरबों रुपये एफ.डी. के रुप में पड़े हुए हैं या म्युचूअल फंड में लगे हुए हैं। मान लीजिए, पिछले दिनों कोविड–19 आ गया था और पैसों की कमी थी, लेकिन उन पैसों को उपयोग में नहीं ला सकते। इसलिए इसमें यह एड हो जाए कि पूजा स्थल निधि को निम्नलिखित के लिए उपयोग में लाया जाए। इसमें 'च' एक सब क्लॉज और जोड़ा जाए कि किसी आपदा के समय मुख्यमंत्री राहत कोष में भी इसका उपयोग किया जाए।

श्री अध्यक्ष: यह अच्छी बात है। इसको राष्ट्रीय आपदा करें तो ज्यादा अच्छा होगा।

श्री वरुण चौधरी: अध्यक्ष महोदय, यह काम होना चाहिए। इस तरह के हमारे जितने भी पूजा स्थल के बोर्ड्स बने हुए हैं उनमें भी इस प्रकार का प्रावधान होना चाहिए। सैक्शन 10(1) में लिखा हुआ है कि –

"किसी सदस्य की आकस्मिक रिक्ति धारा– 4 में यथा उपबंधित समरुप रीति, में भरी जाएगी।"

यानी कोई सदस्य रिजाईन कर देता है या वह जगह खाली हो जाती है तो वह जगह भरी जाएगी, लेकिन उसकी कोई समय–सीमा नहीं दी गयी है। उसकी समय सीमा भी देनी चाहिए कि जो रिक्त स्थान हो गया है उसको कितने समय में भरा जाएगा? अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय मुख्यमंत्री जी से संबंधित 2 आग्रह करना चाहता हूं।

श्री राम कुमार गौतम (नारनौंद) : अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय मुख्यमंत्री जी से यह जानना चाहता हूं कि संबंधित मंदिर पर फिलहाल किसका कब्जा है और वहां पर सेवा कौन कर रहा है?

श्री अध्यक्ष : गौतम जी, संबंधित मंदिर में सेवा कोई पुजारी कर रहा होगा। वहां पर कोई प्राईवेट बोर्ड या कमेटी बनी होगी।

श्री राम कुमार गौतम : अध्यक्ष महोदय, क्या इसको सरकार टेक ओवर कर रही है। क्या इसका बोर्ड बना हुआ है।

श्री अध्यक्ष : हां जी।

———————

हरियाणा विधान सभा के पूर्व सदस्य का अभिनन्दन

श्री अध्यक्ष : माननीय सदस्यगण, आज श्री बंता राम, पूर्व विधायक सदन की कार्यवाही देखने के लिए अध्यक्ष दीर्घा में उपस्थित हैं। मैं अपनी और सदन की तरफ से उनका स्वागत करता हूं।

—————

विधायी कार्य (पुनरारम्भ)

श्री अध्यक्ष : मंत्री जी, इस बिल पर जो सुझाव आयें हैं इन पर आप कुछ कहना चाहेंगे कि सरकार जो बोर्ड बना रही है उससे आपदा स्थिति में पूजा स्थल निधि का जो पैसा है वह किसी भी आपात स्थिति में यूज किया जा सके। पिछली बार भी जैसे माता मन्सा देवी बोर्ड का पैसा कोरोना में यूज के लिए बात आई थी। अगर हम इस पर भी बात कर लें तो मैं समझता हूं कि ज्यादा अच्छा होगा।

मुख्यमंत्री (श्री मनोहर लाल) : अध्यक्ष महोदय, वैसे तो इस बिल में कुछ भी शब्द जोड़े, हमें कोई दिक्कत नहीं है लेकिन जब बोर्ड का गठन होता है और उसके बाद बोर्ड की बैठकें होती हैं तो इसमें पास करके फंड्ज का उपयोग कर सकते हैं। जैसे माता मन्सा देवी बोर्ड में इस प्रकार के फंड का उपायोग करना जोड़ा हुआ नहीं था लेकिन जब कोविड आया था तो इसको लेकर कोविड के दौरान बोर्ड ने सिफारिश की थी। ऐसे ही विशेष अवसर पर जैसे उत्तराखंड का बद्रीनाथ मंदिर है, वहां पर इस चीज की आवश्यकता पड़ी थी। बोर्ड की बैठक में पास करके फंड्ज का उपयोग कोई भी कर सकता है, हमें उसमें कोई दिक्कत नहीं है और हमें जोड़ने में भी कोई दिक्कत नहीं है। हम इस बिल में national calamity का एक शब्द जोड़ सकते हैं।

श्री वरूण चौधरीः स्पीकर सर, सैक्शन 5 में लिखा है कि– 'The Shrine fund shall be applied for-'. स्पीकर सर, shall की जगह may शब्द लिखा जाये। इसके अलावा मैं कहना चाहूंगा कि इसके अंदर पांच चीजें ही फिक्स हैं, उससे बाहर बोर्ड

नहीं जा सकता है क्योंकि फिक्स किया गया है इसलिए इसके अंदर ''5 (च)'' जोड़ा जाये कि in case of any national calamity.

श्री अध्यक्ष : वरुण जी, आपकी बात ठीक है।

श्री अध्यक्ष : प्रश्न है–

> कि हरियाणा श्री माता भीमेश्वरी देवी मंदिर (आश्रम), बेरी पूजा स्थल विधयेक, 2022 पर तुरन्त विचार किया जाये।

प्रस्ताव सर्वसम्मति से स्वीकृत हुआ।

श्री अध्यक्षः माननीय सदस्यगण, अब सदन विधेयक पर क्लॉज–बाई–क्लॉज विचार करेगा।

सब क्लॉज–2 ऑफ क्लॉज–1

श्री अध्यक्ष : प्रश्न है –

> कि सब क्लॉज–2 ऑफ क्लॉज–1 विधेयक का पार्ट बने।

प्रस्ताव सर्वसम्मति से स्वीकृत हुआ।

क्लॉजिज–2 से 4

श्री अध्यक्ष : प्रश्न है –

> कि क्लाजिज–2 से 4 विधेयक का पार्ट बनें ।

प्रस्ताव सर्वसम्मति से स्वीकृत हुआ ।

क्लॉज–5

श्री अध्यक्ष : माननीय सदस्यगण, अब माननीय मंत्री जी इस बिल की क्लॉज–5 में संशोधन के लिए प्रस्ताव प्रस्तुत करेंगे।

शहरी स्थानीय निकाय मंत्री (डॉ. कमल गुप्ता) : अध्यक्ष महोदय, मैं प्रस्ताव प्रस्तुत करता हूं–

> कि क्लॉज–5 (ङ) के बाद में सब क्लाज ''च.'' इस प्रकार शामिल की जाये–
>
> 5 (च.) किसी राष्ट्रीय आपदा के समय में;

श्री अध्यक्ष : प्रस्ताव प्रस्तुत हुआ–

कि क्लॉज–5 (ङ) के बाद में सब क्लाज ''च.'' इस प्रकार शामिल की जाये–

5 (च.) किसी राष्ट्रीय आपदा के समय में;

श्री अध्यक्ष : प्रश्न है –

कि क्लॉज–5 (ङ) के बाद में सब क्लाज ''च.'' इस प्रकार शामिल की जाये–

5 (च.) किसी राष्ट्रीय आपदा के समय में;

प्रस्ताव यथासंशोधित सर्वसम्मति से स्वीकृत हुआ।

क्लॉजिज–6 से 40

श्री अध्यक्ष : प्रश्न है –

कि क्लाजिज–6 से 40 विधेयक का पार्ट बने ।

प्रस्ताव सर्वसम्मति से स्वीकृत हुआ ।

सब क्लॉज–1 ऑफ क्लॉज–1

श्री अध्यक्ष : प्रश्न है –

कि सब क्लॉज–1 ऑफ क्लॉज–1 विधेयक का पार्ट बने।

प्रस्ताव सर्वसम्मति से स्वीकृत हुआ।

इनैक्टिंग फार्मूला

श्री अध्यक्ष : प्रश्न है –

कि इनैक्टिंग फार्मूला विधेयक का इनैक्टिंग फार्मूला हो।

प्रस्ताव सर्वसम्मति से स्वीकृत हुआ।

टाइटल

श्री अध्यक्ष : प्रश्न है –

कि टाइटल विधेयक का टाइटल हो।

प्रस्ताव सर्वसम्मति से स्वीकृत हुआ।

श्री अध्यक्ष : माननीय सदस्यगण, अब माननीय शहरी एवं स्थानीय निकाय एवं आवासीय मंत्री प्रस्ताव प्रस्तुत करेंगे कि विधेयक यथासंशोधित पारित किया जाए।

शहरी स्थानीय निकाय एवं आवासीय मंत्री (डॉ. कमल गुप्ता) : अध्यक्ष महोदय, मैं प्रस्ताव प्रस्तुत करता हूं–

कि विधेयक यथासंशोधित पारित किया जाए ।

श्री अध्यक्ष : प्रस्ताव प्रस्तुत हुआ –

कि विधेयक यथासंशोधित पारित किया जाए ।

श्री अध्यक्ष : प्रश्न है –

कि विधेयक यथासंशोधित पारित किया जाए ।

प्रस्ताव सर्वसम्मति से स्वीकृत हुआ ।

(विधेयक यथासंशोधित सर्वसम्मति से पारित हुआ।)

——————

2. दि हरियाणा पंचायती राज (अमैंडमैंट) बिल, 2022

श्री अध्यक्षः माननीय सदस्यगण, अब माननीय विकास एवं पंचायत मंत्री प्रस्ताव प्रस्तुत करेंगे कि हरियाणा पंचायती राज (संशोधन) विधेयक, 2022 पर तुरन्त विचार किया जाए।

विकास एवं पंचायत मंत्री (श्री देवेन्द्र सिंह बबली): अध्यक्ष महोदय, मैं प्रस्ताव प्रस्तुत करता हूं –

कि हरियाणा पंचायती राज (संशोधन) विधेयक, 2022 पर तुरन्त विचार किया जाए।

श्री अध्यक्षः प्रस्ताव प्रस्तुत हुआ–

> कि हरियाणा पंचायती राज (संशोधन), 2022 विधेयक पर तुरन्त विचार किया जाए।

श्री भारत भूषण बतरा (रोहतक): मंत्री जी, इसमें यह जानकारी तो दे दी जाती कि किस हिसाब से रिजर्वेशन होगी।

विकास एवं पंचायत मंत्री (श्री देवेन्द्र सिंह बबली): अध्यक्ष महोदय, हरियाणा पंचायती राज अधिनियम 1994 की धारा 51 की उपधारा 3 के अन्तर्गत यदि किसी भी सरपंच व पंच को निदेशक अथवा संबंधित उपायुक्त द्वारा हटाया जाता है तो उस दिशा में सरपंच व पंच द्वारा पंचायत को पहुंचाए गए नुकसान की वसूली संबंधी उपायुक्त द्वारा धारा 51 की उपधारा 3 में पारित आदेशों की तिथि से 3 माह की अवधि के अन्दर–अन्दर की जाएगी। यदि उक्त अवधि के अन्तर्गत राशि वसूली नहीं की जाती है तो उक्त की वसूली भू–राजस्व के बकाया के रूप में करवाई जाएगी। इसी तरह सरपंच व पंच के हटाने तथा लंबित करने के विरुद्ध अपील अब सरकार के स्थान पर मंडल उपायुक्त द्वारा सुनी जाएगी। दूसरा सरपंच व पंच को पद से निलंबित अथवा पद से हटाये जाने के विरुद्ध अपील अब सरकार के स्थान पर संबंधित मंडल उपायुक्त द्वारा सुनी जाएगी।

श्री भारत भूषण बतराः मंत्री जी, मैं रिजर्वेशन के संबंध में जानकारी चाह रहा हूं कि आपका रिजर्वेशन देने का क्या फॉर्मूला है। जो बिल का सैकिण्ड पार्ट है वह रिजर्वेशन से संबंधित है, मैंने उस बारे में प्रश्न पूछा है। इसमें मैं यह जानना चाह रहा हूं कि रिजर्वेशन का फार्मूला क्या है ?

मुख्यमंत्री (श्री मनोहर लाल): अध्यक्ष महोदय, पहले से वह एक्ट बना हुआ है, उस एक्ट में अब थोड़ा संशोधन है, इसलिए यह संशोधन के लिए लाया गया है। इसमें पिछली बार पहले से ही 8 प्रतिशत पारित हो गया है।

श्री अध्यक्ष : प्रश्न है –

> कि हरियाणा पंचायती राज (संशोधन) विधेयक, 2022 पर तुरन्त विचार किया जाए।

प्रस्ताव सर्वसम्मति से स्वीकृत हुआ।

श्री अध्यक्षः माननीय सदयगण, अब सदन विधेयक पर क्लॉज–बाई–क्लॉज विचार करेगा।

क्लॉजिज–2 से 8

श्री अध्यक्ष : प्रश्न है –

कि क्लाजिज–2 से 8 विधेयक का पार्ट बने ।

प्रस्ताव सर्वसम्मति से स्वीकृत हुआ।

क्लॉज–1

श्री अध्यक्ष : प्रश्न है –

कि क्लॉज–1 विधेयक का पार्ट बने।

प्रस्ताव सर्वसम्मति से स्वीकृत हुआ।

इनैक्टिंग फार्मूला

श्री अध्यक्ष : प्रश्न है –

कि इनैक्टिंग फार्मूला विधेयक का इनैक्टिंग फार्मूला हो।

प्रस्ताव सर्वसम्मति से स्वीकृत हुआ।

टाइटल

श्री अध्यक्ष : प्रश्न है –

कि टाइटल विधेयक का टाइटल हो।

प्रस्ताव सर्वसम्मति से स्वीकृत हुआ।

श्री अध्यक्ष : माननीय सदस्यगण, अब माननीय विकास एवं पंचायत मंत्री प्रस्ताव प्रस्तुत करेंगे कि विधेयक पारित किया जाए।

विकास एवं पंचायत मंत्री (श्री देवेन्द्र सिंह बबली): अध्यक्ष महोदय, मैं प्रस्ताव प्रस्तुत करता हूं–

कि विधेयक पारित किया जाए।

श्री अध्यक्षः प्रस्ताव प्रस्तुत हुआ–

कि विधेयक पारित किया जाए।

श्री अध्यक्षः प्रश्न है–

कि विधेयक पारित किया जाए।

(प्रस्ताव सर्वसम्मति से स्वीकृत हुआ।)
(विधेयक सर्वसम्मति से पारित हुआ।)

3. दि हरियाणा रूरल डिवैल्पमैंट (अमैंडमैंट) बिल, 2022

श्री अध्यक्ष : माननीय सदस्यगण, अब माननीय विकास एवं पंचायत मंत्री प्रस्ताव प्रस्तुत करेंगे कि हरियाणा ग्रामीण विकास (संशोधन) विधेयक, 2022 पर तुरन्त विचार किया जाये।

विकास एवं पंचायत मंत्री (श्री देवेन्द्र सिंह बबली) : अध्यक्ष महोदय, मैं यह प्रस्ताव करता हूं–

> कि हरियाणा ग्रामीण विकास (संशोधन) विधेयक, 2022 पर तुरंत विचार किया जाये।

श्री अध्यक्ष : प्रस्ताव प्रस्तुत हुआ–

> कि हरियाणा ग्रामीण विकास (संशोधन) विधेयक, 2022 पर तुरंत विचार किया जाये।

श्री जगबीर सिंह मलिक (गोहाना) : स्पीकर सर, हमारे पास जो बिल आया है उसमें 2 प्रतिशत का जिक्र तो नहीं है।

मुख्यमंत्री (श्री मनोहर लाल) : अध्यक्ष जी, मैं माननीय साथी को यह बताना चाहूंगा कि पहले इसका एक एक्ट बना हुआ है जिसमें दो प्रतिशत ही लिखा हुआ है। क्या दो प्रतिशत को डिलीट किया जा रहा है?

श्री भारत भूषण बतरा : स्पीकर सर, जो पास करवा रहे हैं इसमें तो यह नहीं है।

श्री मनोहर लाल : अध्यक्ष जी, मैं माननीय सदस्य को यह बताना चाहूंगा कि हम यह पास करवा रहे हैं कि उस प्रावधान के लिए सरकार को अधिकृत कर रहे हैं कि समय–समय पर जब इसकी आवश्यकता महसूस हो तो इसको कम–ज्यादा किया जा सकता है। दो प्रतिशत की बजाये समय–समय पर जितना चाहेगी उतना लगा लेगी। दो प्रतिशत वाला पहले था। अब सरकार को अधिकार जायेगा कि उसको समय–समय पर कम या ज्यादा किया जाये।

श्री अध्यक्ष : मलिक साहब, यही तो अमैंडमैंट आ रही है। समय–समय पर तो पहले लिखा हुआ है (विघ्न) लेकिन ये दो प्रतिशत से अधिक नहीं होगा।

श्री जगबीर सिंह मलिक (गोहाना) : स्पीकर सर, इसमें मेरा यह ऑब्जैक्शन है कि जो सरकार की मंशा है वह बहुत गलत है क्योंकि जितना भी यह लगाया जायेगा वह व्यापारी नहीं बल्कि किसान पर जायेगा। पीछे अखबारों में भी यह आया था कि 2500 रूपये से ऊपर जो जीरी बिकेगी उस पर इतने परसैंट टैक्स लगेगा तो व्यापारी

क्यों 2500 रूपये खरीदेगा। वह 2500 रूपये के बजाये 2400 में खरीदेगा। वह टैक्स क्यों देगा। उसमें इनकम टैक्स का भी जिक्र था।

श्री मनोहर लाल : अध्यक्ष जी, उसमें 2500 रूपये की 2 परसैंट लिमिट है कि इससे ज्यादा नहीं लगेगा। अगर मान लें कि 2500 रूपये का रेट है तो भी 50 रूपये लगेगा, 2600 रूपये है तो भी 50 रूपये लगेगा, 2800 रूपये है तब भी 50 रूपये लगेगा लेकिन अगर 2400 रूपये है तो 48 रूपये लगेगा।

श्री जगबीर सिंह मलिक : स्पीकर सर, आढ़ती को 2500 रूपये में आढ़त कितनी मिलती है। अलटीमेटली यह किसान से जायेगा।

श्री मनोहर लाल : अध्यक्ष जी, दो परसैंट जो उसका टैक्स है उसकी बात हो रही है। उसको हम कम कर रहे हैं। मैं बता रहा हूं अगर किसी को उसमें ऑब्जैक्शन हो तो फिर आप मुझे बताना। मैं बता रहा हूं क्योंकि इस मामले से सम्बंधित फाईल मेरे हाथ से ही निकली है। पहले यह मार्किट फीस 2 परसैंट थी। किसी भी रेट में होती थी तो दो परसैंट चलती थी। फिर कुछ एक्सपोर्टर ने हमें यह कहा कि इसमें हमारा कम्पीटीशन दूसरे प्रदेशों से नहीं हो पा रहा है इसलिए हमें अपनी धान को विदेश में भेजना पड़ रहा है। उनकी जीरी का रेट सामान्यतः 2500 रूपये से ऊपर होता है। उस 2500 रूपये के ऊपर अगर उनको कुछ राहत मिले इसलिए जो मैक्सीमम दो परसैंट होगा वह 2500 रूपये तक ही होगा चाहे 3000 रूपये है तब भी 50 रूपये लगेगा। 4000 रूपये है तब भी 50 रूपये लगेगा। अगर 2500 रूपये तक होगा तो वह 2 परसैंट होगा। यही वास्तविक स्थिति है।

श्री भारत भूषण बतरा (रोहतक) : अध्यक्ष जी, सरकार जो अमैंडमैंट ला रही है in Section 2 of the Bill, it is clearly mentioned that:-

> "(1) Subject to the rules made under this Act, a fee shall be notified at a rate, as may be fixed by the State Government, from time to time on the sale proceeds of agricultural produce bought or sold or brought for processing in the notified market area levied on the dealer for the purposes of this Act:"

जितना भी लगाया जायेगा उसको डीलर नहीं देगा बल्कि वह किसान से ही जायेगा।

श्री मनोहर लालः अध्यक्ष महोदय, मैं माननीय सदस्य से पूछना चाहता हूं कि पहले भी मार्केट फीस कौन देता था?

———

बैठक का समय बढ़ाना

श्री अध्यक्षः माननीय सदस्यगण, अगर सदन की सहमति हो तो सदन की बैठक का समय 30 मिनट के लिए बढ़ा दिया जाये।

आवाजेंः ठीक है, जी।

श्री अध्यक्षः ठीक है, बैठक का समय 30 मिनट के लिए बढ़ाया जाता है।

————————

विधायी कार्य (पुनरारम्भ)

श्री मनोहर लालः अध्यक्ष महोदय, पहले एक्ट में 2 प्रतिशत का प्रावधान था और जब भी 2 प्रतिशत से कम या ज्यादा करना पड़ता था तो हर बार एक्ट में संशोधन करना पड़ता था। डिमांड के हिसाब से अगर कम करना है तब भी एक्ट में संशोधन करना पड़ता था। बीच में हमने 1 प्रतिशत भी किया था। जब तीन नये कानून आये थे तब हमने इसको 1 प्रतिशत किया था और जब वे कानून वापिस हो गये तब हमने इसको वापिस 2 प्रतिशत किया। उसके बाद चावल एक्सपोर्ट करने वालों की डिमांड आई कि इसको कम करो तो हमने उसको इस लिमिट में कर दिया। इस संशोधन के बाद समय–समय पर एक्ट में संशोधन की बजाय सरकार को यह अधिकार हो जायेगा कि जो डिमांड है या जैसी परिस्थितियां हैं वैसा ही उसका अधिकार सरकार को मिलेगा, इसमें इतना ही है।

श्री अध्यक्षः इसमें लिमिट भी तो कर दी है कि 2 प्रतिशत से अधिक नहीं लगेगा?

श्री शमशेर सिंह गोगीः अध्यक्ष महोदय, इसमें तो सरकार को खुली छूट दी गई है कि सरकार जितना मर्जी बढ़ा सकती है।

श्री मनोहर लालः अध्यक्ष महोदय, इस शंका को समाप्त करने के लिए इसको कैप कर देते हैं कि it should not be more than 2 per cent. इसको फिक्स कर देते हैं।

श्री अध्यक्षः इसमें as amended भी यही प्रावधान किया गया है।

श्री मनोहर लालः अध्यक्ष महोदय, इसमें जो अमैंडिड पंक्तियां हैं – Subject to the rules made under this Act, a fee shall be notified at a rate, as may be fixed by the State Government, from time to time subject to a cap of 2 per cent....

श्री वरूण चौधरीः अध्यक्ष महोदय, हमें जो बिल की कॉपी मिली थी उसमें 2 प्रतिशत लिखा हुआ नहीं था। यह अब ठीक हो गया है। अब आपने 2 प्रतिशत की कैप लगा दी है।

श्री अध्यक्षः वरूण जी, पहले यह प्रावधान नहीं था लेकिन अब इसमें यही संशोधन किया जा रहा है। अब जो डिस्कस हो रहा है यह अमैंडिड बिल है।

श्री वरूण चौधरी (मुलाना) (एस.सी.): अध्यक्ष महोदय, इसके अतिरिक्त इसमें एक प्रावधान और भी था। जैसा माननीय मुख्यमंत्री जी ने कहा है कि पहले यह फिक्स था लेकिन ऐसा नहीं है। पहले कॉटन के लिए अलग रेट था जैसा कि एक्सट्रैक्ट में लिखा हुआ है, आलू के लिए अलग था तथा इसी प्रकार से हर जीनस के लिए अलग रेट था। यह सारा पैसा हरियाणा रूरल डिवैल्पमैंट फंड में इकट्ठा होता है। अध्यक्ष महोदय, मुझे बड़े दुख के साथ कहना पड़ रहा है और यह जानकारी मुझे आज अतारांकित प्रश्न लगा कर मिली है कि 15 नवम्बर, 2022 तक हरियाणा रूरल डिवैल्पमैंट फंड का बैलेंस 1752/— करोड़ रुपये है। इसको प्रदेश की तरक्की के लिए तथा हमारे ग्रामीण आंचल की तरक्की के लिए खर्च करना चाहिए।

श्री मनोहर लालः अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय सदस्य को कहना चाहूंगा कि हम इसको ग्रामीण आंचल की तरक्की के लिए खर्च करेंगे।

श्री अध्यक्षः प्रश्न है–

कि हरियाणा ग्रामीण विकास(संशोधन) विधेयक, 2022 पर तुरन्त विचार किया जाए।

प्रस्ताव सर्वसम्मति से स्वीकृत हुआ ।

श्री अध्यक्ष : माननीय सदस्यगण, अब सदन विधेयक पर क्लॉज बाई क्लॉज विचार करेगा ।

क्लॉज 2 ऑफ क्लॉज 1

श्री अध्यक्ष : प्रश्न है –

कि क्लॉज 2 ऑफ क्लॉज 1 विधेयक का पार्ट बने ।

प्रस्ताव सर्वसम्मति से स्वीकृत हुआ ।

क्लॉज 2

श्री अध्यक्ष : माननीय सदस्यगण, अब माननीय विकास एवं पंचायत मंत्री हरियाणा ग्रामीण विकास(संशोधन) विधेयक, 2022 के खंड 2 में संशोधन के लिए प्रस्ताव प्रस्तुत करेंगे।

विकास एवं पंचायत मंत्री(श्री देवेन्द्र सिंह बबली): अध्यक्ष महोदय, मैं आपकी अनुमति से हरियाणा ग्रामीण विकास(संशोधन) विधेयक, 2022 के खंड 2 में संशोधन के लिए निम्नलिखित प्रस्ताव प्रस्तुत करता हूं:–

कि हरियाणा ग्रामीण विकास(संशोधन) विधेयक के खंड 2 में प्रतिस्थापित होने वाली धारा 5 की उप धारा(1) में शब्दों "समय–समय पर" के बाद शब्दों "लेकिन दो प्रतिशत से अधिक नहीं" शब्द प्रविष्ट किया जाए।

श्री अध्यक्षः प्रस्ताव प्रस्तुत हुआ–

कि हरियाणा ग्रामीण विकास(संशोधन) विधेयक के खंड 2 में प्रतिस्थापित होने वाली धारा 5 की उप धारा(1) में शब्दों "समय–समय पर" के बाद शब्दों "लेकिन दो प्रतिशत से अधिक नहीं" शब्द प्रविष्ट किया जाए।

श्री अध्यक्षः प्रश्न है–

कि हरियाणा ग्रामीण विकास(संशोधन) विधेयक के खंड 2 में प्रतिस्थापित होने वाली धारा 5 की उप धारा(1) में शब्दों "समय–समय पर" के बाद शब्दों "लेकिन दो प्रतिशत से अधिक नहीं" शब्द प्रविष्ट किया जाए।

प्रस्ताव सर्वसम्मति से स्वीकृत हुआ।

(क्लॉज 2 यथासंशोधित सर्वसम्मति से स्वीकृत हुई।)

सब क्लॉज 1 ऑफ क्लॉज 1

श्री अध्यक्षः प्रश्न है–

कि सब क्लॉज 1 ऑफ क्लॉज 1 विधेयक का पार्ट बने।

प्रस्ताव सर्वसम्मति से स्वीकृत हुआ।

इनैक्टिंग फॉर्मूला

श्री अध्यक्ष : प्रश्न है –

कि इनैक्टिंग फार्मूला विधेयक का इनैक्टिंग फार्मूला हो ।

प्रस्ताव सर्वसम्मति से स्वीकृत हुआ ।

टाईटल

श्री अध्यक्ष : प्रश्न है –

कि टाइटल विधेयक का टाइटल हो ।

प्रस्ताव सर्वसम्मति से स्वीकृत हुआ ।

श्री अध्यक्षः माननीय सदस्यगण, अब माननीय विकास एवं पंचायत मंत्री प्रस्ताव प्रस्तुत करेंगे कि विधेयक यथासंशोधित पारित किया जाए ।

विकास एवं पंचायत मंत्री (श्री देवेन्द्र सिंह बबली) : अध्यक्ष महोदय, मैं प्रस्ताव प्रस्तुत करता हूं –

कि विधेयक यथासंशोधित पारित किया जाए ।

श्री अध्यक्ष : प्रस्ताव प्रस्तुत हुआ –

कि विधेयक यथासंशोधित पारित किया जाए ।

श्री अध्यक्ष : प्रश्न है –

कि विधेयक यथासंशोधित पारित किया जाए ।

प्रस्ताव सर्वसम्मति से स्वीकृत हुआ ।

(विधेयक यथासंशोधित सर्वसम्मति से पारित हुआ ।)

---

4. दि हरियाणा एंटरप्राईजिज प्रमोशन (अमैंडमैंट) बिल, 2022

श्री अध्यक्ष : माननीय सदस्यगण, अब माननीय श्रम एवं रोजगार राज्य मंत्री प्रस्ताव प्रस्तुत करेंगे कि हरियाणा उद्यम प्रोन्नति (संशोधन) विधेयक, 2022 पर तुरंत विचार किया जाए।

श्रम एवं रोजगार राज्य मंत्री (श्री अनूप धानक) : अध्यक्ष महोदय, मैं प्रस्ताव करता हूं–

कि हरियाणा उद्यम प्रोन्नति (संशोधन) विधेयक, 2022 पर तुरंत विचार किया जाए।

श्री अध्यक्ष : प्रस्ताव प्रस्तुत हुआ–

कि हरियाणा उद्यम प्रोन्नति (संशोधन) विधेयक, 2022 पर तुरंत विचार किया जाए।

श्री अध्यक्ष : प्रश्न है–

कि हरियाणा उद्यम प्रोन्नति (संशोधन) विधेयक, 2022 पर तुरंत विचार किया जाए।

प्रस्ताव सर्वसम्मति से स्वीकृत हुआ।

श्री अध्यक्ष : माननीय सदस्यगण, अब सदन विधेयक पर क्लॉज–बाई–क्लॉज विचार करेगा।

क्लॉज–2

श्री अध्यक्ष : प्रश्न है–

कि क्लॉज–2 विधेयक का पार्ट बने।

प्रस्ताव सर्वसम्मति से स्वीकृत हुआ।

क्लॉज–1

श्री अध्यक्ष : प्रश्न है–

कि क्लॉज–1 विधेयक का पार्ट बने।

प्रस्ताव सर्वसम्मति से स्वीकृत हुआ।

इनैक्टिंग फॉर्मूला

श्री अध्यक्ष : प्रश्न है–

कि इनैक्टिंग फॉर्मूला विधेयक का इनैक्टिंग फॉर्मूला हो।

प्रस्ताव सर्वसम्मति से स्वीकृत हुआ।

टाइटल

श्री अध्यक्ष : प्रश्न है–

कि टाइटल विधेयक का टाइटल हो।

प्रस्ताव सर्वसम्मति से स्वीकृत हुआ।

श्री अध्यक्ष : माननीय सदस्यगण, अब श्रम एवं रोजगार राज्य मंत्री प्रस्ताव प्रस्तुत करेंगे कि विधेयक पारित किया जाए।

श्रम एवं रोजगार राज्य मंत्री (श्री अनूप धानक) : अध्यक्ष महोदय, मैं प्रस्ताव प्रस्तुत करता हूं–

कि विधेयक पारित किया जाए।

श्री अध्यक्ष : प्रस्ताव प्रस्तुत हुआ–

कि विधेयक पारित किया जाए।

श्री अध्यक्ष : प्रश्न है–

कि विधेयक पारित किया जाए।

प्रस्ताव सर्वसम्मति से स्वीकृत हुआ।

(विधेयक सर्वसम्मति से पारित हुआ।)

5. दि हरियाणा लेजिस्लेटिव एसेम्बली (सैलरी, अलाउंसिज एण्ड पैंशन ऑफ मैंबर्स) सैकेंड अमेंडमैंट बिल, 2022

श्री अध्यक्ष : माननीय सदस्यगण, अब माननीय संसदीय कार्यमंत्री प्रस्ताव प्रस्तुत करेंगे कि हरियाणा विधान सभा (सदस्य वेतन, भत्ता तथा पैंशन) द्वितीय संशोधन विधेयक, 2022 पर तुरंत विचार किया जाए।

संसदीय कार्य मंत्री (श्री कंवर पाल) : अध्यक्ष महोदय, मैं प्रस्ताव करता हूं–

> कि हरियाणा विधान सभा (सदस्य वेतन, भत्ता तथा पैंशन) द्वितीय संशोधन विधेयक, 2022 पर तुरंत विचार किया जाए।

श्री अध्यक्ष : प्रस्ताव प्रस्तुत हुआ–

> कि हरियाणा विधान सभा (सदस्य वेतन, भत्ता तथा पैंशन) द्वितीय संशोधन विधेयक, 2022 पर तुरंत विचार किया जाए।

Shri Bharat Bhushan Batra (Rohtak): Hon'ble Speaker Sir, this issue has come many times before you and even in various meetings of the Committee. The demand which I have raised is with the consensus of almost all Chairmen and MLAs. So far as the amount is concerned, when any Committee goes for study tour a very less amount is being paid by the Government. पांच हजार रूपये में विधायक के रहने के लिए कोई अच्छी अकोमोडेशन उपलब्ध नहीं होती है। यह बात वैसे कह मैं रहा हूँ लेकिन यह सदन के सभी सदस्यों की राय है and it is from the treasury Benches also. वास्तव में यह एक रिस्पैक्टेबल अमाउंट होनी चाहिए। आखिर कौन ज्यादा बाहर टूर पर जाता है। 14 दिन तो कमेटी को वैसे ही आउट स्टेट टूर के अलाउड होते हैं और इन 14 दिन में से भी महज 5–7 दिन ही कोई कमेटी स्टेट से बाहर जाती है।

मुख्यमंत्री (श्री मनोहर लाल): अध्यक्ष महोदय, अबकी बार तो नहीं लेकिन अगले वित्त वर्ष के दौरान इस विषय को देखा जायेगा।

श्री भारत भूषण बतराः अध्यक्ष महोदय, अगली बार की बात आयेगी तो फिर यह मामला लटक ही जायेगा।

श्री मनोहर लालः अध्यक्ष महोदय, अगली बार बजट सत्र के दौरान इस विषय को जरूर टेक अप करेंगे।

Shri Bharat Bhushan Batra: Speaker Sir, secondly, it is not a matter of comparison with the officers but why the officers travel by business class whereas the MLAs are only entitled for economy class?

श्री वरूण चौधरीः अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय बतरा जी के संज्ञान में लाना चाहता हूँ कि एम.एल.एज. भी बिजनेस क्लास के लिए एंटाइटल हैं।

श्री अध्यक्षः बतरा जी, आपको पता होना चाहिए कि रूल्ज में तो इसके लिए पहले ही प्रावधान कर लिया गया है।

श्री भारत भूषण बतराः अध्यक्ष महोदय, अगर ऐसी बात है तो यह बहुत अच्छी बात है। अब मैं दूसरे विषय पर आता हूँ और वह यह है कि एक्ट के 9–(1) में स्पीकर साहब को रूल्ज बनाने की पावर दी गई हैं। रूल्ज को रेगुलेट करने की पावर्ज दी गई हैं। सभी सदस्यों की यह डिमांड है कि डीजल तो अब 100 रूपये पर लीटर मिलता है और इसके लिए विधायकों को महज 18 रूपये पर किलोमीटर ही मिलते हैं तो सदन के माध्यम से अनुरोध है कि इसको भी 25 रूपये पर किलोमीटर किया जाना चाहिए।

श्री मनोहर लालः अध्यक्ष महोदय, जिस तरह की बात बतरा जी कर रहे हैं उन्हें यह बात भी याद रखनी चाहिए कि सरकार ने एम.एल.एज. के ड्राइवर के लिए बीस हजार रूपये देने का भी काम किया है। वे इस बात को कैसे भूल गए।

श्री भारत भूषण बतराः अध्यक्ष महोदय, यह बीस हजार रूपये तो केवल ड्राइवर के बढ़ाये हैं। मेरा विषय तो डीजल की पर किलोमीटर एंटाइटलमैंट को बढ़ाने के बारे में है। अध्यक्ष महोदय, 18 रूपये पर किलोमीटर काफी लंबे समय से चल रहा है। जब डीजल 50 से 70 रूपये पर लीटर होता था, यह 18 रूपये पर किलोमीटर का प्रावधान तब से है। सरकार बाकी इवेंट्स और डिवेल्पमैंट्स पर भी तो करोड़ों रूपया खर्च कर रही है तो इस काम के लिए भी सरकार को कुछ तो खर्च करना चाहिए। सरकार ने डिवेल्पमैंट के लिए बहुत ज्यादा कर्जा ले लिया है लेकिन सरकार से डिवेल्पमैंट नहीं होती है। हम सरकार से जैनुअन डिमांड कर रहे हैं और मुख्यमंत्री जी इसके लिए ना कह रहे हैं। आखिरकार सरकार के इस पर कितने रूपये खर्च हो

जायेंगे। मुख्यमंत्री महोदय जी हम और आप तो इस हाउस का पार्ट हैं। We are the Legislators और हमारी इस डिमांड को पूरी करने के लिए रूल में अमेंडमेंट कर दी जानी चाहिए। अध्यक्ष महोदय, इस काम के लिए हम सभी सदस्यों को आपकी सिफारिश की जरूरत है और आपकी रिकमंडेशन की आवश्यकता है।

श्री अध्यक्षः बतरा जी, देखिए हाउस सुप्रीम होता है और हाउस जो भी निर्णय लेगा, वही अंतिम फैसला होता है। मेरी रिकमंडेशन की बात नहीं है।

श्री शमशेर सिंह गोगी (असंध): अध्यक्ष महोदय, जहां तक पैट्रोल–डीजल डलवाने की बात है, हरियाणा को एक तरह से इस मामले में नुकसान ही हो रहा है क्योंकि हमारे सभी एम.एल.एज. चंडीगढ़ के पैट्रोल पंप से पैट्रोल–डीजल डलवाते हैं। हमारे एम. एल.एज. चंडीगढ़ से ही अपनी गाड़ी की टंकी फुल करवाते हैं और हरियाणा में पैट्रोल–डीजल नहीं डलवाते। अध्यक्ष महोदय, चंडीगढ़ मीटिंग में आने–जाने में 1000 से लेकर 1200 रूपये तक का अकेले डीजल डलवाने में ही हमारा नुकसान हो जाता है। मैं कभी झूठ नहीं बोलता। मैं जब भी चंडीगढ़ आता हूँ तो हर बार चंडीगढ़ के सैक्टर–4 के पैट्रोल पंप से अपनी गाड़ी की टंकी फुल करवाकर ले जाता हूँ और इस प्रकार मेरे कम से कम 600 रूपये बच जाते हैं और 600 रूपये का लॉस होता है। अतः मैं सभी माननीय सदस्यों को सुझाव देता हूँ कि सभी सदस्य यहां से ही पैट्रोल डलवाया करो। अध्यक्ष महोदय, 18 रूपये पर किलोमीटर का प्रावधान 25–30 साल पहले हुआ था और यह प्रावधान आज भी है। इसको तुरंत प्रभाव से अमेंड करने की जरूरत है।

श्री अध्यक्षः गोगी जी, यह 18 रूपये पर किलोमीटर का प्रावधान 25–30 साल पहले नहीं हुआ था। यह प्रावधान वर्ष 2016 में हुआ था।

श्री भारत भूषण बतराः अध्यक्ष महोदय, वैसे मेरे ख्याल से 2009 में भी कुछ ऐसा ही प्रावधान था। एक–दो रूपये कम हो सकता है। यह अलग बात है।

श्री शमशेर सिंह गोगीः अध्यक्ष महोदय, मेरा तो अपना खुद का पैट्रोल पंप है। मुझे सब पता है कि पैट्रोल–डीजल कब ज्यादा महंगा हुआ है। हम सरकार से कोई एक्स्ट्रा की डिमांड नहीं कर रहे हैं बल्कि जितना हमारा पैसा पैट्रोल–डीजल पर खर्च होता है, हम तो केवल उतने तक की ही डिमांड कर रहे हैं। अध्यक्ष महोदय, एक दिन आप किसी को भेजकर इस बात को स्वयं चैक करवा लें तो आपको असली बात का पता चल जायेगा।

श्री मामन खान (फिरोजपुर झिरका): अध्यक्ष महोदय, सरकार द्वारा एम.एल.ए. के लिए स्टैनो देने का काम किया गया था लेकिन इनको छह महीने में विद्ड्रा करने का काम किया गया। आखिरकार ऐसा क्यों किया गया। इनको कंटीन्यू करने की जरूरत है।

श्री मनोहर लालः अध्यक्ष महोदय, सरकार ने एम.एल.ए. के पी.ए. तथा ड्राइवर के लिए क्रमशः 15000 तथा 20000 रूपये का प्रावधान तो पहले ही कर दिया है।

श्री अध्यक्षः मामन जी, जब पहले ही पी.ए. और ड्राइवर के लिए 15000 और 20000 रूपये का प्रावधान किया जा चुका है तो फिर यह तो आपके लिए अच्छी बात है।

श्री शमशेर सिंह गोगीः अध्यक्ष महोदय, मामन खान डी.सी. आफिस की तरफ से मिलने वाले स्टैनो की बात कर रहे हैं।

श्री अध्यक्षः देखिए, इस सुविधा को तो चीफ सैक्रेटरी साहब की तरफ से विद्ड्रा कर लिया गया था।

श्री राम कुमार गौत्तम (नारनौंद): अध्यक्ष महोदय, सदन ने माननीय विधायकों के पी.ए. की सैलरी 20 हजार रुपये प्रति महीना करने का निर्णय लिया है, यह बहुत ही अच्छा निर्णय लिया है और इसके साथ–साथ माननीय सदस्यों के ड्राईवर की सैलरी भी 20 हजार रुपये प्रति महीना कर दी, यह और भी अच्छा निर्णय लिया है। इससे गरीब कर्मचारी सरकार को बहुत दुआएं देंगे। अध्यक्ष महोदय, मेरा आपके माध्यम से सदन से अनुरोध है कि अगले सत्र में इन दोनों की सैलरी 25–25 हजार रुपये प्रति महीना जरूर कर देना, ऐसा हो गया तो बहुत–बहुत मेहरबानी हो जायेगी। अध्यक्ष महोदय, सरकार ने जो 177 कॉलोनियां रेगुलराइज की हैं, मैं सरकार के इस फैसले का तहेदिल से स्वागत करता हूँ। मैं तो यह कहता हूँ कि यह सरकार का एक ऐतिहासिक फैसला है। हरियाणा प्रदेश के लोग सरकार के इस निर्णय पर बहुत–बहुत दुआएं देंगे। धन्यवाद।

श्री सत्य प्रकाश (पटौदी) (एस.सी.): अध्यक्ष महोदय, मेरा यह कहना है कि हमारे होम लोन की रि–पेमैंट की किस्त 100 होती हैं, ये किस्तें हमारी इंकम के हिसाब से बहुत कम हैं। मैं चाहता हूँ कि एक तो होम लोन की सीमा 60 लाख रुपये से बढ़ाई जाये क्योंकि 60 लाख रुपये में तो गुरूग्राम आदि शहरों में एक छोटा सा फ्लैट भी नहीं आता है और दूसरी महत्वपूर्ण बात यह है कि हमारी होम लोन की रि–पेमैंट की

किस्त 100 से बढ़ाकर 200 की जायें, जिससे होम लोन की किस्त की अमाउण्ट कम हो जाये। धन्यवाद।

श्री अध्यक्षः सत्य प्रकाश जी, अगली बार बजट देखकर, इस पर चर्चा करेंगे।

श्री सत्य प्रकाशः ठीक है, स्पीकर सर।

श्री अध्यक्षः प्रश्न है–

कि हरियाणा विधान सभा (सदस्य वेतन, भत्ता तथा पेंशन) द्वितीय संशोधन विधेयक, 2022 पर तुरन्त विचार किया जाए।

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।

श्री अध्यक्षः माननीय सदस्यगण, अब सदन विधेयक पर क्लॉज बाई क्लॉज विचार करेगा।

क्लॉज 2

श्री अध्यक्षः प्रश्न है–

कि क्लॉज 2 विधेयक का पार्ट बने।

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।

क्लॉज 3

श्री अध्यक्षः प्रश्न है–

कि क्लॉज 3 विधेयक का पार्ट बने।

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।

क्लॉज 1

श्री अध्यक्षः प्रश्न है–

कि क्लॉज 1 विधेयक का पार्ट बने।

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।

इनैक्टिंग फॉर्मूला

श्री अध्यक्षः प्रश्न है–

कि इनैक्टिंग फॉर्मूला विधेयक का इनैक्टिंग फॉर्मूला हो।

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।

टाइटल

श्री अध्यक्षः प्रश्न है–

कि टाइटल विधेयक का टाइटल हो।

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।

श्री अध्यक्षः माननीय सदस्यगण, अब माननीय संसदीय कार्य मंत्री प्रस्ताव प्रस्तुत करेंगे कि विधेयक पारित किया जाये।

संसदीय कार्य मंत्री (श्री कंवर पाल) : मैं प्रस्ताव प्रस्तुत करता हूँ–

कि विधेयक पारित किया जाये।

श्री अध्यक्षः प्रस्ताव प्रस्तुत हुआ–

कि विधेयक पारित किया जाये।

श्री अध्यक्षः प्रश्न है–

कि विधेयक पारित किया जाये।

(प्रस्ताव सर्वसम्मति से स्वीकृत हुआ।)

(विधेयक सर्वसम्मति से पारित हुआ।)

———————

6. दि फरीदाबाद मैट्रोपोलिटन डिवैल्पमैंट अथॉरिटी (अमेंडमैंट) बिल, 2022

श्री अध्यक्ष : माननीय सदस्यगण, अब माननीय मुख्यमंत्री प्रस्ताव प्रस्तुत करेंगे कि फरीदाबाद महानगर विकास प्राधिकरण (संशोधन) विधेयक, 2022 पर तुरंत विचार किया जाए ।

मुख्यमंत्री (श्री मनोहर लाल) : अध्यक्ष महोदय, मैं प्रस्ताव प्रस्तुत करता हूं –

कि फरीदाबाद महानगर विकास प्राधिकरण (संशोधन) विधेयक, 2022 पर तुरंत विचार किया जाए ।

श्री अध्यक्ष : प्रस्ताव प्रस्तुत हुआ –

